कच्चायन व्याकरण

[पालि-व्याकरण]

लक्ष्मीनारायण तिवारी

एवं

बीरबल शर्मा

तारा पब्लिकेशन्स
वाराणसी

BHADANTA ĀCĀRYA KACCĀYANA MAHĀTHERA'S

KACCĀYANA VYĀKARAṆA

[PĀLI GRAMMAR]

Critically Edited, Translated and Annotated with Notes & Indices by

LAKSHMI NARAYAN TIWARI, *M.A., LL.B.,*

Assistant Professor in Pali,
Sanskrit University, Varanasi

And

BIRBAL SHARMA, *M.A., Acharya,*

Registrar, Nava Nalanda Mahavihara, Nalanda.

With a Foreword by

DR. SUNITI KUMAR CHATTERJI,
M.A., D. Litt., Sahityavachaspati, F.A.S.,

Emeritus Professor of Comparative Philology in the University of Calcutta
and
Chairman, Legislative Council, West Bengal.

TARA PUBLICATIONS
KAMACCHA, VARANASI
1962

FIRST EDITION 1962.

PRICE. RUPEES TWELVE & FIFTY NP.

Printed At
THE TARA PRINTING WORKS, VARANASI.

भदन्त आचार्य कच्चायन महास्थविर प्रणीत

कच्चायन व्याकरण

[पालि-व्याकरण]

सम्पादक अनुवादक तथा परिष्कारक

लक्ष्मीनारायण तिवारी, एम०ए०, एल०एल०बी०,

सहायक प्राध्यापक पालिविभाग,

संस्कृतविश्वविद्यालय, वाराणसी

तथा

बीरबल शर्मा, एम०ए०, आचार्य

रजिस्ट्रार, नवनालन्दा महाविहार, नालन्दा

प्रस्तावनाकार

साहित्यवाचस्पति डा० सुनीतिकुमार चाटुर्ज्या,

एम०ए०, डी०लिट, एफ०ए०एस०,

एमेरिटस प्रोफेसर, तुलनात्मक भाषाशास्त्र, कलकत्ता विश्वविद्यालय

तथा

सभापति, विधान-परिषद्, पश्चिम बङ्गाल

तारा पब्लिकेशन्स

कमच्छा, वाराणसी

१९६२

प्रथम संस्करण : १९६२

मूल्य : बारह रुपये पचास नए पैसे

मुद्रक : तारा प्रिन्टिंग वर्क्स, वाराणसी

समप्पणं

करुणापञ्ञोदातचरितानं चागसिनेहुदारतामनहङ्कारादिविविधगुणगणविसिट्ठानं
पाचीनपच्छिमकउभयविधविज्जोदधिमवगाहमानानं सोगतसत्थे लद्धसिलोकताय
देसे विदेसेसु च अब्भुग्गतकित्तिसद्दानं अनेकगन्थनिम्मानवसेन पालि-
भासासाहिच्चाभिवड्ढकानं अभिधम्मकोविदानं नालन्दापालिपति-
ट्ठानपतिट्ठापकानं भारतरट्ठे पुनवारं विच्छिन्नपरम्परस्स
सम्पुण्णस्स पालितेपिटकस्स पकासनेन दस्सित-
दळ्हपरक्कमताय लोके 'दुतियकस्सप' इति
विस्सुतयसानं सद्दसत्थपयोधि-
पारङ्गतानं परमादरणीयान
आचरियसेट्ठानं

सद्धेय्य-सिरि-जगदीसकस्सप-महाथेरानं चरणकमलेसु

अधिवासेन्तु नो एतं आदरेन समप्पितं।
साङ्गोपाङ्गं सुगथित कच्चानं सद्दलक्खणं॥

FOREWORD

Pali studies had practically disappeared from India with the gradual disappearance of Hīnayāna Buddhism of the Theravāda School, and excepting for Chittagong and contiguous tracts of East Bengal, the rest of India followed in the main the various schools of Mahāyāna. The language used in the canons of Mahāyāna was what is known as the Gāthā dialect or Buddhist Sanskrit. One may say that Pali practically became obsolete on the Indian soil for over a thousand years. The Buddhists of Chittagong, speaking a dialect of Bengali, however, carried on the Hīnayāna tradition, but they were cut off from the rest of Bengal and India, and the Monks of Chittagong plains and Hill tracts, where these Bengali Buddhists lived, affiliated themselves to the Hīnayāna Buddhism of Burma when that form of the Buddhist religion became well-established in this neighbouring country of India. Until recently, the Burmese tradition was followed in the study and teaching of Pali and the Bengali Buddhists were also affected by Burmese pronunciation. Only half a century ago a purer tradition of Pali scholarship became established among them through contact with Ceylon. Pali studies were revived in India at the turn of the present century. While in Western India Jain scholars have always kept up a study of the various Prakrit dialects, nobody cared for Pali in any part of India. Attention to Pali works was first drawn in

India by the Buddhist Text Society of Calcutta in the nineties of the last century—a society of which a very great supporter was the renowned Tibetanist of modern times, Rai Bahadur Sarat Chandra Das. In the Journal of this society, some Pali texts were published in the Nāgarī script. Then in the University of Calcutta Mahamahopadhyaya Dr. Satish Chandra Vidyabhushan introduced Pali for the first time, and place was given to Pali in the curriculum as a classical language, alternative to Sanskrit, Arabic and the rest. The Mahamahopadhyaya published a Pali grammar and he brought out an edition in Nāgarī characters of the Pali grammar of Kaccāyana (1901). This was not a very successful edition. But considering that it was a pioneer work, its deficiencies can be excused. Another lover of Pali, Shri Charu Chandra Bose, brought out in Bengali characters an edition of the Dhammapada, which he subsequently published with a Sanskrit *chāyā* and Bengali translation and notes. This book was welcomed by Rabindranath Tagore, and it had a great influence in making Pali popular with the last generation of Indian students and scholars. After Pali became established as one of the classical languages in the University of Calcutta, Pali studies, with the Bengali Buddhists from Chittagong participating in their propagation, made good progress in Bengal. The cause of Pali was very much advanced by scholars from Western India like Dhammananda Kosambi. First in Bombay and then in other Universities of North India, Pali has now become rehabilitated as a language for serious study.

In Bengal, following the British Pali Text Society's publications, the teaching of Pali used to be done largely through the Roman script. The Nāgarī was adopted in Western India and in North India.

In this way an important ancient Indian literature was recovered by modern India through the study of Pali. We have now become very much alive to our heritage of Buddhism, particularly Hīnayāna Buddhism, as well as Tāntric Buddhism in Bengal, and the policy of the Indian Government in encouraging Buddhist and Pali studies has been of very far-reaching importance in giving a fillip to these studies. Individual scholars like Rahula Sankrityayana and Jagadish Kashyap and others have done a lot in spreading a knowledge of Pali through grammars and texts and translations among Hindi-using people. Recently the newly-founded Nalanda Institute of Research and Post-Graduate Studies in Buddhist Learning and Pali (Nava Nalanda Mahavihara) in Bihar, emulating the Siamese, Cambodian, Sinhalese and Burmese people, who had brought out the entire Pali canon in their own scripts, and the Bengali Buddhists in Calcutta, Chittagong and Rangoon, who had similarly published a good deal of the Buddhist canon with Bengali translations in the Bengali script, has brought out the entire Pali *Tripitaka* in the Nāgarī script, and a translation of this whole canon is now being undertaken by competent scholars. The Pali scholarship of Burma and Ceylon as well as Thailand and Cambodia is also there, and it is a happy sign that India has finally

become alive to her responsibility with regard to this aspect of her ancient national culture. In Burmese we have the great work of the late Dr. Tha Do Oung, who has treated the great grammar of Kaccāyana in a fine edition.

The present work is the latest contribution of Indian scholrship in the domain of Pali. The principal author of this, Shri Lakshmi Narayan Tiwari, is the worthy son of a worthy father, and he has taken up the study of Middle Indo-Aryan, while his father has distinguished himself as a student of Hindi and Bhojpuri Linguistics, writing the first historical grammar of Bhojpuri on scientific lines Shri Lakshmi Narayan Tiwari was on the staff of the Nalanda Institute, and he is now in the Sanskrit University of Varanasi as Assistant Professor of Pali. He has got the requisite preparation in Pali studies and also the necessary atmosphere round about him, and with painstaking care he has given us this very fine edition of the oldest and most authoritative grammar of the Pali language. The line of treatment has been quite comprehensive. He has contributed an Introduction to the study of Pali and the grammar of Kaccāyana, and he has edited the text very carefully with the Pali commentary and a Hindi translation and notes. He shows his competence in the Pali language through his edition of both the text and the notes in Pali and in Hindi. His book has been made very valuable for a number of useful indices, the affixes of Pali have been classified in different indices and then he has given lists of the various Unādi affixes in Pali, with sections

dealing with a consideration of the verbal *vikaranas* and the ***anubandhas*** where the Mnemonic letters added to affixes to indicate their scope and function have been elucidated and annotated. He has treated the grammar of Kaccāyana comparatively with Pāṇini and with the Kalāpa or Kātantra school, and has also compared the grammar of Kaccāyana with the later works in Pali like the Rūpasiddhi. The above note on the varied contents of this work will indicate its scope.

I feel very happy to welcome this work, particularly because it comes from the son of a very esteemed pupil of mine in the University of Calcutta. It is a happy omen that in this way scholarship in a particular line of studies is being made hereditary in a family. But apart from all personal context, an erudite work of this type can be rightly hailed with acclamation as a distinct contribution from a young Indian scholar in a field of specialised study which has been revived only during the last half a century.

I hope this book will be widely popular and will act as a definitive edition of Kaccāyana, at least for Indian and other scholars who read Hindi.

Assembly House
Calcutta—1
The 18th August 1962.

SUNITI KUMAR CHATTERJI

से लेकर अब तक अविच्छिन्न रूप से संस्कृत-व्याकरण की भाँति ही सूत्र, वृत्ति तथा उदाहरणों के रूप में पालि-व्याकरण के पठन-पाठन की परम्परा चलती रही; पर भारत में यह विछिन्न सी ही हो गई, यद्यपि यह परम्परा स्वयं भारत की अपनी देन है। इधर पालि के अध्ययन के प्रति इस देश मे जागृति के विशेष लक्षण दृष्टिगोचर हुए हैं, फिर भी इस दिशा मे कोई खास प्रगति नहीं हुई है और इसमें सबसे प्रधान कारण है किसी भी भारतीय लिपि मे पालि-व्याकरण के परम्परागत ग्रन्थो का प्राप्त न होना।

प्राचीन पालि-व्याकरण के सम्प्रदायो मे कच्चायन-व्याकरण अत्यन्त प्राचीन है और इसी कारण से इस परम्परा में अन्य दो सम्प्रदायो—मोग्गल्लान तथा सद्दनीति—की अपेक्षा अधिक ग्रन्थ पालि में लिखे गए। पालि के प्राचीन व्याकरण के रूप में आधुनिक विद्वानों ने इसे ही स्वीकार किया और सर्वप्रथम इसी का सम्पादन तथा प्रकाशन आधुनिक युग मे हुआ। इसके पश्चात् क्रमश. मोग्गल्लान तथा सद्दनीति विषयक अध्ययन प्रकाश मे आए। इसमें कारण यह था कि सबसे प्राचीन होने के कारण इसी सम्प्रदाय का एक शृङ्खलाबद्ध क्रम हमें प्राप्त है।

कच्चायन-व्याकरण पाठ्य-ग्रन्थ के रूप मे भारत के कई विश्वविद्यालयो मे निर्धारित है, पर यहां इसका कोई भी ऐसा संस्करण सुलभ नही है, जिसमें इस सम्प्रदाय में विकसित पूर्ण परम्परा का अवलम्ब लेकर कच्चायन-सूत्रो का विवेचन प्रस्तुत किया गया हो। देवनागरी मे तो कोई संस्करण अधुना उपलब्ध ही नही है और रोमन लिपि में भी आज इसका मूल मात्र भी दुर्लभ है। अतएव विद्यार्थियों एवं अध्यापको को इसके अध्ययन मे अनेक कठिनाईयो का सामना करना पड़ता है। नालन्दा मे पालि का अध्ययन करते समय विद्यार्थी-जीवन मे हमें भी यह अनुभव हुआ और मै इस आवश्यकता की ओर आकृष्ट हुआ कि भारतीय परम्परा एवं भावना के अनुसार ही कच्चायन-व्याकरण का भी एक आलोचनात्मक संस्करण अनुवाद के साथ देवनागरी मे प्रकाशित होना चाहिए, जिससे पालि-व्याकरण का अध्ययन यहाँ भी प्राचीन परम्परया सुविधापूर्वक हो सके। इस विचार से प्रेरित होकर मैंने कार्य करना भी प्रारम्भ कर दिया। पर इसी बीच भारत सरकार तथा बिहार राज्य सरकार के सहयोग से चार वर्षो की अवधि में प्रकाशित होनेवाले सम्पूर्ण पालि-त्रिपिटक के 'देवनागरी पालि त्रिपिटक योजना' के सम्पादन-कार्य में मुझे प्रवृत्त होना पड़ा। यह एक कठिन, अध्यवसाययुक्त तथा परिश्रमपूर्ण कार्य था। अतः कच्चायन-व्याकरण सम्बन्धी कार्य में कोई विशेष प्रगति नहीं हुई।

दो शब्द

विद्याचरणसम्पन्न, देव-मनुष्यो के शास्ता तथा महाकरुणा के अनन्त सागर भगवान् बुद्ध के उपदेशो की माध्यम पालि भाषा की परम्परा का प्रवाह अविछिन्न रहा है, पर आधुनिक जगत् को इसका पूर्ण परिचय गत शताब्दी में पाश्चात्य विद्वानो द्वारा प्राप्त हुआ। उन्ही के प्रयत्नो के फलस्वरूप इसका प्रचार एव नवीन युग में प्रसार हुआ और विद्वत्समाज की प्रवृत्ति बौद्ध धर्म तथा दर्शन के अध्ययन की ओर जागृत हुई। पहले तो इसके नाम को लेकर ही काफी बहस चली कि इसे पालि कहा जाय अथवा मागधी, पर लोगों को मध्य भारतीय आर्य-भाषा के विकास-क्रम की शृंखला की प्रथम कड़ी इस भाषा का 'पालि' नाम ही जँचा और अब वस्तुस्थिति यह है कि मागधी की अपेक्षा यही संज्ञा अधिक व्यापक हो गई है। इस सम्बन्ध में इस ग्रन्थ की भूमिका में यथास्थान विवेचन प्रस्तुत किया गया है तथा पालि के अध्ययन की दिशा में किस प्रकार से उत्तरोत्तर वृद्धि हुई, इस पर भी प्रकाश डाला गया है और संसार की भाषाओ में पालि का क्या स्थान है, यह भी वही व्यक्त है।

प्राचीन भारत एवं उसकी संस्कृति की वाहिनी यह भाषा अपने ही देश में दीर्घकाल तक उच्छिन्न रही। उन्नीसवी शती में जब इसका व्यापक प्रचार हुआ तो भारत ने भी इसे अपनाया और अधुना कलकत्ता, बम्बई, पूना, हिन्दू विश्वविद्यालय, नव नालन्दा महाविहार, दिल्ली तथा वाराणसेय संस्कृत विश्वविद्यालय आदि विश्वविद्यालयों मे इसके अध्ययन एवं अध्यापनादि की व्यवस्था है और तत्सम्बन्धी अनुसन्धान कार्य भी चल रहे हैं।

किसी भी भाषा के अध्ययन में व्याकरण का महत्त्वपूर्ण स्थान होता है और इसका सुव्यवस्थित ज्ञान प्राप्त किए बिना इस पर अधिकार प्राप्त करना अत्यन्त कठिन है। विशेषकर शास्त्रीय एवं साहित्यिक भाषाओ के लिए तो यह परमावश्यक ही है। अतः प्रारम्भ से ही इस दिशा में लोगो ने प्रयत्न किए। प्राचीन परम्परा के क्रम में इस भाषा के व्याकरण लिखे गए और उनके तथा अन्य ग्रन्थों में प्रयुक्त भाषा के आधार पर आधुनिक युग में विद्वानों ने पालि का नवीन ढंग से व्याकरण भी प्रस्तुत किया। सिंहल तथा बर्मा आदि बौद्ध देशों में पालि-व्याकरण-शास्त्र की उत्पत्ति

इस महत्त्वपूर्ण कार्य से मुक्त होकर मैंने पुनः इस कार्य को प्रारम्भ किया तथा इसमें 'देवनागरी पालि-त्रिपिटक प्रकाशन योजना' के हमारे सहयोगी तथा अधुना नव नालन्दा महाविहार के रजिस्ट्रार श्री बीरबल शर्मा ने हाथ बँटाया और हम दोनो के सम्मिलित सहयोग तथा परिश्रम से ही यह पुस्तक पूर्ण हो सकी है। सर्व-प्रथम हम लोगों का ध्यान मूलपाठ की ओर गया तथा इसके लिए कच्चायन-मूल-सूत्र-वृत्ति के तीन प्रामाणिक संस्करण ग्रहण किए गए। उनमें एक रोमन में फ्रेंच-अनुवाद एवं टिप्पणियों के सहित जुर्नल एशियाटिक में १८७१ में प्रकाशित तथा प्रसिद्ध फ्रेंच विद्वान् सेनार्ट द्वारा सम्पादित संस्करण था तथा सिंहली लिपि में प्रकाशित कच्चायन के ये दो संस्करण थे—(१) श्री धर्मकीर्ति धर्माराम, प्रिंसिपल विद्यालंकार कालेज द्वारा १९०४ मे सम्पादित एवं प्रकाशित (२) श्री एच० सुमङ्गल, प्रिंसिपल विद्योदय कालेज द्वारा १९१३ में सम्पादित एवं प्रकाशित। इन तीन संस्करणो के आधार पर कच्चायन-व्याकरण के मूल सूत्रों एवं वृत्ति का पाठ हम लोगो ने निश्चित करने का प्रयत्न किया और उसके पश्चात् अनुवाद कार्य मे प्रवृत्त हो गए।

श्री शर्मा जी नियमित रूप से नित्य प्रति हमारे यहा चले आते थे और अनुवाद के कार्य में निरन्तर हम दोनो प्रगति के पथ पर अग्रसर होते गए। सर्व-प्रथम २७२ सूत्रो का अनुवाद सम्पन्न हुआ और सम्बन्धित ग्रन्थो से टिप्पणी आदि देकर यह भाग प्रेस में मुद्रणार्थ दे दिया गया और इसका तत्काल ही मुद्रण कार्य भी प्रारम्भ हो गया। पर जब इसके केवल ८० पृष्ठ ही छप पाये थे, श्री शर्मा जी नव नालन्दा महाविहार के रजिस्ट्रार के अपने नवीन पद का कार्य भार सम्भालने के लिए नालन्दा चले गए।

अतः २७३ सूत्र से लेकर अन्त तक के अनुवाद, व्याख्या एवं टिप्पणी आदि का सम्पूर्ण कार्य मुझे स्वयं करना पड़ा और उधर पुस्तक भी छप रही थी। उसे भी मुझे ही देखना पड़ता था। समय समय पर व्यवधान भी उपस्थित होते रहे, पर यथासम्भव मैं इस कार्य को करता रहा। नित्य प्रति अनुवाद करके देता जाता था और पुस्तक के मुद्रण-कार्य मे प्रगति होती जाती थी।

इसके पश्चात् विश्व के सुप्रसिद्ध भाषाविद्, कलकत्ता विश्वविद्यालय के एमेरि-टस प्रोफेसर, अनेक सम्मान्य संस्थाओं के समादृत सदस्य एवं पश्चिम बङ्ग विधान-परिषद् के अध्यक्ष परमआदरणीय डा०सुनीतिकुमार चाटुर्ज्या, एम०ए०, डी०लिट् से हमने इसकी प्रस्तावना लिखने की प्रार्थना की। वे उस समय अत्यन्त व्यस्त थे

तथा अमेरिका में होनेवाले भाषाशास्त्र सम्बन्धी एक सम्मेलन में भाग लेने जा रहे थे। फिर भी अपने इस व्यस्त कार्य-क्रम से अपना अमूल्य समय देकर आपने इसकी पाण्डित्यपूर्ण प्रस्तावना लिखने की कृपा की। हम इसके लिए आप के अत्यन्त कृतज्ञ हैं। धन्यवाद देने की क्षमता हममे कहाँ! आशीर्वादस्वरूप आपके चरणरज का स्पर्श होता रहे, यही प्रार्थना है।

हम लोगो के पू० गुरुदेव श्री भिक्षु जगदीश काश्यप जी से इस कार्य में हमें सदा ही प्रेरणा मिलती रहती है और आपने हमें इसमे बराबर प्रोत्साहन प्रदान किया है। विद्यार्थी जीवन से ही पू० गुरुदेव प्राचीन प्रणाली से पालि-व्याकरण के अध्ययन के लिए प्रेरित करते रहे हैं। आशीर्वाद प्राप्त्यर्थ उन्ही के चरण-कमलों में यह ग्रन्थ सादर समर्पित है। आशा है शिष्यानुरागी गुरु की अनुकम्पा सर्वदा प्राप्त होती रहेगी।

लखनऊ विश्वविद्यालय तथा वाराणसेय संस्कृत विश्वविद्यालय के भूतपूर्व उपकुलपति तथा संस्कृत एवं भारतीय प्राच्य विद्याम्रो के प्रकाण्ड विद्वान् प्रो० को० अ० सुब्रह्मण्य अय्यर महोदय ने पालि-अट्ठकथाओ में आए हुए कारको के प्राचीन नामो के सम्बन्ध में हमे भूमिका मे कुछ प्रकाश डालने का अपना अमूल्य परामर्श दिया। इसके लिए हम आपके अत्यन्त कृतज्ञ हैं।

अनुवाद कार्य तथा भूमिका आदि लिखने मे हमारे पू० गुरुवर्य पण्डित-प्रवर पं० श्री क्षेत्रेशचन्द्र जी चट्टोपाध्याय, संचालक अनुसन्धान, वाराणसेय संस्कृत विश्वविद्यालय ने अपने निजी पुस्तकालय से दुर्लभ पुस्तकें आदि देकर तथा कई स्थलो पर अपने परामर्श आदि के द्वारा जो हमारी सहायता की है, उसके लिए हम आपके अत्यन्त कृतज्ञ हैं।

नव नालन्दा महाविहार के निर्देशक तथा बौद्ध दर्शन एव संस्कृत के पण्डित-प्रकाण्ड डा० सातकडि मुखोपाध्याय के प्रति भी हम अपनी कृतज्ञता प्रकट करते हैं। उन्होंने इस ग्रन्थ के मूल प्रकाशित भाग को देखकर अपनी अमूल्य सम्मति प्रदान करके जो हम लोगो को प्रोत्साहित किया है, उसके लिए हम आपके अत्यन्त आभारी रहेंगे। आशा है आपका यह प्रोत्साहन हमें भविष्य में भी प्राप्त होता रहेगा।

भूमिका लिखने मे जिन विद्वानो के पुस्तको से हमे सहायता एवं सामग्री प्राप्त हुई है, हम उनके प्रति भी अपनी कृतज्ञता प्रकट करते हैं।

वाराणसेय संस्कृत विश्वविद्यालय के हमारे सहयोगियो में श्री रामशंकर त्रिपाठी तथा श्री रामअवध जी पाण्डेय ने इस कार्य में अपने सुझावों से जो सहायता की

है, उसके लिए उन्हें हम धन्यवाद प्रदान करते हैं। श्री स्वामी द्वारिकादास शास्त्री ने प्रूफ देखने तथा इस पुस्तक की इतनी विशाल अनुक्रमणिका बनाने में हमारी जो अत्यन्त सहायता की है, उसके लिए हम आपको हार्दिक धन्यवाद देते हैं।

अन्त में तारा पब्लिकेशन्स तथा तारा प्रिन्टिंग वर्क्स के अध्यक्ष श्री रमाशङ्कर जी पण्ड्या को मैं उनकी लगन तथा तत्परता के लिए धन्यवाद देता हूँ, जिससे यह पुस्तक पालि भाषा तथा साहित्य के अनुरागियों के समक्ष इतनी शीघ्रता से प्रकाश में आ सकी है। आशा है, प्राच्य ग्रन्थों के प्रकाशन में भविष्य में भी उनका फर्म अभिरुचि लेता रहेगा।

यह पुस्तक अत्यन्त अल्प अवधि में ही छपी है। अतएव अतिशीघ्रता के कारण इसमें मुद्रण सम्बन्धी कुछ अशुद्धियाँ रह गई हैं। इसके लिए अन्त में यथासम्भव शुद्धि-पत्र दे दिया गया है। शेष दोषों के लिए विद्वद्वर्ग क्षमा करेगा।

पालि विभाग,
वाराणसेय संस्कृत विश्वविद्यालय

लक्ष्मीनारायण तिवारी

भूमिका

आधुनिक युग में पालि का संक्षिप्त अध्ययन-क्रम

पालि भाषा के अध्ययन में प्रवृत्त होने से पूर्व यह अत्यन्त आवश्यक है कि आधुनिक युग में इसके अध्ययन मे विकास एवं प्रगति किस प्रकार हुई, इस पर भी विवेचन हो। अतएव आधुनिक युग में पालि भाषा एवं साहित्य के अध्ययन का क्रम संक्षेप में निम्नप्रकार से है :—

सर्वप्रथम पालि भाषा यूरोप में सत्रहवीं शती के उत्तरार्ध में पहुँची, पर उस समय विद्वानों को इस सम्बन्ध में पूर्ण ज्ञान न होने से शीघ्र ही इसके अध्ययन की दिशा में प्रवृत्ति नहीं हुई।

आज से एक शताब्दी पूर्व सीलोन तथा बर्मा आदि स्थविरवादी बौद्ध देशों को छोड़कर अन्य आधुनिक लोग पालि से परिचित नही थे। जब जेम्स प्रिंसेप अशोक के शिलालेखों को पढ़ने मे प्रवृत्त हुए तो 'महावंस' नामक पालि ग्रन्थ मे अशोक के लिए प्रयुक्त 'पियदस्सी' विशेषण के आधार पर ही शिलालेखों के प्रियदर्शी को अशोक समझा गया। इस अन्वेषण का श्रेय जार्ज टर्नर को है और उन्होंने १८३७ में 'महावंस' का एक वैज्ञानिक संस्करण अनुवाद के साथ प्रस्तुत कर दिया। पश्चिम देशों के प्राच्य-विद्या-अन्वेषकों का ध्यान इस ओर निष्ठा के साथ आकृष्ट हुआ और कोपेनहेगेन के फासबुल महोदय ने धम्मपद का लैटिन अनुवाद के साथ एक संस्करण १८५५ में किया। इसी बीच बर्नफ, क्लो और एलविस आदि महानुभावों ने उस समय में प्राप्त कुछ मूल ग्रन्थों के आधार पर पालि भाषा पर प्रकाश डाला। फासबुल महोदय ने १८८१ में सुत्तनिपात का अनुवाद किया तथा सम्पूर्ण 'जातकट्ठ-कथा' का सम्पादन भी १८७७-१८९७ तक उन्ही के द्वारा हुआ। वेद सम्बन्धी अध्ययनों में ख्यातिप्राप्त विद्वान् श्री ओल्डेनबर्ग भी पालि के अध्ययन की ओर प्रवृत्त हुए और पालि टेक्स्ट सोसायटी की स्थापना के पूर्व ही सम्पूर्ण विनय पिटक का सम्पादन भी उन्ही ने किया, जो उसी समय रोमन लिपि में प्रकाशित हुआ। पालि के अध्ययन के लिए एक आधुनिक कोश की भी महती आवश्यकता थी और इसकी पूर्ति १८७५ में चाइल्डर्स ने की।

इसी बीच १८८१ में पालि टेक्स्ट सोसायटी की स्थापना हुई और इससे पालि के अध्ययन की दिशा में एक नया मोड़ आया। इसके संस्थापक श्री टी० डब्लू० रीज

डेविड्स थे। १८६४ में सीलोन सिविल सर्विस में नियुक्त होने पर इनकी प्रवृत्ति पालि तथा बौद्ध दर्शन के अध्ययन की ओर हुई तथा इस वातावरण का मनमोहक आकर्षण इन्हें छोड़ न सका और पूज्य सुमङ्गल स्थविर के तत्वावधान में इन्होंने पालि का अध्ययन किया। वहां से १८७२ में ये इंगलैण्ड गये और चाइल्डर्स, फासबुल तथा ओल्डेनबर्ग आदि से मिलकर पालि के अध्ययन तथा प्रकाशन की एक योजना का सूत्रपात करने के लिए इन्होंने पालि टेक्स्ट सोसायटी की स्थापना की। त्रिपिटक के ग्रन्थ तथा अनेक त्रिपिटकेतर ग्रन्थों का प्रकाशन तथा अनुवाद इस सोसायटी के द्वारा हुआ। श्री रीज डेविड्स आजीवन इस कार्य को करते रहे। इन्होंने स्वयं बहुत अधिक कार्य किया तथा अनेक ग्रन्थो का सम्पादन, अनुवाद तथा व्याख्यान उनकी पत्नी द्वारा भी हुआ। उन्होंने एक पालि-अंग्रेजी कोश का भी सम्पादन किया, जो पूर्णरूपेण १६२५ में निकल सका। अपनी पत्नी के शब्दों में श्री रीज डेविड्स बौद्ध धर्म के मैक्समूलर थे। इस सोसायटी के कार्यों को उनके पश्चात् उनकी पत्नी ने सम्भाला।

पालि टेक्स्ट सोसायटी के कार्यों में ट्रेंक्नर, चालमंस, न्युमेन, मारिस एवं हार्डी आदि अनेक विद्वानो का सहयोग रहा। इस जागरण की भावना का अभ्युदय भारत में भी हुआ और कलकत्ता में १८९२ में बुद्धिस्ट टेक्स्ट सोसायटी की स्थापना हुई और पालि के अध्ययन की दिशा मे यहां भी प्रगति होने लगी। इस कार्य में श्री महामहोपाध्याय सतीशचन्द्र विद्याभूषण प्रभृति विद्वानों का अपूर्व योगदान रहा। इस सोसायटी की पत्रिका मे पालि तथा बौद्ध दर्शन के महत्त्वपूर्ण ग्रन्थों का प्रकाशन भी हुआ। उधर श्री पूसें महोदय ने संस्कृत बौद्ध साहित्य तथा दर्शन के विषय को अपनाया तथा पालि मे भी इन्होने विशेष रुचि ली और 'महानिद्देस' नामक ग्रन्थ का सम्पादन १९१६-१७ मे इनके द्वारा हुआ।

रोमन में पालि ग्रन्थो को पढ़ने में भारतीयो को बहुत असुविधा सी प्रतीत हुई। वे अपनी लिपि तथा अपनी भाषाओ के माध्यम से ही बौद्ध धर्म तथा दर्शन का रसास्वादन करना चाहते थे। इस कार्य में श्री धर्मानन्द कौशाम्बी ने योगदान किया। इनके भी गुरु लंका के विद्योदय कालेज के पूज्य सुमङ्गल ही थे। इन्हीं के तत्त्वावधान में अनेक ग्रन्थों का देवनागरी में सम्पादन हुआ तथा दक्षिण भारत के कालेजों (महाविद्यालयों) में विषय के रूप में पालि को स्थान प्राप्त हुआ। इनकी शिष्य-परम्परा में अनेक विद्वान् तथा अन्वेषक आये, जिनके शोधकार्यों से पालि भाषा तथा बौद्ध साहित्य की अभिवृद्धि हुई।

इसी बीच महाबोधि सभा की स्थापना हो चुकी थी और श्री अनागारिक धर्मपाल ने तथागत के सन्देशों के प्रचारार्थ अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। इस सभा से देवनागरी में कुछ पालि ग्रन्थो के प्रकाशन तथा अनुवाद आदि हुए और इस कार्य मे प्रमुख रूप से श्री राहुल सांकृत्यायन, भिक्षु जगदीश काश्यप तथा श्री आनन्द कौशल्यायन के नाम विशेषतः उल्लेखनीय हैं। आज उत्तर भारत मे पालि की जो चर्चा एवं अध्ययन-अध्यापन का प्रचार आदि है, वह इन्ही महानुभावो के प्रयत्नो के फलस्वरूप है।

पालि व्याकरण तथा भाषा सम्बन्धी कार्य १८२४ में ही प्रारम्भ हो गये थे। उसी समय बी० क्लो ने पालि व्याकरण पर अपना ग्रन्थ लिखा और उसके साथ एक शब्द कोश भी प्रकाशित किया। बर्नफ तथा लैसेन ने अपना भाषा-विषयक निबन्ध १८२६ में प्रस्तुत किया और इसके पश्चात् जेम्स एलविस ने बुद्धवचनों की भाषा के सम्बन्ध में १८६१ में एक निबन्ध लिखा एवं इस दिशा में उत्तरोत्तर वृद्धि होती गई। १८७२ में मिनायेफ ने रूसी भाषा में पालि-भाषा-व्याकरण सम्बन्धी एक पुस्तक लिखी और इसमें पालि भाषा पर आलोचनात्मक प्रकाश डाला। १८६३ में जेम्स एलविस ने कच्चायन व्याकरण पर प्रकाश डालते हुए—"कच्चायन व्याकरण की एक भूमिका" नामक अपना ग्रन्थ प्रस्तुत किया। इसके पश्चात् सम्पूर्ण कच्चायन व्याकरण का १८७१ मे रोमन अक्षरो में सेनार्ट ने एक आलोचनात्मक संस्करण तैयार किया। इसमें सूत्र देवनागरी में तथा वृत्ति रोमनाक्षरो मे दी गई थी, साथ में फ्रेन्च अनुवाद सहित आलोचनात्मक टिप्पणियाँ भी थी। यह एक महत्त्वपूर्ण संस्करण था। पर सेनार्ट के समय में पालि त्रिपिटक के बहुत कम ग्रन्थ प्रकाश में आए थे और मूल व्याकरण अथवा उसकी टीकाओं का आधुनिक दृष्टि से सम्पादन नही हुआ था। अतएव उस समय भाषाविज्ञान एवं संस्कृत-व्याकरण-तुलना-परक टिप्पणियो के साथ सेनार्ट ने कच्चायन व्याकरण का जो संस्करण प्रस्तुत किया, वह अत्यन्त सराहनीय है। सेनार्ट के पश्चात् सीलोन तथा बर्मा में भी कच्चायन व्याकरण का सूत्र एवं वृत्ति के साथ मुद्रण हुआ। इनमें सीलोन के श्री सुमङ्गल तथा श्री धर्माराम धर्मकीर्त्ति के संस्करण तथा बर्मा के अन्य संस्करण महत्त्वपूर्ण है। भारत मे सेनार्ट के आधार पर ही महामहोपाध्याय श्री सतीशचन्द्र विद्याभूषण ने कच्चायन व्याकरण का संस्करण किया था, जो १९०१ मे प्रकाशित हुआ था। पालि तथा बौद्ध-साहित्य का विवेचन विन्टरनित्स ने "भारतीय साहित्य" नामक अपने ग्रन्थ के द्वितीय भाग में १९१२ में प्रस्तुत किया और इसका भाषापरक सुन्दर व्याख्यान

"पालि साहित्य और भाषा" के शीर्षक से १९१६ में गायगर द्वारा सम्पन्न किया गया।

हिन्दी में भी पालि व्याकरण पर 'पालि महाव्याकरण' के रूप में एक बहुत सुन्दर अध्ययन हमारे पूज्य गुरुवर भिक्षु जगदीश काश्यप ने १९४० में प्रकाशित किया। यह मोग्गलान व्याकरण पर आधारित है।

पच्चीसवी बुद्ध-जयन्ती के शुभ अवसर पर भारत सरकार ने सम्पूर्ण पालि त्रिपिटक को देवनागरी लिपि में प्रकाशित करने का निश्चय किया और पूज्य भिक्षु जगदीश काश्यप के प्रधान-सम्पादकत्व में बुद्धवचनों का प्रतीक यह विशाल साहित्य ४१ खण्डों मे चार वर्षों की अवधि में ही प्रकाशित हो गया। क्या ही सुन्दर होता कि इसी प्रकार से सम्पूर्ण अट्ठकथाओं तथा टीकाओं का भी देवनागरी लिपि में प्रकाशन हो जाता।

संसार की भाषाओं का वर्गीकरण तथा पालि

पालि भाषा के व्याकरण सम्बन्धी इतिहास एवं विकास के प्रश्न पर विचार करने से पूर्व संसार की भाषाओं में पालि भाषा का क्या स्थान है, यह विवेचन अत्यन्त आवश्यक है। अतः अब इसी पर विचार प्रस्तुत किया किया जा रहा है।

इस विश्व में भाषाओ की संख्या दो सहस्र के लगभग है। इसके अतिरिक्त उपभाषायें तथा बोलियां हैं। भाषाशास्त्रविदों ने उनकी विभिन्नता में एकता का अन्वेषण करके उनका पारिवारिक वर्गीकरण किया है तथा परस्पर सम्बन्धित भाषाएँ एक कुल में रखी गई हैं। पर अविच्छिन्न शृङ्खला के विद्यमान न रहने के कारण संसार की कई प्राचीन तथा अर्वाचीन भाषाओं का वर्गीकरण कार्य नितान्त कठिन है। इन भाषाओ में मेसोपोटेमिया की प्राचीनतम भाषा सुमेरीय, ईरान की भाषा एलामीय, इटली की प्राचीन भाषा एत्रस्कन तथा अफ्रीका की बुशमन एवं हाटनटाट आदि भाषाएँ हैं। यह वर्गीकरण विभिन्न भाषाओं की धातुओ, उपसर्ग-प्रत्ययों एवं शब्दों को ध्यान में रखते हुए तथा उनकी गठन-रीति में साम्य और वैषम्य देखकर ही किया गया है। मुख्य भाषा-परिवार ये हैं—भारोपीय अथवा भारत-योरोपीय, सामी-हामी अथवा सेमेटिक-हेमेटिक, बाण्टू, फिन्नोउग्रीय, तुर्क-मङ्गोल-मञ्चू, काकेशीय, द्रविड़, आस्ट्रिक, भोट-चीनी, एशिया के उत्तर-पूर्वी सीमान्त की भाषाएँ, एस्किमो एवं अमेरिका के आदिवासियों की भाषाएँ।

भारोपीय कुल

इन कुलों में भारोपीय कुल विशेष महत्त्वपूर्ण है, क्योकि इस कुल की भाषाएँ दूसरी भाषाओं को अतीत से ही पराजित करती रही हैं अथवा उपर्युक्त अन्य कुलो की भाषाओं पर अपनी अमिट छाप छोड़ती रहीं हैं। इस समय तो यह प्रवृत्ति अत्यन्त बलवती है। भाषाविदो ने सर्वप्रथम भारोपीय कुल की ही कल्पना की और तब इसके पश्चात् भाषा-कुल-विषयक सिद्धान्त की स्थापना हुई। इस सिद्धान्त का पूर्ण विकास पिछली शताब्दी में हुआ, यद्यपि सर विलियम जोन्स ने संस्कृत का अध्ययन करते समय सर्वप्रथम अठारहवी शताब्दी मे ही ऐसा सोचा था। उन्हें संस्कृत, ग्रीक तथा लैटिन में साम्य के दर्शन हुए और यह भी प्रतीति हुई कि जर्मन, गॉथिक तथा केल्तिक एवं प्राचीन फारसी भी इससे समानता रखती हैं। अतएव वे इस निष्कर्ष पर पहुँचे कि इनका उद्भव किसी एक ही भाषा से हुआ होगा, जो अब लुप्त हो चुकी है। जोन्स की यह धारणा चमत्कारपूर्ण, सत्य एवं वैज्ञानिक कल्पना थी और आगे चलकर यह भाषा-कुलों के सिद्धान्त को प्रतिपादित करने में पथ-प्रदर्शक हुई। इसी समय आधुनिक तुलनात्मक भाषाविज्ञान का भी जन्म हुआ। अतः भारत-यूरोपीय कुल की कल्पना तथा सूझ ने ही आधुनिक भाषाविज्ञान को प्रसूत किया। आज विश्व के कई भू-भाग जो भारोपीय भाषाओं से पूर्ण अपरिचित थे, वे सभी भारोपीय भाषा के विकास एवं प्रसार के केन्द्र हो रहे हैं। भारत के आर्य परिवार की प्राचीन तथा अर्वाचीन भाषाओ की गणना इसी कुल के अन्तर्गत की जाती है। इस प्रकार संस्कृत, पालि, प्राकृत, अपभ्रंश एवं नव्य भारतीय आर्यभाषाएँ सभी इसी से उद्गत हैं। अतः इस कुल का संक्षेप मे परिचय देना अत्यन्त आवश्यक सा है।

भारोपीय परिवार की प्राचीन भाषाओ के आधार पर ही विद्वानो ने मूल भारोपीय भाषा की कल्पना की है। इस भाषा को बोलनेवालो का मूल निवास-स्थान कहाँ था, इस सम्बन्ध में विद्वानो का मतभेद है, पर इतना निश्चित अवश्य है कि एक स्थान से ही भारोपीय ने अपनी दिग्विजय यात्रा प्रारम्भ की[१]। भारोपीय परिवार के अन्तर्गत निम्नलिखित भाषाएँ आती हैं—

केल्तिक, इतालिक, जर्मनिक अथवा ट्यूटनिक, ग्रीक, बाल्तोस्लाविक, आल्बनीय, आर्मनीय, हत्ती अथवा खत्ती, तुखारीय, भारत-ईरानी अथवा आर्य। नीचे इनका संक्षिप्त परिचय प्रस्तुत किया जा रहा है।

---

१ भा० आ० हि०, पृ० ३२।

केल्तिक—किसी समय इस भाषा का समग्र पश्चिमी तथा मध्य यूरोप में प्रचलन था, पर इतालिक तथा जर्मनिक भाषाओं के प्रसार से इसकी गति अवरुद्ध हो गई। इस वर्ग की भाषाओं में आयरिश, किम्रिक अथवा वेल्श भाषाएँ आती हैं। इन भाषाओं के नमूने पाँचवी शती से ही उपलब्ध हैं।

इतालिक—यह केल्तिक से घनिष्ठरूपेण सम्बन्धित है। प्रारम्भ में ये दोनों भाषाये एक ही थी और आगे चलकर स्वतन्त्र रूप से विकसित हुई। अतः कुछ विद्वान् इन्हे अलग-अलग न मानकर केल्तिक-इतालिक संज्ञा से ही अभिहित करते हैं। इस शाखा की दो प्राचीन भाषाएँ—ओस्कन तथा अम्ब्रियन अब लुप्त हो गई हैं। इसकी सबसे महत्त्वपूर्ण भाषा लैटिन है। पहले लैटिन लैटियम प्रदेश की भाषा थी, पर रोम-साम्राज्य की भाषा होने के कारण इसका विस्तृत प्रसार हुआ और संस्कृत के समान ही उन्नीसवीं शताब्दी के मध्य भाग तक यह यूरोप के विद्वानों तथा धर्म की भाषा रही। लैटिन के बोलचाल के ही रूप से आधुनिक इतालिक अथवा रोमान्स भाषाओं की उत्पत्ति हुई, जिनमें इतालीय, फ्रेंच, पोर्तुगीज, स्पेनीय तथा रोमानी आदि भाषाएँ है।

जर्मनिक अथवा ट्यूटनिक—इस शाखा की भाषाएँ भारोपीय परिवार में अपना विशेष महत्त्व रखती हैं। अंग्रेजी भाषा की गणना भी इसी शाखा के अन्तर्गत होती है। यह तीन उपशाखाओं में विभक्त है— पूर्वी जर्मनिक, उत्तरी जर्मनिक, पश्चिमी जर्मनिक। पूर्वी जर्मनिक की प्राचीन भाषा गॉथिक है। इसमें बाइबिल के अनूदित अंश मिलते हैं। उत्तरी जर्मनिक के अन्तर्गत नार्वेजियन, स्वीडिश, डैनिश, तथा आइसलैण्डिक आदि भाषाएँ आती हैं। पश्चिमी जर्मनिक के भी दो विभाग हैं—उच्च जर्मन तथा निम्न जर्मन। उच्च जर्मन के अन्तर्गत आधुनिक जर्मन भाषा की गणना की जाती है तथा निम्न जर्मन से अंग्रेजी, डच एवं फ्लेमिस आदि भाषाएँ विकसित हुई हैं। इसी शाखा के आधार पर जेकब ग्रिम, ग्रासमान तथा वर्नर आदि विद्वानों ने अपने ध्वनि सम्बन्धी नियमों का निर्माण किया है।

ग्रीक—पुरा काल में यह ग्रीस, एशियामाइनर के प्रदेश, साइप्रस द्वीप तथा एजियन उपसागर के द्वीप-समूहों में प्रचलित थी। इसकी उपशाखाओं में ऐटिक, आयोनिक तथा डोरिक मुख्य थी। प्रसिद्ध ग्रीक कवि होमर की रचना इलियड तथा ओडेसी में आयोनिक ही प्रधान है। होमर के पश्चात् गद्य-ग्रन्थों में ऐटिक भाषा अपनाई गई। यूरोपीय संस्कृति एवं साहित्य को ग्रीक ने अत्यधिक प्रेरणा प्रदान की है।

बाल्तो-स्लाविक—इस शाखा की भाषाएँ दो उपशाखाओं में विभक्त हैं—बाल्तिक तथा स्लाविक। बाल्तिक के अन्तर्गत प्राचीन प्रशन, लिथुआनीय तथा लेटी आदि भाषाएँ हैं। लिथुआनीय में भारोपीय के प्राचीनतम रूप सुरक्षित हैं और तुलनात्मक भाषाशास्त्र के अध्ययन के लिए यह अत्यन्त महत्त्वपूर्ण भाषा है। स्लाविक भाषाएँ अधिक विस्तृत हैं तथा इनका विभाजन दक्षिणी स्लाविक, पश्चिमी स्लाविक तथा पूर्वी स्लाविक में किया जाता है। प्रथम के अन्तर्गत सर्वीय एवं बुल्गेरिय भाषाओं को, द्वितीय के अन्तर्गत चेक, स्लावेकीय तथा पोलिश की तथा तृतीय के अन्तर्गत रूस एवं वहाँ की उपभाषाओं को गणना की जाती है।

आल्बनीय—इसका क्षेत्र एड्रियाटिक सागर का पूर्वी तट है। इस भाषा में सबसे अधिक विकृति के दर्शन होते हैं।

आर्मेनीय—यह आर्मेनिया की भाषा है। पहले विद्वान् ईरानी शाखा के ही अन्तर्गत इसकी गणना करते थे, पर बाद में इसकी स्वतन्त्र सत्ता स्थापित हो गई। यह अधुना आर्मेनिया से बाहर के क्षेत्रों में भी बोली जाती है। यह बाल्तो-स्लाविक तथा आर्यभाषाओं के मध्य में स्थित है।

हत्ती अथवा खत्ती—इस शताब्दी के प्रारम्भ में एशिया माइनर के कप्पदोकिया प्रदेश के बोगाज-क्योइ नामक स्थान से ह्यूगो विकलर नामक जर्मन विद्वान् को अनेक पुरालेख प्राप्त हुए और भारोपीय की प्रगति पर इन्होंने एक नया प्रकाश डाला। यह स्थान ई० पू० पन्द्रहवीं-तेरहवीं शती तक हत्ती साम्राज्य की राजधानी रहा। ये अभिलेख मिट्टी की पट्टिकाओं पर कीलाक्षरों में लिखे हुए हैं तथा प्राचीन हत्ती साम्राज्य के रेकार्ड-स्वरूप हैं और इनमें मितन्नी जाति के कुछ सन्धि-पत्र प्राप्त होते हैं। इन शासक वर्गों ने अपने को 'मर्य-न्नि' (वै० सं० = मर्य = मनुष्य) घोषित किया है। इनके कुछ देवताओं के नाम भी इनमें अङ्कित हैं, जिनकी वैदिक देवताओं से काफी समानता है। उदाहरणस्वरूप उ-रु-वन्-अ (= वरुण), इ-न्द-र (= इन्द्र), मि-इत्-त-र (= मित्र) आदि। इन पुरालेखों में अश्वविद्या के सम्बन्ध में भी एक ग्रन्थ प्राप्त हुआ है जिसके पारिभाषिक शब्द आदिम भारतीय आर्यभाषा के समान हैं। भारोपीय की अनेक विशेषताएँ हत्ती में सुरक्षित हैं और भाषा-शास्त्र के पण्डितों ने इसी के आधार पर यह अनुमान किया है कि एक आदिम भाषा से एक ओर हत्ती तथा दूसरी ओर भारोपीय भाषा की उत्पत्ति हुई। इन लेखों से भारोपीय की प्रगति तथा विकास के सम्बन्ध में नवीन प्रकाश पड़ता है। एक तथ्य की सिद्धि तो इससे निश्चितरूपेण हो जाती

है कि ईसा पूर्व द्वितीय सहस्राब्दी में बोगाज़-क्योइ एवं आसपास के प्रदेशों में ऐसी उपजतियों तथा सम्राटो का निवास था, जिनकी भाषा और नाम आदि वैदिक भाषा तथा प्राचीन फारसी के अत्यधिक सन्निकट हैं तथा दोनो में पर्याप्त साम्य दृष्टिगोचर होता है। इस खोज से कुछ लोगों ने यह भी सम्भावना प्रकट की है कि ये लोग भारत-निवासी भी हो सकते हैं और भारत मे वैदिक संस्कृति का पूर्णरूपेण विकास होने के पश्चात् ही ये यहां से इन प्रदेशों में गये थे। पर आर्यों के अपने मूल स्थान से चलने का जो कुछ काल भाषा तथा संस्कृति के आधार पर मान्य सा हो पाया है, उससे यह बात मेल नही खाती; साथ ही इस भाषा की अन्तरङ्ग परीक्षा करने के पश्चात् यह पूर्णतया असङ्गत ही प्रतीत होता है। इस सम्बन्ध में विचार प्रकट करते हुए डा० सुनीतिकुमार चाटुर्ज्या का स्पष्ट कथन है—"यह मत बिलकुल ही युक्तिसङ्गत नहीं प्रतीत होता। मेसोपोतामिया के दस्तवेजों का भाषा-स्तर वैदिक भाषा से निश्चय ही प्राचीनतर काल का है। वह भारतीय-आर्य की अपेक्षा भारतीय-ईरानी के सन्निकट है, जैसा कि निम्नलिखित नामों की साधारण परीक्षा-मात्र से ज्ञात होता है—शिमालिया = प्रकाशमान पर्वतों की देवी; अइसगम = हरिणगन्ता आदि......ये सभी पूर्व-वैदिक-कालीन भारतीय-ईरानी शब्दों के बाबिलोनी लिप्यन्तर मात्र हैं......वास्तव में मेसोपोतामिया के आर्यभाषा-भाषी जन पूर्व-वैदिक एवं पूर्व-भारतीय-आर्य ही थे"।[1] इस प्रकार इन लेखों ने भारोपीय की प्रगति कथा की दिशा को ही बदल दिया है।

तुखारीय—मध्य एशिया के चीनी तुर्किस्तान मे यूरोपीय विद्वानो की खोजों द्वारा १६०४ में अनेक हस्तलिखित ग्रन्थो तथा कागज-पत्रो की प्राप्ति हुई और इनमें प्रयुक्त भाषा का प्रो० सीग ने विशेष अध्ययन प्रस्तुत किया तथा इसको बोलनेवालो के आधार पर इसका नामकरण तुखारीय किया गया। इसकी एक विभाषा कूची भी है, जो कूचा प्रदेश की भाषा है।

इन उपर्युक्त विभिन्न भाषाओं के अतिरिक्त कुछ और योरोप की भाषाएँ भी हैं जो प्राचीनकाल में थीं, पर आज लुप्त हो गई हैं। इनमें थ्रेसीय, फ्रिजीय, इलिरीय, आस्को अम्ब्रीय तथा वेनेटीय आदि मुख्य हैं।

अब भारोपीय शाखा के एक प्रमुख वर्ग भारत-ईरानी अथवा आर्य वर्ग का परिचय प्रस्तुत किया जा रहा है। पालि भाषा का भी सम्बन्ध इसी वर्ग से है।

---

१. वि० वि० द०, भा० आ० हि०, पृ० १७–१८; N. D. Mironov, Acta Orientalia, vol. VI, pts. 1, 2, 3 में प्रकाशित लेख।

इसका कोई प्रमाण नहीं है कि आर्य बाहर से आये है

भारत-ईरानी अथवा आर्य वर्ग

भाषावादों की आधुनिक गवेषणाओं से यह पूर्णरूपेण सिद्ध सा हो चुका है कि मेसोपोतामिया से आर्यों के दल आगे ईरान की ओर बढ़े। वे वहाँ आकर बस गये तथा ईरान से ही भारत में उनका आगमन हुआ। ईरान से भारत में यह आगमन धीरे-धीरे ही हुआ होगा। यहीं पर भारत-ईरानी संस्कृत के बीज पल्लवित हुए और भारतीय-ईरानी आर्य-धर्म की नीव भी यहीं पड़ी। इसी आर्य-धर्म से "वैदिक भारतीय तथा जरथुस्त्र के पूर्व ईरानी, दोनों संस्कृतियाँ उत्पन्न हुईं। अग्नि-पूजक धर्म बलवत्तर हुआ; विस्तृत कर्म-काण्ड को लेकर एक विशेष प्रकार का पौरोहित्य चल पड़ा और 'सोम' (*सउम, अवेस्ता का 'हओम,' वैदिक सोम) को यज्ञो मे बड़ा महत्त्व दिया जाने लगा। वैदिक एवं अवेस्ता के छन्दो की उत्पत्ति भी यदि मेसोपोतामिया में नही तो ईरान में अवश्य होकर आरम्भिक अवस्था को प्राप्त हो गई थी।"[1]

भारत-ईरानी लोगो को भाषा को इसी कारण से भारत-ईरानी अथवा आर्य वर्ग की भाषा की संज्ञा से अभिहित किया जाता है। सम्पूर्ण भारोपीय परिवार की भाषाओं में इसी वर्ग में सबसे प्राचीन साहित्यिक सामग्री उपलब्ध है। विभाजन की दृष्टि से यह वर्ग दो उपशाखाओ में विभक्त किया जाता है—(१) ईरानीय, (२) भारतीय। ईरानी भी पुनः दो भाषाओ में विभक्त की जाती है—(१) अवेस्ता की भाषा (२) प्राचीन फारसी।

अवेस्ता की भाषा

विद्वानों का ऐसा अनुमान है कि लगभग २००० ई० पू० के आसपास तक भारोपीय भाषा भारतीय-ईरानी स्तर को प्राप्त कर चुकी थी और इसी स्थिति मे आर्य-भाषा का ईरान में आगमन हुआ; एवं गवेषणाओ से यह भी पूर्णरूपेण प्रकाशित हो गया है कि हत्ती काल में ही आर्य जातियाँ आर्य देवताओ की स्तुतियो से परिचित थीं और गायत्री तथा कुछ अन्य छन्दो का विकास ईरान मे हुआ, अथवा सम्भवतः यह मेसोपोतामिया में ही हो चुका था। साथ ही आर्यों ने असीरी-बाबिलोनी संस्कृति के कुछ उपादानो का ग्रहण किया, जिनका दिग्दर्शन हमें अपने पुराणों में वर्णित असुर लोगों की महान् ऐहिक संस्कृति के रूप में प्राप्त होता है।[2]

---

१. भा० आ० हि०, पृ० १६।
२. वही, पृ० २६–३०

ईरान में स्थिर होने के बाद आर्यों के प्रधान जन की उपशाखाओं के दो दलों में मतभेद उपस्थित हो गया और इनका विभाजन दो वर्गों में हुआ—देव-पूजक तथा असुर-मेधस् (अहुरमज्दा) के पूजक। इनमें से देवपूजक आर्य भारत की ओर बढ़े। ईरान में जरथुश्त्र नामक एक ऋषि हुए और इन्हीं ने अवेस्ता की रचना की अथवा सङ्कलन किया। इनके उपासक पारसी लोग हैं और ये अवेस्ता का उसी प्रकार से आदर एवं सम्मान करते हैं जिस प्रकार से हिन्दू लोग वेद का। विद्वानों का ऐसा अनुमान है कि ईरान के उत्तर एवं उत्तर-पूर्व प्रदेश की भाषा ही वस्तुतः अवेस्ता की आधारभूता भाषा थी। इसके प्राचीनतम अंश उसकी गाथाएँ हैं और ऋग्वेद की भाषा से उनका सम्बन्ध एवं साम्य है। अवेस्ता की भाषा के स्तर को देखने से ज्ञात होता है कि इसके कुछ अंश अर्वाचीन हैं। ऐसा भी प्रतीत होता है कि अवेस्ता का सङ्कलन बहुत बाद में हुआ। इसके पूर्व प्राचीन अवेस्ता साहित्य का बहुत अंश विनष्ट हो चुका था। जरथुश्त्र धर्म ग्रहण करने से पूर्व अथवा 'अहुरमज्दा' के पूजक होने से पूर्व ईरानीय आर्य भी कर्मकाण्ड-परायण थे, जैसा कि ऊपर कहा जा चुका है। बाद में जरथुश्त्र के उपासक होने के पश्चात् उनमें मतभेद हुआ और इसके प्रमाण-स्वरूप देव तथा असुर शब्द हैं। ईरानीय शाखा में 'देव' शब्द का अर्थ होता है अपदेवता अथवा राक्षस तथा अवेस्ता में प्रधान देव (ईश्वर) को 'अहुरमज्दा' (असुरमेधाः)—महद्ज्ञानस्वरूप—की संज्ञा प्रदान की गई है। इसके विपरीत वैदिक परम्परा में आगे चलकर 'असुर' शब्द अपदेवता का वाचक हो गया, यद्यपि प्रारम्भ में यह स्थिति नहीं थी। फिर भी इन दोनों परम्पराओं में 'मित्र', 'अर्यमा' तथा 'सोम' समान रूप से पूजनीय हैं। वेद की भाषा तथा अवेस्ता की भाषा में जो साम्य है उसका प्रदर्शन निम्नलिखित उदाहरण हो जाता है :—

अवेस्ता का पद

हावनीम् आ रतूम् आ
हओमो उपाइत् ज़रथुश्त्रेम ।
आत्रेम् पइरि-यओज्दथें-तेम्
गाथस्-च स्रावयन्तेम् ॥

संस्कृत रूप

सावने आ ऋतौ आ
सोम उपैत् (उपागात्) जरठोष्ट्रम् ।
अथर्वं परि-पोस-दधतम्
गाथाश्च श्रावयन्तम् ।

अर्थात् सवनवेला में (प्रातःकाल) होम (सोम) जरथुस्त्र के पास आया, जो अग्नि को उज्वलित कर रहा था और उसको स्वर सुना रहा था।

अवेस्ता की भाषा तथा वैदिक भाषा में अनेक स्थानों पर स्वर-सादृश्य है और सन्धि के नियम भी प्राचीन आर्यभाषा के समान ही इसमें हैं; साथ ही यहां भी अपनिहिति, अग्रागम तथा स्वरभक्ति के दर्शन होते हैं। इसमें व्यञ्जन ध्वनियां प्रा० आ० भा० के समान पूर्णरूप से सुरक्षित नहीं हैं और स्वर ध्वनि के बीच का 'सकार' 'हकार' में परिवर्तित हो जाता है। यहां भी आठ कारक, तीन वचन तथा तीन लिङ्ग हैं एवं शब्दरूपों तथा धातुरूपों में भी यह प्रा० भा० आ० से साम्य रखती है और विशेषण, संख्यावाचक तथा सर्वनाम शब्दों के रूपों में भी प्रा० भा० आ० से यहां समानता विद्यमान है।

प्राचीन फारसी—ईरानी शाखा के अन्तर्गत प्राचीन फारसी की भी गणना की जाती है। यह ईरान के दक्षिण-पश्चिम-प्रदेश की भाषा थी। इसमे हखामनीशीय वंश के सम्राट् दारयवउश् (धारयवसुः, Darius) तथा उनके पुत्र ज़रकृशीव (क्षयार्ष, Xerxes) के शिलालेख तथा ताम्रलेख प्राप्त हैं। प्राचीन फारसी की ध्वनियां तथा व्याकरण यद्यपि अवेस्ता की भाषा के समान ही हैं तथापि इनमें कुछ भिन्नता भी है, उदाहरणार्थ एरे (अवे०) ध्वनि (संस्कृत 'ऋ') का प्राचीन फारसी में 'अर्' हो गया है। इसी प्रकार को अन्य भिन्नताएँ इसे अवेस्ता की भाषा से अलग करती हैं। ईरानी शाखा की कुछ मौलिक विशेषताएँ दोनो मे समान रूप से विद्यमान हैं। इसी प्राचीन फारसी से मध्य ईरानी (पहलवी) तथा अर्वाचीन फारसी विकसित हुई हैं। इन भाषाओं पर आगे चलकर अरबी भाषा का यथेष्ट प्रभाव पड़ा। मध्य ईरानी से शक भाषा भी विकसित हुई है और अर्वाचीन ईरानी से अफगान, पश्तो तथा बलूची आदि भाषाओं का विकास हुआ है।

भारतीय आर्यभाषा

आर्यभाषा की दूसरी शाखा भारतीय आर्यभाषा को संज्ञा से विभूषित है और आज लगभग चार सहस्र वर्षों का इसके पास अपना अविच्छिन्न इतिहास है, जो शृङ्खलाबद्ध रूप में हमें प्राप्त है। यद्यपि इसकी कड़ियां कहो-कही टूट भी गई हैं, पर इसके इस इतिहास में बल तथा अवलम्ब इतना है कि इसका आश्रय ग्रहण करके किसी शब्द के मूल को खोजते हुए हम भारोपीय तक पहुँच सकते हैं। विश्व के किसी अन्य भाषाकुल का इतना अटूट इतिहास नहीं प्राप्त होता। आज इसी शृंखला के सहारे गुजराती के वाक्य "मा घेर छे" के विकास

का अन्वेषण करते हुए हम प्राथमिक भारत-योरोपीय "मातेर्स् घृधॉइ एस्-स्कॅ-ति" तक पहुँच सकते हैं[1]। विश्व के इतिहास में ऐसा उदाहरण मिलना कठिन है। इस प्रकार हम देखते हैं कि भारतीय आर्यभाषा की अपनी एक अविच्छिन्न परम्परा रही है।

विद्वानों का यह अनुमान है कि ईरान से आर्यों के दल आगे भारत की ओर बढ़े। कुछ लोगों का यह मत है कि आर्य भारत में कहीं बाहर से नहीं आए; पर यह विचार भारोपीय भाषाओं की विकास परम्परा तथा नृतत्व-विशारदों की स्थापनाओं के समक्ष निराधार-सा सिद्ध होता है। भारत में आर्यों का आगमन कब हुआ, इस सम्बन्ध में एक निश्चित काल-निर्णय करना कठिन है, तथापि विद्वानों ने भाषा के विकास के आधार पर इसको २००० ई० पू० के आसपास माना है। ज्योतिषशास्त्र के आधार पर कुछ लोग इसको और पीछे ले जाते हैं, पर इस सम्बन्ध में कई कठिनाइयाँ हैं।[2]

भारत में आर्यों ने एक यज्ञपरायण संस्कृति की स्थापना की और प्रथमतः पंजाब मे आकर आगे ये पूर्व की ओर बढ़ते गए तथा शनैः शनैः इनका प्रभुत्व समस्त उत्तरापथ में स्थापित हो गया। पर यह केवल उनकी राजनीतिक विजय ही नही थी, उनके पास एक सुविकसित भाषा तथा संस्कृति भी थी। साथ ही भारत की प्राचीन संस्कृतियो से आर्य संस्कृति का सङ्गम हुआ और इन सबको लेते हुए आर्यभाषा विकसित होती गई। इस विकास में अनेक शताब्दियाँ लग गई और आज इसकी प्रतीकस्वरूप प्राचीन साहित्यिक निधियाँ हमे प्राप्त हैं एवं इन्हीं के आधार पर भारतीय आर्यभाषा का यह विकास क्रम दिया जाता है—(१) प्राचीन भारतीय आर्यभाषा (वैदिक संस्कृत तथा लौकिक संस्कृत), (२) मध्य भारतीय आर्यभाषा (पालि, अशोक के शिलालेखों की भाषा, प्राकृत, बौद्ध संस्कृत, अपभ्रंश आदि), (३) नव्य भारतीय आर्यभाषा (हिन्दी, बँगला, गुजराती, मराठी, पंजाबी, सिन्धी आदि)।

प्राचीन भारतीय आर्यभाषा

वैदिक संस्कृत—गाथाओं के रूप में देवताओं की उपासना का प्रचलन ईरानी-भाषायुग में ही हो गया था, जैसा कि हम ऊपर देख चुके हैं। भारत में यह क्रम और आगे बढ़ता गया और आगे चलकर इन सूक्तों का वैदिक संहिताओं

१. भा० आ० हि०, पृ० ६।
२. वहीं, पृ० २०।

के रूप में सङ्कलन हुआ। साथ ही भाषा भी विकास पथ पर अग्रसर होती गई। संहिताओं के पश्चात् कर्मकाण्ड-परक ब्राह्मण-ग्रन्थों का निर्माण हुआ, जिनमें गद्य का आश्रय लिया गया और फिर सरल तथा प्रवाहमयी भाषा में पारमार्थिक चिन्तनों को व्यक्त करनेवाले उपनिषदों की रचना हुई। इस प्रकार भाषा क्रमशः विकसित ही होती गई। आगे चलकर इस क्रमिक विकास के द्वारा सूक्तों की भाषा दुर्बोध होने लगी तथा यह भी समस्या सामने आई कि इसके प्राचीन रूप को किस प्रकार से सुरक्षित रखा जाय। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए प्रातिशाख्यो की रचना हुई। मुख्य रूप से वैदिक साहित्य का इस प्रकार से विभाजन किया जाता है—संहिता, ब्राह्मण तथा उपनिषद्।

विद्वानों का यह भी अनुमान है कि आर्य लोगो ने विभिन्न दलो के रूप में समय समय पर भारत में प्रवेश किया था और इन शाखाओ में थोड़ी बहुत भाषागत भिन्नताएँ अवश्य विद्यमान थी। संहिताओं की भाषा से व्यक्त होता है कि ये भिन्नताएँ प्रारंभ में नगण्य थी। इनकी भाषा से यह भी निष्कर्ष निकलता है कि इनकी रचना से लेकर सङ्कलन पर्यन्त एक प्रकार की साधुभाषा का विकास हो चुका था, जिसे हम प्राचीन भारतीय आर्यभाषा के अन्तर्गत वैदिक संस्कृत की संज्ञा से अभिहित करते हैं। प्रोफेसर आंत्वान मेय्ये ने तात्कालिक भारतीय आर्य की सीमान्त बोली को ही ऋग्वेद की आधारभूत भाषा माना है।[१] नीचे सक्षेप में वैदिक भाषा की विशेषताओ का उल्लेख किया जाता है :

वैदिक भाषा की विशेषताएँ—इस भाषा में भारोपीय की स्वर तथा व्यञ्जन ध्वनियाँ अधिक ठीक तरह से सुरक्षित रही हैं साथ ही यहाँ व्यञ्जन ध्वनियो में मूर्धन्य टवर्ग का सन्निवेश हो गया है। इसकी अपनी प्रधान विशेषता है संगीतात्मक-स्वराघात। इसके कारण शब्दो के अर्थ तक में परिवर्तन हो जाता है। इसमें अपश्रुति भी विद्यमान है। वैदिक भाषा में मूल भारोपीय के शब्द एवं धातु रूपो की विविधता के भी दर्शन होते हैं। प्रत्ययों के योग से इनके प्रकृत रूपो में विकार उत्पन्न होकर जो अनेकानेक और रूप सम्पन्न होते हैं उससे इस भाषा में जटिलता का सन्निवेश हो गया है। प्रातिपदिक अजन्त तथा हलन्त दो प्रकार के होते हैं तथा शब्दों के रूप तीन लिङ्ग, तीन वचन तथा आठ कारकों (सम्बोधन को लेकर) में प्राप्त होते हैं। धातुरूपों की विविधता, जो भारोपीय की एक विशेषता थी, वह यहाँ भी उपस्थित है। धातुरूपो में तीन वचन, तीन पुरुष, दो

१ भा० आ० हि०, पृ० ६२।

पद (आत्मनेपद एवं परस्मैपद), चार काल (वर्तमान या लट्, असम्पन्न या लङ्, सामान्य या लुङ् एवं सम्पन्न या लिट्) तथा पांच भाव (निर्देश, अनुज्ञा, सम्भावक, अभिप्राय एवं निबंन्ध) आदि प्राप्त हैं। विकरण की भिन्नता के अनुसार धातुएँ दस गणों में विभक्त हैं। इनका दो और विभाग किया जाता है—(१) जिनमें 'अङ्ग' (धातु का विकरणयुक्त रूप, जिसमें तिङ् प्रत्यय जोड़े जाते हैं) अकारान्त हो तथा (२) जिनमें 'अङ्ग' अकारान्त न हो। इन विविध धातुरूपों के अतिरिक्त इस भाषा में अनेक प्रकार के क्रियाजात विशेषण तथा असमापकपद भी होते हैं। पर प्रमुख विशेषता इसकी यह है कि इसमें सुप्, तिङ्, वर्ण, लिङ्ग, पुरुष तथा काल आदि के व्यत्यय बहुत हैं। इसका व्याख्यान महाभाष्यकार पतञ्जलि ने पाणिनि के सूत्र 'व्यत्ययो बहुलम्' ३।१।८५ पर भाष्य करते हुए किया है।

लौकिक संस्कृत—कालक्रम से वैदिक भाषा (विशेषकर संहिता की भाषा) पुस्तकीय भाषा हो गई, पर आर्यभाषा निरन्तर विकास के पथ पर अग्रसर होती जा रही थी। विद्वानों ने यह व्यक्त किया है कि संहिता भाग की भाषा में ही अर्वाचीन तथा प्राचीन दोनों रूप प्राप्त हैं। स्वयं ऋग्वेद के दशम मण्डल की भाषा दूसरे मण्डलों से अपनी एक विशेषता रखती है और बाद के वैदिक साहित्य का पर्यालोचन करने से यह और स्पष्ट हो जाता है। उदाहरणार्थ यजुर्वेदसंहिता के गद्यभाग तथा ब्राह्मण ग्रन्थों में 'ल' तथा मूर्द्धन्य व्यञ्जनों के प्रयोग में अत्यधिक वृद्धि हो गई है तथा शब्दो एवं धातुरूपो की विविधताओ मे कमी आ गई है। यह उपनिषदों आदि में तो उस भाषा के अत्यधिक सन्निकट आगई है, जिसे हम आज संस्कृत कहते हैं।

६०० ई० पू० के लगभग "उत्तर भारत में आर्यभाषा की भाषागत स्थिति इस प्रकार थी—(१) तीन प्रादेशिक बोलियाँ—(अ) उदीच्य (ब) मध्यदेश (स) प्राच्य विभागों में बोली जाती थी। इनमें उदीच्य अभी भी वैदिक के निकटतम थी तथा प्राच्य उससे सर्वाधिक दूर चली गई थी······(२) 'छान्दस्' या आर्ष या प्राचीन वैदिक कविता की भाषा, जो प्राचीनतम भारतीय आर्यभाषा का साहित्यिक रूप थी, और जिसका ब्राह्मण लोग पाठशालाओ में अध्ययन करते थे (३) 'छान्दस्' का एक अपेक्षाकृत नवीन रूप, अथवा मध्यदेश तथा प्राच्य की प्रादेशिक भाषाओं के उपादानों से युक्त उदीच्य का एक पुराना रूप। यह ब्राह्मणों में प्रचलित परस्पर व्यवहार तथा शिक्षण की शिष्ट भाषा थी और उनके द्वारा वेदों की

भाष्य-टीका तथा धार्मिक कर्मकाण्ड एवं दार्शनिक विवेचनों के लिए प्रयुक्त होती थी"।[१]

इसी तृतीय भाषा का व्यवहार अभिजात ब्राह्मण वर्ग ने परस्पर व्यवहार तथा शिक्षण में करना प्रारम्भ कर दिया। उन्होंने उपर्युक्त प्रादेशिक तथा जन-साधारण की बोलियों की उपेक्षा की। पर उपर्युक्त भाषा पर तीव्र गति से लौकिक भाषाओं का प्रभाव पड़ रहा था। इसी समय महान् वैयाकरण पाणिनि का पश्चिमोत्तर प्रदेश में जन्म हुआ, जहाँ की भाषा अभी भी ध्वनि तथा व्याकरण में 'ब्राह्मणों' की भाषा के अधिक सन्निकट थी और यह निकटतम रूप व्यवहार की दृष्टि से लौकिक कहा जाता था। इस लौकिक रूप पर स्थानीय जनभाषाएँ शब्दावली आदि में अपना प्रभाव डाल चुकी थी। पाणिनि ने अपने प्रसिद्ध ग्रन्थ 'अष्टाध्यायी' को लिखकर इसका विवेचन प्रस्तुत किया और इसकी 'छान्दस्' से तुलना भी की। इस प्रकार उस समय की लौकिक भाषा को परिष्कृत तथा शिष्ट रखने के लिए ही पाणिनि द्वारा इस ग्रन्थ की रचना हुई।[२] उस समय उदीच्य भाषा आदर्श भाषा थी।[३] पाणिनि औदीच्य ही थे। इस प्रकार पाणिनि द्वारा विवेचित प्राचीन आर्यभाषा के सुसंस्कृत रूप को संस्कृत की संज्ञा से विभूषित किया जाता है। अष्टाध्यायी द्वारा संस्कृत भाषा का रूप हमेशा के लिए स्थिर हो गया और एक महान् भाषा की प्रतिष्ठा हुई, जो तब से लेकर आज तक भारत की संस्कृति का माध्यम-स्वरूप रही है। पाणिनि पर कुछ लोग यह आरोप लगाते हैं कि भाषा को

१. भा० आ० हि०, पृ० ६४।

२. द्र०—सूत्र 'पृषोदरादीनि यथोपदिष्टम्' ६।३।१०९ पर महाभाष्य "·····कैः पुनरुपदिष्टा ? शिष्टैः। के पुनः शिष्टाः ? वैयाकरणाः। ···शिष्टज्ञानार्थाष्टाध्यायी। कथं पुनरष्टाध्याय्या शिष्टा शक्या विज्ञातुम् ? अष्टाध्यायीमधीयानोऽन्यं पश्यत्यनधीयानं येऽत्र विहिताः शब्दास्तान्प्रयुञ्जानम्। स पश्यति। नूनमस्य दैवानुग्रहः स्वभावो वा योऽयं न चाष्टाध्यायीमधीते ये चात्र विहिताः शब्दास्तांश्च प्रयुङ्क्ते। अयं नूनमन्यानपि जानाति। एवमेषा शिष्टज्ञानार्थाष्टाध्यायी।"

३. "तस्माद् उदीच्याम् प्रज्ञाततरा वाग् उद्यते; उदञ्च उ एव यन्ति वाचम् शिक्षितुम्; यो वा तत आगच्छति, तस्य वा शुश्रूषन्त इति'—सांख्यायन या कौषीतकि ब्राह्मण, ७-६।

उन्होंने बाँधकर स्थिर कर दिया, जिससे उसके विकास में अवरोध आ गया। पर वे यह भूल जाते हैं कि कोई व्यक्ति भाषा के विकास को नहीं बाँध सकता। पाणिनि द्वारा स्थिर होने पर भी इस भाषा का विकास नहीं रुका और आगे वह मध्य भारतीय आर्यभाषा के रूपों में विकसित होती हुई नव्य भारतीय आर्यभाषा तक पहुँची है। पाणिनि की कृपा से ही आज भी हम इस भाषा में उत्तम कोटि की रचना तथा वार्तालाप आदि करने में समर्थ हैं। इस भाषा ने भारत के बाहर भी अपनी दिग्विजय यात्रा प्रारम्भ की तथा एशिया के एक विस्तीर्ण भूखण्ड पर इसका व्यापक प्रसार हुआ और कालान्तर में यह देश की अन्तर्प्रान्तीय तथा एशिया की अन्तर्राष्ट्रीय भाषा बन गई। अब भी यह नव्य भारतीय आर्यभाषाओं के शब्दभाण्डार की पूर्ति करती रहती है। डा० सुनीतिकुमार चाटुर्ज्या का कथन है—"आज की किसी भी आधुनिक आर्यभाषा में संस्कृत शब्दों का परिमाण लगभग ५० प्रतिशत कहा जा सकता है—यह देखकर हमारे दुःखी होने का कारण नहीं है, जबकि हम प्रत्यक्ष देखते हैं कि अंग्रेजी में भी ६० प्रतिशत विदेशी (फ्रेंच एवं लाटिन) तथा फारसी में ६० प्रतिशत से ८० प्रतिशत तक विदेशी (अरबी के) शब्द मौजूद हैं[1]।"

लौकिक संस्कृत की वैदिक भाषा से ये भिन्नताएँ हैं - वैदिक के अत्यन्त महत्वपूर्ण स्वराघातों का संस्कृत से लोप हो गया। वैदिक में जहाँ एक शब्द के एकाधिक रूपों का प्रचलन था, वहाँ संस्कृत में एक ही रूप का ग्रहण किया गया तथा इस प्रकार वैदिक के देवासः, देवेभिः तथा अग्निना आदि रूप संस्कृत में न आ सके। धातुरूपों में भी यह वैदिक से भिन्न है। इसमें अभिप्राय एवं निर्बन्ध भावों के रूपों का लोप हो गया है तथा केवल वर्तमान काल में ही धातु के विभिन्न भावों के रूप उपलब्ध होते हैं। वैदिक में प्रचलित अनेक प्रकार के क्रियाजात-विशेषणों एवं असमापिका पदों को संस्कृत ने कुछ ही अंश में ग्रहण किया। यहाँ पर अनेक नवीन धातुओं का भी समावेश हुआ। वैदिक में उपसर्ग धातु से दूर भी रह सकते थे, पर संस्कृत में उनकी यह स्वतन्त्र अवस्थिति समाप्त हो गई। इस प्रकार वैदिक भाषा में शब्दरूप तथा धातुरूप सम्बन्धी जो विविधता थी, उसमें काफी कमी हुई और संस्कृत ने उनमें से कुछ ही परिनिष्ठित एवं आदर्श रूपों को स्वीकार किया।

---

१. भा० आ० हि०, पृ० १३७।

मध्य भारतीय आर्यभाषा

इधर वैदिक के बाद इस परिनिष्ठित भाषा संस्कृत का इतना सर्वाङ्गीण नियमन होने के समय ही अर्थात्—छठीं शताब्दी ई० पू० में ही भारतीय आर्यभाषा विकास के मध्य काल में पदार्पण कर चुकी थी। जब आर्यभाषा का प्रचार प्राच्य की ओर हुआ और वहाँ पर इसकी प्रतिष्ठा हुई तो वहाँ के निवासियों द्वारा इसके प्रयुक्त होने से इसके प्राचीन रूप में विकृति आई, क्योंकि यह उनके लिए एक कठिन भाषा थी। उस समय उदीच्य-भाषा ही परम विशुद्ध मानी जाती थी, जैसा कि संस्कृत के सम्बन्ध में ऊपर कहा जा चुका है। इसके विपरीत प्राच्य भाषा इस उदीच्य से काफी आगे बढ़ चुकी थी। प्राच्य लोगों के सम्बन्ध में शुद्ध भाषा के प्रयोग के लिए कहा गया है—"अदुरुक्तवाक्यं दुरुक्तमाहुः"।[१] अतः आर्यभाषा ने एक नवीन रूप धारण किया और यह अपने विकास के मध्य काल में पहुँच गई।

आर्यभाषा की ॠ, ऌ ध्वनियाँ लुप्त हो गईं तथा ऐ, औ के स्थान में ए, ओ का प्रयोग होने लगा। इसी प्रकार अय, अव ध्वनि-समूहों का स्थान ए, ओ ने ग्रहण कर लिया। पदान्त 'म्' व्यञ्जन का लोप होकर उसके स्थान पर अनुस्वार प्रयुक्त होने लगा। श, ष, स के स्थान पर केवल एक ध्वनि (मगध की भाषा में तालव्य श एवं अन्य बोलियों में दन्त्य स) का व्यवहार होने लगा; साथ ही संयुक्त व्यञ्जनों के ध्वनि-समीकरण की प्रवृत्ति के भी दर्शन होने लगे। प्राचीन आर्यभाषा में प्रचलित संगीतात्मक स्वराघात का स्थान बलात्मक स्वराघात ने ले लिया। शब्द एवं धातु रूपों में भी परिवर्तन हुए। विविध प्रकार के अजन्त एवं हलन्त प्रातिपदिकों के रूप अकारान्त प्रातिपदिकों के समान निष्पन्न होने लगे। प्राचीन आर्यभाषा में प्रातिपदिक के अन्तिम स्वर के भिन्न होने के कारण अश्व, मुनि, साधु तथा पितृ शब्दों के सम्बन्धकारक एकवचन के रूपों में भिन्नता थी और ये रूप अश्वस्य, मुनेः, साधोः तथा पितुः आदि थे, परन्तु इनके रूप अब अकारान्त शब्द के समान अस्सस्स, मुनिस्स, साधुस्स तथा पितुस्स आदि होने लगे। संज्ञा शब्दों में भी सर्वनाम के रूपों का विधान प्रारम्भ हो गया, जैसे गृहे (घरे) के स्थान पर घरस्मि का प्रयोग। धातुओं के रूपों में भी ह्रास प्रारम्भ हुआ। इनके सन्नन्त (इच्छार्थक) तथा यङन्त (अतिशयार्थक) आदि रूपों के प्रयोग में कमी आई।

---

१. ताण्ड्य या पञ्चविंश ब्राह्मण, १७-४।

इन परिवर्तनों से आर्यभाषा को एक नवीन रूप प्राप्त हुआ और उसका मध्यकालीन रूप प्रस्फुटित होने लगा। उदीच्य भाषा में ये परिवर्तन इतनी संख्या में नहीं हुए; मध्यदेश की भाषा यद्यपि इनसे प्रभावित हुई, पर उसमें भी उच्चारण की उतनी विकृति नहीं हुई। परन्तु प्राच्या में ये परिवर्तन बहुत तीव्र गति से हुए। इस प्रकार ६०० ई० पू० के लगभग से लेकर १००० ई० पू० के काल को, जिसमें भारतीय आर्यभाषा अनेक प्राकृतों तथा अपभ्रंशों के रूप में विकसित हुई, मध्य भारतीय आर्यभाषा की संज्ञा से विभूषित किया जाता है। म० भा० आ० का विकास-क्रम प्रसिद्ध भाषाशास्त्री डा० सुकुमारसेन के अनुसार निम्नलिखित है —

प्रारम्भिक मध्य भारतीय आर्यभाषा
(अशोक के शिलालेखों की भाषा तथा पालि)
|
म० भा० आ० की द्वितीय अवस्था
प्रारम्भिक शिलालेखो की भाषा, निय प्राकृत, बौद्ध संस्कृत
|
प्राकृतें — अपभ्रंश
|
अवहट्ट

मध्य भारतीय आर्यभाषा के प्रथम पर्व के अन्तर्गत अशोक के शिलालेखों की भाषा तथा पालि की गणना की जाती है। इस प्रकार हम देखते हैं कि पालि भाषा भारोपीय कुल के अन्तर्गत भारतीय वर्ग के मध्य भारतीय आर्यभाषा के प्रथम पर्व की प्रतिनिधिभूत भाषा है। नीचे इसका विवरण प्रस्तुत किया जा रहा है।

पालि

बुद्धवचनों का संग्रह तथा पालि-मागधी

भगवान् बुद्ध का अद्वितीय कदम सम्पूर्ण विश्व के प्राणियों को दुःख से छुटकारा दिलाने के लिए उठा था। और बोधि की प्राप्ति से लेकर महापरिनिर्वाण-पर्यन्त वे अपने श्रेष्ठ मार्ग का उपदेश लोक को देते रहे। उनके ये उपदेश मौखिक

---

१. द्र०-सुकुमारसेन, "Comparative Grammar of M. I. A.", पृ० ४।

ही होते थे, जिन्हें बहुश्रुत भिक्षु धारण कर लेते थे। परिनिर्वाण के पश्चात् पथ-प्रदर्शक के रूप में इन वचनों के संग्रह की आवश्यकता हुई और त्रिपिटक के रूप में ये संगृहीत हुए। त्रिपिटक का अर्थ है तीन पिटारियाँ और ये हैं—सुत्तपिटक, विनयपिटक तथा अभिधम्मपिटक।

कालान्तर में बौद्धधर्म के विचारो में विकास आदि के कारण मतभेद उत्पन्न हुए और अशोक के समय में यह अठारह निकायों में विभक्त हो गया। प्रारम्भ में तो दो ही मूल विभाग इसके थेरवादी (स्थविरवादी, प्राचीन परम्परा के अनुयायी) तथा महासांघिकों के रूप में थे और शेष सम्प्रदाय आगे स्थिति में आए। इन विभिन्न सम्प्रदायों ने अपने-अपने अनुसार मूल बुद्धवचन का ग्रहण किया और उसकी भाषा के विषय में भी इनमें स्वच्छन्दता रही, क्योंकि स्वयं बुद्ध ने अपने वचनो के लिए किसी भाषा विशेष का आग्रह नही रखा था और अपनी-अपनी भाषा में बुद्धवचनो को ग्रहण करने की अनुमति प्रदान की थी। इस प्रकार से प्रारम्भ से ही बौद्धो में भाषा-विषयक रूढ़िवादिता समाविष्ट नही हो पाई थी और वस्तुस्थिति यह है कि बुद्धवचनो का संग्रह अनेक भाषाओ में हुआ। इस सम्बन्ध में एक तिब्बती परम्परा यह है कि मूलसर्वास्तिवाद सम्प्रदाय के ग्रन्थ संस्कृत मे, महासांघिको के प्राकृत में, महासम्मितियो के अपभ्रंश में और स्थविरवादियों के पैशाची मे थे। इस प्रकार से हम यह देखते है बौद्धों मे प्रारम्भ से ही भाषा-संबन्धी स्वतन्त्रता रही।

आज स्थविरवाद (थेरवाद) सम्प्रदाय का त्रिपिटक जिस भाषा में प्राप्त है, उसको पालि के नाम से अभिहित किया जाता है। थेरवादी परम्परा के अनुसार इस त्रिपिटक के संग्रह के लिए समय समय पर संगीतियो का आयोजन हुआ, जिनमें प्रथम चार अत्यन्त महत्त्वपूर्ण हैं। प्रथम संगीति का आयोजन भगवान् बुद्ध के परिनिर्वाण के कुछ ही समय बाद किया गया था और इसमें 'धम्म' तथा 'विनय' का संगायन हुआ था। द्वितीय संगीति इसके सौ वर्ष पश्चात् वैशाली में आयोजित हुई थी, जिसमें विनय-विरुद्ध-आचरण को गलत ठहराकर बुद्धवचनों का अनुमोदन किया गया था। इसके पश्चात् सम्राट् अशोक के समय तृतीय संगीति हुई। इसका मुख्य उद्देश्य था विशुद्ध थेरवाद या विभज्यवाद की स्थापना करना। इसके लिए इसके अध्यक्ष 'मोग्गलिपुत्त तिस्स' ने तर्कयुक्त प्रसिद्ध ग्रन्थ 'कथावत्थु' की रचना की, जिसे बुद्धवचन के समान ही त्रिपिटक में स्थान प्राप्त हुआ। इससे यह ज्ञात होता है कि तृतीय संगीति के समय में ही पालि-त्रिपिटक

का वह रूप निर्धारित हो गया था, जो आज हमें प्राप्त होता है। परम्परा से यह भी ज्ञात है कि इसी संगीति के निर्णय के अनुसार ही अशोक पुत्र राजकुमार महेन्द्र सिंहल द्वीप में थेरवाद के प्रचारार्थ गए और अपने साथ वे त्रिपिटक की परम्परा भी लेते गए और तभी से वहाँ पर यह अक्षुण्ण है। पर वहाँ भी वह परम्परा मौखिक ही चलती रही और समयानुसार इस तथ्य की ओर आचार्यों का ध्यान आकर्षित हुआ कि धीरे-धीरे लोग बुद्धवचन को भूल न जाँय। अतः ईसा की प्रथम शताब्दी में सिंहल-सम्राट् 'वट्टगामिनी अभय' के संरक्षकत्व में सम्पूर्ण त्रिपिटक को लिपिबद्ध किया गया और उसी समय इसका अन्तिम रूप भी निर्धारित हुआ। विद्वानों का यह अनुमान है कि आज थेरवाद का जो त्रिपिटक हमें प्राप्त है तथा जिसे हम पालि-त्रिपिटक की संज्ञा से विभूषित करते हैं, उसका निश्चय 'वट्टगामिनी अभय' के समय में ही हो पाया था। बाद में इस त्रिपिटक की भाषा का विकास कालक्रम से हुआ और वह एशिया की अन्तर्राष्ट्रीय धार्मिक भाषा के गौरवपूर्ण पद पर प्रतिष्ठित हुई।

अब इस स्थविरवादी त्रिपिटक की भाषा के सम्बन्ध में प्रश्न उठता है। आज इसे हम पालि भाषा कहते हैं। पर यदि हम इस नामकरण पर विचार करें तो इसी निष्कर्ष पर पहुँचते हैं कि भाषा के अर्थ में पालि शब्द का प्रयोग अर्वाचीन ही है और पालि के अधिकांश ग्रंथों में इस अर्थ में यह अब भी नहीं प्रयुक्त होता। यहाँ तक कि इसी युग में सिंहल द्वीप के महाथेर सुमङ्गल ने 'बालावतार' पर अपनी टीका लिखते हुए इसे 'पालि' न कहकर मागधी कहा है।[1] अतः परम्परा में इसका आचार्य बुद्धघोष के समय से लेकर वर्तमान युग तक मागधी नाम ही प्रचलित है। इस प्रकार भाषा के अर्थ में हम जिसे पालि कहते हैं, उसे प्राचीन काल से ही लोग मागधी कहते आये हैं।

बुद्धघोष ने स्थान-स्थान पर मागधी शब्द का प्रयोग किया है—"मागधिकाय सब्बसत्तानं मूलभासाय", "सकानिरुत्ति नाम सम्मासम्बुद्धेन वुत्तप्पकारो मागधको वोहारो", "देसभासा नाम एकसतवोहारकुसलता विसेसेन पन मागधिके कोसल्लं" आदि[2]।

पालि का अपना व्याकरण प्रस्तुत करते समय मङ्गल गाथाओं में ही आचार्य मोग्गल्लान ने कहा है—

---

१. द्र०-भिक्षु सिद्धार्थ, "Buddhistic Studies," पृ० ६४१।
२. विसु०, पृ० ३४; सम्मत०, पृ० ३०८; विसु०, पृ० ३०८।

"सिद्धमिद्धगुणं साधु नमस्सित्वा तथागतं।
सद्धम्मसङ्घं भासिस्सं मागधं सद्दलक्खणं"।

इसकी व्याख्या करते हुए स्वयं अपनी 'पञ्चिका' में वे कहते हैं—"इधायं सुत्तकारो मागधिकसद्दलक्खणं विरचयितुकामो......" तथा "सद्दलक्खणस्सा पि सक्कतादिभेदेन बहुविधत्ता सकं सद्दलक्खणं विसेसयितुमाह मागधं ति। मगधेसु विदिता मागधा सद्दा, तेसमिदं लक्खणं मागधं इदं वुत्तं होति मागधं सद्दलक्खणं[1] ति।" यहाँ तो उन्होंने स्पष्ट रूप से यह कह ही दिया कि यह भाषा मागधी क्यों है और यह उसी मागधी का शब्दलक्षण है।

कच्चायनसार में कहा गया है—

"मागधिकाय बालानं बुद्धिया बुद्धसासने।
वक्खं कच्चायनसारं निस्साय जडुदासकं ॥" (२२ कारिका)।

'सारिपुत्त सङ्घराज' ने (समय ११५० ई०) 'सारत्थदीपनी' नामक विनय-अट्ठकथा-टीका के प्रारम्भ में ही लिखा है—

"मागधिकाय भासाय आरभित्वा पि केनचि।
भासन्तरेहि सम्मिस्सं लिखितं किञ्चिदेव च ॥"

'सङ्घरक्खित थेर' (१३०० के लगभग) 'वुत्तोदय' नामक छन्दशास्त्र के ग्रंथ के मङ्गलाचरण में कहते हैं—

"पिङ्गलाचरियादीहि छन्दं यमुदितं पुरा।
सुद्धमागधिकानं तं न साधेति यथिच्छितं ॥
ततो मागधभासाय मत्तावण्णविभेदनं।
लक्खलक्खणसंयुत्तं पसन्नत्थपदक्कमं" ॥

उपर्युक्त उदाहरणों के विपरीत १८६१ ई० में लिखित 'सासनवंस' नामक ग्रन्थ में 'पालि-भाषा' शब्द के प्रयोग को हम पाते हैं—"इच्चेवं पाळिभासाय परियत्ति परिवत्तित्वा पच्छा आचरियपरम्परा सिस्सानुसिस्सवसेहि सीहळदीपे जिनचक्कं मज्झन्तिकंसुमाली विय अतिदिब्बति" आदि। साथ ही वहाँ पर इसके लिए मागधी भाषा का भी प्रयोग पाते हैं—"बुद्धघोसथेरो च सीहळदीपं पत्वा पठमं सङ्घपालथेरं

१. मोग्गल्लानपञ्चिका, पृ० ३।
२. सासनवंस, पृ० २९।

पस्सित्वा पिटकत्तयं मागधभासक्खरेन परिवत्तेतुं आगतोम्ही ति कारणं आरोचेत्वा"[1] आदि। "यह पूर्णरूपेण निश्चित नहीं हो पाया है कि इस शब्द को इस अर्थ में प्रयोग में लाने का श्रेय यूरोप के विद्वानों को है अथवा सीलोन, बर्मा तथा स्याम आदि के पिछले समय के स्थविरों को।"[2] इस सम्बन्ध में उन्नीसवीं शती के उत्तरार्द्ध में कुछ विवाद भी चला। जब यूरोपीय विद्वानो ने इस भाषा के व्याकरण तथा शब्दकोश आदि को पालि-व्याकरण तथा पालि-शब्दकोश कहा तो इस नामकरण का कुछ लोगों ने खण्डन भी किया। रंगून हाई स्कूल के विवरण में प्रोफेसर फॅरखाम्मेर ने १८८६-६० में कहा था—"त्रिपिटक की पालि मागध भाषा के माध्यम से लिखी जाती थी और इसका व्याख्यान किसी भी भाषा द्वारा हो सकता है। अतः किसी ग्रन्थ को यदि हम पालि-व्याकरण अथवा पालि-शब्दकोश की संज्ञा से अभिहित करेंगे, तो वह केवल त्रिपिटक का व्याकरण अथवा त्रिपिटक का शब्दकोश होगा, जैसा अर्थ बाइबिल-शब्दकोश से व्यक्त होता है।"[3] इस प्रकार यह केवल मूल बुद्धवचन अथवा त्रिपिटक का व्याकरण अथवा कोश होगा, अनुपिटक साहित्य का नहीं। अतः उक्त विद्वान के अनुसार पालि शब्द का प्रयोग भाषा के अर्थ में करना अनुपयुक्त है। पर प्रो० फ्रान्क् फुर्तेर ने 'पालि करामलक' को प्रस्तुत करते हुए तथा उक्त मत की आलोचना करते हुए मागधी के स्थान पर पालि नाम का ही प्रयोग किया और इस सम्बन्ध में प्रतिपत्ति यह प्रस्तुत की कि यदि हम इस भाषा विशेष के लिए मागधी शब्द का प्रयोग करते हैं तो इससे शिलालेखो तथा साहित्य मे प्राप्त मागधी भाषा के सम्बन्ध में भ्रम उत्पन्न हो जायेगा। साथ ही अपने मत की पुष्टि में उन्होंने सुभूति के प्रयोग को उदाहरणस्वरूप प्रस्तुत किया। आचार्य सुभूति ने 'अभिधानप्प-दीपिका' को पालिकोश की संज्ञा प्रदान की थी तथा 'नाममाला' को पालि-व्याकरण का एक ग्रन्थ कहा था।[4] इसके मागधी नाम का मिनायेफ ने भी विरोध किया।[5] इस प्रकार आधुनिक युग में मागधी की अपेक्षा पालि नाम ही अन्त में विजयी हुआ और इसी का विश्व में व्यापक प्रचार हुआ।

---

१. वहीं, पृ० २८।
२. द्र०—विमलाचरण लाहा, "History of Pali Literature", P. IX.
३. वि० वि० के लिए द्र०—ओ० फ्रान्कफुर्तेर, "Handbook of Pali", प्रस्तावना, पृ० IX—X।
४. वहीं।
५. द्र०—J. Minayeff, "Pali Grammar", पृ० २६।

पालि शब्द का प्रयोग तथा व्युत्पत्ति

अपनी अट्ठकथाओं में पालि शब्द का प्रयोग आचार्य बुद्धघोष ने बुद्धवचन या मूल त्रिपिटक के अर्थ में अथवा इसके पाठ के अर्थ में किया है। यहाँ पर यह एक भाषा के अर्थ को नहीं व्यक्त करता। जहाँ पर उन्होंने प्राचीन अट्ठकथाओं से भिन्नता दिखाने के लिए मूल त्रिपिटक के किसी अंश का उद्धरण दिया है, वहाँ पर पालि शब्द का प्रयोग उनके द्वारा बुद्धवचन के लिए हुआ है—"इमानि ताव पालियं अट्ठकथायं पन"[1], "पालिमुत्तकेन पन अट्ठकथानयेन"[2], "नेव पालियं न अट्ठकथायं दिस्सति"[3] आदि। मूल बुद्धवचन के अर्थ को द्योतित करने वाला उनका प्रयोग है—"इमाय पन पालिया सुमेधपण्डितेन अस्समपदण-सालचङ्कमा सहत्था मापिता विय वुत्ता"[4] आदि। इन उदाहरणों के अतिरिक्त जब उन्हें मूल के किसी दूसरे पाठ को भी उद्धृत करना पड़ा है, वहाँ इसका प्रयोग उन्होंने पाठ के अर्थ में किया है—"इति पि पालि"[5] आदि।

बुद्धघोष के अतिरिक्त 'दीपवंस' तथा 'महावंस' में भी पालि शब्द का प्रयोग इसी अर्थ में किया गया है। 'चूलवंस' तथा 'सद्धम्मसङ्गह' आदि में भी पालि शब्द का प्रयोग बुद्धवचन अथवा मूल त्रिपिटक से अट्ठकथा की भिन्नता प्रदर्शित करने के लिए ही हुआ है—"पालिमत्तं इधानीतं नत्थि अट्ठकथा इध" (चूलवंस, ३७।२२७) आदि।

व्याकरण के ग्रन्थों में सद्दनीति में पालि शब्द का प्रयोग मूल अथवा पङ्क्ति के अर्थ में कई स्थानों पर हुआ है—"तत्र वक्कुती ति किरियापदं पाळियं अविज्जमानम्पि गहेतब्बमेव[6]", "अनेकेसु साट्ठकथेसु पाळिप्पदेसेसु[7]", "इमिस्सा पाळिया अत्थं वदन्तेहि[8]" "अत्रायं पाळि"[9], "किमेत्थ सद्दसत्थं करिस्सति, पाळि एव पमाणं[10]", "अत्र इमा पाळियो[11]", "आदिका पाळियो दिस्सन्ति[12]"। इनसे यह व्यक्त होता है कि इसका प्रयोग मूल बुद्धवचन तथा उसकी पंक्तियाँ—इन अर्थों में हुआ है।

---

१. विसु०, पृ० ४५०। २. पुग्ग० प०अ०, पृ० १७१। ३. दी० नि० अ०, 'सामञ्ञफलसुत्त' पर। ४. जात० अ०, भा० १, पृ० ७। ५. दी० नि० अ०, 'सामञ्ञफलसुत्त' पर। ६. सद्द०, भा० २, पृ० ३२३। ७. वहीं, पृ० ३२९। ८. वहीं, पृ० ३३२। ९. वहीं, पृ० ३३४। १०. वहीं, पृ० ३३९। ११. वहीं, पृ० ६६३। १२. वहीं, पृ० ३९९।

त्रिपिटक के जितने भी ग्रन्थ हैं उनके नामों में भी मूल अर्थ को द्योतित करने के लिए यह शब्द जुड़ता है। उदाहरणार्थ—महावग्ग-पालि, उदान-पालि आदि।

यूरोप में पालि शब्द फ्रान्स के सम्राट लुई चौदहवें के, स्याम में नियुक्त राजदूत लालूबें द्वारा ले जाया गया और तभी से लोग इसकी व्युत्पत्ति ढूंढ़ने तथा देने में प्रवृत्त हुए। प्रारम्भ में तो इसकी व्युत्पत्तियाँ 'पेलस, पल्लि, पेलेस्टाइन, पहलवी' आदि से हास्यास्पद रूप में प्रस्तुत की गईं। पर विद्वानों ने इनका खण्डन किया।[1] आगे लोगों ने युक्ति के साथ इसकी नई व्युत्पत्तियाँ दीं। इनमें से कुछ मुख्य नीचे दी जा रही हैं :—

पालि शब्द की व्युत्पत्ति महामहोपाध्याय विधुशेखर भट्टाचार्य ने संस्कृत के पङ्क्ति शब्द से दी है और इसका यह क्रम बताया है—पङ्क्ति > पन्ति > पत्ति > पट्टि > पल्लि > पालि। इस मत की पुष्टि उन्होंने स्वयं पालि साहित्य में प्राप्त इस शब्द के पङ्क्ति अर्थ से की है।[2] किन्तु यदि ध्वनि-परिवर्तन के इस क्रम पर वैज्ञानिक रीति से हम विचार करें तो यही स्पष्ट होता है कि यह क्लिष्ट-कल्पना मात्र है। साथ ही पङ्क्ति के अर्थ में पालि शब्द का व्यवहार स्वयं संस्कृत में अतीत से विद्यमान है। और यहा भी आगे इस पर विचार प्रस्तुत किया जायेगा। अतः जब इसका इसी अर्थ में संस्कृत में प्रयोग विद्यमान है तब इसे पङ्क्ति शब्द से व्युत्पन्न मानना कहां तक उचित है?

भिक्षु सिद्धार्थ के अनुसार 'पालि' अथवा 'पाळि' शब्द संस्कृत के पाठ शब्द से निकला है। इसके लिए उन्होंने लिखा है कि संस्कृत के मूर्द्धन्य व्यञ्जन पालि और प्राकृत में ल् अथवा ळ् में परिवर्तित हो जाते हैं।[3] पर इसके विपरीत हम प्रयोग में देखते हैं कि एक ही लेखक अपनी पुस्तक में इन दोनों शब्दों (पाळि तथा पाठ) का प्रयोग पर्याय के रूप में कर रहा है—"इति पि पालि, इति पि पाठो।" अतः दोनों शब्दो का एक काल में प्रयोग यह सिद्ध करता है कि एक काल में ही ये एक दूसरे की विकृति नहीं हो सकते। आगे हम यह भी व्यक्त करेंगे कि पालि स्वयं में संस्कृत भाषा का शब्द है। इससे भी इस मत का खण्डन हो जाता है।

१. द्र०—फ्रांसिस मैसन, "Kachchayana's Pali Grammar", पृ० ११।

२. द्र०—उदयनारायण तिवारी, "हि० भा० उ० वि०", पृ० ६१।

३. द्र०—भिक्षु सिद्धार्थ, "Buddhistic Studies", पृ० ६४१।

मैक्स वालसर महोदय ने पालि शब्द की व्युत्पत्ति 'पाटलिपुत्र' शब्द से मानी है और इसमें प्रमाण यह दिया है कि ग्रीक में 'पाटलिपुत्र' को 'पालिब्रोथ' लिखा गया है[१]। पर यदि ध्वनि-परिवर्तन के विकास-क्रम पर हम विचार करें तो इस निष्कर्ष पर पहुँचते हैं कि पहले 'पाटलि' शब्द का प्रथम भाषा विकास-क्रम में सीधे 'पालि' हो जाना नितान्त असम्भव है, क्योंकि मध्य भारतीय आर्यभाषा के विकास के द्वितीय पर्व में 'पाटलि' का 'पाडलि' हुआ। अतः यह मत भी युक्ति-युक्त प्रतीत नहीं होता। भाषा के इस आधार के अतिरिक्त डा० थामस ने और युक्तियों से इस मत का खण्डन किया है[२]।

कुछ लोगो ने 'पल्लि' शब्द से पालि की व्युत्पत्ति दी है। पल्लि का अर्थ ग्राम होता है। इन लोगों के अनुसार संस्कृत नगरों की भाषा थी और पालि गाँवों की। पर यह ध्वनि परिवर्तन भी मध्य भारतीय आर्यभाषा के प्रथम पर्व के अनुकूल नहीं है[३]।

भिक्षु जगदीश काश्यप के अनुसार पालि शब्द परियाय शब्द से निष्पन्न हुआ है[४]। उनके मतानुसार त्रिपिटक के मूल ग्रन्थों में जगह-जगह पर बुद्ध-देशना, बुद्ध-उपदेश अथवा बुद्ध-वचन के अर्थ में 'धम्मपरियाय' शब्द का पाठ मिलता है—"तस्मातिह त्वं, आनन्द, इमं धम्मपरियायं अत्थजालं ति पि नं धारेहि···"; "को नु खो अयं, भन्ते, धम्मपरियायो ति ?" अशोक ने भी इसी अर्थ में अपने धर्म-लेख में इस शब्द का प्रयोग किया है—"इमानि, भन्ते, धंम-पलियायानि—विनयसमुकसे, अलियवसानि, अनागतभयानि, मुनिगाथा, मोनेयसूते उपतिसपसिने ए चा लाघुलोवादे मुसावादं अधिगिच्य भगवता बुधेन भासिते। एतानि भते धंम-पलियायानि इछामि"[५] आदि। "इससे यह प्रकट होता है कि बुद्धवचन के अर्थ में ही परियाय = पलियाय शब्द का प्रयोग किया गया है। पालि भाषा में बहुधा 'परि' या 'पटि' उपसर्ग

१. द्र०-मैक्स वालसर, "Sprache und Heimat des Palikanons", पृ० ९६।

२. द्र०—ई० जे० थामस, "Indian Historical Quarterly", ४, १९२८, पृ० ७७३।

३. द्र०—उदयनारायण तिवारी, "हि० भा० उ० वि०", पृ० ६१।

४. वि० वि० द्र०—ज० काश्यप, "पालि महाव्याकरण", वस्तु०, पृ० ८–११।

५. अशोक का भाब्रू शिलालेख।

का दीर्घ होकर 'पारि' या 'पाटि' हो जाता है, जैसे—परि + लेय्यकं = पारिलेय्यकं, पटि + कङ्खा = पाटिकङ्खा आदि। इसी तरह 'पलियाय' शब्द का रूप धीरे-धीरे 'पालियाय' हो गया। बाद में इसी शब्द का लघु रूप पालि हो गया। पालि का अर्थ बुद्धवचन होने से यह शब्द केवल मूल त्रिपिटक के ग्रन्थों के लिए ही प्रयुक्त होता है, अट्ठकथा के लिए नहीं।"[1]

इस मत की स्थापना के लिए इन्होंने परम्परागत प्राप्त पालि के पंक्ति अर्थ तथा उसकी व्युत्पत्ति के प्रति आपत्तियाँ भी उठाई हैं। पर 'परियाय' शब्द से पालि को निष्पन्न मानने में अनेक कठिनाइयाँ हैं और असाधारण ध्वनि-परिवर्तन की स्थिति की कल्पना करने के अतिरिक्त और प्रधान बातें भी इस मत के विरुद्ध आती हैं, जिनमें मुख्य यह है कि यदि परियाय = पलियाय = पालि यह माना जाय तब तो पालि में दोनों शब्दों का समान प्रयोग एक काल में नहीं होना चाहिए। पर यह वहाँ है। यह कैसे हुआ कि उसका इतना बड़ा रूप भी भाषा में स्थान पाया रहा और असाधारण ध्वनि-परिवर्तन द्वारा निष्पन्न इतना छोटा रूप भी। इसके अतिरिक्त 'परियाय' शब्द का अर्थ केवल देशना या उपदेश ही नहीं होता। यह कारण, देशना, वार, सदृश आदि अर्थों में प्रयुक्त होता है। इस सम्बन्ध में 'अभिधानप्पदीपिकासूची' में यह व्याख्यान है—"परिब्यत्तमत्थं अयन्ति गच्छन्ति बुज्झन्ति एतेना ति परियायो, परि पुब्बो अय गमने, णो। परि अनतिक्कमेनायनं परियायो (वेवचनं अभिन्नत्थो सद्दो, पकारस्मि भेदे, अवसरे अवकासे।) परियायसद्दो 'इमिना पि खो ते, राजञ्ञ, परियायेन एवं होतु' ति आदीसु कारणे; 'मधुपिण्डिकपरियायो ति नं धारेहि' ति आदीसु देसनायं; 'कस्स नु खो, आनन्द, अज्ज परियायो भिक्खुनियो ओवदितुं' ति आदीसु वारे; 'कोपसद्दो खो भवपरियायो' ति आदीसु वेवचने (सदिसे); 'परियायपथो' ति आदीसु समन्ततो गन्तब्बट्ठाने···

"परियायस्सो वारदेसनाकारणेसु च।
समन्ततोव गन्तब्बट्ठाने च सदिसे सिया" (सद्दनीति)[2]

इस प्रकार परियाय शब्द पालि भाषा में अनेक स्थानों पर उक्त अनेक अर्थों में प्रयुक्त होता रहा है। जब इससे पालि शब्द व्युत्पन्न हो गया तब भी यह पालि

---

१. द्र०—अ० काश्यप, "पालि महाव्याकरण", वस्तु०, पृ० ११।
२. द्र०—मुभूति, "अभिधानप्पदीपिकासूची", पृ० [illegible]।

के साथ ही उक्त अर्थों में बाद में भी साहित्यिक भाषा में प्रयुक्त होता रहा, यह जँचता नहीं। यदि कालक्रम से पालि में परियाय शब्द के प्रयोग पर विचार करें तो इसे हम लगातार ही पाते हैं। बुद्धवचनों के अर्थ में 'परियत्ति' शब्द का भी प्रयोग पालि में मिलता है और 'परियाय' की भाँति 'परियत्ति' से भी उपर्युक्त तरीके से पालि को निष्पन्न माना जा सकता है। इस प्रकार व्युत्पत्ति की तो कोई सीमा ही नहीं रहेगी।

अपने मत की स्थापना के लिए काश्यप जी ने पालि के परम्परागत अर्थ पंक्ति का खण्डन किया है—'आचार्य मोग्गल्लान तथा दूसरे वैयाकरण भी 'पालि' शब्द को 'पा' धातु से परे णवादि का 'लि' प्रत्यय लगाकर सिद्ध करते हैं और उसका अर्थ पंक्ति बतलाते हैं और इससे लोगों ने मूल ग्रन्थ की पंक्ति का अर्थ ले लिया है। पर यह सिद्धान्त युक्ति-युक्त नहीं प्रतीत होता"[1]। इसके पश्चात् इस अर्थ के बारे में उन्होंने तीन कठिनाइयों का उल्लेख किया है—(१) इसका कोई प्रमाण नहीं है कि राजगृह में संगीति हो जाने के बाद 'दीघनिकाय' तथा 'मज्झिमनिकाय' आदि मूल ग्रन्थ लिखे गए हों, बल्कि भिक्षुओं में ऐसी परिपाटी थी कि वे सारे निकाय के निकाय को कण्ठ कर लेते थे आदि। ऐसी हालत में, सम्भव नहीं कि इन ग्रन्थों के साथ लगने वाला शब्द 'पालि' पंक्ति के अर्थ में प्रयुक्त हो। पंक्ति का प्रयोग केवल उसी ग्रन्थ के साथ होना समझ मे आता है जो लिखित हो। (२) पालि साहित्य में कहीं भी पालि ग्रन्थ की पंक्ति के अर्थ में प्रयुक्त नही हुआ है। (३) यदि पालि शब्द का अर्थ पंक्ति होता तो उसे बहुवचन में भी प्रयुक्त होना चाहिए था।

पर हमारे अनुसार ये आपत्तियाँ युक्ति-युक्त नही हे और इनसे पालि का परम्परागत अर्थ 'पंक्ति' बाधित नही होता। उपर्युक्त पहली आपत्ति के सम्बन्ध में हम यह कह सकते हैं कि प्रथम संगीति के समय में पालि शब्द के व्यवहार की कोई बात ही नहीं उठती। 'उदान-पालि' आदि प्रयोग तो 'वट्टगामिनी अभय' के समय में त्रिपिटक के लिपिबद्ध होने के पश्चात् ही मूल ग्रन्थ की पंक्ति को द्योतित करते हुए आये होंगे। साथ ही उदान-पालि आदि प्रयोगों को उस समय मानने पर पालि के अर्थ पंक्ति में कोई विरोध नहीं उपस्थित होता, प्रत्युत् उल्टे इसको 'परियाय' से व्युत्पत्ति वाला पक्ष ही निर्बल हो जाता है। 'पंक्ति अर्थ में पालि साहित्य

---

१. द्र०—भ० काश्यप, "पालि महाव्याकरण", वस्तु०, पृ० ७-८।

में इस शब्द का प्रयोग नहीं है, तथा ऐसा होने पर उसका बहुवचनान्त प्रयोग भी प्राप्त होना चाहिए था, इस सम्बन्ध में विवेचन यह है कि 'पालि' का प्रयोग पंक्ति अर्थ में पालि भाषा में होता है, यह 'अभिधानप्पदीपिका' नामक पालि-कोश से सिद्ध है. साथ ही 'दन्तपालि' तथा 'तळाकपालि' आदि प्रयोग भी उपर्युक्त स्थापना के के विरुद्ध चले जाते हैं, 'अत्र इमा पाळियो' आदि बहुवचनान्त प्रयोग भी सद्दनीति आदि पालि ग्रन्थों में प्राप्य हैं, और ऊपर इनका उल्लेख किया जा चुका है।

इन कारणों से 'परियाय' से पालि शब्द की व्युत्पत्ति अधिक युक्तियुक्त नहीं प्रतीत होती।

संस्कृत वाङ्मय तथा कोशों में पालि शब्द

हमारा यह स्पष्ट विचार है कि पालि स्वयं संस्कृत का शब्द है और इसकी व्युत्पत्ति 'पाल' अथवा 'पा' धातु से है, अतएव अन्यत्र इसकी व्युत्पत्ति ढूँढना असंगत सा है। इसका संस्कृत साहित्य में अनेक स्थलों पर प्रयोग विद्यमान है और परम्परागत संस्कृत-कोशों ने इसके अर्थ का व्याख्यान किया है तथा उनकी टीकाओं में इसकी व्युत्पत्ति भी दी हुई है। संस्कृत के आधुनिक कोशों ने भी इन सामग्रियों का उपयोग करते हुए पालि शब्द को स्थान दिया है।

बोथलिंक तथा रोथ के कोश में इसके अनेक अर्थ तथा संस्कृत वाङ्मय के प्रयोग दिए हुए हैं।[1] उन प्रयोगों का उल्लेख यहाँ किया जा रहा है। पालि शब्द पाणिनीय गणपाठ में भी है—'गोपालिधानपूलासम्' (राजदन्तादिषु परम् २।२।३१ सूत्र); महाभारत में भी पालि शब्द का प्रयोग है—'गालयाश्रोत्रपालिषु = युगमध्ये युगसंहननेषु युगपालीषु'। वहाँ दिए गए और प्रयोग ये हैं—'पालीभिरम्भः संरोध्य (राज० तर० ५, १०६), 'कपोलपालिदोलायितश्रवणकुण्डल' (हर्ष०, १०८)। इनके अतिरिक्त यहाँ उणादिसूत्रों पर लिखी गई उज्जवलदत्त की वृत्ति में पालि शब्द के निर्वचन का भी उल्लेख है।

सुश्रुत ने भी पालि शब्द का प्रयोग किया है—'यस्य पालिद्वयमपि कर्णस्य न भवेदिह। कर्णपीठं समे मध्ये तस्य विद्धं विवर्द्धयेत्।'[2] गीतगोविन्द में भी यह शब्द प्रयुक्त है—'विपुलपुलकपालिः स्फीतशीत्कारमन्तर्जनितजडिमकाकुव्याकुलं व्याहरन्ती'।[3]

---

१ द्र०—बोथलिंक तथा रोथ, "Sanskrit-German Wörtebuch", भाग ४, पृ० ६९२।

२. द्र०—जयशङ्कर जोशी, 'हलायुधकोश.' पृ० ४२९।

३. द्र०—गीतगोविन्द, ६।१०।

मोनियर विलियम्स कृत संस्कृत-कोश में 'पाल' धातु से निष्पन्न पालि शब्द के अनेक अर्थ दिए गए हैं[1]—कर्णतालाय, सीमा, किनारा, अवधि, अवली, पंक्ति, सेतु, प्रस्थ, छात्रों को शिक्षा काल में देय आदि।

शब्दकल्पद्रुम,[2] विलसन[3] तथा आप्टे[4] द्वारा रचित संस्कृत के कोशों में भी इस शब्द का उल्लेख है तथा मोनियर विलियम्स की भाँति ही उनमें भी इसके अनेक अर्थ दिए गए हैं।

वाचस्पत्यम् कोश में पालि शब्द के बारे में दिया गया है[5]—"पालि (ली) स्त्री० पल–वा० इण्। १. कर्णलताग्रे, २. अश्रौ कोणे, ३. श्रेण्यौ, ४. अङ्कभेदे, ५. छात्रादिदेये च (मेदिनीकोश), ६. यूकायां, ७. पोटायां, ८. प्रशंसायां, ९. प्रस्थे, १०. उत्सङ्गे क्रोडे च (हेमचन्द्र), वा ङीप् दीर्घान्तः, ११. स्थाल्याम् (शब्द च०)" आदि।

परम्परागत कोशों में भी पालि शब्द का उल्लेख है, जिसके उदाहरण नीचे प्रस्तुत किए जा रहे हैं—

(१) अमरकोष

(क) "कोणस्तु स्त्रियः पाल्यश्रिकोटयः।" (क्षत्रियवर्ग, श्लोक ९३)।

इस स्थल का व्याख्यान करते हुए 'रामाश्रमी' में कहा गया है—"पालयति। 'पाल' रक्षणे (चु० प० से०)। 'अच इः' (उ० ४।१३९)। मुकुटस्तु पाति— 'ऋतन्यञ्जि—' (उ० ४।२) इत्यादिनालिः इत्याह। तन्न। तत्र पातेः पाठाभावात्।" इसके पश्चात् इस टीका में मेदिनीकोश का उद्धरण दिया हुआ है।

(ख) "पालिः स्त्र्यश्र्यङ्कपङ्क्तिषु।" (नानार्थवर्ग, श्लोक १९७)।

"पालयति पाल्यते वा। अत्र। अनया वा। 'पाल' रक्षणे (चु० प० से०) णयन्तः। 'अच इः' (उ० ४।१३९)।" (उपर्युक्त पर 'रामाश्रमी')।

---

१. द्र०—मोनियर विलियम्स, "Sanskrit Dictionary", पृ० ६२३।
२. द्र०—राजा राधाकान्तदेव बहादुर, "शब्दकल्पद्रुम", भा० ३, पृ० ३११।
३. द्र०—विलसन, "Sanskrit Dictionary", पृ० ५४९।
४. द्र०—आप्टे, "Sanskrit Dictionary", पृ० ६१९।
५. द्र०—"वाचस्पत्यम्", भा० ५, पृ० ४३२१।

(२) त्रिकाण्डशेष (पुरुषोत्तमदेव कृत)

"सश्मश्रुयुवती पालिः पङ्क्तिः कर्णलता पि च ।" (नानार्थवर्ग, श्लोक ३९९)

"पाल—रक्षणे इन्प्रत्ययः । वा ङीप्, पाली अप्यत्र (उपर्युक्त पर 'सारार्थचन्द्रिका' टीका) ।

(३) मेदिनी (मेदिनीकर कृत)

"पालिः कर्णलताग्रेऽश्रौ पङ्क्तावङ्कप्रभेदयोः ।
छात्रादिदेये स्त्री पाली यूकासश्मश्रुयोषितोः" ॥ (शब्दवर्ग, श्लोक ३०) ।

इसमें ऊपर दिए गए अर्थों के अतिरिक्त एक 'छात्रादिदेय' अर्थ का भी उल्लेख है, अर्थात् वह भी पालि है जो छात्रों को दी जाती हो । मोनियर विलियम्स ने इसका अर्थ शिक्षा-काल में वृत्ति स्वरूप देय किया है । इससे इस पूर्वपक्ष की कल्पना उद्भूत हो सकती है कि छात्रों को बुद्धवचन भी देय-स्वरूप ही था । अतः इससे इसका नाम पालि हो गया । पर यह अर्थ यहाँ अभिप्रेत नहीं है । प्राचीन काल में शिक्षा के समय बारी बारी से लोग छात्रों को भोजन आदि देते थे, और यहाँ इस 'छात्रादिदेय' का यही तात्पर्य है ।

(४) नाममाला (धनञ्जय कृत) ।

"पालि वेला तटोऽकूत्रावौ विश्रमोऽप्यङ्कुदन्त्रतः ।" (पृ० १३) ।

"पाल्यते पालिः । स्त्रियामीः । पाली" । (उपर्युक्त पर अमरकीर्ति विरचित भाष्य) ।

(५) हलायुध (भट्टहलायुध कृत) ।

"आधारश्च तडागं स्यात्पाली पाची च कथ्यते " (श्लोक ६७६) ।

(६) नानार्थसङ्ग्रह (अजयपाल कृत) ।

"पालि कर्णलतायां स्यात्प्रदेशे पङ्क्तिचिह्नयोः ।
दृढं श्वभ्रु (दृढश्मश्रु) स्त्रियामस्त्रौ पर्यायेऽवसरे क्रमे" ॥ (पृ० ५८)

(७) नानार्थमञ्जरी (राघव कृत) ।

"आलिः पङ्क्तौ वयस्ये स्याद्भृङ्गे पालिस्तु पुंसि वा ।
अंशभेदे च पङ्क्तौ च सञ्जातश्मश्रुयोषिति ।
अस्ते च कर्णताताग्रे यूके प्रस्थे च कथ्यते ॥" (पृ० ७९) ।
"पालिरश्रौ प्रदेशेऽङ्के रेखायां स्यात्सकच्छदे ।" (पृ० ९२) ।

इन उपर्युक्त कोशों के अतिरिक्त 'शब्दरत्नसमन्वयकोश' (राजा शाहजी कृत), 'नानार्थरत्नमाला' (इरुगप दण्डाधिनाथ कृत), 'अनेकार्थतिलक' (मही कृत), 'विशेषामृत' (त्र्यम्बकमिश्र कृत) आदि कोशो में भी उपर्युक्त अर्थों को व्यक्त करते हुए पालि शब्द का उल्लेख मिलता है।

इन सबसे यही ज्ञात होता है कि पालि संस्कृत का शब्द है तथा प्राचीन काल से ही इसे साहित्य तथा कोशों में स्थान प्राप्त हुआ है। इसका अनेकार्थों में प्रयोग था तथा उन्ही में पंक्ति भी एक था। इन्ही अर्थों में यह पालि वाङ्मय में भी ग्रहण किया गया और इसका पंक्ति अर्थ बुद्धवचन के मूल को लेकर आगे आया।

पालि कोशकारों तथा वैयाकरणों द्वारा 'पालि' का निर्वचन

पालि कोशकार मोग्गल्लान ने 'अभिधानप्पदीपिका' में पालि के सम्बन्ध में यह दिया है—"पाळि रेखा तु राजि च" (गाथा ५३६) तथा "सेतुस्मि तन्ति-मन्तासु नारियं पाळि कथ्यते" (गाथा ६६६)। इसका व्याख्यान 'अभिधानप्प-दीपिकासूची' नामक ग्रंथ में निम्नप्रकार से है[1]—

"पाळि—पा रक्खणे ळि; पाति रक्खती ति पाळि; पाली ति एकच्चे। (तन्ति, बुद्धवचनं, अन्ति पाळि, भगवता बुद्धमानस्स अत्थस्स वोहारस्स च दीपनतो सद्दो येव पाळि नामा ति गण्ठिपदेसु वुत्तं ति अभिधम्मट्ठकथाय लिखितं),

पाळिसद्दो पाळिधम्मे तळाकपाळियं पि च।
दिस्सते पन्तियं चेव इति ञेय्यं विजानता॥

अयं हि पाळिसद्दो 'पाळिया अत्थं उपपरिक्खन्ता' ति आदीसु परियत्ति-धम्मसङ्खाते पाळिधम्मे दिस्सति,

'महतो तळाकस्स पाळी'ति आदीसु तळाकपाळियं;

'पाळिया निसीदिंसू' ति आदीसु 'पटिपाटिया निसीदिंसू' ति अत्थो, इमस्मि पनत्थे धातुया किच्चं नत्थि, पटिपाटिको हि पन्तिवाचको पाळिसद्दो।

परियत्तिधम्मवाचके पाळिपदे, अत्थं पाति, रक्खती ति पाळी ति च, अन्तोदकं रक्खणत्थेन महतो तळाकस्स थिरा महती पाळि विया ति पाळी ति च, पकट्ठानं उक्कट्ठानं सीलादिअत्थानं बोधनतो समावनिरुत्तिभावतो बुद्धादीहि भासितत्ता च, पकट्ठानं वचनप्पबन्धानं आळी ति पाळीति च निब्बचनानि वेदितब्बानि"।

---

१. द्र०—अभिधानप्पदीपिकासूची, पृ० २३४।

इससे यही ज्ञात होता है कि पालि अथवा पाळि शब्द का व्यवहार पालि साहित्य में भी अनेक अर्थों में हुआ है। जिस प्रकार तालाब की मेंड़ उसके अन्दर स्थित जल की रक्षा करती है, उसी प्रकार मूल बुद्धवचन की पंक्तिभूत 'पालि' उसके अर्थों की रक्षा करती है। इसमें पालि की व्युत्पत्ति 'पा' (रक्षा करना) धातु से उणादि का 'लि' अथवा 'ळि' प्रत्यय लगाकर दी गई है।

सद्दनीति के धातुमाला में 'पालि' अथवा 'पाळी' की व्युत्पत्ति 'पाल' (रक्षा करना) धातु से दी गई है। इसका निर्वचन वहाँ पर इस प्रकार से है[1]—

"पाल रक्खण। रक्खणं ताणं गोपनं अवनं पालनं रक्खा रक्खणा गुत्ति इच्चेते परियाया। पालेति, पालयति ···· पालनं, पाळी। एत्थ पाळी ति अत्थं पालेती ति पाळी, लस्स ळत्तं; अथ वा अन्तोदकं रक्खणट्ठेन महन्तो तळाकस्स थिरा महती पाळी विया ति पाळी परियत्तिधम्मो; अपरो नयो—पकट्ठानं उक्कट्ठानं सीलादिअत्थानं बोधनतो सभावनिरुत्तिभावतो बुद्धादीहि भासितत्ता च पकट्ठानं वचनपबन्धानं आळी ति पाळी ···" आदि।

इसके अधिकांश अंशों को "अभिधानप्पदीपिका-सूची" के लेखक सूभूति ने अपने ग्रन्थ में उद्धृत कर दिया है, जिसका उल्लेख ऊपर हो चुका है।

इन प्रमाणों से यह स्पष्ट है कि पालि की व्युत्पत्ति के लिए हमें इधर-उधर नहीं जाना है। यौगिक रूप से इसकी व्युत्पत्ति 'पा' अथवा 'पाल' धातु से है। यह एक प्राचीन शब्द है तथा प्राचीन भारतीय आर्यभाषा एवं मध्य भारतीय आर्यभाषा में समान रूप से इसका व्यवहार अनेक अर्थों में हुआ है। उन्हीं अर्थों में एक अर्थ पंक्ति भी है और पंक्तिबद्ध होने के बाद मूल बुद्धवचन को अट्ठकथाओं से एवं अन्य व्याख्याओं से अलग करने के लिए आचार्यों ने बाद में उसके लिए 'पालि' शब्द का प्रयोग करना प्रारम्भ किया। उसके पश्चात् त्रिपिटक की भाषा के लिए आगे चलकर समस्त-रूप में 'पालिभाषा' पद का व्यवहार होने लगा, जो हमें 'सासनवंस' नामक ग्रन्थ में प्राप्त है और बाद में 'पालि' शब्द स्थविरवादी त्रिपिटक की भाषा का ही द्योतक हो गया।

पालि किस प्रदेश की भाषा थी

'पालि' शब्द की व्युत्पत्ति के पश्चात् दूसरा महत्त्वपूर्ण प्रश्न यह है कि यह मूलरूप से किस प्रदेश की भाषा थी? स्वयं यह शब्द इस सम्बन्ध में कुछ

---

१. द्र०–हेल्मर स्मिथ, "सद्दनीति," भाग २, पृ० ५६२।

भी प्रकाश नही डालता। इस पर अनेक मत-मतान्तर हैं और उनमें से कुछ प्रसिद्ध संक्षिप्त रूप से इस प्रकार से हैं—

सिंहल देश की स्थविरवादी परम्परा पालि को मागधी कहती आई है। ऊपर पालि तथा मागधी नामो के सम्बन्ध मे प्रकाश डाला जा चुका है। इस परम्परा के अनुसार मागधी मूलभाषा भी है—

"सा मागधी मूलभासा नरा यायादिकप्पिका।
ब्रह्मानो चस्सुतालापा सम्बुद्धा चापि भासरे[1]॥

अर्थात् वह मागधी प्रथम कल्प के मनुष्यों, ब्रह्माओ तथा अश्रुत वचनवाले शिशुओं की मूलभाषा है तथा बुद्धो ने भी इसी मे व्याख्यान दिया है।

बुद्धवचनो की भाषा सम्बन्धी विवेचन का आधार है विनयपिटक के चुल्लवग्ग के अन्तर्गत आई हुई भाषा सम्बन्धी समस्या का भगवान् बुद्ध द्वारा समाधान और बुद्धघोष के समय से लेकर आधुनिक युग तक के विद्वानो ने इसकी सहायता से अपनी युक्तियां उद्भूत करके विचार प्रकट किया है। यह कथा इस प्रकार है—एक बार ब्राह्मण जाति के सुन्दर वचनवाले दो भिक्षुओ ने जाकर बुद्ध से यह निवेदन किया—भन्ते, इस समय नाना नाम, गोत्र, जाति तथा कुल के लोग प्रव्रजित होते हैं। वे अपनी भाषा में बुद्धवचन को (कहकर उसे) दूषित करते हैं। अच्छा हो, भन्ते, हम बुद्धवचन को छान्दस् (वैदिक भाषा) मे ग्रथित कर दें (जिससे सर्वत्र वह एक ही रूप मे प्रचलित हो)। इस पर भगवान् ने उन्हे फटकारा—भिक्षुओ, यह अयुक्त है, अनुचित है...यह न अप्रसन्नों (श्रद्धारहितो) को प्रसन्न करने लिए है, न प्रसन्नो की (श्रद्धा को) और बढाने लिए है। फटकार कर धार्मिक कथा कह भगवान् ने भिक्षुओ को सम्बोधित किया—'न भिक्खवे, बुद्धवचनं छन्दसो आरोपेतब्बं। यो आरोपेय्य, आपत्ति दुक्कटस्स। अनुजानामि, भिक्खवे, सकाय निरुत्तिया बुद्धवचनं परियापुणितुं ति" (अर्थात् भिक्षुओं, बुद्धवचन को छान्दस् में नही करना चाहिए। जो करेगा, उसे 'दुष्कृत' आपत्ति होगी। भिक्षुओं, मैं अपनी भाषा में बुद्धवचन को सीखने की अनुमति देता हूँ)।[2] बुद्धघोषाचार्य से लेकर आधुनिक युग तक के विद्वानो ने इस 'सकाय निरुत्तिया' का अपने-अपने अनुसार व्याख्यान किया है। बुद्धघोष कहते है—"एत्थ सकानिरुत्ति नाम सम्मासम्बुद्धेन वुत्तप्पकारो मागधको वोहारो।"[3]

---

१. गुणरत्न थेर, "कच्चायनव्याकरण," भूमिका, प्रारम्भ में ही।
२. चुल्ल०, पृ० २२८–२२९। ३. समन्त०, पृ० ३०६।

'छन्दसो आरोपेमा' का उन्होंने व्याख्यान किया है—"वेदं विय सक्कटभासाय वाचना-मग्गमारोपेम"[1]। इस प्रकार 'छन्दसो' का अर्थ वैदिक संस्कृत तथा 'सकानिरुत्ति' का अर्थ बुद्ध की अपनी भाषा अर्थात् मागधी यही विवेचन बुद्धघोष-सम्मत है। आधुनिक विद्वानों में गायगर प्रभृति बुद्धघोष के उक्त अर्थ से सहमत हैं, पर विन्टरनित्स[2], रीज डेविड्स तथा ओल्डेनबर्ग[3] आदि को यह मान्य नहीं है और इन लोगों ने इसका अर्थ बुद्ध की अपनी भाषा न करके लोगों की अपनी-अपनी भाषा ही किया है।

स्थल तथा परिस्थिति से भी स्पष्ट है कि 'सकानिरुत्ति' से बुद्ध का तात्पर्य लोगों की अपनी-अपनी भाषा से है, स्वयं की अपनी भाषा से नहीं। विचार-स्वातन्त्र्य का समर्थन तथा रूढ़िवादिता का उपयुक्त रीति से खण्डन प्रस्तुत करनेवाले बुद्ध अपनी ही भाषा के लिए जिद् क्यों करेंगे ? मागधी ही उनके उपदेशों के प्रचार की भाषा हो सकती है तथा और बोलियाँ इसके लिए अनुपयुक्त हैं, ऐसी स्थापना के बारे में बुद्ध ऐसा स्वतन्त्र विचारक, जिसने प्रत्येक कार्य में प्रजातन्त्रात्मक प्रणाली को अपनाया, सोच भी कैसे सकता है तथा ऐसा कहना भी तो मिच्छादिट्ठि-स्वरूप ही होगा और बुद्ध स्वयं इसका अवकाश क्यों देंगे ? अतः अट्ठकथाचार्य तथा उनसे प्रादुर्भूत उपयुक्त विचार आचार्यवादमात्र है।

मागधी सम्बन्धी इस सिंहली धारणा का कि पालि मगध की भाषा थी और बुद्धवचन का संकलन इसी में है दूसरा कारण यह है कि सिंहल को बौद्ध धर्म तथा त्रिपिटक की परम्परा मगध के राजकुमार महामहेन्द्र द्वारा ही प्राप्त हुई थी।

परन्तु यदि हम पालि भाषा का वैज्ञानिक रीति से विश्लेषण करें तो इसी निष्कर्ष पर पहुँचते हैं कि इसे मागधी नहीं माना जा सकता। प्राकृत भाषा के वैयाकरणों द्वारा जिस मागधी का विवेचन किया गया है और जो हमें बाद के संस्कृत के नाटकों में प्राप्त है, वह मागधी तो पालि के बहुत बाद की साहित्यिक भाषा है। पर सारनाथ, रामपुरवा आदि स्थानों में प्राप्त अशोक के अभिलेखों की भाषा तथा मौर्यकाल के और प्राचीन अभिलेखों की भाषा तो निःसन्देह प्राचीन मागधी ही है और पालि से तुलना करने पर इसकी दोनों से ही भिन्नता है, अर्थात् उत्तरकालीन मागधी तथा अशोककालीन मागधी दोनों से ही पालि की मौलिक भिन्नताएँ है। मागधी में संस्कृत की 'श', 'ष', 'स' ये तीनों उष्म ध्वनियाँ 'श' में

१. वहीं, पृ० ३०६। २. "Indian Literature", Vol. II, पृ० ६०२।
३. "Sacred Books of the East", Vol. XX, पृ० १९१।

परिणत हो गई हैं, परन्तु इनके स्थान पर पालि में केवल दन्त्य 'स' ही प्राप्त होता है; मागधी में केवल 'ल्' ध्वनि है, लेकिन पालि में 'र्' तथा 'ल्' दोनों ध्वनियाँ हैं और पुल्लिङ्ग एवं नपुंसकलिङ्ग में अकारान्त शब्दों के कर्ताकारक एकवचन में मागधी में 'ए' परन्तु पालि में 'ओ' प्रत्यय लगता है, यथा—मागधी धम्मे, पालि धम्मो। यह भेद मागधी के 'पुलिशे' उदाहरण से और स्पष्ट हो जाता है। कर्ताकारक एकवचन मे 'पुरुष' शब्द का मागधी मे यह रूप है। इस प्रकार इन भिन्नताओं को देखकर विद्वानों ने पालि को मागधी नहीं माना है और इस पर अपने-अपने विचार प्रकट किए है।

डा० ओल्डेनबर्ग ने कलिङ्ग की भाषा को ही पालि की आधारभूत भाषा माना है[1]। उन्होंने महेन्द्र के सिंहल जाने की बात को ऐतिहासिक न ठहराते हुए तथा वहाँ पर बौद्धधर्म के प्रचार को अकस्मात् स्थिति में न आया हुआ मानते हुए इसे सिंहल तथा कलिङ्ग के अनेक वर्षों के सम्पर्क के कारण माना है और इसकी पुष्टि पालि तथा खारवेल के खण्डगिरि अभिलेख की भाषा मे प्राप्त साम्य से की है। ई० मूलर ने भी कलिङ्ग की ही भाषा को पालि की आधारभूत भाषा माना है[2]।

वेस्टरगार्ड[3] तथा ई० कुहन[4] ने पालि में मागधी की कुछ विशेषताओं को विद्यमान मानते हुए पालि को मूलतः उज्जैन प्रदेश की बोली कहा है और अपने मत के समर्थन में यह तथ्य रखा है कि राजकुमार महेन्द्र का बाल्यकाल उज्जैन में ही बीता था और इसी प्रदेश की बोली मे वे त्रिपिटक भी सिंहल ले गए होंगे।

आर० ओ० फ्रैंक ने विन्ध्य प्रदेश की भाषा को पालि का आधार माना है[5]। स्टेन कोनो ने भी इसी मत को प्रकट किया है, पर पालि में पैशाची प्राकृत के कुछ लक्षणों को देखकर वे इस विचार पर पहुँचे है और पैशाची को

---

१. विनयपिटक, भा० १, भूमिका, पृ० ९०।

२. "Simplified Grammar of the Pali language", भूमिका, पृ० ३।

३. "Uber den altesten Zeitraum der indischen Geschichte", पृ० ८७।

४. "Beitrage zur Pāli-Grammatik", पृ० ६।

५. "Pali und Sanskrit", पृ० १३१।

वे विन्ध्य प्रदेश की बोली मानते हैं[1]। पर ग्रियर्सन पैशाची को विन्ध्य प्रदेश की बोली नहीं मानते। स्टेन कोनो के मत से भी हम वेस्टरगार्ड तथा कुह्न की भाँति ही उज्जैन प्रदेश के आसपास ही पालि की आधारभूत भाषा के लिए रहते हैं।

सर जार्ज ग्रियर्सन का यह मत है कि पालि मूलतः मगध की भाषा थी, पर यह तक्षशिला मे परिपक्व हुई[2]। अतः इस पर पश्चिमी प्रभाव भी दृष्टिगोचर है। इसके लिए ग्रियर्सन ने आधुनिक शिष्ट हिन्दी का उदाहरण दिया है कि यह एक पश्चिमी बोली पर आधारित है, पर बनारस तथा प्रयाग में परिनिष्ठित होने के कारण इसमे पूर्वीपन आ गया है। पर आधुनिक शिष्ट हिन्दी के ढांचे में तो कोई परिवर्तन नही आया है और उधर तो मागधी का ढाँचा ही नदारत है। अतएव ग्रियर्सन का यह मत ठीक नही जँचता।

भगवान् बुद्ध की मातृभाषा को कोशली बताकर रीज़ डेविड्स ने कोशली से ही पालि को उद्भूत माना है[3]। पर इन शताब्दियो मे बोली जाने वाली कोशली का क्या स्वरूप था तथा मगध साम्राज्य की भाषा वह थी अथवा नहीं, इस सम्बन्ध मे निश्चित प्रमाणो के अभाव में कुछ नही कहा जा सकता।

मैक्स वालसर ने 'पाटलिपुत्र' शब्द से पालि की व्युत्पत्ति देते हुए इसे वहीं की भाषा मान ली है[4]। ऊपर इसका खण्डन किया जा चुका है।

विडिश, कर्न, जेम्स एलविस तथा गायगर आदि पालि को एक साहित्यिक भाषा मानते हैं और इनके अनुसार इसमे विभिन्न बोलियो का सम्मिश्रण है[5]। पर एक साहित्यिक भाषा का भी आधार किसी न किसी प्रदेश की बोली अवश्य होती है और इस तर्क के उत्तर में गायगर आदि ने पालि को मागधी पर ही आधारित माना है और ऐसी कल्पना की है कि भगवान् बुद्ध की अपनी भाषा सर्वजन-साधारण भाषा नही रही होगी, प्रत्युत यह सुसंस्कृत पुरुषो की भाषा थी, जिसकी

१. "Z. D. M. G.", 64, The home of Paisācī, पृ० १०३, ११४, ११८।

२. Asiatic Society Monographs, vol. VIII, 1906, "The Paisācī Languages of North-Western India"।

३. "P. T. S. Dictionary", भूमिका, पृ० ९।

४. "Sprache und Heimat des Palikanons", पृ० ९६।

५. गायगर, "Pali Literature and Language" पृ० ४।

स्थिति प्राक् बौद्ध युग में हो हो गई थी। यही अन्तर्प्रान्तीय व्यवहार की भी भाषा थी। अत. एक प्रकार से राष्ट्रभाषा के रूप में इसका प्रचार तथा प्रसार था। राष्ट्रभाषा मे स्वभावतः और बोलियो का सम्मिश्रण हो ही जाता है, और यही पालि के सम्बन्ध में भी हुआ। विडिश ने तो यह भी प्रतिपादित किया है कि बुद्ध के परिनिर्वाण के पश्चात् बुद्ध को भाषा से ही एक नई कृत्रिम भाषा विकसित हुई और इसमे बुद्धवचन के मूल रूप को सुरक्षित रखने की पूर्ण चेष्टा की गई। इस सम्बन्ध में इसको मागधी कहते हुए उन्होने जैन-सुत्तो की आर्ष भाषा की ओर भी सकेत किया है। गायगर ने स्थविरवादी परम्परा की अवहेलना न करके इस तथ्य को हृदयङ्गम करने के लिए संकेत करते हुए कहा है कि पालि यद्यपि विशुद्ध मागधी नहो है, फिर भी उस समय को मागधी पर आधारित यह साहित्यिक भाषा है। इसमे चुल्लवग्ग के उपर्युक्त अंश का बुद्धघोष-सम्मत अर्थ लगाकर उन्होने अपने मत को पुष्ट किया है। पर पालि मागधी नही है, इस सम्बन्ध मे ऊपर विवेचन प्रस्तुत किया जा चुका है।

यद्यपि पालि मूलतः मागधी से भिन्न है तथापि इसमें भिक्खवे, सुवे, पुरिसकारे, बोंस, इन्द्रियसते आदि मागधी के अनेक रूप विद्यमान हैं। इनके विवेचन के पश्चात् सिल्वाँ लेवी[1] तथा लूडर्स[2] इस निष्कर्ष पर पहुँचे हैं कि पहले मूल रूप से मागधी त्रिपिटक ही था और पालि तथा संस्कृत त्रिपिटक इसके अनुवाद मात्र हैं और अनुवादको की असावधानी तथा छन्दनिर्वाह के कारण ये मागधी रूप इसमे शेष रह गये है। इसमे प्रमाण-स्वरूप अनुवाद के रूप मे प्राप्त चीनी भाषा के बौद्धागम भी हैं और इसमें आये हुए लोयुन (मागधी 'लाघुल', संस्कृत 'राहुल') आदि व्यक्ति-वाचक नाम मागधी के ही रूपान्तर प्रतीत होते हैं। इससे यह सिद्ध होता है कि सर्वप्रथम बौद्धागमो का संग्रह मागधी मे ही हुआ और तत्पश्चात् उनका अनुवाद मध्यदेश की बोली मे प्रस्तुत किया गया। इस कल्पना मे भाषावैज्ञानिक तथ्यो का प्रमाण है और पालि के गठन आदि को देखकर यह उचित ही प्रतीत होता है।

आधुनिक युग के परम्परागत सिंहली विद्वान् भी यह कहने लगे है कि बुद्ध की मागधी सर्वसाधारण की मागधी नही थी—"सा (मागधी) किर गोतमबुद्धकाले च मगधजनपदवासीनं भासा अहोसि पि लोकियजनानं नो तथागतस्स च तथागत-सावकानं च विय सुद्धा वा मनुञ्ञा वा अहोसि ......तस्मा सम्मासम्बुद्धकाले पि

१. "Journal Asiatique", s. 10, t. xx, पृ० ४९९।
२. "Bruchstucke buddhisticher Dramen", पृ० ४१।

मागधानं मनुस्सानं या साधारणगामिकादीनं भासा, नेव सा बुद्धमागधी भासा ति वुच्चति"[1]। इस प्रकार इन लोगों ने भी पालि को बोलचाल की मागधी न मानकर बुद्ध-मागधी अथवा साहित्यिक भाषा की संज्ञा प्रदान की है।

महापण्डित राहुल सांकृत्यायन के अनुसार लंका में तो मागधी भाषा में ही त्रिपिटक गया था, पर ढाई सौ वर्षों तक इसे कण्ठस्थ रखने का भार सिंहल के गुजराती प्रवासियों को मिला था; इससे मागधी की सभी विशेषताएँ लुप्त हो गई।[2] उनका स्पष्ट कथन है कि सिंहल के स्थविरवादी मागधी की प्रमुख विशेषताओं को सहस्राब्दियों पहले छोड़ चुके हैं तो भी कहते हैं—"हमारे धर्म-ग्रन्थ मूल मागधी भाषा में हैं"[3]।

भारत में मध्यदेश की बोली का सर्वदा ही विशेष प्रभाव रहा है। अतः मध्यदेश की भाषा ही पालि का आधार है, यही मत युक्ति-युक्त प्रतीत होता है।

डा॰ सुनीतिकुमार चाटुर्ज्या ने भी इसी मत का प्रतिपादन किया है—"बुद्ध भगवान् के उपदेशों का प्रणयन सर्वप्रथम इसी पूर्वी बोली में होकर बाद में उनका अनुवाद पालि भाषा में, जो कि मध्यदेश की प्राचीन भाषा पर आधारित एक साहित्यिक भाषा थी, हुआ ⋯ बौद्ध धर्मग्रन्थों का अनुवाद बुद्ध की मूल पूर्वी बोली से जिन-जिन अन्य प्राचीन भारतीय प्रादेशिक बोलियों में हुआ, उन्हों में से पालि भी एक थी। इस पालि भाषा को गलती से मगध या दक्षिण-बिहार की प्राचीन भाषा मान लिया जाता है, वैसे यह उज्जैन से मथुरा तक के मध्यदेश के भूभाग की भाषा पर आधारित साहित्यिक भाषा है; वस्तुतः इसे पश्चिमी हिन्दी का एक प्राचीन रूप कहना ही उचित होगा"[4]।

मागधी के इन पक्षों के विरुद्ध एडगर्टन ने बौद्ध संस्कृत की उत्पत्ति दिखाते हुए तर्क उपस्थित करने की चेष्टा की है, पर उनमें वे स्वयं उलझ गये हैं[5]।

वस्तुस्थित का समन्वय करते हुए सुकुमार सेन ने पालि की आधारभूत भाषा के सम्बन्ध में यह विचार व्यक्त किया है—"इसमे हम मध्यदेशीय और प्राच्य

१. गुणरत्न थेर, "कच्चायन-व्याकरण", भूमिका।
२. "विनयपिटक, हिन्दी अनुवाद, भूमिका, पृ० ६-७।
३ "पुरातत्त्व निबन्धावली", पृ० २२०।
४. "भा० आ० हि०", पृ० १७४-१७६।
५. "Buddhist Hybrid Sanskrit Grammar", पृ० ३।

बोली का एक पूर्ण तथा कृत्रिम विवेचन पाते हैं, यद्यपि इसमें मध्यदेशीय बोली का ही प्राधान्य है"[१]।

पालि की भाषागत विशेषताएँ तथा संस्कृत

भारतीय आर्यभाषा ने जिन परिवर्तनों के द्वारा अपने मध्यकाल मे प्रवेश किया था, वे पूर्णतया पालि में प्राप्य है। प्राचीन आर्यभाषा के सन्ध्यक्षरो का लोप, बलाघात के स्थान पर स्वराघात का प्रयोग, 'श' 'ष' 'स' के स्थान पर केवल 'स' का प्रयोग, स्वरों के मात्राकाल में निश्चित नियमो का अनुसरण, संयुक्त व्यञ्जनो का साधारणतया समीकरण, कही-कहीं उनके मध्य मे स्वर-सन्निवेश, ऋ स्वर का अ, इ, उ, ए आदि में विकास, ऌ का उ मे विकास, स्वराघात के कारण स्वर-परिवर्तन, सम्प्रसारण एवं अक्षरसंकोच और स्वरभक्ति अथवा विप्रकर्षादि का अवलम्बन, स्वर-विपर्यय तथा व्यञ्जन-परिवर्तन आदि सभी इसमे उपलब्ध हैं। मध्य भारतीय आर्यभाषा की प्रथम कड़ी होने से यह भाषा संस्कृत से उतनी दूर नही है। पर यदि प्राचीन आर्यभाषा से हम इसकी तुलना करें तो लौकिक संस्कृत की अपेक्षा वैदिक संस्कृत की विशेषताओ के विशेष दर्शन हमे यहाँ पर होते हैं। वैदिक भाषा की चर्चा करते समय इसमें प्राप्त व्यत्ययो के सम्बन्ध में ऊपर उल्लेख हो चुका है। पालि में भी वैदिक संस्कृत की वे विशेषताएँ विद्यमान हैं। यहाँ पर भी सुबन्त प्रत्ययो का व्यत्यय, तिङन्त का व्यत्यय, वर्णव्यत्यय, कालव्यत्यय, लिङ्गव्यत्यय, 'देवासे' 'धम्मासे' 'बुद्धासे' 'देवेभि' 'गोनं' 'पतिना' आदि शब्द-रूपो की वैदिक से समानता और इसी प्रकार से परस्मैपद-आत्मनेपद आदि का भी व्यत्यय, 'सुणुहि' 'सुणोथ' 'एमसे' 'भवामसे' आदि वैदिक के समान ही धातुरूप, लुङ् लकार का प्रचुर मात्रा में प्रयोग और दातवे, गन्त्वान, कातून, जायत्तन आदि समान कृदन्त रूपो का प्रयोग है और इनसे यही स्पष्ट होता है कि वैदिक में रूप-सम्बन्धी जो विविधता थी, उसे संस्कृत में तो नियमित कर दिया गया, पर बोलचाल की भाषा मे वे एकाधिक रूप प्रयुक्त होते रहे और इस प्रकार पालि में भी वे सुरक्षित मिलते हैं।

गायगर ने भाषागत विशेषताओं के आधार पर पालि भाषा का यह वर्गीकरण किया है—(१) गाथा की भाषा (इसमे आर्ष प्रयोगो का बाहुल्य तथा वैदिक सस्कृत से साम्य आदि हैं), (२) पिटक साहित्य के गद्य भाग को भाषा, (३) अनुपिटक साहित्य के गद्य भाग की भाषा, (४) बाद के कृत्रिम पद्य की भाषा[२]।

---

१. "Comparative Grammar of M. I. A", पृ० ४।

२. "Pali Literature and Language", Introduction, पृ० १-२।

अशोक के अभिलेखों की भाषा तथा पालि

अशोक के अभिलेखो की भाषा को प्रारम्भ में लोगों ने पालि माना और बाद में पालि का एक विकृत रूप; पर इनकी भाषा पालि से भिन्न है और इसी से पालि को हम मागधी भाषा पर आधारित नहीं मान सकते, यह ऊपर कहा जा चुका है। इसको हृदयङ्गम करने के लिए मागधी क्षेत्र में प्राप्त एक शिलालेख की भाषा तथा पालि में उसका रूपान्तर-मात्र दे देना पर्याप्त होगा—अशोक०—"उपतिस्पसिने लाघुलोवादे मुसावादं अधिगिच विनयसमुकसे" का पालि रूप होगा—'उपतिस्सपञ्हो राहुलोवादो मुसावादं अधिकिच्च विनयसमुकसो'। भाषागत इतने अन्तर के विद्यमान रहते हुए अशोक के अभिलेखो की भाषा को पालि मानना अत्यन्त कठिन है।

इनकी भाषा के विवेचन की ओर विद्वानो का ध्यान प्रारम्भ ही से गया, क्योंकि इनमे मध्य भारतीय आर्यभाषा के प्राचीनतम रूप हमे प्राप्य है और इसके विकासक्रम के अध्ययन में हमे इनसे प्रचुर सहायता प्राप्त होती है। भाषागत पर्यालोचन करने पर इनमें हमे भारतीय आर्यभाषा की तीन बोलियो के दर्शन होते हैं, पर प्राच्या का सब पर विशेष प्रभाव है—(१) उत्तर-पश्चिम की बोली, जो शाहबाजगढी और मानसेरा अभिलेखो मे मिलती है, (२) मध्यदेश की भाषा, जो गिरनार और कालसी के अभिलेखो में प्राप्त है तथा (३) प्राच्यभाषा, जो भाब्रू, रामपुरवा, धौली, जौगड आदि पूर्वी क्षेत्र के अभिलेखो मे स्पष्ट है। इन अभिलेखो की भाषा मे प्राचीन भारतीय आर्यभाषा से परिवर्तन की प्रवृत्तियां स्पष्टतया अभिलक्षित है। इनकी भाषा का अध्ययन ज्यूल ब्लाख[1] तथा मधुकर अनन्त मेहन्दले[2] ने विस्तार से प्रस्तुत किया है।

अशोक के शिलालेखो के अतिरिक्त दो अन्य प्राकृत अभिलेख भी इस प्रसंग में उल्लेखनीय हैं और पालि के साथ इनकी भाषा का साम्य सुस्पष्ट है, पर अन्तर केवल इतना ही है कि इनकी शैली आदि को देखने से यह ज्ञात होता है कि संस्कृत का प्रभाव पुनः लोकभाषाओं पर बढ़ने लगा था। ये अभिलेख हैं कलिंगराज खारवेल का हाथीगुम्फा अभिलेख और यवन राजदूत हिलियोदोरस का बेसनगर अभिलेख। दोनो के नमूने ये हैं—हाथी०—"नमो अरहन्तानं नमो सब्बसिद्धानं…"; बेस०—"देवदेवस वासुदेवस गरुडध्वजे अयं कारिते इअ हिलिउदोरेण…।"

१. द्र०—"Les Inscription des Asoka"।

२. द्र०—"Historical Grammar of Inscriptional Prākrits"।

मध्य भारतीय आर्यभाषा का संक्रान्तिकाल

अपने संक्रान्तिकाल (२०० ई० पू० से ३०० ई०) में म० भा० आ० ने नए परिवर्तनों को ग्रहण किया। अब स्वरमध्यग अघोष व्यञ्जनों के स्थान पर सघोष व्यञ्जनों का व्यवहार होने लगा। इसकी सामग्री मध्य एशिया में आधुनिक खोजों द्वारा प्राप्त हुई है और इसके अन्तर्गत अश्वघोष के नाटकों की प्राकृत तथा निय प्राकृत की गणना होती है। इसमे अश्वघोष के नाटकों की जो खण्डित प्रतियाँ तथा मध्य एशिया के शान-शान राज्य मे खरोष्ठी लिपि मे लिखे हुए जो कागज-पत्र आदि प्राप्त हुए हैं, उन्ही के आधार पर इन दोनो की भाषाओं का अध्ययन प्रस्तुत किया गया है।

बौद्ध संस्कृत तथा पालि

इन उपर्युक्त प्राकृतो के अतिरिक्त एक और संस्कृतबहुला भाषा प्राप्त है, जिसका व्यवहार बौद्धो की महायान शाखा मे था। स्थविरवाद ने जिस प्रकार पालि को अपनी धार्मिक भाषा के रूप मे स्वीकार किया, उसी प्रकार महायानियो ने संस्कृत का अवलम्ब लिया। पर उनकी यह संस्कृत सामान्य संस्कृत थी। इनके ग्रन्थो के प्रकाश में आने के पश्चात् विद्वानो द्वारा इनका भाषा-सम्बन्धी अध्ययन भी प्रस्तुत किया गया। इसका एक बहुत सुन्दर विवेचन एडगर्टन द्वारा हुआ है और भाषा-विकास-क्रम की दृष्टि से उन्होंने इसका निम्नलिखित विभाजन किया है (१) महावस्तु, भिक्षु-प्रकीर्णक, (२) सद्धर्मपुण्डरीक, ललितविस्तर, गण्डव्यूह, सुखावती-व्यूह, शिक्षासमुच्चय आदि, (३) मूलसर्वास्तिवादविनय, दिव्यावदान, अवदानशतक, प्रज्ञापारमिता, लङ्कावतार, जातकमाला आदि[1]।

इनमें प्रयुक्त पद्य भाग गाथा की संज्ञा से विभूषित है और भाषा के विशेष व्यत्यय इसी में उपलब्ध है। इसी के आधार पर मैक्समूलर, राजेन्द्रलाल मित्र, वेबर तथा बर्नफ आदि विद्वानों ने इसका नामकरण 'गाथा संस्कृत' किया[2]; परन्तु एडगर्टन द्वारा यह 'मिश्रित बौद्ध संस्कृत' अभिहित हुई। बर्नफ ने इसका विश्लेषण करते हुए इसे संस्कृत तथा पालि के बीच की भाषा माना है, पर तदनुसार

---

१. "Buddhist Hybrid Sanskrit Grammar", Bibliography & Abbreviations।

२. द्र०—विन्टरनित्स, "Indian Literature," Vol. I, पृ० ४७; उदय-नारायण तिवारी, "भोजपुरी भाषा और साहित्य," पृ० ४३।

तो पालि के ढांचे से इसका अटूट सम्बन्ध रहना चाहिए था, और ऐसा नही है[१]। इकार तथा उकारबहुला होने के कारण यह अपभ्रंश की प्रवृत्ति को दिग्दर्शित करती है। इस कारणवश यह पालि से प्राचीन नही हो सकती और आधुनिक भाषाशास्त्री बर्नफ के विपरीत इसे संस्कृत प्राकृत मिश्रित, पूर्ण कृत्रिम तथा साहित्यिक प्राकृतों के समकालीन स्थित भाषा मानते हैं। एडगर्टन द्वारा किए गए नामकरण का भी खण्डन विद्वानों ने प्रस्तुत किया है और उनका विचार है कि किसी भाषा को ऐसा नाम देना उपयुक्त नही है। विन्टरनित्स ने इसे सामान्य संस्कृत कहा है[२] और राघवन् ने एडगर्टन के नामकरण का खण्डन किया है[३]। इनके अनुसार साधु एवं शिष्ट संस्कृत के स्थान पर सामान्य होने के कारण यह भाषा समाज में बहुप्रचलित थी और इस कारणवश पुराण के प्रणेताओं, बौद्धों तथा जैनों सभी ने इसका समानरूप से प्रयोग किया। अतएव 'मिश्रित बौद्ध संस्कृत' यह नामकरण सर्वथा अनुपयुक्त है। इस प्रकार यह एक सामान्य संस्कृत की प्रवृत्ति को प्रदर्शित करनेवाली भाषा है। इसी सामान्य संस्कृत मे पुराणो की रचना हुई थी, जिसके भाषागत व्यत्ययों को ध्यान में रखकर कीलहार्न[४] तथा कीथ[५] प्रभृति विद्वानो ने यह विचार व्यक्त किया था कि पुराणों का पालि अथवा अन्य किसी प्राकृत से संस्कृत में रूपान्तर किया गया है और उस रूपान्तर में मूल के अवशेष यत्र-तत्र रह गये हैं। पुराणो के अतिरिक्त संस्कृत मे लिखे गये अन्य तकनीकी (टेकनिकल) विषयों के वाङ्मय की भाषा भी ऐसी ही है। पुराणों की भाषा के बारे मे टी० बरो ने यह विचार अभिव्यक्त किया है कि इसका स्वरूप सामान्य था[६]। जैकोबी को तो स्पष्ट धारणा है कि यह भाषा निरन्तर ही पाणिनि के नियमो का उल्लंघन करती है, जिसका पालन करना धार्मिक तथा साहित्यिक रूढ़िवादी समाज मे आवश्यक समझा जाता था[७]। इस सम्बन्ध मे यह भी उल्लेखनीय

१. उदयनारायण तिवारी, "हि० भा० उ० वि०," पृ० १११।
२. "Indian Literature", Vol. I, पृ० ४४।
३. "Indian Linguistics," Vol. 16, Chatterji Jubilee Vol., पृ० ३१३-३२२।
४. "J. R. A. S.", 1898, पृ० १८।
५. "J. R. A. S." 1906, पृ० २-३।
६. "The Sanskrit Language," पृ० ६१-६३।
७. द्र०-"Das Ramayana"।

है कि पुराणों तथा उनके आख्यानों का प्रचार ब्राह्मणों की अपेक्षा सूतों आदि ने अधिक किया। सुसंस्कृत एवं परिनिष्ठित भाषा से सरल होने के कारण जनसामान्य इसे समझने तथा ग्रहण करने में सरलता एवं सुविधा का अनुभव करता होगा। लोगों का ऐसा भी विचार है कि आगे चलकर इन पुराणों का भी संस्कृतीकरण हुआ और व्याकरण में व्यत्यय नाम से प्रसिद्ध बहुप्रचलित भाषा की ये विशेषताएँ समाप्त हो गईं। पर ये अवशेष कहीं-कहीं अब भी उपलब्ध हैं—उदाहरणार्थ 'येन' 'तेन' शब्दों के विशिष्ट प्रयोग—

"येन येन च गच्छन्ति राक्षसा. भयतर्जिताः।
तेन तेन स्म पश्यन्ति राममेवाग्रतः स्थितम्" ॥

(रामायण, अरण्यकाण्ड, ३१, १६)

इस प्रकार रामायण, महाभारत तथा पुराणों की भाषा के समकक्ष ही यह बौद्ध संस्कृत है।

शिष्ट संस्कृत के अतिरिक्त समाज में निम्नस्तर की भी भाषा प्रचलित थी और पतञ्जलि ने भी इस आशय को व्यक्त किया है कि शिष्ट भाषा के अतिरिक्त ऋषि लोग सामान्य बोलचाल की भाषा का भी प्रयोग करते थे। इस प्रकार साधु संस्कृत के अलावा सामान्य संस्कृत का समाज में प्रचार विद्यमान था और इसका प्रयोग वैदिक, बौद्ध तथा जैन सभी मतावलम्बियों द्वारा हुआ और इस तरह बौद्ध संस्कृत के नाम से अभिहित की जानेवाली भाषा भी इसी के परिणामस्वरूप विकसित हुई। अतः यही अच्छा होगा कि बौद्ध मिश्रित सस्कृत की अपेक्षा इसे हम बोलचाल की संस्कृत अथवा सामान्य संस्कृत की संज्ञा से विभूषित करें।

सुनीतिकुमार चाटुर्ज्या ने इस भाषा के सम्बन्ध में कहा है—"संस्कृत के विकास के आरम्भिक काल में बौद्ध तथा जैन दोनों ही इसके प्रति उदासीन थे और 'छान्दस' अर्थात् वैदिक भाषा के लिए इनके मन में ब्राह्मणों की-सी श्रद्धा न थी। परन्तु धीरे-धीरे ये दोनों पन्थ भी संस्कृत को स्वीकार करने लगे। (सम्भवतः ईसा पूर्व की शताब्दियों में) बौद्धों ने 'गाथा' नामक एक 'मिश्रित संस्कृत' विकसित की, जिसमें हमें प्राकृत का अत्यन्त कृत्रिम संस्कृतीकरण प्राप्त होता है। एक प्रकार से यह सभाषा के द्वारा अभाषा की भावना एवं प्रत्नता के प्रति अर्पित की हुई श्रद्धाञ्जलि-मात्र थी[1]।"

---

१. "भा० आ० हि०", पृ० ७०।

सुकुमार सेन के विचार इसके विषय में कितने स्पष्ट है—"पालि तथा अशोक के अभिलेखों से स्पष्टतया यह ज्ञात होता है कि प्रथम शताब्दी के अन्त में निर्विवाद रूप से मध्य भारतीय आर्यभाषा का अखिल भारतीय रूप साहित्य तथा शासन में प्रतिष्ठित हो गया था। यह साहित्यिक रूप ही संस्कृत के परिधान को ग्रहण करके बौद्धो द्वारा विकसित की गई बौद्ध संस्कृत के रूप में दृष्टिगोचर हुआ। यही बात पुराणादि के भाषा के सम्बन्ध में भी कही जा सकती है[१]।"

एडगर्टन ने भी इसे किसी मध्य भारतीय आर्यभाषा की अज्ञात बोली पर ही आधारित माना है और बौद्धों की मूलभाषा क्या थी, इस पर भी विवेचन प्रस्तुत किया है। पर यहा ये कुछ उलझे हुए से ज्ञात होते हैं।

इस भाषा मे ध्वनि सम्बन्धी विशेषताएँ ये हैं—ह्रस्व के स्थान पर दीर्घ (चरण > चारण), दीर्घ के स्थान पर ह्रस्व (तदा > तद), स्वरो का समीकरण (इक्षु > इच्छु), अनुनासिकीकरण (पुद्गल > पुंगल), अघोष के स्थान पर सघोष (शठ > शढ), 'ज' के स्थान पर 'य' तथा 'य' के स्थान पर 'ज' (अनेज > अनेय), 'ड' के स्थान पर 'ट' (भिषड > भिषट्क), दन्त्य के स्थान पर मूर्द्धन्य (गदा > गडा), स, ष, स का आपस में परिवर्तन, व्यञ्जनो का समीकरण तथा उनमें विभिन्न परिवर्तन आदि। पदयोजना में बहुवचन के लिए एकवचन का प्रयोग, लिङ्ग प्रयोग मे स्वच्छन्दता तथा विभिन्न कारको का एक ही वाक्य मे पदयोजनागत सम्बन्ध आदि इसकी अपनी विशेषताएँ हैं। इसी प्रकार से शब्दरूपो तथा धातुरूपों मे भी यह साधु संस्कृत से अनेक स्थलो पर भिन्नता दिग्दर्शित करती है।

साहित्यिक प्राकृत तथा पालि

प्राकृत शब्द की व्युत्पत्ति प्रकृति से है और संस्कृत से भेद प्रकट करने के लिए म० मा० काल मे सर्वसाधारण की भाषा को 'प्राकृत' यह संज्ञा दे दी गई। वास्तव मे प्राकृत शब्द का व्यवहार साधारणतया सम्पूर्ण म० मा० आ० के लिए ही होना चाहिए। पर उत्तरकालीन प्राकृत वैयाकरण पालि, अशोक के अभिलेखो की भाषा तथा उपयुक्त प्राकृतो से परिचित नही थे और संस्कृत नाटको में प्रयुक्त तथा जैन धार्मिक एवं कुछ काव्य ग्रन्थो में व्यवहृत प्राकृतों को लेकर ही इन्होने उनका विवेचन प्रस्तुत किया और इस प्रकार यह प्राकृत शब्द अब आर्षी अथवा अर्द्धमागधी, मागधी, शौरसेनी, महाराष्ट्री तथा पैशाची आदि म० भा० आ० की

---

१. "Comparative Grammar of M. I. A.", पृ० ४।

भाषाओं के अर्थ में रूढ़ हो गया है। नीचे इनका अति संक्षिप्त परिचय प्रस्तुत किया जा रहा है:—

(१) अर्द्धमागधी—यह काशी-कोशल प्रदेश की भाषा थी। जैनों के आगम की भी भाषा यही है और वे इसको आदि भाषा मानते हैं। जैनाचार्यों ने इसमें शास्त्र-रचना भी प्रस्तुत की। इसका व्यवहार संस्कृत नाटको मे भी हुआ है और मध्य-एशिया से प्राप्त अश्वघोष के नाटक 'शारिपुत्रप्रकरण' मे यह व्यवहृत है। इसकी यह संज्ञा शौरसेनी तथा मागधी दोनो की विशेषताओ के इसमे विद्यमान रहने के कारण ही हुई। इसमे 'र' एवं 'ल' दोनो ध्वनियाँ हैं तथा प्रथमा एकवचन के रूप एकारान्त तथा ओकारान्त दोनो होते हैं। 'श' तथा 'ष' दोनो के स्थान पर 'स' का व्यवहार, दन्त्य व्यञ्जनो का मूर्द्धन्यादेश, पूर्वकालिक क्रिया के समान तुमुनन्त का प्रयोग आदि इसकी अन्य विशेषताएँ हैं।

(२) मागधी—मूल रूप से यह मगध की भाषा थी और प्राच्य लोकभाषा होने के कारण इसमें अन्य लोकभाषाओ की अपेक्षा अधिक वर्ण-विकार आदि विकसित हुए। संस्कृत नाटको मे निम्न श्रेणी के पात्रो द्वारा इसका व्यवहार किया गया है। इसमें 'र' ध्वनि का सर्वथा अभाव तथा इसके स्थान पर 'ल' का प्रयोग, 'स' 'ष' के स्थान पर 'श' का प्रयोग, कर्ताकारक एकवचन मे एकारान्त रूप तथा 'ण्य' 'न्य' 'ज्ञ' एवं 'ञ्ज' के स्थान पर 'ञ्ञ' आदि विद्यमान हैं।

(३) शौरसेनी—यह मूल रूप मे शूरसेन अथवा मथुरा की भाषा थी और मध्य देश की भाषा होने के कारण संस्कृत से इसका अति सामीप्य रहा तथा यह निरन्तर उससे प्रभावित होती रही। इसकी प्रमुख विशेषताएँ ये है—स्वर-मध्यग 'द्' 'ध्' (मूल तथा 'त्', 'थ्' के परिवर्तित रूप) का सुरक्षित रहना, 'क्ष' का 'क्ख' में परिवर्तन, संयुक्त व्यञ्जनो में से एक का तिरोभाव कर पूर्ववर्ती स्वर को दीर्घ करने की प्रवृत्ति में शैथिल्य, 'य' प्रत्यय का प्रतिरूप 'ईअ' प्रत्यय का होना आदि।

(४) महाराष्ट्री—यह म०भा०आ० के द्वितीय पर्व के विकास की चरमावस्था की द्योतक है और साहित्यिक प्राकृतो में सबसे अधिक विकसित है। प्राकृत वैयाकरणो द्वारा आदर्श प्राकृत के रूप में यही स्वीकार की गई है। प्राकृत पद्य-रचना अधिक संख्या में हमें इसी में प्राप्य है और महाकाव्य तथा खण्डकाव्यो आदि की भी रचना इसमें हुई है। इसकी सर्वप्रमुख विशेषता है स्वरमध्यग स्पर्श व्यञ्जनों का लोप करना। शेष विशेषताएँ ये हैं—उष्म व्यञ्जन ध्वनि के स्थान पर 'ह्' का प्रयोग, अपादान एकवचन में 'अहि' प्रत्यय का योग, अधिकरण एकवचन

में 'भि' अथवा 'ए' का योग, कृ धातु के रूप का वैदिक भाषा के समान निष्पन्न होना, पूर्वकालिक क्रिया का रूप 'ऊण' प्रत्यय के योग से बनना आदि।

(५) पैशाची—इस प्राकृत में अधुना कोई साहित्यिक रचना उपलब्ध नहीं है। ऐसी प्रसिद्धि है कि गुणाढ्य ने 'बृहत्कथा' को इसी भाषा में लिखा था, पर यह पाठ अधुना लुप्त है। प्राकृत वैयाकरणों ने इसकी ये विशेषताएँ बताई हैं— सघोष व्यञ्जनों के स्थान पर अघोष का प्रयोग तथा स्वरमध्यग स्पर्श व्यञ्जनों का लोप न होना।

इसके पश्चात् म०भा०आ० ने अपने तृतीय पर्व अपभ्रंश में प्रवेश किया और तत्पश्चात् आधुनिक आर्यभाषाओं के अभ्युदय एवं विकास का युग आ जाता है। इस प्रकार हम देखते हैं कि पालि म० भा० आ० के विकास-शृंखला की प्रथम कड़ी है और इस कारणवश यह भारतीय आर्यभाषा के विकास को समझने में अत्यन्त सहायक है।

पालि व्याकरण

पालि ने जब साहित्य मे प्रतिष्ठा पाई और यह एक साहित्यिक भाषा हुई तो इसमें भी वाङमय की अनेक शाखाये पल्लवित हुईं और स्थविरवादी देशो ने शास्त्रीय भाषा के रूप मे इसे स्वीकार करके इन-इन शाखाओ को विकसित किया। इस प्रकार से जब इस भाषा मे त्रिपिटक का संग्रह हो गया तब उसके बाद यह विकासोन्मुख हुई। सामान्यतः पालि साहित्य का वर्गीकरण दो विभागो मे किया जाता है— (१) पालि या पिटक साहित्य और (२) अनुपालि अथवा अनुपिटक साहित्य। बोधि की प्राप्ति से लेकर परिनिर्वाण पर्यन्त महाकरुणा के अवतार भगवान् बुद्ध प्राणिमात्र को दुःख से छुटकारा दिलाने के हेतु अपना उपदेश देते रहे। और परिनिर्वाण के पश्चात् विभिन्न संगीतियो द्वारा उनके इन उपदेशो का संग्रह किया गया। इसका ऊपर वर्णन किया जा चुका है। यही संग्रह पालि त्रिपिटक की संज्ञा से विभूषित हुआ। प्रथम विभाग के अन्तर्गत इसी की गणना की जाती है। इसके पश्चात् अनुपिटक साहित्य का प्रारम्भ होता है। कालान्तर में इस सम्पूर्ण त्रिपिटक पर बुद्धदत्त, बुद्धघोष तथा धर्मपाल आदि आचार्यों द्वारा अट्ठकथायें (अर्थकथाये) व्याख्यानार्थ प्रस्तुत की गईं और अनुपिटक साहित्य मे सर्वप्रथम इसी अट्ठकथा साहित्य की गणना होती है। अट्ठकथाओ के पश्चात् टीकाओ तथा अनुटीकाओं के युग का क्रमशः प्रादुर्भाव हुआ और इसी टीका युग मे लोगो का ध्यान काव्य, व्याकरण, छन्दशास्त्र तथा अलंकारादि विषयों की ओर गया। किसी भी शास्त्रीय भाषा को हृदयङ्गम करने

के लिए उसके व्याकरण पर अधिकार करना परमावश्यक होता है, अतएव पालि के व्याकरण की ओर भी लोगो का ध्यान गया और इस शास्त्र की अभिवृद्धि का प्रारम्भ हुआ। व्याकरण के प्रयोजन को व्यक्त करते हुए आचार्य कच्चायन ने अपनी मङ्गल गाथाओ मे ही इसका व्याख्यान करते हुए कहा है कि शास्ता के उपदेशों के सुष्ठु अर्थ को भलीभांति समझने के लिए ही मै इस व्याकरण का व्याख्यान करता हूँ, क्योकि ज्ञानी पुरुष बुद्ध द्वारा उपदिष्ट मार्ग से श्रेयस् को प्राप्त करते हैं और वह उनके वचनों के अर्थावबोध से प्राप्त किया जा सकता है और अर्थ का अक्षरपदो में ज्ञान होने से (और उसके लिए ही इस व्याकरण का उपदेश आवश्यक है)।[1] बाद में संस्कृत व्याकरण से प्रभावित होकर पालि वैयाकरणो ने भी रक्षा, उहन, आगम, लघुपाय तथा सन्देह-निवारण आदि इसके प्रयोजन बतलाये। इसे देखकर यही ज्ञात होता है, जैसे हम पातञ्जल महाभाष्य के पस्पशाह्निक का अध्ययन कर रहे हो—

"सद्दानुसासनस्स किं पयोजनं ति चे वदे।
रक्खोहागमलहुपा यासन्देहत्थमेव च"[2]॥

संस्कृत व्याकरण

पालि व्याकरण की परम्परा को हृदयङ्गम करने के लिए संस्कृत व्याकरण-परम्परा का ज्ञान परमावश्यक है। भारत मे व्याकरण की परम्परा अविच्छिन्न रूप से प्रारम्भ से ही चलती आई है। महाभाष्य मे इसकी यह परिभाषा दी गई है—"व्याक्रियते अनेन इति व्याकरणम्"[3]। 'व्याकरण पद जिस धातु से निष्पन्न होता है, उसका मूल अर्थ में प्रयोग यजुर्वेद मे उपलब्ध होता है", साथ ही वैदिक मन्त्रों मे अनेक पदो की व्युत्पत्तियाँ भी उपलब्ध हैं। व्याकरण शास्त्र की उत्पत्ति के समय के विषय में तो कहना अत्यन्त कठिन है, पर पदपाठो के निर्माण के पूर्व यह विकसित हो चुका था, इतना निश्चितरूप से कहा जा सकता है[4]। इसका प्रयोग गोपथ ब्राह्मण मे उपलब्ध है और इसकी गणना वेदाङ्गो मे प्राचीन काल से ही हुई है। व्याकरण की कई सज्ञाओ का उल्लेख भी हमे गोपथ ब्राह्मण मे प्राप्त होता है। अतः आगे चलकर इसका एक शास्त्र के रूप में विस्तार हुआ और

---

१. क० व्या०, पृ० १। २. "कारिकापालि", का० २८।
३. महाभाष्य, आह्निक १, वार्तिक १२ पर।
४. वि०द्र०—युधिष्ठिर मीमांसक, "संस्कृत व्याकरण शास्त्र का इतिहास", भा० १, पृ० ४२-५६।

संस्कृत में अनेक व्याकरणों का प्रणयन भिन्न-भिन्न व्यक्तियों द्वारा अति प्राचीन काल से ही हुआ। काल के अनुसार संस्कृत व्याकरणों का विभाग महान् वैयाकरण पाणिनि को ध्यान में रखकर दो प्रकार से करना अधिक युक्तियुक्त प्रतीत होता है और इसके दो विभाग तब होते हैं—(१) पाणिनि से प्राचीन, (२) पाणिनि से अर्वाचीन। पाणिनि से प्राचीन आचार्यों में इन्द्र, वायु, भारद्वाज, भागुरि, पौष्करसादि, आपिशलि, काश्यप, गार्ग्य, गालव, शाकटायन तथा स्फोटायन आदि हैं और उनसे अर्वाचीन आचार्यों में सर्ववर्मन्, चन्द्रगोमिन्, पाल्यकीर्ति, भोजदेव, हेमचन्द्र, अनुभूतिस्वरूप, वोपदेव, क्रमदीश्वर और पद्मनाभ आदि आते हैं, जिनके अलग-अलग व्याकरण हैं। कातन्त्र व्याकरण के कर्ता के सम्बन्ध में निश्चित रूप से नहीं कहा जा सकता, यद्यपि लोग इसे भी पाणिनि से अर्वाचीन ही मानते हैं। पाणिनि ने अपने पूर्ववर्ती आचार्यों से यथासम्भव सहायता ली और उनकी अष्टाध्यायी एक प्रकार से इन सबके पश्चात् विकसित एक प्रौढ़ व्याकरण शास्त्र है और इसमें पाणिनि की अपनी मौलिकता भी प्रगाढ रूप से विद्यमान है। पाणिनि के पश्चात् जितने आचार्य हुए, उन सबने पाणिनि से तो सहायता ली ही, साथ ही पूर्वाचार्यों की कृतियों का भी पूर्ण उपयोग किया। कुछ ने तो पाणिनि से पूर्व विद्यमान (ऐन्द्र आदि) व्याकरण सम्प्रदायों के अनुसार ही अपने व्याकरण को रचा, जैसा कि बर्नेल ने कातन्त्र व्याकरण के सम्बन्ध में कहा है कि यह ऐन्द्र व्याकरण सम्प्रदाय का ग्रन्थ है[1]। ऐन्द्र व्याकरण पाणिनि से पूर्व का व्याकरण था और उस समय इसका विस्तृत प्रसार था तथा परम्परा के अनुसार इसे ही पीछे करके पाणिनि ने ख्याति प्राप्त की। ऐन्द्र व्याकरण तथा कातन्त्र के सम्बन्ध में इनका कच्चायन व्याकरण पर प्रभाव दिखाते हुए हम आगे विवेचना प्रस्तुत करेंगे। यहाँ पर सामान्य रूप से पालि वैयाकरण संस्कृत वैयाकरणों के प्रति कितने ऋणी हैं, इसे ही प्रदर्शित किया जा रहा है।

संस्कृत व्याकरण का पालि व्याकरण पर प्रभाव

इस पुस्तक के अन्त में अनुक्रमणिका में विशिष्ट पदों की सूची दी गई है और यह तो केवल कच्चायन व्याकरण में व्यवहृत संज्ञाएँ हैं[2]। इनके अतिरिक्त मोग्गल्लान तथा सद्दनीति में व्यवहृत और पद हैं। ये सब पूर्ववर्ती संस्कृत व्याकरणों

१. वि० वि० द्र०—ए० सी० बर्नेल, "On the Aindra School of Sanskrit Grammarians"।

२. क० व्या०, पृ० ४३४-४३६।

से ले लिए गये हैं। उदाहरणस्वरूप—अक्खर, अघोस, अज्जतनी, अतिसग्ग, अत्तनोपद, अपादान, अब्भास, अब्ययीभाव, आख्यात, आगम, आदेस, उत्तमपुरिस, उपसग्ग, कम्मधारय, कारक, कारित, किच्च, कित, गणो के नाम, घटादि, तद्धित, धातु, तप्पुरिस, नाम, पाटिपदिक, बहुब्बीहि, ब्यञ्जन, भविस्सन्ती, योगविभाग, लिङ्ग, विभत्ति, विभासा, वुद्धि, सब्बधातुक, सब्बनाम, समास, सम्पदान, हीयत्तनी आदि। इनके अतिरिक्त भाषा तथा विधि को ध्यान में रखकर कुछ मौलिक संज्ञाओं का विधान अवश्य हुआ है।

संस्कृत व्याकरणों के इस ऋण को स्वीकार करते हुए ही कच्चायन ने 'परसमञ्ञा पयोगे' (९) सूत्र बनाया है, जिसकी स्पष्ट वृत्ति है—"संस्कृत ग्रन्थों में घोष, अघोष आदि जो संज्ञाएँ हैं, वे प्रयुक्त होने पर यहाँ भी ग्रहण की जाती है"। इस सूत्र का व्याख्यान करते हुए न्यासकार कहते हैं—"परेसं समञ्ञा परसमञ्ञा, वेय्याकरणानं समञ्ञा ति अत्थो; परस्मिं वा समञ्ञा परसमञ्ञा, सक्कतगन्थे समञ्ञा ति अत्थो"[1]। 'कच्चायनवण्णना' में भी इस सूत्र का यही विवेचन है, विशेषता केवल इतनी है कि इनमें से कुछ को वहाँ पर गिना भी दिया गया है—"परसमञ्ञा नाम घोसाघोसलोपसवण्णसमानसंयोगलिङ्गपदनिपातोपसग्गपच्चयादयो"[2]।

इनके अतिरिक्त विधि तथा व्याख्यान करने एवं परिभाषा आदि देने में भी पालि व्याकरण में संस्कृत व्याकरण के ग्रन्थों से बातें ग्रहण की गई है और कहीं कहीं तो शब्दावली आदि भी वही है। विस्तारभय से इसके दो एक उदाहरण ही यहाँ पर प्रस्तुत किये जाते है। समासविधि के निर्देशन मे कच्चायन व्याकरण का प्रसिद्ध सूत्र 'नामानं समासो युत्तत्थो' (३१८) है। इसका व्याख्यान करने मे न्यासकार ने 'महाभाष्य' मे समासवृत्ति के सम्बन्ध मे आये हुए शास्त्रार्थ को ही पालि रूपान्तर के रूप में उपस्थित कर दिया है। प्रथमतः स्वयं यह सूत्र ही कातन्त्र व्याकरण से आया है—"नाम्नां समासो युक्तार्थः"[3]। न्यासकार कहते है—"किं तेसं ते युत्तत्थभावमुपगच्छन्ता पञ्जहित्वावत्तनो अत्थे युत्तत्थभावमुपगच्छन्ति? अथ नेति। किं तेन? यदि पञ्जहित्वावत्तनो अत्थे युत्तत्थभावमुपगच्छेय्युं, 'राजपुरिसमानेही' ति वुत्ते पुरिसमत्तस्सेवानयनं भवेय्य, तथा 'वसिट्ठमानेही' ति वुत्ते अपच्चमत्तस्सेवानयनं। अथ अप्पजहित्वावत्तनो अत्थे युत्तत्थभावमुपगच्छेय्युं उभिन्नमत्थद्व-

---

१. उपर्युक्त सूत्र पर "न्यास"।
२. उपर्युक्त सूत्र पर "क० व०"।
३. सूत्र २. ५. १।

यस्स विज्जमानत्ता बहुवचनं सिया ति किमेत्थ साधेय्युं ··· एवं हि लोके दिस्सति—पुरिसो परकम्मनि पवत्तमानो सकं कम्मं पजहती ति; तथथा—तच्छको राजकम्मनि पवत्तमानो सकं तच्छककम्मं पजहति। एवं वुत्तं, यतो राजसद्दो पुरिसत्थो वत्तमानो सकत्थं पजहेय्य वासिट्ठसद्दो चापच्चत्थे ति ··· पजहन्तो पि सो सकत्थं नाच्चन्तं पजहति, यो परत्थविरोधिसकत्थो, तं येव, तं यथा—तच्छको राजकम्मनि पवत्तमानो तच्छककम्ममपरं पजहति, न हसनुकासखिपितादीनि; न चायमत्थो परत्थविरोधिविसेसनं नाम, तस्मा नप्पजहति। अथ वा अन्वयतो विसेसनं भवति ··· अथ यथा पुप्फचङ्कोटकं, पानियघटो, भत्तपच्छि, पसाधनसमुग्गं ति आदीसु पुप्फादीसु तेहि च अपनीतेसु पि विसेसनं अन्वयतो सम्भवति; एवमिहापी ति न दोसो। ···इदानि 'रञ्ञो पुरिसमानेही' ति वुत्ते राजा पुरिसं निवत्तेति अञ्ञेहि सामीहि, पुरिसो राजानं निवत्तेति अञ्ञेहि सेहि। एवमेतस्मिं उभयतो व्यवच्छिन्ने यदि जहाति, कामं जहातु; न पनद्धा पुरिसमत्तस्सानयनं भवति, सावने संयुत्तत्थता। अथ वा यदि पनिमे नप्पजहितस्वावत्तनो अत्थे युत्तत्थभावमुपगच्छेय्युं बाळ्हं युत्तं; एवं हि लोके दिस्सति—कोचि भिक्खु दुतीयं भिक्खं लभित्वा न पुब्बं जहाति, सञ्चयो व जायती ति ··· एवमनेन युत्तत्थग्गहणेन 'भिन्नत्थानमेकत्थीभावो समासलक्खणं' ति वुत्तं होति"।[1]

कारको के व्याख्यान मे भी 'न्यास' तथा 'कच्चायनवण्णना' में संस्कृत व्याकरण का यह प्रभाव दृष्टिगोचर है। 'कच्चायनवण्णना' में आदि मङ्गल, मध्य मङ्गल तथा अन्त्य मङ्गल आदि का सूत्र-क्रम में जो निर्देश किया गया है,[2] वह भी संस्कृत वैयाकरणो की ही देन है। इस प्रकार से सूत्रो के व्याख्यान में भी विषय को स्पष्ट करने के लिए संस्कृत व्याकरण से बहुत कुछ लिया गया है।

कच्चायन व्याकरण के बहुत से सूत्र स्वयं ही कातन्त्र व्याकरण के अनुवादमात्र से ज्ञात होते हैं तथा पाणिनीय से भी उनका सम्बन्ध है। इस पर विशेष प्रकाश कच्चायन व्याकरण के प्रसंग में डाला जायेगा तथा इस सम्बन्ध में इस पुस्तक के अन्त में दी हुई अनुक्रमणिका से भी यह स्पष्ट है।

कच्चायन सम्प्रदाय के अतिरिक्त मोग्गल्लान तथा सद्दनीति व्याकरणों में भी यह प्रभाव प्रकट है। मोग्गल्लान ने भी पाणिनि, कातन्त्र तथा चन्द्रगोमिन् के व्याकरणो से प्रत्यधिक सहायता ली है[3] और शब्दार्थादि से सम्बन्धित विषयों को प्रस्तुत

---

१. सूत्र ३१८ पर "न्यास"।

२. "क० व्या०", पृ० ३७१-३७२।

३. गायगर, "Pali Literature and Language", पृ० ६३।

करने में संस्कृत व्याकरण परम्परा के बाद के ग्रन्थों से भी यथासम्भव सहायता प्राप्त की है—उदाहरणार्थ समास की परिभाषा मोग्गल्लान ने यह दी है—"स्यादि स्यादिनेकत्थं" (३। १) अर्थात् स्याद्यन्त शब्द स्याद्यन्त शब्द के साथ एकार्थ होते हैं, यह भिन्न अर्थों का एकार्थ हो जाना समास कहा जाता है। इसकी वृत्ति पर संस्कृत व्याकरण का स्पष्ट प्रभाव दृष्टिगोचर है और इसकी व्याख्या भी, जिसे अपनी 'पञ्चिका' में स्वयं आचार्य ने ही प्रस्तुत किया है, 'न्यास' की ही भाँति स्पष्ट रूप से 'महाभाष्य' से प्रभावित है[1]—"ननु च जहमानसकत्थायं वुत्तियमुपादियमानायं राजपुरिसमानयेति वुते पुरिसमत्तस्सानयनमप्पोति न कदाचि राजविसिट्ठस्स ! नेदमत्थि। जहन्तो पि राजसद्दो सकत्थं नाच्चन्ताय जहाति; तं यथा—यपति राजकम्मे पवत्तमानो सकं तच्छककम्मं राजकम्मविरुद्धं (जहाति नाविरुद्धं) हसितकम्मं तथा राजसद्दो पि विसेसनत्थवुत्तिविरुद्धमत्थं जहाति न पन विसेसनं। अथ वान्वयतो राजविसिट्ठस्स गहणं, तं यथा—चम्पकपुटो मल्लिकापुटो ति निट्ठितेसु पि कुसुमेसु तप्पदेसोन्वयतो भवति तथेहापि तेन राजविसिट्ठस्स आनयनं न पुरिसमत्तस्स[2]"।

'सद्दनीति' में तो शैली, भाषा तथा विवेचन सभी पर संस्कृत व्याकरण का अत्यन्त प्रभाव है और तीन भागों में इसका वैज्ञानिक सम्पादन प्रस्तुत करते हुए सम्पादक हेल्मर स्मिथ ने टिप्पणी में पूर्व के उन-उन संस्कृत ग्रन्थों का यथासम्भव निर्देश भी कर दिया है।[3] इसमें व्याकरण सम्बन्धी विषयों पर जो शास्त्रार्थ प्रस्तुत किया गया है, उसका भी आधार बहुत कुछ संस्कृत व्याकरण ही है और यह इसकी पदमाला, धातुमाला तथा सुत्तमाला तीनों में ही व्याप्त है। सद्दनीतिकार ने यही बात प्रयोगों के सम्बन्ध में भी कही है कि पालि के पदों तथा शब्दों के व्यवहार में यत्र-तत्र संस्कृत भाषा का प्रभाव पड़ जाता है और इसे शुद्ध करने के लिए उन्होंने स्थान-स्थान पर इसका खण्डन भी प्रस्तुत किया है। 'कु' सद्दे धातु से 'कब्बं' (काव्य) की तद्धित द्वारा व्युत्पत्ति प्रदर्शित करते हुए 'काव्यं' के प्रयोग के विषय में सद्दनीतिकार कहते हैं—"केचि तु काव्यं ति सद्दरूपं इच्छन्ति, न तं पावचने पमाणं, सक्कटभासाभावतो; सक्कटभासातो पि हि आचरिया नयं गण्हन्ति";[4] 'खा' तथा 'ख्या' धातु से 'स्वाखात', 'स्वाक्खात' तथा 'स्वाख्यात' की

१. द्र०—उपर्युक्त, पृ० ४९-५०। २. सूत्र ३. १ पर "मोग्गल्लानपञ्चिका"।
३. द्र०—हेल्मर स्मिथ, "सद्द०", भा० १, २, ३।
४. "सद्द०", भा० २, धातु संख्या ३।

व्युत्पत्ति के सम्बन्ध में विचार है—"केचि पन स्वाखातो ति च स्वाक्खातो ति च स्वाकपातो ति च पदमिच्छन्ति। तत्थ पच्छिमानि सक्कटभासातो नयं गहेत्वा वुत्तानि, इतरं यथाठितरूपनिप्फत्तिवसेन[1]।" इस प्रकार के उदाहरणों से यह पुस्तक भरी पड़ी है।

इन सबके अतिरिक्त प्रकरण विभाग तथा तीनों सम्प्रदायों के धातुपाठ आदि भी यथेष्ट रूप से संस्कृत व्याकरण से प्रभावित हैं। अतः उपर्युक्त संक्षिप्त रूप से प्रस्तुत किये गये उदाहरणों से यह प्रकट है कि पालि व्याकरण के सभी सम्प्रदायों पर संस्कृत भाषा तथा इसके व्याकरणों का सूत्र-रचना, उनका व्याख्यान, भाषा तथा शैली आदि सभी पर यथेष्ट प्रभाव पड़ा है।

पालि व्याकरण के सम्प्रदाय

ऊपर पालि वाङ्मय के विकास में व्याकरण के स्थान को प्रदर्शित करते हुए यह उल्लेख किया गया है कि पालि व्याकरण का वहाँ बहुत बाद में सन्निवेश हुआ। वैज्ञानिक अध्ययन से तो यही सिद्ध है, पर परम्परा इस सम्बन्ध में भिन्न है। परम्परा के अनुसार पालि व्याकरण की उत्पत्ति के विषय में ऐसी प्रसिद्धि है कि इसकी उत्पत्ति इस कारणवश हुई कि बुद्ध के श्रोताओं को उनके उपदेशों की भाषा को समझने में कठिनाई होने लगी और जब लोगों ने अपने इस अनुभव को व्यक्त किया कि वे इन उपदेशों के अर्थ को नहीं समझ पा रहे हैं तो भगवान् के प्रधान शिष्य महाकच्चायन ने इस सम्बन्ध में समाधि लगाई और वे उन लोगों के समक्ष अपने व्याकरण के प्रथम सूत्र 'अत्थो अक्खरसञ्ञातो' (१) को लेकर उपस्थित हुए, जो इस सम्प्रदाय का आधारस्तम्भ है[2]। इस प्रकार इस अनुश्रुति के अनुसार प्रथम पालि व्याकरण के रचयिता बुद्ध के प्रधान शिष्य महाकच्चायन कहे जाते हैं। गुणरत्न स्थविर ने कच्चायन व्याकरण की भूमिका में इस सम्बन्ध में यह विचार व्यक्त किया है—"मागधिकाय पालिभासाय कच्चायनब्याकरणतो पोराणतरं वित्थारगतं व्याकरणं न दिस्सति[3]"।

पालि के पाँच व्याकरण सम्प्रदायों का उल्लेख प्राप्त होता है—(१) बोधिसत्त व्याकरण, (२) कच्चायन व्याकरण, (३) सब्बगुणाकर व्याकरण, (४) मोग्गलायन

१. वहीं, धातु संख्या ३९।
२. फ्रांसिस मैसन, "Kachchayano's Pali Grammar, पृ० १४।
३. गुणरत्न थेर, "कच्चायनव्याकरण", भूमिका।

व्याकरण, (५) सद्दनीति व्याकरण। इनमें से प्रथम तथा तृतीय उपलब्ध नहीं हैं और द्वितीय, चतुर्थ तथा पञ्चम ही अधुना प्राप्त हैं एवं इनमें भी कच्चायन व्याकरण ही प्राचीनतम तथा महत्त्वपूर्ण है और इसे विद्वान बड़ी श्रद्धा की दृष्टि से देखते हैं[1]।

अट्ठकथाओं में व्याकरण

पर यदि हम उपर्युक्त अनुश्रुति को थोडी देर के लिए स्वीकार भी कर लें कि कच्चायन व्याकरण की रचना बुद्ध के ही प्रधान शिष्य महाकच्चायन द्वारा हुई थी तो शीघ्र ही यह बात भी उपस्थित हो जाती है कि इस परिस्थिति में तो बुद्धदत्त, बुद्धघोष तथा धर्मपाल आदि आचार्यों द्वारा रचित त्रिपिटक की विभिन्न अट्ठकथाओं मे इसका प्रयोग होना आवश्यक था। पर वस्तुस्थिति यह है कि इन आचार्यों ने इसका कही भी उद्धरण नही दिया है। इसके विपरीत वहा पर जो विभिन्न पदो की निरुक्तियाँ, उनके सम्बन्ध में नियम तथा पारिभाषिक शब्दावली आदि प्राप्त होते है वे कच्चायन व्याकरण के अनुसार नही है। उनमे से कुछ पाणिनि के अनुसार है, कुछ निरुक्ति-पद्धति पर अवलम्बित हैं तथा कुछ अन्य व्याकरण सम्प्रदायो से ग्रहण किये गये है। 'इन्द्रियट्ठ' की व्याख्या करते हुए बुद्धघोष कहते है—"को पन नेसं इन्द्रियट्ठो नामा ति ? इन्दलिङ्गट्ठो इन्द्रियट्ठो, इन्ददेसितट्ठो इन्द्रियट्ठो, इन्ददिट्ठट्ठो इन्द्रियट्ठो, इन्दसिट्ठट्ठो इन्द्रियट्ठो, इन्दजुट्ठट्ठो इन्द्रियट्ठो"।[2] बिलकुल इसी प्रकार का पाणिनीय सूत्र भी है —"इन्द्रियमिन्द्रलिङ्गमिन्द्रदृष्टमिन्द्रसृष्टमिन्द्रजुष्टमिन्द्रदत्तमिति वा" (सू० ५।२।६३)। इसके अतिरिक्त 'सुत्तनिपात' की अट्ठकथा में 'भगवा' शब्द को 'भाग्यवा' से निष्पन्न बता कर 'वण्णागमो वण्णविपरियो' आदि नियम का उल्लेख करते हुए पाणिनि के सूत्र 'पृषोदरादीनि यथोपदिष्टम्' (६।३।१०६) की ओर भी संकेत किया गया है—"तस्थ वण्णागमो वण्णविकारलोपो ति एतं निरुत्तिलक्खणं गहेत्वा, सद्दनयेन वा पिसोदरादिपक्खेपलक्खणं (०पक्खे लक्खणं) गहेत्वा, यस्मा लोकियलोकुत्तरसुखाभिनिब्बत्तकं दानसीलादिपारमितासागरपारप्पत्तं भाग्यमस्स अत्थि, तस्मा भाग्यवा ति वत्तब्बे भगवा ति वुच्चती ति ञातब्बं"[3]। यही बात वहीं 'भग्गवा' से इसकी व्युत्पत्ति बताते हुए कही गई है[4]। पाणिनि द्वारा 'आपत्ति' शब्द का प्रयोग प्राप्ति

१. धर्मकीर्ति श्री धर्माराम, "कच्चायनवुत्ति", भूमिका।

२. विसु०, पृ० ४९१—४९२। ३. सु० नि० अ०, भा० १, पृ० १०७।

४. वहीं, पृ० १०८।

के अर्थ में हुआ है और इसी अर्थ में अनेक बार 'समन्तपासादिका' में आचार्य बुद्धघोष ने भी इसका प्रयोग किया है[१]। परम्परा के अनुसार बुद्धघोष ब्राह्मण शिल्प तथा तीनों वेदों आदि में पारङ्गत थे और यदि इसे स्वीकार कर लिया जाय तो उन्होंने वेदाङ्ग के रूप में संस्कृत व्याकरण का भी अवश्य अध्ययन किया होगा। इस तथ्य से भी इसी ओर विशेष संकेत होता है कि उनकी अट्ठकथाओं में कच्चायन व्याकरण का आश्रय नहीं ग्रहण किया गया है, प्रत्युत इसके विपरीत वहाँ पर आधार कुछ दूसरा ही ज्ञात होता है। त्रिपिटक के 'धम्मपद' नामक ग्रन्थ में महाप्रज्ञ भिक्षु के सम्बन्ध में कहा गया है –

"वीततण्हो अनादानो निरुत्तिपदकोविदो।
अक्खरानं सन्निपातं जञ्ञा पुब्बापरानि च।
स वे अन्तिमसारीरो महापञ्ञो ति वुच्चति॥" (२४।१९)

अर्थात् महाप्रज्ञ भिक्षु के लिए यह आवश्यक है कि वह निरुक्ति-पदों का ज्ञाता हो तथा अक्षरों के सन्निपात अर्थात् शब्द-योजना से परिचित हो। इससे भी यही प्रकट है कि प्राचीन समय में शब्दों की निरुक्ति तथा व्याकरण-सम्बन्धी नियमों की कोई अन्य परम्परा पालि में अवश्य विद्यमान थी, जो बाद के पालि व्याकरण सम्प्रदायों के अभ्युदय के पश्चात् समाप्त हो गई।

सन्धि, कार, व्यञ्जन, अनुनासिक, रस्स, लोप, आदेस, विपल्लास, विपरिणाम, लिङ्ग, विभत्ति, वचन, बहुवचन, आमेण्डित (आम्रेडित), वेवचन, उपसग्ग तथा निपात आदि व्याकरण-संज्ञाओं का प्रयोग भी स्थान-स्थान पर अट्ठकथाओं में हुआ है और यह भी किसी पूर्व परम्परा की ओर ही संकेत करता है[२]।

अट्ठकथाओं में कारक-नामों अथवा विभक्ति-नामों का अन्य प्रकार से उल्लेख हुआ है। वहाँ पर निरुक्ति का आश्रय ग्रहण करके इन विभक्ति-नामों को क्रमशः पच्चत्तवचन,[३] उपयोगवचन[४], करणवचन[५], सम्पदानवचन[६], निस्सक्कवचन[७], सामिवचन[८],

---

१. बी० सी० ला०, "A History of Pali Literature", भा० २, पृ० ६३३।

२. वि० वि० के लिए द्र०—आर० ओ० फ्रान्के, "Geschichte und Kritik Der Einheimischen Pali-Grammatik und Lexicographie", पृ० ३।

३. सु० नि० अ०, भा० १, पृ० ३०३। ४. वहीं, भा० २, पृ० ३८६।

५. पेत० अ०, पृ० ३३। ६. सु० नि० अ०, भा० २, पृ० ४९९।

७. जा० अ०, भा० ५, पृ० ४९८। ८. जा० अ०, भा० १, पृ० १८५।

भुम्मवचन[1] तथा आमन्तणवचन[2] आदि कहा गया है। पर इन संज्ञाओं का प्रयोग आगे कच्चायन तथा मोग्गल्लान आदि ने नहीं किया, यद्यपि बाद के प्रकरण ग्रन्थों तथा कुछ टीका ग्रन्थों में इनका प्रयोग प्रकारान्तर से हुआ। अट्ठकथा से इनमें से कुछ प्रसिद्ध प्रयोगों का उल्लेख यहाँ किया जा रहा है—

भुम्मवचन का प्रयोग सप्तमी विभक्ति (अधिकरण कारक) के लिए इन अर्थों में हुआ है—"अधिकरणत्थे,[3] समीपत्थे,[4] निद्धारणे,[5] भावेन भावलक्खणे,[6] कारणे,[7] निमित्तत्थे"[8] आदि। 'दीघनिकाय' के प्रथम सुत्त 'ब्रह्मजालसुत्त' की प्रथम पंक्ति में ही आनेवाले 'एकं समयं बुद्धो भगवा…' वाक्य में 'एकं समयं' प्रयोग पर व्याख्या लिखते हुए आचार्य बुद्धघोष कहते हैं—"कस्मा पनेत्थ यथा अभिधम्मे 'यस्मिं समये कामावचरं' ति च, इतो अञ्ञेसु सुत्तपदेसु 'यस्मिं समयं, भिक्खवे, भिक्खु विविच्चेव कामेही' ति च भुम्मवचनेन निद्देसो कतो; विनये च 'तेन समयेन बुद्धो भगवा' ति करणवचनेन, तथा अकत्वा 'एकं समयं' ति उपयोगवचनेन निद्देसो कतो ति ? तत्थ तथा इध च अञ्ञथा अत्थसम्भवतो। तत्थ हि अभिधम्मे इतो अञ्ञेसु सुत्तपदेसु च अधिकरणत्थो भावेन भावलक्खणत्थो च सम्भवति, अधिकरणं हि कालत्थो समूहत्थो च समयो च; तत्थ वुत्तानं फस्सादिधम्मानं खण-समवाय-हेतु-संखातस्स च समयस्स भावेन तेसं भावो लक्खीयति, तस्मा तदत्थ-जोतनत्थं तत्थ भुम्मवचनेन निद्देसो कतो। विनये च हेतु-अत्थो करणत्थो च सम्भवति। यो हि सो सिक्खापद पञ्ञत्ति-समयो सारिपुत्तादीहि दुविञ्ञेय्यो, तेन समयेन हेतुभूतेन करणभूतेन च सिक्खापदानि पञ्ञापयन्तो सिक्खापद-पञ्ञत्ति-हेतु च अवेक्खमानो भगवा तत्थ तत्थ विहासि, तस्मा तदत्थ-जोतनत्थं तत्थ करणवचनेन निद्देसो कतो। इध पन अञ्ञस्मिञ्च एवंजातिके अच्चन्त-संयोगत्थो सम्भवति। यं हि समयं भगवा इमं अञ्ञं वा सुत्तन्तं देसेसि अच्चन्तमेव तं समयं करुणा-विहारेन विहासि, तस्मा तदत्थ-जोतनत्थं इध उपयोग-वचन-निद्देसो कतो ति। तेनेतं वुच्चति—

तं तं अत्थमवेक्खित्वा भुम्मेन करणेन च।
अञ्ञत्र समयो वुत्तो उपयोगेन सो इधा ति॥

---

१. सु० नि० अ०, भा० १, पृ० १४०। २. वहीं, भा० २, पृ० ४३९।
३. वहीं, भा० १, पृ० २१०। ४. वहीं, भा० १, पृ० १११।
५. वहीं, भा० १, पृ० २२४। ६. वहीं, भा० १, पृ० २२४।
७. वहीं, भा० १, पृ० २१०। ८. वहीं, भा० १, पृ० ३२१।

पोराणा पन वण्णयन्ति—'तस्मिं समये ति वा, तेन समयेना ति वा, तं समयं ति वा अभिलाप-मत्त-भेदो एस, सब्बत्थ भुम्ममेव अत्थो ति'। तस्मा एकं समयं ति वुत्ते पि एकस्मि समये ति अत्थो वेदितब्बो।"[1]

इस प्रकार से इतने विस्तृत रूप से ये चर्चाएँ हुई है। कच्चायन व्याकरण में केवल 'सामि' का व्याख्यान 'यस्स वा परिग्गहो तं सामि' (सू० २८५) में किया गया है और इसी से सम्बन्धित सूत्र 'सामिस्मि छट्ठी' (३०३) भी है। इसके अतिरिक्त ये अन्य वचन वहाँ पर नही प्राप्त होते। 'स्वामी' संज्ञा का उल्लेख कातन्त्र व्याकरण में भी हुआ है[2]। ट्रेंकनर द्वारा सम्पादित "A Critical Pali Dictionary" मे भी भुम्मवचन का व्याख्यान विद्यमान है[3]। जिस प्रकार से Locative 'शब्द स्वयं' 'Locus' से बनता है वैसे ही भूमि अथवा आधार का द्योतक यह शब्द है और उसी अर्थ में यह उसी प्रकार से व्युत्पन्न है।

पाणिनि के सूत्रों पर प्रस्तुत किये गये वार्तिको में भी 'प्रत्यात्मवचन' तथा 'उपयोगवचन' आदि का प्रयोग हुआ है[4]। इससे स्पष्टतया ज्ञात होता है कि भारत में अति प्राचीन काल से ही इन संज्ञाओं का प्रयोग व्याकरण शास्त्र में कारक-सम्बन्धों को व्यक्त करने के लिए था और अट्ठकथाकारों ने भी इसे ग्रहण किया। डा० बर्नेल ने इस सम्बन्ध मे यह विचार व्यक्त किया है कि इसके आधार पर कुछ विशेष निष्कर्ष नही निकालना चाहिए। उनका कथन है—"कच्चायन व्याकरण की प्राचीनता के विषय मे जेम्स एलविस ने दूसरा प्रश्न यह उठाया है कि आचार्य बुद्धघोष ने अपनी अट्ठकथाओ में कच्चायन व्याकरण में प्रयुक्त संज्ञाओं का उल्लेख न करके उनके स्थान पर अन्य संज्ञाओं का उल्लेख किया है, पर इससे कोई निष्कर्ष नहीं निकाला जा सकता, जैसा कि मैने स्वयं प्रदर्शित किया है कि कच्चायन की बहुत सी संज्ञाएँ पाणिनीय मे प्राप्त हैं, कुछ पतञ्जलि में मिलती हैं और इससे यही निष्कर्ष निकलता है कि वे चतुर्थ शताब्दी से पूर्व प्राप्त किसी आधार पर आधारित है। ये संज्ञाएँ कारको के नाम आदि हैं। प्रथमा आदि का व्यवहार पाणिनि ने किया है, पर इनके स्थान पर 'पच्चत्त' तथा 'उपयोग' आदि बुद्धघोष

१. दी० नि० अ०, भा० १, पृ० ३३।
२. द्र० – कातन्त्र, सू० ३।१।९।
३. द्र०—"A Critical Pali Dictionary", पृ० १२८।
४. सूत्र १।१।५० पर छठवां वार्तिक तथा सूत्र १।४।२९ पर दूसरा वार्तिक।

द्वारा व्यवहृत हैं। किन्तु जैसा कि इन व्याख्यानों से स्पष्ट है, ये कारकों के नाम न होकर उनके द्वारा व्यक्त होनेवाले पदयोजनागत-सम्बन्ध (syntactical relation) को ही व्यक्त करते हैं।"[1]

पर जैसा कि बर्नेल के कथन से ही स्पष्ट है, वे स्वयं अपनी ही स्थापना द्वारा उलझे से ज्ञात होते हैं। ये कारकों के नाम हों अथवा न हों, इनसे यह निष्कर्ष तो अवश्य ही प्राप्त होता है कि अट्ठकथाकारों के समक्ष कच्चायन व्याकरण के अतिरिक्त इस सम्बन्ध में अन्य कोई आधार अवश्य विद्यमान था; साथ ही इससे यह भी प्रतिध्वनित होता है कि बुद्ध के समय में महाकच्चायन ने कच्चायन व्याकरण की रचना नहीं की थी, प्रत्युत बाद मे यह कभी हुई। जहाँ तक प्राचीन काल में व्यवहृत तथा कच्चायन व्याकरण में प्रयुक्त संज्ञाओं का सम्बन्ध है, वे इसके काल के सम्बन्ध में की गई इस स्थापना मे बाधक नही होती।

इन संज्ञाओं की चर्चा सद्दनीतिकार द्वारा स्थान-स्थान पर हुई है और इस ग्रन्थ के पदमाला में एक स्थान पर इनके प्रयोगो का उल्लेख करते हुए व्याख्यान भी उपस्थित किया गया है, जो विशेष रूप से द्रष्टव्य है। वहाँ पर उल्लेख है—"इद-मेत्थ निरुत्तिलक्खणं दट्ठब्बं—पच्चत्तवचने पठमा विभत्ति भवति, उपयोगवचने दुतिया विभत्ति भवति, करणवचने ततिया विभत्ति भवति, सम्पदानवचने चतुत्थी विभत्ति भवति, निस्सक्कवचने पञ्चमी ···सामिवचने छट्ठी···भुम्मवचने सत्तमी··· आमन्तणवचने अट्ठमी विभत्ति भवति। तत्र उद्दानं—

पच्चत्तमुपयोगञ्च करणं सम्पदानियं।
निस्सक्कं सामिवचनं भुम्मालपनट्ठमं॥

तत्र पच्चत्तवचनं नाम तिविधलिङ्गवसप्पवत्तानं इत्थि-पुम-नपुंसकानं पच्चत्तसभावनिद्देसत्थो, उपयोगवचनं नाम यो यं करोति तेन तदुपयुत्तपरिदीपनत्थो, करणवचनं नाम तञ्जापकतब्भिब्बत्तकपरिदीपनत्थो, सम्पदानवचनं नाम तदनुप्पदानपरिदीपनत्थो, निस्सक्कवचनं नाम तन्निस्सततदपगमपरिदीपनत्थो, सामिवचनं नाम तदिस्सरपरिदीपनत्थो, भुम्मवचनं नाम तप्पतिट्ठापरिदीपनत्थो, आमन्तणवचनं नाम तदामन्तणपरिदीपनत्थो। एवं जत्वा पयोगानि असम्मुय्हन्तेन योजेतब्बानि[2]।"

---

१. द्र०—ए० सी० बर्नेल, "On the Aindra School of Sanskrit Grammarians", पृ० ६१।

२. "सद्द०", पदमाला, परि० ४, प्रारम्भ में ही।

अट्ठकथाओं में प्राप्त इस व्याकरण की चर्चा के पश्चात् काल की दृष्टि से पालि व्याकरण के सम्प्रदायों में कच्चायन व्याकरण का ही महत्त्वपूर्ण स्थान है और प्रस्तुत ग्रन्थ भी इसी से सम्बन्धित है; साथ ही प्राप्त तीनों सम्प्रदायों में सबसे अधिक ग्रन्थ इसी को आधार बनाकर प्रस्तुत किये गये हैं। अतएव नीचे इसके सम्बन्ध में विस्तृत विचार उपस्थित किया जा रहा है:—

कच्चायन व्याकरण

वर्तमान समय में उपलब्ध पालि व्याकरण-सम्प्रदायों में कच्चायन व्याकरण प्राचीनतम तथा महत्त्वपूर्ण हैं। इसे 'कच्चायनगन्ध' अथवा 'सुसन्धिकप्प' भी कहा जाता है। यह तृतीय नाम लोगों को भ्रम में डाल देता है, क्योंकि इसी व्याकरण में 'सन्धिकप्प' नामक एक काण्ड भी है और इस भ्रम के शिकार विद्वान् लोग भी हो गये हैं तथा उन्होंने इस नाम का अर्थ केवल इसका यह काण्ड-विशेष ले लिया है। पर इस ग्रन्थ के प्रारम्भ में ही मंगल-गाथाओं में आया है—"वक्खामि सुत्तहितमेत्थ सुसन्धिकप्पं।" इसका अर्थ दोनों ही लिया जाता है—ग्रन्थ-विशेष अथवा काण्ड-विशेष। प्रथम काण्ड अथवा अध्याय के नाम पर ही सम्पूर्ण ग्रन्थ का नामकरण कर देना पालि की अपनी शैली है और इसके अनेक उदाहरण त्रिपिटिक में ही मिलते हैं, जैसे कि 'पाराजिककण्ड' के प्रारम्भ में स्थित होने के कारण 'विनय-पिटक' के एक ग्रन्थ का ही नाम 'पाराजिक' हो गया है—"अस्स पन कच्चायनं ति सामञ्ञनामं सन्धिकप्पादीनं साधारणत्ता' 'अथ वा सन्धिकप्पं ति सामञ्ञनामं; तथा हि कोचि आदिवसेन नामं लभति पाराजिककण्डो ति, कोचि अन्तवसेन तिकनिपातादि, अयं पन आदिवसेन लद्धनामो ति वेदितब्बो"[1]। 'कच्चायन' नाम की व्याख्या है—"इदं हि कच्चायनस्स इदं ति कच्चायनं ति वुच्चति"[2]। इस सम्बन्ध में 'कच्चायनभेद' में कहा गया है—

> "इति कच्चोसपुत्तो तु तस्स कच्चायनो मतो।
> तेनेव कतसत्थम्पि कच्चायनन्ति जायति।
> कच्चायनस्सिदं सत्थं तिमिमावचनत्थतो"[3] ॥

यह ग्रन्थ सूत्र, वृत्ति तथा उदाहरणों के रूप में अधुना उपलब्ध है। इस विषय में ऐसी परम्परा है—

१. "न्यास", पृ० ५। २. वहीं, पृ० ५। ३. "क०भे०", ३-४ कारिका।

"कच्चानेन कतो योगो वुत्ति च सङ्घनन्दिनो ।
पयोगो ब्रह्मदत्तेन न्यासो विमलबुद्धिना"[1] ॥

अर्थात् कच्चायन ने केवल सूत्र मात्र की रचना की थी, वृत्ति सङ्घनन्दि द्वारा रची गई, प्रयोगों की रचना ब्रह्मदत्त द्वारा हुई और न्यास को विमलबुद्धि ने रचा। इस प्रकार हम देखते हैं कि परम्परा उपर्युक्त रीति से इस सम्पूर्ण व्याकरण को वर्तमान रूप में एक व्यक्ति की कृति मानने को तैयार नहीं है। विभिन्न भागों के विभिन्न लेखक थे. इस मान्यता से तो यही दिग्दर्शित होता है कि सङ्घनन्दि आदि निश्चित रूप से कच्चायन से भिन्न व्यक्ति थे। 'कच्चायनवण्णना' में तो कच्चायन व्याकरण के प्रथम सूत्र 'अत्थो अक्खरसञ्ञातो' को बुद्धभाषित कहकर कच्चायन (महाकच्चायन) को इसी से अपने व्याकरण को रचने की प्रेरणा प्राप्त हुई, ऐसी स्थापना की गई है—"इदं सुत्तं केन वुत्तं ? भगवता वुत्तं···तदा भगवा ओभासं मुञ्चित्वा 'अत्थो अक्खरसञ्ञातो' ति वाक्यं उपेति, तेसं च कम्मट्ठानं पतिट्ठति, तस्मा भगवता वुत्तं ति वुच्चति। तं सुत्वा, महाकच्चायनो भगवन्तं याचित्वा, हिमवन्तं गन्त्वा, मनोसिलातले दक्खिणदिसाभागं सीसं कत्वा, पुरत्थिमदिसाभिमुखो हुत्वा, 'अत्थो अक्खरसञ्ञातो' इच्चादिकं कच्चायनपकरणं विरचि"[2]। इसके अनुसार सम्पूर्ण प्रकरण के रचयिता महाकच्चायन हैं। 'रूपसिद्धि' तथा 'न्यास' के अनुसार भी ऐसा ही है। पर 'कच्चायनभेदटीका' में ही उपर्युक्त परम्परा (कच्चायन, सङ्घनन्दि, ब्रह्मदत्त तथा विमलबुद्धि से सम्बन्धित परम्परा) के साथ ही यह उल्लेख भी विद्यमान है—"आचरिया पन लक्खणवुत्तिउदाहरणसंखातं इमं कच्चायनगन्धं कच्चायनत्थेरेन कतं ति वदन्ति"[3]। इस प्रकार से एक ही स्थान में उद्धृत परम्परा तथा इस मत में विरोध दोनों ही दिये हुए हैं। अब प्रश्न यह उठता है कि ऐसा क्यों है ? ऐसा ज्ञात होता है कि यह इसीलिए है कि यह एक शाखा अथवा सम्प्रदाय में पल्लवित हुआ व्याकरण शास्त्र है, धीरे-धीरे ऐसा हुआ होगा कि उस शाखा-विशेष के प्रवर्तक आदि-आचार्य के नाम से ही यह सम्पूर्ण व्याकरण प्रचलित हो गया होगा। इसे हम नीचे कच्चायन के सम्बन्ध में विचार प्रस्तुत करते हुए और स्पष्ट करेंगे।

---

१. जेम्स एल्विस द्वारा "Introduction to Kaccāyana's Grammar" में "कच्चायनभेदटीका" से उद्धृत।
२. क० सू० १ पर "क० व०"।
३. सुभूति, "नाममाला", भूमिका, पृ० १२ पर उद्धृत।

कच्चायन

सर्वप्रथम कच्चायन कौन हैं, यह प्रश्न अत्यन्त महत्त्वपूर्ण है। इस व्याकरण के कर्त्ता के सम्बन्ध में न्यास के प्रारम्भ में ही कहा गया है—"कच्चायनञ्च मुनिवण्णितबुद्धिमस्स कच्चायनस्स मुखमत्तमहं करिस्सं"। आगे चलकर न्यासकार ने इसके कर्त्ता बुद्ध के प्रमुख शिष्य महाकच्चायन थे, ऐसा मत दिया है—"कत्ता नाम एतदग्गं, भिक्खवे, मम सावकानं भिक्खूनं सङ्खित्तेन भासितस्स वित्थारेन अत्थं विभजन्तानं, यदिदं महाकच्चायनो ति भगवता एतदग्गे ठपितो आयस्मा महाकच्चायनो"।[1] इसके अतिरिक्त 'सुत्तनिद्देस', 'कच्चायनवण्णना' तथा 'अङ्गुत्तरटीका' में भी यही व्यक्त किया गया है कि इसके रचयिता महाकच्चायन ही थे[2]।

कच्चान अथवा कच्चायन गोत्र नाम है। यह कच्चायन व्याकरण के सूत्र 'णायनणान वच्छादितो' (३४७) से 'कच्च' शब्द में 'णायन' अथवा 'णान' प्रत्यय लगाकर निष्पन्न होता है। कच्चायन गोत्र 'वच्छ' तथा 'वसिट्ठ' आदि गोत्रों की भाँति ही एक उच्च गोत्र है और गोत्र का नाम होने के कारण इस नाम के कई व्यक्तियों का पालि वाङ्मय मे उल्लेख हुआ है, जिनमें महाकच्चायन, पकुधकच्चायन, पुब्बकच्चायन, सम्बुलकच्चान तथा सभियकच्चान आदि मुख्य हैं। इनमें परम्परा के अनुसार कच्चायन व्याकरण के रचयिता महाकच्चायन ही माने जाते हैं। पकुधकच्चायन त्रिपिटक के अनुसार बुद्ध के समय के ही एक गणाचार्य थे, जो 'अकिरियवादी' थे और उस समय के छह तैर्थिक आचार्यो मे से एक थे। अत. कच्चायन व्याकरण के रचयिता ये नहीं हो सकते। ऐसी ही बात पुब्बकच्चान आदि के विषय मे है। अब केवल महाकच्चायन-वाली बात रह जाती है।

परम्परा इस व्याकरण के रचयिता को महाकच्चायन ही मानती है। ये महाकच्चायन बुद्ध के प्रमुख ८० शिष्यो में एक थे। 'अङ्गुत्तरनिकाय' मे स्वयं बुद्ध द्वारा इनके सम्बन्ध में यह कथन है —"एतदग्गं, भिक्खवे, मम सावकानं भिक्खूनं सङ्खित्तेन भासितस्स वित्थारेन अत्थं विभजन्तानं, यदिदं महाकच्चायनो ति।"[3] 'अङ्गुत्तरनिकाय' की अट्ठकथा 'मनोरथपूरणी' मे इस सम्बन्ध में यह व्याख्यान है—"अञ्ञे हि तथागतस्स संखेपवचनं अत्थवसेन वा पूरेतुं सक्कोन्ति व्यञ्जनवसेन

---

१. "न्यास", पृ० ६।

२. द्र०—सुभूति, "नाममाला", भूमिका, पृ० ११।

३. "अङ्गु०", भा० १, पृ० २४।

वा, अयं पन थेरो उभयवसेना पि सक्कोति, तस्मा अग्गो ति"[१]। इनसे यही ज्ञात होता है कि महाकच्चायन सद्धर्म के सिद्धान्तो के एक बहुत बड़े व्याख्याता थे और उत्तम वैयाकरण भी। इसी से प्रभावित होकर तथा नाम में साम्य होने के कारण परम्परा में इन्ही को कच्चायन व्याकरण का कर्त्ता मान लिया गया।

महाकच्चायन का जन्म 'उज्जेनी' में हुआ था और वे अवन्ती के सम्राट् 'चण्ड-पज्जोत' के मन्त्री के पुत्र थे। उनका नाम 'कच्चान' अथवा 'कच्चायन' गोत्र नाम अथवा स्वर्ण-वर्ण के होने के कारण था। 'महावस्तु' के अनुसार वे 'असित' अथवा 'कालदेवल' के भतीजे थे और उनके आदेशानुसार अपने साथियों के साथ वे बुद्ध के दर्शन के लिए गये और बुद्धोपदेश से प्रभावित होकर वे सभी भिक्षु हो गये तथा सबने अर्हत् पद को प्राप्ति की। बुद्ध-दर्शन के पश्चात् वे अपने साथियो के साथ लौटे और अवन्ति देश में 'कुररघरपपात' तथा 'मक्करकत' नामक स्थानो में उन्होने आश्रमो की स्थापना की। इस अवन्ति-संघ के भिक्षु तथा भिक्षुणियो की गाथायें 'थेर' एव 'थेरीगाथा' में विद्यमान हैं। इन्होने 'मधुपिण्डिक', 'कच्चायन' तथा 'पारायण' सुत्तों का व्याख्यान अथवा उपदेश भी किया था। इसी योग्यता से प्रभावित होकर बाद में इन्हे कच्चायन व्याकरण का कर्त्ता मान लिया गया।[२]

जेम्स एलविस ने इस परम्परा को सत्य मानकर यह विचार व्यक्त किया है—"मेरा इस मत की ओर झुकाव है कि 'सन्धिकप्प' नामक व्याकरण (पालि व्याकरण) को महाकच्चायन ने छठी शताब्दी ई० पू० के उत्तरार्ध में लिखा था।"[३] इस सम्बन्ध में उन्होने 'अङ्गुत्तरनिकाय-अट्ठकथा' की एक टीका का सन्दर्भ भी दिया है—"महाकच्चायनत्थेरो पुब्बपत्थनावसेन कच्चायनप करण (कच्चायन व्याकरण ?) महानिरुत्तिपकरणं नेत्तिपकरणं चा ति पकरणत्तयं सङ्घमज्झे पकासेसि"।[४] परन्तु 'मनोरथपूरणी' में जहाँ पर कच्चायन के पूर्वजन्म का वृत्तान्त दिया हुआ है, वहाँ पर ऐसा कोई उल्लेख नही प्राप्त होता।

---

१. एडमन्ड हार्डी, "नेत्तिप्पकरण", भूमिका, पृ० ३३ में उद्धृत।

२. वि० वि० द्र०—जी० पी० मललसेकर, "Dictionary of Pali Proper Names", vol. II, पृ० ४६८-७०; "Pali Literature of Ceylon", पृ० १८१।

३. जेम्स एलविस, "Introduction to Kaccāyana's Grammar", पृ० ७२।

४. वहीं, पृ० २२।

उपर्युक्त परम्परा को सत्य मानकर यह भी धारणा प्रचलित है कि यद्यपि इसकी रचना बुद्ध के समय में ही हो गयी थी तथापि इसकी परम्परा मौखिक रूप में बुद्ध के परिनिर्वाण के ४५० वर्ष बाद तक चलती रही और त्रिपिटक-ग्रन्थों के साथ ही प्रथम शताब्दी ई० पू० में यह ग्रन्थ लिपिबद्ध किया गया।[1] ऐसी भी मान्यता है कि इस ग्रन्थ विशेष को बर्मा में आचार्य बुद्धघोष ले गये थे और उन्हीं ने इसका बर्मी अनुवाद तथा बर्मी टीका भी प्रस्तुत की।[2]

पर महाकच्चायन इस व्याकरण के रचयिता थे, यह स्थापना तर्क की कसौटी पर रंचमात्र भी खरी नहीं उतरती। यदि महाकच्चायन ने इसकी रचना की थी तो आचार्य बुद्धघोष को अपनी अट्ठकथाओं में इसे स्थान अवश्य देना था। ऊपर इस सम्बन्ध मे यह कहा जा चुका है कि ऐसा नहीं है। अपने तर्कों को इस खण्डन से बचाने के लिए जेम्स एलविस ने ऐसी स्थापना करने की चेष्टा की है कि सम्भवतः बुद्धघोष कच्चायन व्याकरण से परिचित नही थे, अथवा उनके समय में यह इस उच्च प्रतिष्ठा को नहो प्राप्त कर सका था। पर जब 'अङ्गुत्तर-अट्ठकथा' में उन्होंने महाकच्चायन की विशेषताओं का उल्लेख किया है, तब ऐसी स्थापना के लिए अवकाश कहाँ रह जाता है?[3] यही बात बर्मा में इसे उन्हें ले जाने के सम्बन्ध में भी कही जा सकती है; साथ ही उनकी यह बर्मा यात्रा अन्य प्रमाणों के अभाव में कपोलकल्पित ही ज्ञात होती है। यदि कच्चायन व्याकरण की स्थिति बुद्धघोष से पूर्व हो गई होती तो 'मनोरथपूरणी' मे कच्चायन का वृत्तान्त देते समय कम से कम इसका उल्लेख अवश्य होता। पर ऐसा नही है। इस कथन का भी कि इसकी मौखिक परम्परा काफी दिनो तक चलती रही और बाद में इसे लिपि-बद्ध किया गया, इसी मे खण्डन हो जाता है, साथ ही इस व्याकरण के सूत्र 'पुब्बमधोठित-मस्सरं सेरन वियोज्ये' (१०) की प्रक्रिया से स्पष्ट रूप से यही सिद्ध होता है कि इसकी परम्परा प्रारम्भ से ही लिखित ही रही होगी, मौखिक नही।[4]

अङ्गुत्तरटीका के उस उद्धरण का ऊपर उल्लेख हो चुका है, जिसके अनुसार 'नेत्तिपकरण' के रचयिता भी महाकच्चायन ही माने जाते हैं। इस ग्रन्थ के सम्पादक

---

१. द्र०—फ्रांसिस मैसन, "Kachchayano's Pali Grammar", भूमिका, पृ० २।
२. वहीं, पृ० ६।
३. द्र०—जी० पी० मललसेकर, "Pali Literature of Ceylon", पृ० १८३।
४. द्र०—फ्रांसिस मैसन, "Kachchayano's Pali Grammar", भूमिका, पृ० ४–६।

एडमन्ड हार्डी ने इस सम्बन्ध में विस्तारपूर्वक विचार इसकी भूमिका में प्रस्तुत किया है, जो संक्षेप में इस प्रकार से है--'नेत्ति' के रचयिता को कालान्तर में भुला दिया गया और उसके स्थान पर एक काल्पनिक नाम प्रतिष्ठित हो गया; अथवा उसका वास्तविक नाम ही 'कच्चायन' था और आगे चलकर बाद में इसे 'महाकच्चायन' कर दिया गया, जो बुद्ध के एक प्रधान शिष्य का नाम था। ये वैयाकरण 'कच्चायन' से सर्वथा भिन्न हैं, जिन्हें भी 'महाकच्चायन' ही माना जाता है। उत्तरी बौद्ध परम्परा में भी एक 'कात्यायनीपुत्र' हुए, जिन्होंने 'ज्ञानप्रस्थान' नामक ग्रन्थ प्रस्तुत किया है और जिसका उल्लेख वसुबन्धु ने अपने 'अभिधर्मकोश' में किया है। युवान्-च्वाङ् ने भी कात्यायन द्वारा रचित 'ज्ञानप्रस्थान' अथवा 'अभिधर्मज्ञान-प्रस्थान' का उल्लेख किया है और इस सम्बन्ध में यह भी कहा है कि इसकी रचना बुद्ध-निर्वाण के ३०० वर्ष बाद हुई। इस प्रकार से इस काल की स्थिति ईस्वी सदी के प्रारम्भ में ही हो जाती है। 'नेत्तिपकरण' के लेखक स्थविरवादी हैं अतः ये ही 'ज्ञानप्रस्थान' के भी लेखक नहीं हो सकते, क्योंकि वे तो सर्वास्तिवादी हैं। जेम्स एलविस ने भी इस अभिधर्म ग्रन्थ के लेखक तथा पालि वैयाकरण कच्चायन के एक होने का खण्डन किया है। इससे यही निष्कर्ष निकलता है कि महाकच्चायन 'नेत्तिपकरण' के रचयिता नहीं हैं[1]। यह इसे भी असिद्ध ही कर देता है कि 'महा-कच्चायन' ही कच्चायन व्याकरण के रचयिता थे।

आर० ओ० फ्रान्क ने भी यह प्रदर्शित किया है कि बुद्धघोष तथा धर्मपाल के पूर्व से ही निश्चित रूप से पालि व्याकरण का एक सम्प्रदाय विद्यमान रहा होगा, जो कच्चायन से भिन्न था और सम्भवतः 'बोधिसत्त व्याकरण' पर आधारित था[2]। गायगर ने यह व्यक्त किया है कि कच्चायन व्याकरण की सबसे बड़ी त्रुटि यह है कि पालि तथा संस्कृत के ऐतिहासिक सम्बन्ध को व्यक्त करने की यह चेष्टा नहीं करता; साथ ही कच्चायन तथा बुद्ध के शिष्य महाकच्चायन से कोई सम्बन्ध नहीं है। वे उन कात्यायन से भी भिन्न है, जिन्होंने पाणिनि व्याकरण पर तृतीय शताब्दी ई० पू० में वार्तिक लिखा था। ये 'नेत्ति' तथा 'पेटकोपदेस' के लेखक कच्चायन से भी भिन्न है। निःसन्देह ये बुद्धघोष के बाद हुए नहीं तो अपनी

---

१. द्र०—ई० हार्डी, "नेत्तिपकरण", भूमिका, पृ० ३२–३४।

२. फ्रान्क, "···Pali Grammatik und Lexicographie", पृ० २।

अट्ठकथाओं में पालि के शास्त्रीय व्याकरण के रूप में इसका उद्धरण उन्होंने अवश्य दिया होता। ऐसी ही धारणा विंडिश की भी है।[1]

कच्चायन व्याकरण के रचयिता महाकच्चायन थे, इस प्रचलित परम्परा से हम केवल यही निष्कर्ष निकाल सकते हैं कि ऐसा सम्भव है कि बुद्ध के शिष्य महाकच्चायन ने अवन्ति-सम्प्रदाय की स्थापना की थी। यद्यपि यह एक बहुसंख्यक सम्प्रदाय नहीं था, तथापि धार्मिक सिद्धान्तो तथा विनय के नियमो में विवाद उपस्थित होने पर निर्णय आदि देने में इस शाखा के भिक्षुओं को भी महत्त्वपूर्ण स्थान प्रदान किया जाता था। वैशाली की द्वितीय संगीति में विवाद-निर्णय मे भाग लेने के लिए यहाँ के भिक्षु आमन्त्रित किये गये थे। 'पतिट्ठान' से 'सावत्थी' को जो मार्ग जाता था, उसमें भी अवन्ती बीच में पड़ता था। 'चुल्लवग्ग' में ऐसा वर्णन विद्यमान है कि यहा के भिक्षु धुताङ्ग-नियमों को पालन करने में विशेष बल देते थे[2]। सम्भव है कि और स्थानो की अपेक्षा एक कोने में स्थित होने के कारण इस अवन्ती-शाखा ने विश्लेषणात्मक व्याख्या तथा व्याकरण का अद्भुत विकास किया हो, क्योकि ये दोनो आपस में अत्यन्त सम्बन्धित विषय हैं। इस शाखा के संस्थापक महाकच्चायन थे, जो अपने विशेष विश्लेषणात्मक बुद्धि-गौरव के लिए बुद्ध के समय में ही अति प्रसिद्ध हो गये थे और यह हो सकता है कि भाषा के नियमन के लिए भी उन्होने कुछ सूत्रों का प्रणयन किया हो, जो बाद में सङ्घनन्दि आदि द्वारा विकसित किया गया और कालान्तर मे अनेक प्रयत्नो द्वारा पूर्ण होकर यह प्रतिष्ठित हुआ। आगे चलकर इन प्रयत्नों का भी मूल्याङ्कन हुआ, जिसका प्रत्यक्ष उदाहरण ''कच्चानेन कतो योगो'' आदि है, जो 'कच्चायनभेदटीका' में उद्धृत है। भारतीय परम्परा में शिष्य अपना सब कुछ गुरु अथवा आचार्य के नाम पर न्योछावर कर देता है और यदि यही इस सम्पूर्ण व्याकरण शास्त्र के सम्बन्ध में भी हुआ हो तो इसमें आश्चर्य हो क्या ? 'कच्चायनभेदटीका' मे पूर्वोक्त के विरुद्ध बाद में इसीलिए यह कहना पड़ा—''आचरिया पन लक्खणवुत्तिउदाहरणसंखातं इमं कच्चायनगन्धं कच्चायनत्थेरेन कतं ति वदन्ति''। इस वस्तुस्थिति को मान लेने पर इन दोनो मे दृष्टिगोचर विरोध का भी परिहार हो जाता है।

संस्कृत वाङ्मय में भी कात्यायन नाम के कई व्यक्तियों का उल्लेख है। इनमें से एक तो वार्तिककार कात्यायन हैं, जिन्होने पाणिनीय सूत्रो पर अपने

1. द्र०—गायगर, "Pali Literature and Language", पृ० ३७ तथा टिप्प० ६।
2. "चुल्ल०", पृ० ४२१।

वार्तिक लिखे हैं। दूसरे कात्यायन 'सर्वानुक्रमसूत्र' (ऋ० वे० सं०), 'सर्वानुक्रमसूत्र' (माध्य० शुक्ल० सं०), 'वाजसनेयप्रातिशाख्य' तथा 'वाजसनेयश्रौतसूत्र' आदि के रचयिता हैं। 'कात्यायनसंहिता' नामक धर्मशास्त्र के ग्रन्थ के प्रणेता भी कोई कात्यायन थे। एक वररुचि हैं, जिन्हें भी कात्यायन कहा जाता है और जो विक्रमादित्य के नव रत्नों में से कहे जाते हैं। वार्तिककार कात्यायन की कुछ संज्ञाओं का साम्य पालि व्याकरण के रचयिता कच्चायन से अवश्य है, पर इसका उत्तर बर्नेल के दृष्टिकोण से यह हो सकता है कि ऐसा दोनों के एक होने के कारण नहीं है, अपितु दोनों एक ही प्राचीन व्याकरण सम्प्रदाय ऐन्द्र शाखा के प्रतिनिधि है; अतएव ऐसा होना आवश्यक है। साथ ही पालि वैयाकरण कच्चायन की स्थिति बुद्धघोष से पूर्व हो ही नहीं पाती, अतएव ये दोनों एक हो ही नहीं सकते। यही तर्क शेष के विषय में भी उपस्थित किया जा सकता है।

सतीशचन्द्र विद्याभूषण ने कच्चायन के विषय में यह कहा है—"मेरी तो यह स्पष्ट धारणा है कि जिन कात्यायन ने सर्ववर्मा के कातन्त्र व्याकरण में 'कृत' तथा 'उणादि' भाग का समावेश किया, वे ही इस प्रथम पालि व्याकरण के भी रचयिता हैं[1]।" पर निश्चित प्रमाणों के अभाव में इस प्रकार दृढ़तापूर्वक कहना (जैसा कि सतीशचन्द्र विद्याभूषण ने कहा है) दुस्साहस मात्र है[2] 'कृत' तथा 'उणादि' भाग का ही नहीं, अपितु सम्पूर्ण कातन्त्र व्याकरण का प्रभाव कच्चायन व्याकरण पर स्पष्टतया प्रकट है।

कच्चायन का काल

परम्परा के अनुसार महाकच्चायन को इस व्याकरण का रचयिता मानने पर इसका काल ईसा पूर्व छठवीं शताब्दी हो जाता है और जेम्स एलविस ने इसे ही स्वीकार किया है[3]। पर ऊपर विस्तारपूर्वक इस मत का खण्डन कर दिया गया है और यह दिखाया जा चुका है कि किसी भी अवस्था में इसकी स्थिति बुद्धघोष आदि आचार्यों के पूर्व नहीं हो सकती।

---

१. "Kaccayana's Pali Grammar," भूमिका, पृ० ३७–३८।
२. विशेष—श्री रामअवध पाण्डेय, अध्यापक, संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी, ने हमें बताया है कि "कातन्त्र" का उणादि-प्रकरण दुर्गसिंह विरचित है, कात्यायन द्वारा नहीं। इसे उन्होंने उणादि-सूत्रों पर लिखे गये अपने शोध-प्रबन्ध में प्रदर्शित किया है।
३. द्र०—ई० हार्डी, "नेत्तिपकरण", भूमिका, पृ० १७, टिप्प० १।

कथासरित्सागर के आधार पर कुछ विद्वानों ने कच्चायन को वररुचि मानकर इसका समय प्रथम शताब्दी ई० पू० निश्चित किया है[1]। पर इस पक्ष के विरुद्ध भी उपर्युक्त तर्क आ जाते हैं। विंडिश की तो यह धारणा है कि सभी परिस्थितियों पर विचार करने पर यही निष्कर्ष निकलता है कि कच्चायन व्याकरण को चतुर्थ शताब्दी के पश्चात् ही होना चाहिए[2]।

कच्चायन व्याकरण का सबसे प्राचीन तथा महत्त्वपूर्ण भाष्य 'न्यास' है और इस पर बारहवी शती के प्रारम्भ में 'न्यासप्रदीप' के नाम से प्रसिद्ध बर्मी भिक्षु छपद ने एक व्याख्या लिखी; अतएव 'न्यास' का रचना-काल इससे पूर्व अवश्य होना चाहिए और कच्चायन व्याकारण का उससे भी पूर्व। इस प्रकार हम इस निर्णय पर पहुँचते हैं कि बुद्धघोष के पश्चात् तथा 'न्यास' के लिखे जाने के पूर्व ही इस व्याकरण की रचना हुई होगी। इस सम्बन्ध में गायगर ने अपना यह स्पष्ट मत दिया है— "इनके समय की अन्तिम सीमा इस तथ्य द्वारा भी निर्धारित होती है कि पाणिनि तथा सर्ववर्मन् के कातन्त्र व्याकरण में अतिरिक्त सातवी शताब्दी में पाणिनि-सूत्रों पर लिखी गई प्रसिद्ध 'काशिका-वृत्ति' से भी इसमें सहायता ली गई है[3]।" आर० ओ० फ्रान्क ने भी इसे व्यक्त किया है[4]।

सतीशचन्द्र विद्याभूषण ने कच्चायन का काल-निर्णय करते हुए यह व्यक्त किया है कि कच्चायन के सूत्र 'परसमञ्ञा पयोगे' (९) द्वारा संस्कृत व्याकरणो की पूर्व स्थिति को मान लिया गया है और इसी के द्वारा यह भी व्यक्त कर दिया गया है कि इसके रचयिता द्वारा उन व्याकरणो की संज्ञाओं का ग्रहण किया गया है। इसके 'कारककण्ड' के सूत्र 'यो करोति सो कत्ता' (२८३) तथा 'नामकण्ड' के सूत्र 'किस्मा वो च' (२५३) में क्रमशः कच्चायन ने उपगुप्त तथा देवानम्पियतिस्स का नाम लिया है—'उपगुत्तेन बन्धो मारो', 'कत्र गतोसि त्वं देवानम्पियतिस्स' आदि। ये दोनो अशोक के समकालीन थे। इन उदाहरणो से यह स्पष्ट हो जाता है कि कच्चायन का समय २५० ई० पू० है; साथ ही चन्द्रकीर्ति की

१. द्र०—सतीशचन्द्र विद्याभूषण, "Kaccayana's Pali Grammar", भूमिका, पृ० २७।

२. द्र०—गायगर, "Pali Literature and Language", पृ० ३७, टिप्प० ६।

३. वहीं। ४. वहीं।

'माध्यमिकवृत्ति' में आया हुआ 'कात्यायनाववादसूत्र' हमें तृतीय शती ई० पू० कात्यायन की स्थिति मानने के लिए संकेत करता है।[1]

पर इन सबसे स्पष्टरूप से यह समय निर्धारित नहीं हो पाता। ये तो केवल यही निश्चित करते हैं कि यह रचना इन व्यक्तियों के पश्चात् कभी हुई। इस प्रकार से ये सब कच्चायन के महाकच्चायन होने में ही बाधा उपस्थित करते हैं। इनसे और कुछ नहीं सिद्ध होता है। साथ ही ये सब उदाहरण तो वृत्ति के बाद प्रयोगस्वरूप दिये गये हैं, जिसे परम्परा के अनुसार ब्रह्मदत्त की रचना कहा जाता है और इनके बारे में पूर्वोक्त गाथा के अतिरिक्त और कुछ ज्ञात नहीं है।

वस्तुस्थिति पर पूर्ण विचार करके हम इसी निष्कर्ष पर पहुँचते हैं कि कच्चायन की संज्ञाओं का व्यवहार चूँकि ग्यारहवीं शती के पश्चात् लिखी गई टीकाओं में पूर्ण रूप से हुआ है, अतः पालि व्याकरण के आधारभूत ग्रन्थ कच्चायन व्याकरण की प्रतिष्ठा बुद्धघोष के पश्चात् तथा ग्यारहवीं शती के बीच के काल में ही हुई। ऐसा लगता है कि बुद्धघोष आदि आचार्यों के द्वारा अट्ठकथाओं के प्रस्तुत किये जाने पर यह मान्यता स्थापित हुई कि विशुद्ध 'थेरवाद' सिंहल में ही प्रतिष्ठित है। अतः इसके अध्ययन में प्रवृत्त होने के लिए जब लोग अधिक संख्या में दक्षिण भारत से सिंहल के महाविहार तथा अनुराधपुर आदि स्थानों में गये, तभी उसी समय कच्चायन व्याकरण तथा नेत्तिपकरण आदि का प्रचार सिंहल देश में हुआ होगा। अधुना यही सिद्धान्त सर्वमान्य सा है कि कच्चायन व्याकरण का प्रचलन लगभग ईसा की सातवीं शताब्दी में ही सिंहल में हुआ।[2]

कच्चायन व्याकरण का वर्गीकरण

यह व्याकरण मुख्य रूप से ४ 'कप्पों' (कल्पों) तथा २३ परिच्छेदों में विभाजित है—(१) सन्धिकप्प, (२) नामकप्प, (३) आख्यातकप्प तथा (४) किब्बिधानकप्प। सञ्ञाविधान सन्धिकप्प में ही अन्तर्भूत है। नामकप्प का विभाजन कई 'कण्डों' (काण्ड) में है तथा इसी के अन्तर्गत कारक, समास और तद्धितकप्प भी हैं, जो स्वतन्त्र कप्प की भाँति रखे गये हैं। इसी प्रकार से उणादिकप्प स्वतन्त्र होते हुए भी किब्बिधानकप्प के अन्तर्गत ही है।

---

१. "Kaccayana's Pali Grammar", भूमिका, पृ० २८।

२. द्र०—जी० पी० मललसेकर, "Pali Literature of Ceylon", पृ० १८४।

इस ग्रन्थ के वर्गीकरण के सम्बन्ध में 'न्यास' में यह व्याख्यान है—"तत्थ परिच्छेदपमाणवसेन तेत्तींसति परिच्छेदा—तथा हि पञ्च सन्धि परिच्छेदा, अट्ठ नामपरिच्छेदा, चत्तारो आख्यातपरिच्छेदा, छ कितब्बिधानपरिच्छेदा ति। एतानि येव चत्तारि पकरणानी ति वुच्चन्ति। पञ्च सन्धिपरिच्छेदा सन्धिप्पकरणं, अट्ठ नामपरिच्छेदा नामप्पकरणं, चत्तारो आख्यातपरिच्छेदा आख्यातप्पकरणं, छ कितब्बिधानपरिच्छेदा कितब्बिधानपकरणं ति।"[1]

कच्चायन सूत्रो के आधार पर ही प्रक्रियानुसार लिखे गये ग्रन्थ 'रूपसिद्धि' में सात काण्डों की चर्चा है—

"सन्धि नामं कारकञ्च समासो तद्धितं तथा।
आख्यातं कितकं कण्डा सत्तिमं रूपसिद्धियं[2]" ॥

इस प्रकार यहाँ पर कारक, समास तथा तद्धित 'कण्ड' स्वतन्त्र 'कण्ड' की भाँति ही रखे गये है। आगे इसका विस्तृत व्याख्यान भी वहाँ पर उपस्थित है।

कच्चायन व्याकरण की सूत्र-संख्या

वर्तमान समय में कच्चायन व्याकरण के सभी प्रामाणिक संस्करणो मे सूत्रो की संख्या ६७५ है। पर 'न्यास' मे इस सूत्र संख्या को ७१० बतलाया गया है—'सुत्तानि पन दसाधिकानि सत्त सतानि होन्ति।[3]' वहा पर सूत्र २४४ तथा २४५ की संख्या २४३ (क) तथा २४३ (ख) दे दी गई है। सूत्र २४५ के सम्बन्ध मे न्यासकार कहते हैं—"अनन्तरसुत्ते तुग्गहणेन सिज्झन्तो निरत्थको चेसो, न चेसो पुरिमपाठो।[4]" इसी प्रकार से 'न्यास' की सू० सं० २८३, जो कच्चायन का २८५ है, के पश्चात् तथा सू० सं० २८५ एव ३०० के बाद वार्तिक रूप से एक एक और नियम दिये गये है। यही सू० सं० ३१५ के पश्चात् २६ अतिरिक्त नियम भी वार्तिक के रूप मे प्रस्तुत किये गये है और सू० सं० ३१८ के पश्चात् भी ऐसा ही एक और नियम दिया गया है। पर वहाँ पर इन सब वार्तिकों की स्वतन्त्र गणना न करके इन्हे तत्सम्बन्धी नियमो (सूत्रो) के साथ ही रखा गया है। यदि इन सबको हम स्वतन्त्र सूत्र मान भी लें, तब भी यह संख्या ७१० नहीं हो पाती है। ऐसा लगता है कि यह गणना सूत्रों का योगविभाग करके ही 'न्यास' में दी गई है।

---

१. "न्यास", पृ० ६।
२. "रूप०", अन्त में।
३. "न्यास", पृ० ६।
४. द्र०—इस सूत्र पर "न्यास"।

'कारिका' में सूत्रों की संख्या के सम्बन्ध में कहा गया है—

"सन्धिम्हि एकपञ्ञासं नामम्हि द्विसतं भवे।
अट्ठारसाधिकञ्चेव कारके पञ्चतालीसं॥
समासे अट्ठवीसञ्च द्वासट्ठि तद्धिते मतं।
अट्ठारससताख्याते किते सुत्तसतं भवे॥
उणादिम्हि च पञ्ञासं सुत्तमेतं पकासितं।
कच्चायनेन थेरेन तिलोकतिलकेतुना[1]"॥

इस व्याख्यान पर विचार करने पर यह सूत्र संख्या ६७२ होती है। लगता है, प्रारम्भ से ही सूत्रों की संख्या को लेकर विवाद रहा है, यद्यपि १६वीं शताब्दी में लिखे गये 'कच्चायनवण्णना' में हम इस संख्या को ६७५ ही पाते हैं। इसके तथा कच्चायन के प्रामाणिक संस्करणों के आधार पर हमने भी अपने इस संस्करण में इसी संख्या को स्वीकार किया है।

इस सम्बन्ध में आधुनिक युग के परम्पराश्रित पण्डितों का भी ऐसा ही कथन है कि आचार्यों के मतानुसार यह संख्या भिन्न-भिन्न रूप से अपनायी गई है—"कच्चायनवण्णनामुखमत्तदीपन्यादीसु तब्बण्णनासु च आचरियानं मतवसेन सुत्त-विभागानं नानत्तं यत्थ कत्थचि दिस्सति[2]"।

कच्चायन व्याकरण तथा पाणिनि

जेम्स एलविस ने यह विचार व्यक्त किया है कि पाणिनि का ही व्याकरण कच्चायन का आधारस्वरूप था और इसमे उन्होंने उदाहरणस्वरूप समान सूत्रों का उल्लेख भी किया है।[3] पाणिनि तथा कच्चायन के समान सूत्र इस प्रकार से हैं, यथा, कच्चा०—'येन वादस्सनं' (२७६), पा०—'अन्तर्धौ येनादर्शनमिच्छति' (१।४।२८); कच्चा०—'येनङ्गविकारो' (२९३), पा०—'येनाङ्गविकारः' (२।३।२०); कच्चा०—'सम्पदाने चतुत्थी' (२९५), पा०—'चतुर्थी सम्प्रदाने' (२।३।१३); कच्चा०—'अपादाने पञ्चमी' (२९७), पा०—'अपादाने पञ्चमी' (२।३।२८), कच्चा०—'कम्मत्थे दुतिया' (२९९), पा०—'कर्मणि द्वितीया' (२।३।२); कच्चा०—'कालद्धानमच्चन्तसंयोगे' (३००), पा०—'कालध्वनोरत्यन्तसंयोगे' (२।३।५); कच्चा०—'कम्मप्पवचनीययुत्ते' (३०१), पा०—'कर्मप्रवचनीययुक्ते द्वितीया'

१. "कारिका", का० ९०-९२।

२. गुणरत्नथेर, "कच्चायन व्याकरण", भूमिका।

३. "Introduction to Kaccāyana's Grammar", पृ० ११।

(२।३।८); कच्चा०—'दिगुस्सेकत्तं' (३२३), पा०—'द्विगुरेकवचनम्' (२।४।१) तथा 'स नपुंसकम्' (२।४।१७) आदि। हमने अपने इस संस्करण के पृष्ठ ४४८-४५१ में समान-कार्यविधायक कच्चायन तथा पाणिनीय सूत्रों की तुलनात्मक अनुक्रमणिका यथासम्भव प्रस्तुत की है और इस सम्बन्ध में विस्तृत अध्ययन के लिए यह वहीं पर द्रष्टव्य है।

पर अधिकतर विद्वानों का यह विचार है कि कच्चायन व्याकरण कातन्त्र से ही अधिक प्रभावित है। पाणिनि से प्राप्त होनेवाले इस साम्य के सम्बन्ध में विद्वानो की ऐसी धारणा है कि "किसी ने बाद में कच्चायन व्याकरण में संशोधन के रूप में इन्हें जोड़ा होगा; यह भी सम्भावना हो सकती है कि वे सूत्र, जो पाणिनीय तथा कातन्त्र, इन दोनो व्याकरणो मे प्राप्त होते हैं, वे किसी पुराने सम्प्रदाय से ग्रहण किये गये है..."[1]। साथ ही कच्चायन व्याकरण का रचना-विधान आदि पाणिनि से नही मिलता, अपितु निश्चित रूप से यह कातन्त्र पर आधारित है और नीचे इस पर विस्तृत विचार प्रस्तुत किया जा रहा है।

कच्चायन व्याकरण तथा कातन्त्र

अधिकतर आधुनिक विद्वानो ने यही विचार व्यक्त किया है कि कच्चायन कातन्त्र व्याकरण से ही अधिक प्रभावित है। इनमें वेबर[2], मेकडानेल[3] तथा बर्नेल[4] प्रभृति मुख्य हैं। यदि हम सूक्ष्म रूप से विचार करें तो इसी निष्कर्ष पर पहुँचते हैं कि पाणिनि की अपेक्षा कच्चायन तथा कातन्त्र में अद्भुत साम्य विद्यमान है। कातन्त्र व्याकरण पाणिनि का अनुगमन सूत्र-शैली तथा रचना-विधान आदि मे नही करता और उसी की यह शैली कच्चायन में भी अपनायी गई है। प्रकरण-विभाग इन दोनो में समान ही है, साथ ही कच्चायन के अधिक सूत्रो का साम्य

१. द्र०—ए० सी० बर्नेल, "On the Aindra School of Sanskrit Grammarians", पृ० ६१।
२. द्र०—ए० वेबर, "The History of Indian Literature", पृ० २२७, टिप्प० २३९।
३. द्र०—ए० ए० मेकडानेल, लेख, "Sanskrit Literature" in the "Imperial Gazetteer of India" (The Indian Empire), vol. II, पृ० २६१।
४. द्र०—ए० सी० बर्नेल, "On the Aindra School of Sanskrit Grammarians", पृ० ६२।

पाणिनि की अपेक्षा कातन्त्र से संख्या में ज्यादा है। यह बात कच्चायन में प्रारम्भ से लेकर अन्त तक विद्यमान है; यथा—कच्चा०—'वग्गा पञ्चपञ्चसो मन्ता' (७), का०—'ते वर्गाः पञ्च पञ्च पञ्च' (१।१।१०); कच्चा०—'पुब्बमधोठितमस्सरं सरेन वियोजये' (१०), का०—'अनतिक्रमयन् विश्लेषयेत्' (१।१।२२); कच्चा०—'नये परं युत्ते' (११), का०—'व्यञ्जनमस्वरं परं वर्णं नयेत्' (१।१।२१); कच्चा०—'वग्गन्तं वा वग्गे' (३१), का०—'वर्गे तद्वर्गपञ्चमं वा' (१।४।१६) तथा 'वर्गे वर्गान्तः' (२।४।४५), कच्चा०—'ततो च विभत्तियो' (५४), का०—'तस्मात् परा विभक्तयः' (२।१।२); कच्चा०—'आलपने सि गसञ्ञो' (५७), का०—'आमन्त्रिते सि. सम्बुद्धिः' (२।१।५), कच्चा०—'तिचतुन्नं तिस्सो चतस्सो तयो चत्तारो तीणि चत्तारि' (१३३), का०—'त्रिचतुरोः स्त्रियां तिसृ चतसृ विभक्तौ' (२।३।२५); कच्चा०—'द्वन्दट्ठा वा' (१६५), का०—'द्वन्दस्थाच्च' (२।१।३२); कच्चा०—'नाञ्ञं सब्बनामिकं'(१६६), का०—'नान्यत् सार्वनामिकम्'(२।१।३३), कच्चा०—'बहुब्बीहिम्हि च' (१६७), का०—'बहुव्रीहौ' (२।१।३५) आदि। विस्तार के लिए कच्चायन के इस संस्करण के पृष्ठ ४४३-४४७ पर कच्चायन तथा कातन्त्र के समान सूत्रों की तुलनापरक अनुक्रमणिका द्रष्टव्य है।

सूत्रों में विद्यमान इस साम्य के अतिरिक्त कुछ की तो वृत्ति में भी यह पूर्ण रूप से उपस्थित है, यथा—उपर्युक्त कच्चा० सूत्र १६७ तथा का० सूत्र २।१।३५ की वृत्तियां इस प्रकार से क्रमशः हैं—'बहुब्बीहिम्हि च समासे सब्बनामिकविधानं नाञ्ञं कारियं होति, 'बहुव्रीहौ समासे सार्वनामिकं कार्यं न भवति।'

इन सबके आधार पर यही निष्कर्ष निकलता है कि इन दोनों में पूर्ण साम्य है, जो पाणिनि की अपेक्षा इनके सम्बन्ध को अधिक सुदृढ़ करता है।

कच्चायन-कातन्त्र तथा ऐन्द्र व्याकरण

बर्नेल की स्थापना का विवेचन

कच्चायन व्याकरण तथा कान्तत्र व्याकरण, इन दोनों में विद्यमान साम्य तथा और प्राचीन आधारों तथा व्याकरणों का तुलनात्मक अध्ययन करके बर्नेल ने एक नवीन स्थापना की है, और वह यह है कि ये सब प्राचीन ऐन्द्र सम्प्रदाय पर आधारित हैं। उनका यह विचार है कि ऐन्द्र व्याकरण प्राचीनतम व्याकरण था और पाणिनि इससे परिचित थे तथा इसकी परम्परा प्रातिशाख्यों, कातन्त्र तथा इसी प्रकार की अन्य कृतियों में उपलब्ध है, यद्यपि इनमें परिवर्तन तथा संशोधन भी हुआ है। इसके प्रमाण में उन्होंने कथासरित्सागर, बृहत्कथामञ्जरी, युवान्-

ग्याङ्, अवदानशतक, बुस्तोन तथा तारनाथ आदि के इतिहासों का उल्लेख किया है। तारनाथ ने तो स्पष्टतया यह व्यक्त कर दिया है कि कलाप व्याकरण का ऐन्द्र से साम्य है तथा षण्मुख कार्तिकेय ने सप्तवर्मन् नामक एक ब्राह्मण को ऐन्द्र व्याकरण का व्याख्यान करते हुए इस सूत्र को प्रारम्भ किया—'सिद्धो वर्णसमाम्नायः'। बर्नेल ने यह भी प्रदर्शित करने का प्रयास किया है कि पाणिनि ने 'प्राञ्चः' नाम से इसी सम्प्रदाय का उल्लेख किया है[1]।

बर्नेल को यद्यपि ऐन्द्र व्याकरण की कोई प्रति नहीं मिली तथापि अपनी उपर्युक्त स्थापना को दृढ़ करने के लिए वे प्राचीन द्रविड़ भाषाओं के व्याकरणों के अध्ययन में प्रवृत्त हुए और इस निष्कर्ष पर पहुँचे कि प्रातिशाख्यों, कातन्त्र व्याकरण तथा अन्यत्र प्रयुक्त होनेवाली व्याकरण-संज्ञाओं का प्रयोग प्राचीन तमिल तथा कन्नड़ व्याकरणों में भी होता है। इन सबमें प्राचीनता की दृष्टि से अग्रगण्य 'तोलकाप्पियम्' नामक व्याकरण में प्रारम्भ में ही यह उल्लेख है—'ऐन्दिर-निरैन्द-तोलकाप्पियम्' (अर्थात् ऐन्द्र सम्प्रदाय से ओतप्रोत यह व्याकरण)। इसका लेखक सम्भवतः बौद्ध अथवा जैन था। 'तोलकाप्पियम्' के तुलनात्मक अध्ययन से ऐन्द्र व्याकरण सम्बन्धी समस्या का कुछ हल बर्नेल को प्राप्त हो गया।[2]

इस व्याकरण की कातन्त्र, कच्चायन पालि व्याकरण तथा प्रातिशाख्यों से तुलना करके वे इस निष्कर्ष पर पहुंचे कि इन सबके प्रकरण-विभाग समान तथा स्वाभाविक हैं तथा पाणिनि के कृत्रिम विभाग से पूर्णतया भिन्न हैं। इसके लिए उन्होंने इन सबका तुलनापरक एक चार्ट भी दिया है, जो द्रष्टव्य है। तोलकाप्पियम् तथा कातन्त्र में प्रयुक्त संज्ञाओं मे प्रचुर साम्य विद्यमान है तथा कातन्त्र एवं कच्चायन भी इसी प्रकार से मिलते हैं, पर इन सबका पाणिनि से अतिन्यून साम्य है। शब्दों का प्रायः समान वर्गीकरण यास्क के निरुक्त, प्रातिशाख्य, कातन्त्र तथा कच्चायन आदि मे प्राप्त होता है[3]।

बर्नेल ने संस्कृत तथा अन्य भाषाओं की उन रचनाओं के सम्बन्ध मे भी अपना विचार व्यक्त किया है, जो ऐन्द्र व्याकरण से सम्बन्धित है। इनमें संस्कृत के अन्तर्गत शिक्षाओं, प्रातिशाख्यों, यास्क का निरुक्त, शान्तनव के फिट्सूत्र, व्याडि के जटापटल, कातन्त्र अथवा कलाप व्याकरण और इस पर लिखी गई वृत्तियों आदि

१. वि० वि० के लिए द्र०—ए० सी० बर्नेल, "On the Aindra School of Grammarians", पृ० १–६। २. वहीं, पृ० ८।
३. वहीं, पृ० ९–१२।

का ग्रहण उन्होंने किया है और संस्कृत के अतिरिक्त अन्य भाषाओं में लिखे गये व्याकरणों में तमिल के तोलकाप्पियम् आदि, कन्नड़ भाषा के व्याकरणों, संस्कृत से तिब्बती भाषा में अनूदित एवं इसके 'तंजूर' नामक संग्रह में विद्यमान व्याकरणों, कच्चायन व्याकरण तथा उसके आधार पर लिखे गये इस सम्प्रदाय के अर्वाचीन ग्रन्थों और बर्मी भाषा के व्याकरणों का उल्लेख उनके द्वारा हुआ है[1]।

इस प्रकार से बर्नेल के अनुसार कच्चायन व्याकरण भी कातन्त्र की ही भाँति ऐन्द्र सम्प्रदाय पर आधारित है। दोनों में प्राप्त साम्य का भी कारण यही है। यह स्थापना यद्यपि उपर्युक्त प्रमाणों पर स्थापित है तथापि इसमें दोष केवल यही है कि सम्प्रति प्राचीन ऐन्द्र व्याकरण की कोई प्रति उपलब्ध नहीं है। अतएव और प्राप्त प्रमाणों तथा आधारों में ही कल्पना का पुट देकर तथा उसका अद्भुत विश्लेषण प्रस्तुत करते हुए बर्नेल ने उसे सिद्ध करने का प्रयत्न किया है और उसे एक सम्प्रदाय बनाकर उससे विकसित शाखाओं की गणना भी उन्होंने कर डाली है। पर केवल कल्पना को प्रमुख बनाकर प्रस्तुत हुआ विश्लेषण सर्वमान्य नहीं हो पाता। यह कहना कठिन है कि कातन्त्र, प्रातिशाख्य, तमिल व्याकरण तथा कच्चायनादि में जो साम्य तथा समान संज्ञाओं का प्रयोग है, वह इन सबके ऐन्द्र सम्प्रदाय का ही होने के कारण है; क्योंकि पाणिनि से पूर्व ऐन्द्र के अतिरिक्त अन्य व्याकरण सम्प्रदाय भी स्थित थे, जिनका शास्त्र अधुना प्राप्त नहीं है। ऐसी परिस्थिति में हम यह कैसे कह सकते हैं कि वे सब ऐन्द्र सम्प्रदाय की ही हैं; साथ ही ऐन्द्र सम्प्रदाय का उद्धरण इसके नाम के उल्लेख के साथ पाणिनि, महाभाष्य अथवा काशिकादि में कहीं नहीं हुआ है और इससे यह भी निष्कर्ष निकल सकता है कि जहाँ तक काल का सम्बन्ध है, ऐन्द्र सम्प्रदाय पाणिनि के बाद का है, यद्यपि इसमें प्राक् पाणिनीय तत्त्व भी समाविष्ट हैं। कीलहार्न का भी यही मत है।[2]

ऐन्द्र व्याकरण का उल्लेख करते हुए युधिष्ठिर मीमांसक ने "कातन्त्र ही प्राचीन ऐन्द्र तन्त्र है", इस कथन का खण्डन किया है। इसमें प्रमाणस्वरूप उन्होंने भट्टारक हरिश्चन्द्र की 'चरकव्याख्या' में तथा दुर्गाचार्य की 'निरुक्तवृत्ति' में ऐन्द्र व्याकरण के नाम से उद्धृत होनेवाले 'अथ वर्णसमूहः' तथा 'अर्थः पदम्' इन दो सूत्रों का हवाला देते हुए यह दिग्दर्शित करने की चेष्टा की है कि चूँकि कातन्त्र व्याकरण

१. वही, पृ० ४५-६५।
२. द्र०—एस० के० बेल्वलकर, "Systems of Sanskrit Grammar" पृ० ११।

में ये सूत्र उपलब्ध नहीं होते, अतः उक्त स्थापना सर्वथा अयुक्त ही है।[1] पर इससे भी बर्नेल की स्थापना में सोचे कोई दोष नहीं आता, क्योंकि उन्होंने यह कहीं नहीं व्यक्त किया है कि कातन्त्र में जो कुछ प्राप्त है, वही ऐन्द्र तन्त्र है, उसके अतिरिक्त नही। उन्होंने तो यही सिद्ध करने का प्रयास किया है कि कातन्त्र भी ऐन्द्र सम्प्रदाय का ही ज्ञात होता है और इसके लिए यह आवश्यक नहीं है कि ऐन्द्र को अनुपद वहाँ पर उतारा जाय।

कच्चायन सम्प्रदाय के अन्य ग्रन्थ

कच्चायन व्याकरण जब एक सम्प्रदाय विशेष के महत्वपूर्ण पद पर प्रतिष्ठित हो गया तो इसे आधार बनाकर बहुत से ग्रन्थो की रचना हुई, जिनमें से मुख्य का संक्षिप्त परिचय यहां पर उपस्थित किया जा रहा है—

(१) कच्चायनन्यास अथवा मुखमत्तदीपनी—यह आचार्य विमलबुद्धि द्वारा कृत 'कच्चायनयोग' (सूत्रो) पर न्यास है। न्यास उस व्याख्यान पद्धति का नाम है, जिसमें मूल ग्रन्थ के सिद्धान्तो की स्थापना की ओर अधिक चेष्टा की जाती है। इसमें कच्चायन सूत्रो की प्रतिशास्त्रीय व्याख्या प्राप्त है और सूत्रो के सम्बन्ध में शंका के रूप में अनेक प्रकार से पूर्वपक्षो को उद्भूत करके आचार्य ने उनका परिहार दिया है। भाषा तथा शैली की दृष्टि से भी यह ग्रन्थ अत्यन्त महत्वपूर्ण है। हमने अपने प्रस्तुत ग्रन्थ मे स्थान-स्थान पर विषय को स्पष्ट करने के लिए न्यास से उद्धरण दियें है।

कुछ लोग इन्हे सिंहल का निवासी बतलाते हैं और कुछ बर्मा के 'पगन' का।[2] इनका काल सातवी शताब्दी के बाद तथा ग्यारहवी शताब्दी के बीच आंका जाता है। न्यास पर 'न्यास-प्रदीप' नामक टीका बर्मा के आचार्य 'छपद' ने बारहवीं शताब्दी के अन्तिम भाग में लिखी थी। आगे चलकर सत्रहवीं शताब्दी के मध्य मे बर्मा के भिक्षु 'वाठानाग' ने 'निरुत्तिसारमञ्जूसा' नामक न्यास की टीका प्रस्तुत की।[3]

(२) सुत्तनिद्देस—इस ग्रन्थ के रचयिता भी छपद ही है। यह भी कच्चायन व्याकरण की टीका है। सुभूति ने इसका रचना काल ११८१ ई० निश्चित किया है।[4]

१. द्र०—"संस्कृत व्याकरण शास्त्र का इतिहास", भा० १, पृ० ६०–६३।
२. द्र०—एम०एच० बोड, "Pali Literature of Burma", पृ० २१।
३. द्र०—गायगर, "Pali Literature and Language", पृ० ३८।
४. द्र०—"नाममाला", भूमिका, पृ० १६।

(३) सम्बन्धचिन्ता—पालि शब्दयोजना अथवा पदयोजना के सम्बन्ध को व्यक्त करनेवाले इस ग्रन्थ के प्रणेता स्थविर 'सङ्घरक्खित' हैं। इसका भी काल 'सुत्तनिद्देस' के ही लगभग है। इसमें क्रिया से कारक का योग कैसे होता है, इसका व्याख्यान किया गया है। यह ग्रन्थ गद्य पद्यबद्ध है, जिसमे गद्य भाग ही अधिक है।

(४) कारिका—ग्यारहवी शताब्दी में बर्मा के राजा 'अनोरत्त' के समय पालि के अध्ययन का जो प्रारम्भ हुआ, वह उत्तरोत्तर विकास को प्राप्त हुआ और इनके पुत्र के राजत्वकाल में 'धम्मसेनापति' ने अपने 'कारिका' नामक व्याकरण ग्रन्थ को लिखा। इन्ही ने इस पर एक टीका भी लिखी थी। कच्चायन व्याकरण को आधार बनाकर लिखे गये इस ग्रन्थ में ५६८ कारिकायें हैं और कच्चायन के विभिन्न 'कण्डो' से ये सम्बन्धित हैं। प्रारम्भ में इसके रचयिता ने शब्दविनिश्चिय, शब्दानुशासनविनिश्चय, कारिकाविनिश्चय, सूत्रसंख्याविनिश्चय आदि सम्बन्धित विषयो का भी व्याख्यान किया है। आख्यात के व्याख्यान के अन्त में कच्चायन व्याकरण के 'आख्यातकण्ड' के प्रारम्भ में आनेवाली 'आख्यातसागरमथजतनीतरङ्ग...' गाथा भी यहाँ उद्घृत है।

(५) सद्दत्थभेदचिन्ता—यह ग्रन्थ भी कारिकाओ मे ही लिखा गया है। इसमें शब्द, अर्थ तथा शब्दार्थ इन चिन्ताओ का व्याख्यान है। इसके रचयिता बर्मा के स्थविर 'सद्धम्मसिरि' हैं और इसका रचना-काल बारहवी शताब्दी का अन्तिम भाग है।

(६) रूपसिद्धि—इस ग्रन्थ में कच्चायन व्याकरण के सूत्रो को प्रक्रियानुसार भिन्न क्रम में रखा गया है। यह अत्यन्त विस्तृत तथा प्रौढ ग्रन्थ है। इसके रचयिता 'बुद्धप्पिय दीपङ्कर' हैं। ये चोळ प्रदेश के निवासी थे, अतः 'चोळिय दीपङ्कर' इस नाम से भी ये प्रसिद्ध हैं। इन्होंने 'आनन्द वनरतन' से सिंहल में अध्ययन किया था। इनके सम्बन्ध में दीपङ्कर ने कहा है—"विख्यातानन्दथेरव्हयवरगुरूनं तम्बपण्णिद्धजानं[१]।" ये वनवासी सम्प्रदाय के थे तथा इन्होंने 'पियदस्सी' के 'पदसाधन' का सिंहली अनुवाद किया है। इस रूपसिद्धि को 'पदरूपसिद्धि' अथवा विशेष महत्त्व के कारण 'महारूपसिद्धि' भी कहते है। इस पर एक टीका भी है, जिसके लेखक स्वयं 'बुद्धप्पिय' ही कहे जाते हैं। 'बुद्धप्पिय' दक्षिण के 'बालादिच्च' विहार के अध्यक्ष थे। रूपसिद्धि के अतिरिक्त पद्यरचना के उत्कृष्ट ग्रन्थ 'पज्जमधु' के भी यही रचयिता हैं। भाषा तथा शैली की दृष्टि से यह ग्रन्थ अतिगम्भीर और

---

१. द्र०—"रूप०", ग्रन्थ के अन्त में।

पूर्ण विकसित है। इसमें सात काण्ड हैं। अपने समय में पालि व्याकरण शास्त्र जिस प्रौढता को प्राप्त हो गया था, उन सबको इसमें समाविष्ट करने की चेष्टा उन्होंने की है। इनका काल तेरहवी शताब्दी का अन्तिम भाग है। अपने इस संस्करण में कच्चायन की विषय-वस्तु को स्पष्ट करने के लिए स्थान-स्थान पर हमने रूपसिद्धि के उद्धरण दिये हैं और अनुक्रमणिका भाग मे इसके सूत्रो की तुलनात्मक संख्या कच्चायन-सूत्रो से दे दी गई है।

(७) बालावतार—प्रारम्भिक छात्रो की दृष्टि से कच्चायन व्याकरण को संक्षिप्त करके इस ग्रन्थ की रचना हुई है। इसमे सात अध्याय हैं तथा पालि व्याकरण के सुन्दर एवं संक्षेप स्वरूप को यह प्रकट करता है। इस पर सिंहली में अनेक तथा पालि मे दो टीकाये विद्यमान हैं। पाणिनीय परम्परा में जो स्थान 'लघुसिद्धान्तकौमुदी' का है, वही कच्चायन मे 'बालावतार' का। इसके रचयिता 'धम्मकित्ति' हैं, जिनका समय चौदहवी शताब्दी माना गया है।

(८) सद्दसारत्थजालिनी—चौदहवी शताब्दी मे भदन्त 'नागित' स्थविर द्वारा प्रस्तुत किया गया यह व्याकरण का प्रौढ ग्रन्थ ५१६ कारिकाओ मे समाप्त हुआ है। इसमे व्याकरण शास्त्र के महत्त्वपूर्ण प्रश्न 'युत्तसिलेस', 'अयुत्तसिलेस', 'दब्ब-विच्छावचन', 'गुणविच्छावचन', 'क्रियाविच्छावचन आदि का व्याख्यान करके क्रमशः 'सद्द', 'अत्थ', 'सन्धि' नाम', 'कारक', 'समास', 'तद्धित', 'आख्यात' तथा 'कित' आदि का व्याख्यान प्रस्तुत किया गया है। व्याकरण शास्त्र मे प्रयुक्त होनेवाली संज्ञाओ की परिभाषाओ का भी स्थान-स्थान पर इसमे कथन है। इस पर 'सार-मञ्जूसा' नामक एक टीका भी है।

(९) कच्चायनभेद—इसके रचयिता थाटोन (बर्मा) के 'महायस' हैं। कच्चायन को आधार बनाकर उन्हीं से सम्बन्धित अध्यायो पर १७८ कारिकाओ में यह ग्रन्थ लिखा गया है। इसका काल भी चौदहवीं शताब्दी ही है। इस पर 'सारत्थ-विकासिनी' तथा 'कच्चायनभेद-महाटीका' नामक दो टीकायें अति विख्यात हैं।

(१०) कच्चायनसार—इसके भी प्रणेता 'महायस' ही हैं। इसमे ७२ कारिकायें हैं, जिनमें क्रमशः सामान्य, आख्यात, कृत, कारक, समास तथा तद्धित निर्देश आदि वर्णित हैं। 'गन्धवंस' के अनुसार इसके लेखक भिक्षु 'धम्मानन्द' हैं।[1] इसमें 'बालावतार', 'रूपसिद्धि', 'चूलनिरुत्ति' तथा 'सम्बन्धचिन्ता' आदि ग्रन्थो के

---

१. "गन्धवंस", ७४।

उद्धरण विद्यमान हैं।[1] 'महायस' ने स्वयं इस पर एक टीका भी प्रस्तुत की थी, जो गायगर के मतानुसार अधुना उपलब्ध 'कच्चायनसार-पोराणटीका' है।[2] इस पर 'सम्मोहविनासिनी' नामक दूसरी टीका भिक्षु 'सद्धमविलास' ने लिखी है।

(११) सद्दबिन्दु– कच्चायन व्याकरण को आधार बनाकर बर्मा के राजा 'क्यच्वा' ने २० कारिकाओं में इस ग्रन्थ को पन्द्रहवीं शताब्दी के मध्यभाग में प्रस्तुत किया था। इसमें क्रमशः सन्धि, नाम, कारक, समास, तद्धित, आख्यात तथा कृतक का व्याख्यान किया गया है।

(१२) कच्चायनवण्णना—कच्चायन व्याकरण अथवा 'सन्धिकप्प' पर बर्मा के प्रसिद्ध भिक्षु 'महाविजितावी' ने सत्रहवीं शताब्दी के प्रारम्भ में ही इस 'वण्णना' को प्रस्तुत किया। यह कच्चायन सूत्रों की एक प्रौढ टीका है। इसमें भी कच्चायन की सूत्र-संख्या ६७५ ही मानी गई है। इसके प्रारम्भ में कच्चायन व्याकरण की उत्पत्ति तथा इसके लेखक आदि के सम्बन्ध में भी प्रकाश डाला गया है। यद्यपि इसकी शैली 'न्यास' से सरल है तथापि इसमें भी कच्चायन सूत्रों, वृत्ति तथा उदाहरणों से सम्बन्धित विषयों पर शास्त्रार्थ उठाकर उसका परिहार किया गया है। इसके लिए इसमें स्थान-स्थान पर 'न्यास', 'रूपसिद्धि', 'रूपसिद्धिटीका' आदि के मतों को उपस्थित करके उन पर यह भी विचार प्रस्तुत किया गया है कि वे कहाँ तक ठीक है; साथ ही इस सम्बन्ध में जगह-जगह पर 'सद्दनीति' का भी उल्लेख लेखक द्वारा हुआ है। कहीं-कहीं पाठभेद-सम्बन्धी विचार भी इस ग्रन्थ-रत्न में प्राप्त होते हैं। पाणिनीय व्याकरण में आदि मङ्गल, मध्यमङ्गल तथा अन्त्य मङ्गलवाली परम्परा भी यहाँ लेखक द्वारा अपना ली गई है। इस ग्रन्थ के सबसे अधिक उद्धरण हमने कच्चायनसूत्रादि के व्याख्यानार्थ अपने इस संस्करण में दिये हैं।

(१३) वाचकोपदेस—गद्य-पद्य-मिश्रित इस ग्रन्थ को भी 'महाविजितावी' थेर ने ही रचा है। इसमें वाचक को दस प्रकार का मानकर क्रमशः उनका व्याख्यान किया गया है।

(१४) अभिनवचूलनिरुत्ति—इसके लेखक 'सिरिसद्धम्मालंकार' हैं। इसमें कच्चायन सूत्रों के अपवादों का व्याख्यान प्रस्तुत है।

(१५) धातुमञ्जूसा—'सीलवंस' ने कच्चायन-व्याकरणानुसार पद्यबद्ध धातुओं के इस संग्रह को प्रस्तुत किया है। विद्वानों के अनुसार इस पर बोपदेव के

---

१. द्र०—एम०एच० बोड, "Pali Literature of Burma, पृ० ३०।
२. द्र०—"Pali Literature and Language", पृ० ९२।

'कविकल्पद्रुम' तथा पाणिनीय धातुपाठ का पर्याप्त प्रभाव है। कच्चायन व्याकरण सम्प्रदाय का ही होने के कारण यह ग्रन्थ भी हमारे इस संस्करण में परिशिष्ट रूप से मुद्रित है।

मोग्गल्लान व्याकरण सम्प्रदाय

कच्चायन की भाँति यह भी एक प्रौढ़ विकसित तथा महत्त्वपूर्ण सम्प्रदाय है। इस व्याकरण में ८१७ सूत्र हैं, साथ ही धातुपाठ, गणपाठ, एवादिवुत्ति भी संकलित हैं। अपने सूत्रों पर स्वयं मोग्गल्लान ने ही 'वुत्ति' तथा 'पञ्चिका' भी प्रस्तुत की है। इस प्रकार इस दृष्टि से भी इसका अपना विशेष महत्त्व है, क्योंकि ऐसे सम्प्रदाय अत्यल्प ही है, जिनमे सूत्र, वृत्ति तथा पञ्चिका आदि सभी एक ही व्यक्ति (आदि-आचार्य) द्वारा रचे गये हो। इस वृत्ति के अन्त में लेखक ने स्वयं अपना परिचय भी दिया है कि उनका निवास-स्थान अनुराधपुर का 'थूपाराम' नामक विहार था और उनके इस व्याकरण की रचना राजा 'परक्कमभुज' के शासन-काल में हुई थी। यह काल ११५३–११८६ ई० का है। मोग्गल्लान ने अपनी इस कृति में पाणिनि तथा कातन्त्र के अतिरिक्त चन्द्रगोमिन् से भी पर्याप्त सहायता ली है। इस सम्प्रदाय में भी अनेक ग्रन्थो की रचना हुई, जिनमें से मुख्य का संक्षिप्त परिचय नीचे दिया जा रहा है—

मोग्गल्लान सम्प्रदाय के अन्य ग्रन्थ

(१) पदसाधन—इसके रचयिता मोग्गल्लान के शिष्य 'पियदस्सी' हैं। यह भी 'बालावतार' की भाँति ही मोग्गल्लान व्याकरण का संक्षेप है। इस पर अनेक टीकायें लिखी गई हैं।

(२) पयोगसिद्धि— मोग्गल्लान व्याकरण पर 'वनरतन मेधङ्कर' द्वारा यह ग्रन्थ भी कच्चायन सम्प्रदाय के 'रूपसिद्धि' की भाँति ही प्रयोगों को ध्यान मे रखकर प्रस्तुत किया गया है। इसका रचना-काल तेरहवी शताब्दी के लगभग है।

(३) मोग्गल्लानपञ्चिकाप्रदीप—इसके रचयिता 'राहुल वाचिस्सर' हैं। यह 'मोग्गल्लानपञ्चिका' की सिंहली भाषा में अत्यन्त प्रौढ तथा पाण्डित्यपूर्ण व्याख्या है। जब तक 'पञ्चिका' नही प्राप्त थी तब तक मोग्गल्लान व्याकरण की शास्त्रीय व्याख्या का एकमात्र साधन यही ग्रन्थ-रत्न था। अब तो 'पञ्चिका' भी प्रकाशित है, फिर भी इसका अपना विशेष महत्त्व है। राहुल को 'षड्भाषा-परमेश्वर' कहा जाता है, साथ ही 'वाचिस्सर' (वागीश्वर) उपाधि भी इनके भाषा-ज्ञान की प्रौढ़ता के प्रदर्शनार्थ ही है। इस ग्रन्थ में अनेक व्याकरण ग्रन्थों से उद्धरण दिये गये हैं। इसका रचना-काल १४५७ ई० है।

(४) धातुपाठ –कच्चायन सम्प्रदाय की 'धातुमञ्जूसा' की अपेक्षा यह संक्षिप्त तथा उसकी भाँति पद्य में न होकर गद्य में है। इसके रचयिता अभी तक अज्ञात ही हैं।

सद्दनीति व्याकरण सम्प्रदाय

(१) सद्दनीति—यह पालि व्याकरण का तृतीय प्रमुख सम्प्रदाय है। इस ग्रन्थ के तीन भाग हैं—'पदमाला', 'धातुमाला' तथा 'सुत्तमाला'। 'पदमाला' मे पदों का, 'धातुमाला' में धातुओं की सूची के साथ धातु तथा उनसे निष्पन्न होनेवाले शब्दों का और 'सुत्तमाला' में सूत्रों तथा उनके विवेचन के माध्यम से सम्पूर्ण पालि व्याकरण का व्याख्यान प्रस्तुत किया गया है। 'सुत्तमाला' मे १३६१ सूत्र हैं। इस प्रकार से कच्चायन तथा मोग्गल्लान की अपेक्षा सद्दनीति मे अधिक सूत्र हैं, जो इसकी पूर्णता एवं प्रौढ़ता को व्यक्त करते हैं। सम्पूर्ण सद्दनीति २७ परिच्छेदो में विभक्त है। सिंहली परम्परा से पूर्ण स्वतन्त्र रहते हुए बर्मा ने पालि व्याकरण के अध्ययन के विकास मे कैसा अपूर्व योगदान दिया, इसके दर्शन हमे इस ग्रन्थ में होते है। इसकी रचना भिक्षु 'अग्गवंस' द्वारा ११५४ ई० में हुई थी। इसने उस समय बर्मा की विद्वत्ता की धाक सर्वत्र जमाई और आज तक उसमे अद्वितीय ही है।

'अग्गवंस' बर्मा के राजा 'नरपति सिथु' के गुरु थे। ये एक बहुत ही शक्तिशाली सम्राट् थे और इनका शासन-काल पगन(बर्मा)राज्य के इतिहास में गौरवशाली वैभव का प्रतीक है। 'गन्धवस' के अनुसार 'अग्गवंस' 'जम्बुद्वीप' के निवासी थे, पर बर्मी लोग 'जम्बुद्वीप से बर्मा का भी अर्थ ले लेते हैं[1]। अपने पाण्डित्य के कारण इन्हे 'अग्गपण्डित' की उपाधि प्राप्त हुई थी। ऐसी परम्परा है कि सद्दनीति के पूर्ण होने के कुछ वर्ष बाद थेर 'उत्तरजीव' समुद्र मार्ग से इसकी एक प्रति सिंहल के महाविहार में ले गये। वहाँ इसे देखकर लोगो ने अत्यधिक उत्साह तथा प्रशंसा के साथ इसका स्वागत किया तथा व्याकरण पर लिखे गये सिंहल के अन्य ग्रन्थों से इसकी श्रेष्ठता स्वीकार की[2]।

यह ग्रन्थ कच्चायन सम्प्रदाय पर आधारित होते हुए भी एक स्वतन्त्र सम्प्रदाय का प्रतिनिधित्व करता है। भाषा तथा शैली की दृष्टि से यह अत्यन्त ही प्रौढ़ है और एक व्याकरण सम्प्रदाय का प्रधान ग्रन्थ होने के अतिरिक्त 'थेरवाद के अक्षय

---

१. एम० एच० बोड, "Pali Literature of Burma", पृ० १६–१७।
२. वहीं, पृ० १७।

भण्डार' की संज्ञा से इसे हम विभूषित कर सकते हैं। इसमें सर्वत्र ही व्याख्येय विषय को शास्त्रार्थ की प्रणाली से उपस्थित करते हुए उसका पाण्डित्यपूर्ण विवेचन प्रस्तुत किया गया है और इस सम्बन्ध में स्थान-स्थान पर त्रिपिटक से उद्धरण दिये गये हैं। कच्चायन के अलावा विद्वान् लेखक ने संस्कृत के वैयाकरण पाणिनि आदि से भी पर्याप्त सहायता ली है। तीन भागों में इसके मूल का बहुत ही सुन्दर, वैज्ञानिक तथा प्रामाणिक संस्करण हेल्मर स्मिथ द्वारा सम्पादित होकर रोमन लिपि में प्रकाशित हुआ है और उन्हीं के द्वारा अलग से अनुक्रमणिका के भी दो भाग प्रकाश में आये हैं।

(२) धात्वत्थदीपनी—सद्दनीति की धातुमाला में वर्णित धातुओं को पद्यबद्ध करके इसमें संकलित किया गया है। इसके प्रणेता बर्मी भिक्षु 'हिंगुलवल जिनरतन' कहे जाते हैं, जिनके काल के बारे में सम्यक् रूप से कुछ ज्ञात नहीं है।

पालि व्याकरण के स्फुट ग्रन्थ

उपर्युक्त सम्प्रदायों के प्रकरण में वर्णित ग्रन्थों के अतिरिक्त पालि व्याकरण सम्बन्धी अन्य स्फुट ग्रन्थों की भी रचना हुई है, जिनमें 'बच्चवाचक', 'गन्धट्ठि', 'गन्धाभरण', 'विभत्यत्थप्पकरण', 'संवण्णनानयदीपनी', 'सद्दवुत्ति', 'कारकपुप्फमञ्जरी', 'सुधीरमुखमण्डन' तथा 'नयलक्खणविभावनी' आदि मुख्य हैं। आधुनिक युग में आंग्ल, जर्मन, फ्रेंच, सिंहली, बर्मी तथा हिन्दी आदि भाषाओं में भी पालि व्याकरण पर नवीन ग्रन्थों का निर्माण हुआ है, पर विस्तारभय से उन सबका यहाँ परिचय देना अत्यन्त कठिन है।

प्रस्तुत संस्करण

मूल

प्रस्तुत संस्करण में कच्चायन सूत्र तथा वृत्ति का मूल देकर उनका अनुवाद दिया गया है और अनुवाद के पश्चात् विभिन्न टिप्पणियों द्वारा उनकी व्याख्या। मूल कच्चायन सूत्र वृत्ति के विदेशी लिपियों में कई संस्करण हुए हैं। पर इसके लिए इस प्रस्तुत संस्करण में हमने निम्नलिखित संस्करणों का उपयोग किया है—

(१) से० = सेनार्ट द्वारा मूल सूत्र, रोमन लिपि में वृत्ति, उसका फ्रेंच अनुवाद तथा टिप्पणियों के साथ सम्पादित एवं 'जुर्नल एशियाटिक' में १८७१ में प्रकाशित संस्करण;

(२) सी० १ = वृत्ति के साथ कच्चायन सूत्रों का, विद्यालङ्कार कालेज के प्रिंसिपल, धर्मकीर्ति श्री धर्माराम द्वारा सम्पादित तथा सिंहली लिपि में १९०४ में प्रकाशित संस्करण;

(३) सी० २ = कच्चायन सूत्र वृत्ति का श्री एच०सुमङ्गल के शिष्य श्री गुणरत्न थेर द्वारा सम्पादित तथा सिंहली लिपि में १६१३ में प्रकाशित संस्करण।

मूल सूत्रों तथा वृत्ति को इन तीनों सस्करणों से मिलाकर उपर्युक्त पाठ को ऊपर रखकर उपलब्ध पाठभेद को इन संस्करणों के नाम से (से०, सी० १, सी० २) नीचे दे दिया गया है। पहले यह भी विचार था कि वृत्ति में आये हुए उदाहरणों का पिटक तथा अनुपिटक साहित्य से सन्दर्भ दे दिया जाय, पर ग्रन्थ के बहुत बढ़ जाने के भय से इसे छोड़ देना पड़ा। देवनागरी लिपि में मूल सूत्रों तथा वृत्ति का एक संस्करण महामहोपाध्याय सतीशचन्द्र विद्याभूषण के सम्पादकत्व में १६०१ में निकला था। पर अपने इस कार्य के लिए सर्वथा अनुपयुक्त होने के कारण इसका ग्रहण यहाँ नहीं किया गया। इस प्रकार से वैज्ञानिक रीति से कच्चायन के मूल सूत्रों तथा वृत्ति को देवनागरी लिपि में प्रस्तुत करने का यह प्रथम प्रयास है।

अनुवाद

मूल सूत्र तथा वृत्ति को उपर्युक्त रीति से देकर उसके नीचे वृत्ति का अक्षरशः अनुवाद दिया गया है और उसके पश्चात् [ ] कोष्ठ के अन्दर विषय वस्तु को स्पष्ट करने के लिए टिप्पणी दी गई है।

इस टिप्पणी में कच्चायन सम्प्रदाय के प्रकरण ग्रन्थ 'न्यास', 'रूपसिद्धि', 'कच्चायनभेद' तथा 'कच्चायनवण्णना' आदि से यथासम्भव सहायता ली गई है और कठिन एवं शंकाग्रस्त विषयों के सम्बन्ध में पूर्वपक्ष को उठाकर अथवा तत्सम्बन्धित प्रश्नों का समावेश कराकर उनका परिहार दिया गया है। कच्चायन के अतिरिक्त 'मोग्गल्लान' एवं उनकी 'पञ्चिका' में प्राप्त व्याख्यान तथा 'सद्दनीति' के भी उद्धरण इस सम्बन्ध में दिये गये हैं, साथ ही गायगर का भी उल्लेख किया गया है। इन उद्धरणों के अतिरिक्त कच्चायन सूत्रों से सम्बन्धित विषयों को स्पष्ट करने के लिए 'निरुक्त', 'महाभाष्य', महाभाष्य की टीका, 'सिद्धान्तकौमुदी', उसकी टीका 'तत्त्वबोधिनी' आदि से भी उद्धरण दिये गये हैं। उदाहरणार्थ सूत्र 'नामानं समासोयुत्तत्थो' (३१८) पर टिप्पणी देते समय कच्चायन सम्प्रदाय के आधार पर 'युत्तत्थ' आदि की व्याख्या देने के उपरान्त 'वृत्ति' के प्रसङ्ग में समास का जो विस्तृत विवेचन 'महाभाष्य' में प्राप्त है, उसे दिया गया है; साथ ही 'कच्चायन-न्यास' तथा 'मोग्गल्लानपञ्चिका' आदि पर इस विवेचन का क्या प्रभाव पड़ा है, इसे भी वहीं पर व्यक्त कर दिया गया है। इसी प्रकार का व्याख्यान 'उणादिकप्प' के प्रारम्भ में भी विद्यमान है, जहाँ उणादि-विवेचन की भारतीय वैयाकरणों की परम्परा का उल्लेख करते हुए,

पाणिनीय परम्परा में प्राप्त उणादि का विवेचन महाभाष्य के आधार पर प्रस्तुत करके, 'यास्क' के इस मत का भी उल्लेख वहीं किया गया है कि नाम आख्यातज हैं। किस प्रकार से पाणिनीय व्याकरण के अनुकरण में मोग्गल्लान ने अपनी 'एवादिवृत्ति' दी है, यह भी वहीं पर व्यक्त है।

स्थान-स्थान पर पाणिनि तथा कातन्त्र के समान तथा तुल्यकार्यवाले सूत्र भी उद्धृत किये गये हैं। कहीं-कहीं 'कच्चायनवण्णना' के आधार पर कठिन तथा महत्त्वपूर्ण पदो की सिद्धि भी दे दी गई है। न्यासकार, रूपसिद्धिकार तथा इसके टीकाकार ने स्थल-स्थल पर सम्बन्धित विषयों पर जो भिन्न-भिन्न विचार व्यक्त किये हैं, उन्हे भी अनुवाद की इस टिप्पणी में यथासम्भव उपस्थित करने का प्रयत्न किया गया है। साथ ही वृत्ति तथा रूपसिद्धि मे प्राप्त अन्तर भी व्यक्त किये गये हैं।

इस प्रकार से सूक्ष्म विषय-विश्लेषण के लिए सम्पूर्ण अनुवाद के प्रसङ्ग में दी गई ये टिप्पणियाँ उल्लेखनीय हैं। अन्य भाषाओं में प्राप्त कच्चायन के अनुवादों में शास्त्रार्थ के रूप में विषय-व्याख्यान का अभाव विद्वानों को खटकता था, अतएव टिप्पणी के रूप में इसकी पूर्ति करने की चेष्टा हमने की है; विशेषकर भारतीय जिज्ञासुओं के लिए तो इसकी नितान्त आवश्कता है, क्योंकि व्याकरणाध्ययन की भारतीय परम्परा ऐसी ही है। यहाँ पर व्याकरण का अध्ययन एक प्रौढ़ शास्त्र के रूप मे किया जाता है और प्रौढ़ता के लिए इस प्रकार की टिप्पणियाँ नितान्त आवश्यक हैं, क्योंकि कच्चायन व्याकरण शास्त्र से सम्बन्धित प्रौढ़ ग्रन्थ अभी तक देवनागरी में सुलभ नही हैं, यद्यपि इसकी पूर्ति की ओर भी हमारी दृष्टि है। इस प्रकार से इस टिप्पणी-भाग में सूत्र तथा वृत्ति से सम्बन्धित विषयों को तुलनात्मक तथा आलोचनात्मक रीति से स्पष्ट करने की हमने यथासम्भव चेष्टा की है।

पाठभेद

ऊपर वर्णित संस्करणों के आधार पर कच्चायन सूत्र तथा वृत्ति का सुव्यवस्थित पाठ रखने का प्रयत्न हमने इस प्रस्तुत संस्करण में किया है और इन संस्करणों के अतिरिक्त इस सम्बन्ध में इस सम्प्रदाय के प्रकरण ग्रन्थो से भी यथासम्भव सहायता ली है। इस विषय में सर्वत्र ही वैज्ञानिक पद्धति का ही अवलम्ब लिया गया है, पर सभी जगह यही चेष्टा रही है कि जो पाठ इस संस्करण में रखा जाय, वह उपर्युक्त किसी न किसी संस्करण में अवश्य प्राप्त हो तथा यथासम्भव उसका अन्य आधार भी विद्यमान हो। जहाँ पर ऐसी समस्या आ गई है कि यद्यपि वह तीनों संस्करणों में प्राप्त है तथापि अनुपयुक्त ही प्रतीत होता है, वहाँ

पर बाद के प्रकरण ग्रन्थों से अथवा अपना स्वतन्त्र विचार व्यक्त कर दिया गया है। उपयुक्त पाठ को ऊपर रखकर शेष का उल्लेख नीचे है। सम्पूर्ण पुस्तक में यही प्रणाली अपनायी गई है।

सेनार्ट ने अपने संस्करण में पाठों के बारे में श्लाघनीय प्रयत्न किया था। पर उनके समक्ष अनेक कठिनाइयां थी—सम्पूर्ण त्रिपिटक अभी तक रोमन लिपि में मुद्रित नहीं हो पाया था, साथ ही कच्चायन सम्प्रदाय के अन्य प्रकरण ग्रन्थ भी पूर्ण प्रकाश मे नहीं आ पाये थे। हमे इस कार्य के लिए जितनी सामग्री सुलभ हो सकी है, उसके पूर्ण उपयोग करने की चेष्टा पाठभेदादि के निर्णय में की गई है। नीचे उदाहरणस्वरूप कुछ पाठभेदो के सम्बन्ध मे विचार उपस्थित किया जाता है—

(१) सूत्र ९१ मे से० मे सूत्र तथा वृत्ति में 'इनि' प्रत्यय का पाठ दिया गया है, पर उदाहरण 'गहपतानी' है। अतएव 'इनि' के स्थान पर 'इनी' पाठ, जो सी० १ तथा सी० २ में उपलब्ध है, इस संस्करण में दिया गया है तथा से० का पाठ नीचे उद्धृत है।

(२) सूत्र १२४ की वृत्ति में सी० २ में विकल्प विधान विहित है, पर इस संस्करण के अतिरिक्त यह कही अन्यत्र प्राप्त नहीं है; साथ ही 'रूपसिद्धि' तथा 'कच्चायनवण्णना' में भी इस प्रकार की कोई चर्चा नही विद्यमान है। अतः इस पाठ को अनुपयुक्त मानकर नीचे दे दिया गया है।

(३) सूत्र २६३ की वृत्ति मे से० तथा सी० २ मे क्रमशः प्राप्त पाठ 'येपच्चये' तथा 'येप्पच्चये' को न स्वीकार करके 'रूपसिद्धि' तथा 'कच्चायनवण्णना' के आधार पर सी० १ के 'यप्पच्चये' पाठ को ही स्वीकार किया गया है।

(४) सूत्र २७९ की वृत्ति मे से० में 'यो वदेति···विजानिया' वाली गाथा गद्य समझ कर उसी प्रकार से प्रस्तुत की गई है, जो अनुपयुक्त है; साथ ही 'वदेति' के स्थान पर वहां 'वादेति' पाठ है और 'वदेति' टिप्पणी में उद्धृत है। 'कच्चायन-वण्णना' के आधार पर हमने 'वदेति' को ही स्वीकार किया है।

(५) से० में सूत्र ३११ की वृत्ति में प्रसिद्ध उदाहरण 'अस्सवनता धम्मस्स परिहायन्ति' का पाठ 'अस्स वनताधम्मस्स···' उद्धृत है और टिप्पणी में 'वनता-धम्मस्स' एवं 'वनिताधम्मस्स' आदि पाठ नीचे दिए गये हैं। इनका ग्रहण न करके हमने उपयुक्त को ही प्रस्तुत किया है। यहीं पर हमने 'आसीविसानं' के

स्थान पर सी० १ तथा सी० २ में विद्यमान पाठ 'ग्रासिविसानं' दिया है, जो हमें उपयुक्त ज्ञात होता है, यद्यपि पालि में दोनों का प्रयोग है।

(६) सूत्र ३१२ की वृत्ति में 'आजीविका' पाठ से० तथा सी० २ में विद्यमान है। इसके स्थान पर सी० २ का उपयुक्त पाठ 'आजीवका' ही इस संस्करण में स्वीकृत किया गया है।

(७) सूत्र ४०१ की वृत्ति में से० में षष्ठी को छोड़ कर शेष सभी विभक्तियों के उदाहरण दिये गये हैं। अतः इसके स्थान पर सी० १ तथा सी० २ के पाठ का यहाँ पर ग्रहण है।

(८) सूत्र ४६६ में से० में सूत्र तथा वृत्ति दोनों में ही 'पामानानं' के स्थान पर 'पामानं' पाठ दिया गया है। स्पष्ट रूप से यहाँ पर 'पा' तथा 'मान' धातुओं की चर्चा है, अतः इस दृष्टि से से० का यह पाठ उपयुक्त नहीं है। इसलिए इसके स्थान पर सी० १ तथा सी० २ के उपयुक्त पाठ को ही इस प्रस्तुत संस्करण में स्वीकार किया गया है।

(९) सूत्र ५१४ की वृत्ति में 'अकारो च उत्तमापज्जते' के स्थान पर से० में 'अकारो अत्तं आपज्जते' पाठ है। यहाँ पर निश्चित रूप से 'अत्त्व' की चर्चा न होकर उत्व की चर्चा है और प्रयोग तथा अनुवृत्ति से वही ठीक है; अतः से० के पाठ का ग्रहण नहीं किया गया है।

परिशिष्ट

इस संस्करण के परिशिष्ट का कलेवर भी बृहद् ही हो गया है। सर्वप्रथम इसमें कच्चायन सम्प्रदाय के धातुपाठ को व्यक्त करने वाले 'धातुमञ्जूसा' के मूल को इसके सिंहली तथा बर्मी संस्करणों के आधार पर प्रस्तुत किया गया है और इसके पश्चात् अति विस्तृत रूप से विभिन्न अनुक्रमणिकायें दी गई हैं, जो इस प्रकार से हैं—

अनुक्रमणिका

(१) कच्चायन-सुत्तानि—इसमें कच्चायन सूत्र सूत्र-संख्या के साथ अकारादि-क्रम से रखे गये हैं। (२) धातुसूची—यहाँ 'धातुमञ्जूसा' की धातुएँ गाथा-संख्या तथा गणनिर्देश के साथ अकारादि-क्रम से प्रस्तुत की गई हैं। (३) पच्चयसूची—नाम, आख्यात, तद्धित, कृतविधान तथा उणादि प्रत्यय इस सूची में अकारादि-क्रम से सूत्र-संख्या के साथ निर्दिष्ट हैं; यहाँ तद्धित तथा कृत प्रत्ययों को उदाहरणों एवं प्रयोग-स्थानों के साथ दिया गया है और उणादि के प्रत्ययों का केवल उदाहरणों के साथ उल्लेख है। (४) पच्चयानुबन्धादिसङ्खित्तविवरणं—में प्रत्ययों में विद्यमान महत्त्व-पूर्ण अनुबन्धों से क्या तात्पर्य है और उनसे कौन कार्य सपन्न होते हैं, इसे संक्षिप्त रूप से व्यक्त किया गया है। (५) आख्यातकप्पविकरणसूची—इसमें आख्यात-

कप्प' के विकरणों का गणों एवं सूत्र-संख्या के साथ उल्लेख है। (६) उदाहट-पयोगसूची—इस सूची में कारक तथा समास के प्रयोगों को छोड़कर 'कच्चायन-वुत्ति' में आये हुए सम्पूर्ण प्रयोग अकारादि-क्रम से सूत्र-संख्या के साथ दे दिये गये हैं। (७) विसिट्ठपदसूची— इस व्याकरण में प्रयुक्त विशिष्ट पद सूत्र-संख्या के साथ यहाँ पर उल्लिखित हैं। (८) कच्चायन-रूपसिद्धिसुत्ततुलना— यद्यपि 'रूप-सिद्धि' में कच्चायन के ही सूत्र दिये गये हैं तथापि वहाँ का क्रम भिन्न है। अतः कच्चायन सूत्रों को 'रूपसिद्धि' में जल्दी पाना कठिन है। इसीलिए इन दोनों की यह तुलनात्मक सूत्र-सूची प्रस्तुत की गई है। (९) कच्चायन-कातन्त्रसुत्ततुलना—इस अनुक्रमणिका में कच्चायन सूत्र-संख्या की तुलना कातन्त्र सूत्र तथा उनकी संख्या से दी गई है। (१०) कच्चायन-पाणिनीयसुत्ततुलना—यह कच्चायन सूत्रों से समान-कार्य-विधायक पाणिनीय सूत्रों की तुलना है। यहां क्रमशः कच्चायन सूत्र-संख्या तथा पाणिनीय सूत्र-संख्या का निर्देश है। (११) सुद्धिपण्णं— यथासम्भव इस शुद्धि पत्र में अशुद्धियों की ओर संकेत कर दिया गया है। शेष के लिए विद्वान् क्षमा करेंगे।

अधिक संयमित रहने पर भी यह भूमिका काफी बड़ी हो गई है। हमें यह सन्तोष है कि इसमें हमने पालि शब्द, भाषा तथा व्याकरण सम्बन्धी अध्ययन के बारे में कुछ नवीन विचार प्रस्तुत करने का प्रयास किया है—

"अत्थेसु अक्खरपदेसु विनिच्छयेसु
पुब्बापरेसु खलितं खलितं यदत्थि।
ओहाय खन्तुमरहन्ति वदन्तु सन्तो
दिट्ठापराधमथ वा किमु लाळनेन" ॥

(सङ्घरक्खित थेर, खुद्दकसिक्खा-टीका)

"न हि किंचिदपूर्वमत्र वाच्यं
न च संग्रथनकौशलं ममास्ति।
अत एव न मे परार्थचिन्ता
स्वमनो वासयितुं कृतं मयेदम्" ॥

(शान्तिदेव, बोधिचर्यावतार)

पालि विभाग,
वाराणसेय संस्कृत विश्वविद्यालय,
वाराणसी

लक्ष्मीनारायण तिवारी

साङ्केतिक विवरण

अ० = अष्टाध्यायी
अङ्गु० = अङ्गुत्तरनिकाय
उदा० = उदाहरण
उ० सू० = उणादिसूत्र
क० भे० = कच्चायनभेद
क० व० = कच्चायनवण्णना
क० व्या० = कच्चायन व्याकरण
क० सू० = कच्चायन सूत्र
का० = कारिका
चुल्ल० = चुल्लवग्ग
ज० काश्यप = जगदीश काश्यप
जात० अ० = जातक-अट्ठकथा
टिप्प० = टिप्पणी
दी० नि० अ० = दीघनिकाय-अट्ठकथा
द्र० = द्रष्टव्य
परि० = परिच्छेद
पुग्ग० प० अ० = पुग्गलपञ्ञत्ति-अट्ठकथा
पेत० अ० = पेतवत्थु-अट्ठकथा
पृ० = पृष्ठ
भा० = भाग
भा० आ० हि० = भारतीय आर्यभाषा और हिन्दी
महा० = महाभाष्य
रूप० अथवा
रू० सि० = रूपसिद्धि अथवा महारूपसिद्धि
वत्थु० = वत्थुकथा
विसु० = विसुद्धिमग्ग
वि० वि० = विशेष विवरण
वि० वि० द्र० = विशेष विवरण के लिए द्रष्टव्य
सद्द० = सद्दनीति
समन्त० = समन्तपासादिका
सि० कौ० = सिद्धान्तकौमुदी
सु० नि० अ = सुत्तनिपात-अट्ठकथा
सू० = सूत्र
हि०भा०उ०वि० = हिन्दी भाषा का उद्गम और विकास
J. R. A. S = Journal of the Royal Asiatic Society
M. I. A. = Middle Indo Aryan

विषय-सूची

से (अर्थ का अवधारण होने से, अक्षरसमूह के मेल को भलीभाँति जान लेने से) [प्राप्त हो सकता है] अतः श्रेयस् की कामना करनेवाला (परमार्थ को प्राप्त करने की इच्छावाला) विविध पदों को (अक्षरपदों को) सुने। (२)

[जिस व्यक्ति को परमार्थ का साक्षात्कार करना हो उसे यह चाहिए कि इस कार्य में मुख्य मार्ग-दर्शक बुद्ध के वचनों के अर्थ को व्यक्त करने में सहायक विभिन्न अक्षरों के मेल से उत्पन्न होने वाले उन शब्दों के अर्थ के सम्यक् ज्ञान के लिए उनके इस विविध मेल के विषय में सुने।

प्रथम गाथा में तो त्रिरत्न की वन्दना की गई है और द्वितीय गाथा बौद्ध-परम्परा में व्याकरणशास्त्र का क्या प्रयोजन है, इसे व्यक्त करती है। व्याकरणशास्त्र का प्रयोजन केवल यह है कि बुद्धवचन को सम्यक् रूप से समझने में यह सहायक है तथा सम्यक् अवधारण के बाद यह परमार्थ की प्राप्ति कराने में समर्थ होता है। इस प्रकार से व्याकरणशास्त्र का प्रयोजन या लक्ष्य बौद्ध-नय के अनुसार परमार्थ की प्राप्ति कराना ही है।

'कच्चायनवण्णना' में इन गाथाओं का विस्तृत रूप से व्याख्यान किया गया है। उसके कुछ अंश यहाँ दिये जा रहे हैं—

"सेट्ठो—पसत्थो विसेसेना ति; सुन्दरे सतिपट्ठानादिभेदे धम्मे एसति गवेसती ति सेट्ठो। तिलोकमहितं—लुज्जति पलुज्जती ति लोको, चुतिक्खणे लुज्जति, पटिसन्धिक्खणे पलुज्जति, पुन निब्बत्तति, लोको च लोको च लोको च लोका, काम-रूपारूपवसेन तयो लोका, सत्तलोक-सङ्खारलोक-ओकासलोकवसेन वा तयो लोका, समाहारासमाहारेसु एकत्ता नपुंसकत्ता च; महीयते पूजीयते ति महितो (बुद्धो), तिलोकेन महितो तिलोकमहितो, तं तिलोकमहितं। अग्गं—उत्तमं, सुन्दरं निब्बाणं अजति गच्छती ति वा अग्गो (बुद्धो), तं अग्गं। बुद्धं—सामं च सब्बधम्मे बुज्झती ति बुद्धो, चत्तारि सच्चानि बुज्झती ति वा बुद्धो, तं बुद्धं। अमलं—नत्थि मलमेतस्सा ति अमलो (मलरहितो सुरियो विय, रागादिमलरहितत्ता मलपटिपक्खं), तं अमलं। धम्मं—पटिपज्जमाने सत्ते चतूसु अपायेसु अपतमाने कत्वा धारयती ति धम्मो (सपरियत्तिको नवलोकुत्तरधम्मो), तं धम्मं। उत्तमं—उद्धतो तमो येन सो उत्तमो, उग्गतानं विसेसेन उग्गतो ति वा उत्तमो (उग्गतमो ति वत्तब्बे निरुत्तिनयेन उत्तमो ति वुत्तं), उत्तमानं विसेसेन उत्तमो ति वा उत्तमो (उत्तमतमो ति वत्तब्बे सब्बेकसेसवसेन उत्तमो ति वुत्तं), सेट्ठत्ता वा उत्तमो, तं उत्तमं। गणं—गणितब्बो सङ्ख्यातब्बो ति गणो (अरिय-

कच्चायनब्याकरणं

(सुत्त-वुत्ति-भासानुवादसहितं)

समूहो'), तं गणं। अभिवन्दिय—अभिमुखो वन्दधातु वन्दने, अभि आदरेन वन्दित्वा ति अभिवन्दिय। सत्थुस्स—सदेवके लोके सासति अनुसासती ति सत्था; किलेसादयो ससति हिंसती ति वा सत्था (भगवा), तस्स सत्थुस्स, सदेवकस्स लोकस्सानुसासकस्स। तस्स—तादिसस्स बुद्धस्स। वचनत्थवरं—वचीयते अनेना ति वचनं; अरीयते आयते ति अत्थो, अरति आणाभिमुखं पवत्तती ति वा अत्थो; वचनस्स अत्थो वचनत्थो; वरितब्बो पत्थेतब्बो ति वरो, उत्तमत्थेन वा वरो; वचनत्थो च सो वरो चा ति वचनत्थवरो, तं वचनत्थवरं, पाल्यत्थवरं। सुबोद्धुं—सुट्ठु बोद्धुं बुज्झितुं ति सुबोद्धुं, सुट्ठु ञातुं एत्थ—एतस्मिं। सुत्तहितं—अत्थे सुचेती ति सुत्तं, सुट्ठु वुत्तं ति वा सुत्तं, अत्थे अभिसवेती ति वा सुत्तं, अत्थे पवरापेती ति वा सुत्तं, सुट्ठु अत्थे तायती ति वा सुत्तं, सुत्तसदिसत्ता वा सुत्तं; हितो ति अनुरूपं पवत्तति, सुत्तस्स हितो सुत्तहितो (सन्धिकप्पो), तं सुत्तहितं, पिटकत्तयानुकूलं। सुसन्धिकप्पं—द्विन्नं पदानं अन्तरं अदस्सेत्वा सम्मापकारेन धीयति घटीयती ति सन्धि, समोधानं वा सन्धि, सन्धि च सन्धि च सन्धि च सन्धि, नानाभेदभिन्ना ति अत्था; कप्पिय परिच्छिज्जीयति एत्था ति कप्पो; सुन्दरो सन्धिकप्पो तथा तं सुसन्धिकप्पं। वक्खामि—भासिस्सामि।

बुज्झन्ती ति बुधा भब्बपुग्गला; पापके अकुसले धम्मे जिनाति अजिनि जिनिस्सती ति जिनो भगवा, ईरीयते ति ईरितो, जिनेन ईरितो जिनेरितो, नीयति अत्थो एतेना ति नयो (सद्दनयो) नेतब्बो ति वा नयो (अत्थनयो), जिनेरितो च सो नयो चा ति तथा तेन; परमत्थो विसेसेना ति सेव्यो परमत्थानं विसेसेन परमत्थो ति वा सेय्यो लोकुत्तरधम्मो तं सेय्यं; लभन्ती ति पटिपज्जन्ति; तं वा पी ति तं जिनेरितनयं अपि; वचनस्स अत्थो वचनत्थो, सुट्ठु बुज्झीयते ति सुबोधनं, वचनत्थस्स सुबोधनं वचनत्थसुबोधनं, तेन वाचकभावेन; अनन्तमभिधेय्यं पत्वा नक्खरन्ती ति अक्खरा, पदीयन्ति गमीयन्ति एतेही ति पदानि, अक्खरानि च पदानि च तथा तेसु; मोहेती ति मोहो, नत्थि मोहो एतेसं ति अमोहो, भवनं भावो, अमोहानं भावो अमोहभावो तस्मा, करणत्थे पञ्चमी; सेय्येन अत्थो सेय्यत्थो, सेय्यत्थो अस्स अत्थी ति सेय्यत्थिको; अतो ति तस्मा; विविधा पकारा एतस्सा ति विविधं, अक्खरपदं; सुणेय्या ति सिक्खेय्य।"

ग्रन्थारम्भ में प्रणामादि की व्यवस्था ग्रन्थकारों ने प्राचीन काल से ही रक्खी है और इस दिशा में उत्तरोत्तर वृद्धि होती गई है। कहीं तो यह सम्पूर्ण

नमो तस्स भगवतो अरहतो सम्मासम्बुद्धस्स

कच्चायनव्याकरणं

१. सन्धिकप्पो

(१) पठमो कण्डो

सेट्ठं तिलोकमहितं अभिवन्दियग्गं,
बुद्धञ्च धम्ममम‌लं गणमुत्तमञ्च।
सत्थुस्स तस्स वचनत्थवरं सुबोद्धुं,
वक्खामि सुत्तहितमेत्थ सुसन्धिकप्पं॥ १॥

सेय्यं जिनेरितनयेन बुधा लभन्ति,
तञ्चापि तस्स वचनत्थसुबोधनेन।
अत्थञ्च अक्खरपदेसु अमोहभावा,
सेय्यत्थिको पदमतो विविधं सुणेय्य॥ २॥

प्रशस्ततर तीनों लोकों द्वारा पूजित उत्तम बुद्ध, मल के प्रतिपक्षी धर्म तथा उत्तम सङ्घ की आदरपूर्वक वन्दना करके उस प्रकार के (देव मनुष्यों के लोकानुशासक) शास्ता के वचनों (उपदेशों) के सुष्ठु अर्थ को भलीभाँति समझने के लिए तीनों पिटकों के अनुकूल सुन्दर सन्धिकल्प का यहाँ मैं व्याख्यान करता हूँ। (१)

विद्वान् लोग (ज्ञानी पुरुष) बुद्ध द्वारा उपदिष्ट मार्ग से (बुद्ध के उपदेशों का अनुगमन करके, उनके द्वारा प्रतिपादित शब्द-नय तथा अर्थ-नय से लाभान्वित होकर) श्रेयस् को (लोकोत्तर धर्म को, निर्वाण अथवा विमुक्ति को) प्राप्त करते हैं और वह (बुद्ध द्वारा उपदिष्ट मार्ग) उनके वचनों के अर्थावबोध से (प्राप्त किया जा सकता है) और अर्थ का अक्षरपदों में ज्ञान होने

शास्त्र के विधेय को व्यक्त करता है और कहीं पर केवल मङ्गलार्थ है। वैयाकरण भी इसमें पीछे नहीं रहे हैं और महाभाष्यकार पतञ्जलि ने कात्यायन के प्रथम वार्तिक 'सिद्धे शब्दार्थसम्बन्धे' में 'सिद्ध' शब्द के प्रयोग को मङ्गलार्थ माना है—"माङ्गलिक आचार्यो महतः शास्त्रौघस्य मङ्गलार्थं सिद्धशब्दमादितः प्रयुङ्क्ते। मङ्गलादीनि हि शास्त्राणि प्रथन्ते वीरपुरुषकाणि च भवन्त्यायुष्मत्पुरुषकाणि चाध्येतारश्च सिद्धार्था यथा स्युरिति।" (माङ्गलिक आचार्य महान् शास्त्रसमूह के मङ्गल के लिए 'सिद्ध' शब्द का प्रारम्भ में प्रयोग करते हैं। जिन शास्त्रों के आदि में मङ्गल होता है, उनकी प्रसिद्धि होती है और उनसे सम्बन्धित पुरुष वीर और आयुष्मान् होते हैं तथा उनका अध्ययन करने वालों की इच्छाएँ पूर्ण होती हैं। यही मङ्गल का उद्देश्य है।) आगे चलकर 'वृद्धिरादैच्' सूत्र की व्याख्या में भी महाभाष्यकार ने इसी प्रकार की बात कही है। यह परम्परा दर्शन, साहित्य तथा ज्योतिषादि सभी शास्त्रों में अपनाई गई है।

पालि साहित्य भी इससे अछूता न रह सका। त्रिपिटक के पश्चात् पालि अट्ठकथाओं में यही क्रम रहा। सर्वप्रथम मङ्गलार्थ त्रिरत्नादि की वन्दना के पश्चात् ही अट्ठकथाकारों ने अपनी अट्ठकथाओं का प्रारम्भ किया है, यथा—

"जातिकोटिसहस्सेहि पमाणरहितं हितं।
लोकस्स लोकनाथेन कतं येन महेसिना॥
तस्स पादे नमस्सित्वा कत्वा सङ्घस्स चञ्जलिं।
सङ्घञ्च पतिमानेत्वा सब्बसक्कारभाजनं॥
नमस्सनादितो अस्स पुञ्ञस्स रतनत्तये।
पवत्तस्सानुभावेन भेत्वा सब्बे उपद्दवे॥"

(जातकट्ठवण्णना, १)

तथा

"करुणा विय सत्तेसु पञ्ञा यस्स महेसिनो।
नेय्यधम्मेसु सब्बेसु पवत्तित्थ यथारुचिं॥

× × ×

तस्स पादे नमस्सित्वा सम्बुद्धस्स सिरीमतो।
सद्धम्मं चस्स पूजेत्वा कत्वा सङ्घस्स चञ्जलिं॥

× × ×

आनुभावेन सोसेत्वा अन्तराये असेसतो।"

यही परम्परा पालि साहित्य में क्रमशः आगे बढ़ती गई है और इस भाषा के वैयाकरणों ने भी इसका पालन किया है। इसी के फलस्वरूप कच्चायन ने भी अपने इस व्याकरण का प्रारम्भ त्रिरत्न-वन्दना-रूपी मङ्गल से ही किया है।

कच्चायन के अतिरिक्त मोग्गल्लान तथा सद्दनीतिकार ने भी आदि में मङ्गलार्थक गाथायें कही हैं और इनके अनुगामियों ने भी इसका पालन किया है :—

"सिद्धमिद्धगुणं साधु नमस्सित्वा तथागतं।
सधम्मसङ्घं भासिस्सं मागधं सद्दलक्खणं॥"

(मोग्गल्लानव्याकरण, १)

"धीरेहि मग्गनायेन येन बुद्धेन देसितं।
सितं धम्ममभिञ्ञाय जायते अमतं पदं॥
तं नमित्वा महावीरं सब्बञ्ञुं लोकनायकं।
महाकारुणिकं सेट्ठं विसुद्धं सुद्धिदायकं॥
सद्धम्मञ्चस्स पूजेत्वा सुद्धं सन्तमसङ्खतं।
अतक्कावचरं सुट्ठु विमत्तं मधुरं सिवं॥
सङ्घस्स चञ्जलिं कत्वा पुञ्ञक्खेत्तस्स तादिनो।
सीलसमाधिपञ्ञादिविसुद्धगुणजोतिनो॥"

(सद्दनीति, पदमाला १)

संस्कृत बौद्ध साहित्य में भी आगम ग्रन्थों के पश्चात् ग्रन्थारम्भ में शास्ता के प्रति नमस्कारादि विद्यमान हैं :—

"अनिरोधमनुत्पादमनुच्छेदमशाश्वतम्।
अनेकार्थमनानार्थमनागममनिर्गमम्॥
यः प्रतीत्यसमुत्पादं प्रपञ्चोपशमं शिवं।
देशयामास सम्बुद्धस्तं वन्दे वदतां वरम्॥"

(मूलमाध्यमिककारिका, १)

तथा

"यः सर्वथा सर्वहतान्धकारः संसारपङ्काज्जगदुज्जहार।
तस्मै नमस्कृत्य यथार्थशास्त्रे शास्त्रं प्रवक्ष्याम्यभिधर्मकोशम्॥"

(अभिधर्मकोश, १)

'कच्चायनवण्णना' में महाविजितावी थेर ने सर्वप्रथम ही यह प्रश्न उठाया है कि 'अत्थो अक्खरसञ्ञातो' सूत्र को न कहकर आचार्य कच्चायन ने प्रारम्भ

में इन गाथाओं को क्यों कहा है ? इसका उत्तर उन्होंने स्वयं ही यह दिया है :- रत्नत्रय के प्रणाम-स्वरूप शास्त्र-पूर्वगामी-भूत ही ये गाथाएँ हैं। अर्थात् शास्त्र के कथन के पहले रत्नत्रय का प्रणामादि परमावश्यक है। अतएव ऐसा किया गया है। इसकी पुष्टि में वे कहते हैं—विघ्नों के नाश के लिए तथा मङ्गलादि की प्राप्ति के लिए ही ग्रन्थों के प्रारम्भ में प्रणामादि किये जाते हैं (तत्थ 'अत्थो अक्खरसञ्ञातो'ति अवत्वा 'सेट्ठं तिलोकमहितं'ति आदिगाथाद्वयं कच्चायनाचरियेन कस्मा वुत्तं ति ? रतनत्तयपणामपुब्बङ्गमं पुब्बपक्खं दस्सेतुं गाथाद्वयमाह; वुत्तञ्च—

अन्तरायविघातत्थं मङ्गलादीनमत्थाय।
तेसं गन्थानमारम्भे पणामादीनि वुच्चरे ॥)

त्रिरत्न की वन्दना का तात्पर्य विघ्नविनाश ही है—"तत्थ रतनत्तय-पणामो कस्मा वुत्तो ति ? यं किञ्चि गन्थं समारभितुकामेन तावाचरियेन रतनत्त-यस्स पणामं कत्वा तब्बिहतन्तरायेन समारभितब्बं ति वत्तिसमहापुरिसलक्खण-सब्बञ्ञुतादिगुणसम्पत्तिसमङ्गिताय बुद्धस्स, स्वाक्खततादिभावेन धम्मस्स, सुपटिपन्नतादिभावेन सङ्घस्स च सब्बलोकाभिवन्दनीयस्स अत्तनो सत्थुनो पणामं दस्सेन्तो "सेट्ठं तिलोकमहितं अभिवन्दियग्गं' ति आदिमाह।" (क० व०)

इन मङ्गल गाथाओं के पश्चात् यह दिग्दर्शित करने के लिए कि बुद्धवचन के ज्ञान की प्राप्ति के लिए अक्षर-कौशल्य परमावश्यक है, आचार्य अपने शास्त्र के अभिधेय-प्रयोजन-बोधक निम्नलिखित सूत्र का प्रवर्त्तन करते हैं :—]

१. अत्थो अक्खरसञ्ञातो ।१.१.१।

सब्बवचनानमत्थो अक्खरेहेव सञ्ञायते। अक्खरविपत्तियं हि सति[1] अत्थस्स दुन्नयता होति, तस्मा अक्खरकोसल्लं बहूपकारं सुत्तन्तेसु।

१. सभी (बुद्ध) वचनों का अर्थ अक्षरों से ही (अक्षरों की ही सहायता से) अवगत होता है। अक्षरों के हेरफेर से अर्थ का समझना कठिन हो जाता है, अतः सुत्तन्तों में (सूत्रपिटक में) अनेक प्रकार का अक्षर-कौशल्य विद्यमान है (और उसके ज्ञान के लिए व्यक्ति को अक्षर-कौशल्य में दक्ष होना चाहिए)।

[यहाँ पर हम देखते हैं कि सर्वप्रथम आचार्य शब्दलक्षण के व्यवहार का ज्ञान कराने के लिए संज्ञा का विधान प्रारम्भ करते हैं :—]

---

१. से० में नहीं।

२. अक्खरापादयो एकचत्तालीसं[1] ।१.१.२।

ते च खो अक्खरा पि अकारादयो एकचत्तालीसं सुत्तन्तेसु सोपकारा होन्ति[2], तं यथा—अ आ इ ई उ ऊ ए ओ। क ख ग घ ङ। च छ ज झ ञ। ट ठ ड ढ ण। त थ द ध न। प फ ब भ म। य र ल व स ह ळ अं इति[3] अक्खरा नाम होन्ति।

तेन क्वत्थो ? 'अत्थो अक्खरसञ्ञातो' (१)।

२. वे अकारादि (अ से लेकर निग्गहीत अं पर्यन्त) अक्षर भी सुत्तन्त के अनुसार (त्रिपिटक के भाषा के अनुसार) इकतालिस हैं। वह इस प्रकार— अ आ इ ई उ ऊ ए ओ। क ख ग घ ङ। च छ ज झ ञ। ट ठ ड ढ ण। त थ द ध न। प फ ब भ म। य र ल व स ह ळ अं। इन सभी की अक्षर-संज्ञा है (ये सब अक्षर कहलाते हैं)।

अक्षर-संज्ञा का क्या तात्पर्य ? सूत्र 'अत्थो 'अक्खरसञ्ञातो' (१) के लिए।

[मोग्गल्लान ने तैंतालिस वर्ण माना है—'अआदयो तितालीस वण्णा'। वहाँ पर दो अधिक है— एँ (ह्रस्व), ओँ (ह्रस्व)।

सामान्य रूप से अक्षरसंज्ञा का विधान करके विशिष्ट रूप से स्वरसंज्ञा का विधान करने के लिए निम्नलिखित सूत्र का अवतरण आचार्य करते हैं—]

३. तत्थोदन्ता सरा अट्ठ ।१.१.३।

तत्थ अक्खरेसु अकारादिसु ओदन्ता अट्ठ अक्खरा[4] सरा नाम होन्ति, तं यथा—अ आ इ ई उ ऊ ए ओ इति सरा नाम।

तेन क्वत्थो ? 'सरा सरे लोपं' (१२)।

३. अकारादि उन अक्षरों में अ से लेकर ओ तक के आठ अक्षरों की स्वर-संज्ञा है (अक्षरों को स्वर कहते हैं) जैसे—अ आ इ ई उ ऊ ए ओ —ये स्वर हैं।

स्वरसंज्ञा-विधान का क्या तात्पर्य ? सूत्र 'सरा सरे लोपं' (१२) के लिए।

४. लहुमत्ता तयो रस्सा ।१.१.४।

तत्थ अट्ठसु सरेसु अकारादिसु[4] लहुमत्ता तयो. सरा[4] रस्सा नाम होन्ति, तं यथा—अ इ उ इति तयो[4] रस्सा नाम।

तेन क्वत्थो ? 'रस्सं' (२६)।

---

१. चत्ताळीसं—सी०२। २. सी०१, सी०२ में नहीं। ३. ति—से०। ४. से०, सी०१ में नहीं।

४. उन अकारादि आठ स्वरों में लघुमात्रावाले तीन स्वर ह्रस्व कहे जाते हैं। जैसे—अ इ उ—ये ह्रस्व हैं।

ह्रस्व कहने का क्या तात्पर्य ? सूत्र 'रस्सं' (२६) के लिए।

[लहुमत्ता—लहुका मत्ता येसं ते लहुकमत्ता, लहुकमत्ता ति वत्तब्बे ककार-लोपं कत्वा लहुमत्ता ति वुत्तं। मत्तासद्दो पनेत्थ अच्छरा-संघात-अक्खि-निमीलन-संखातं कालं वदति—क० व०।]

५. अञ्ञे दीघा ।१.१.५।

तत्थ अट्ठसु सरेसु रस्सेहि अञ्ञे पञ्च सरा दीघा नाम होन्ति, तं[1] यथा—आ ई ऊ ए ओ इति दीघा नाम[1]।

तेन क्वत्थो ? 'दीघं' (१५)।

५. उन आठ स्वरों में ह्रस्वों के अतिरिक्त पाँच अन्य स्वरों को दीर्घ कहते हैं। जैसे—आ ई ऊ ए ओ—ये दीर्घ हैं।

दीर्घ कहने का क्या तात्पर्य ? सूत्र 'दीघं' (१५) के लिए।

[जहाँ तक ए ओ का प्रश्न है, इनके सम्बन्ध में क० व० में कहा गया है—'कचि सञ्ञोगपुब्बा एकारोकारा रस्सा ति वुचन्ते'। मोग्गल्लान-व्याकरण में भी इसी मान्यता को लेकर तैंतालीस वर्ण माने गये हैं—'अआदयो तितालीस वण्णा' (१.१)। यह संख्या ए तथा ओ को ह्रस्व तथा दीर्घ मानकर पूर्ण होती है।]

६. सेसा ब्यञ्जना ।१.१.६।

ठपेत्वा अट्ठ सरे, सेसा अक्खरा ककारादयो निग्गहीतन्ता ब्यञ्जना नाम होन्ति, तं यथा—क ख ग घ ङ। च छ ज झ ञ। ट ठ ड ढ ण। त[2] थ द ध न[2]। प फ ब भ म। य र ल व स ह ळ अं इति ब्यञ्जना नाम[3]।

तेन क्वत्थो ? 'सरा पकति ब्यञ्जने' (२३)।

६. आठ स्वरों को छोड़कर ककार से लेकर निग्गहीत पर्यन्त शेष अक्षर व्यञ्जन कहे जाते हैं। वह इस प्रकार—क ख ग घ ङ। च छ ज झ ञ। ट ठ ड ढ ण। त थ द ध न। प फ ब भ म। य र ल व स ह ळ अं—ये सब व्यञ्जन हैं।

१-१. से० में नहीं। २-२. सी०२, से० में नहीं। ३. नाम होन्ति से०।

ब्यञ्जन कहने का क्या तात्पर्य ? सूत्र 'सरा पकति ब्यञ्जने' (२३) के लिए।

७. वग्गा पञ्चपञ्चसो मन्ता ।१.१.७।

तेसं खो ब्यञ्जनानं ककारादयो मकारन्ता पञ्चपञ्चसो अक्खरवन्तो वग्गा नाम होन्ति, तं यथा—

क	ख	ग	घ	ङ
च	छ	ज	झ	ञ
ट	ठ	ड	ढ	ण
त	थ	द	ध	न
प	फ	ब	भ	म—इति वग्गा नाम[1]।

तेन क्वत्थो ? 'वग्गन्तं वा वग्गे' (३१)।

७. ककार से लेकर मकार पर्यन्त उन ब्यञ्जनों में पाँच-पाँच अक्षरों की वर्ग संज्ञा है, जैसे—

क	ख	ग	घ	ङ।
च	छ	ज	झ	ञ।
ट	ठ	ड	ढ	ण।
त	थ	द	ध	न।
प	फ	ब	भ	म।

ये सब वर्ग कहे जाते हैं।

वर्ग कहने का क्या तात्पर्य ? सूत्र 'वग्गन्तं वा वग्गे' (३१) के लिए।

८. अं इति निग्गहीतं ।१.१.८।

अं इति निग्गहीतं नाम होति[2]।

तेन क्वत्थो ? 'अं ब्यञ्जने निग्गहीतं' (३०)।

८. अं को निग्गहीत कहते हैं।

निग्गहीत कहने का क्या तात्पर्य ? सूत्र 'अं ब्यञ्जने निग्गहीतं' (३०) के लिए।

["निग्गय्ह गय्हती ति निग्गहीतं। किं निग्गय्ह गय्हती ति ? करणं निग्गय्ह गय्हति। करणं ति नासिकलक्खातं करणं, निग्गय्हा ति निग्गण्हित्वा; वुत्तञ्च—

१. नाम होन्ति-से०। २. से० में नहीं।

'करणं निग्गहेत्वान, मुखेनाविवटेन यं।
वुच्चते निग्गहीतं ति, वुत्तं बिन्दुसरानुगं' ति ॥
निस्साय गण्हती ति वा निग्गहीतं। किं निस्साय? रस्सक्खरं निस्साया" ति—क० व०।]

९. परसमञ्ञा पयोगे ।१.१.९।

या च पन सक्कतगन्थेसु[1] समञ्ञा घोसा ति वा अघोसा ति वा ता पयोगे सति एत्था पि युज्जन्ते[2]।

तत्थ घोसवन्तो नाम—ग, घ, ङ; ज, झ, ञ; ड, ढ, ण; द, ध, न; ब, भ, म; य, र, ल, व, ह, ळ इति घोसा नाम।

अघोसा नाम—क, ख; च, छ; ट, ठ; त, थ; प, फ; स इति अघोसा नाम।

तेन क्वत्थो? 'वग्गे घोसाघोसानं ततियपठमा' (२९)।

९. संस्कृत ग्रन्थों में घोष, अघोष इत्यादि जो संज्ञाएँ हैं, वे प्रयुक्त होने पर यहाँ भी (इस पालि भाषा के व्याकरण में भी) ग्रहण की जाती हैं।

घोषवान ये हैं—ग, घ, ङ; ज, झ, ञ; ड, ढ, ण; द, ध, न, ब, भ, म; य, र, ल, व, ह, ळ।

अघोष ये हैं—क, ख; च, छ; ट, ठ; त, थ; प, फ, स।

घोष, अघोष से क्या तात्पर्य? सूत्र 'वग्गे घोसाघोसानं ततियपठमा' (२९) के लिए।

[यहाँ पर उपर्युक्त सूत्र की वृत्ति में इसका अर्थ विस्तृत रूप से विवेचित नहीं है। क० व० में इस पर विस्तृत विवेचन हुआ है, जिसके कुछ अंश यहाँ उद्धृत किए जाते हैं—

"अक्खरापादयो एकचत्तालीसं...अं इति निग्गहीतं त्यादीहि अट्ठहि सुत्तेहि एकचत्तालीसवण्णानं सामञ्ञविसेससङ्खाता सकसञ्ञा विहिता। किं इध तेसं सकसञ्ञायेव योजेतब्बा ति पुच्छाय सति, तेसं घोसाघोसुपधादयो परसमञ्ञा पि इध पयोगे सति योजेतब्बा ति दस्सेन्तो 'परसमञ्ञा पयोगे' ति वुत्तं...किमत्थमिदमुच्चते? 'वग्गे घोसाघोसानं ततियपठमा,' 'गहस्सुपधस्सेवा' ति एवमादिसु घोसाघोसुपधादयो इमे ति आपनत्थमिदमुच्चते ति...परेसं पि समञ्ञा वुत्तट्ठाने इध योजेतब्बा त्यत्थो। परेसं समञ्ञा परसमञ्ञा, वेय्याकरणानं समञ्ञा ति अत्थो;

१. ०गन्थेसु—से०। २. पयुज्जन्ते—से०।

परस्मिं वा समञ्ञा परसमञ्ञा, सक्कतगन्थे समञ्ञा ति वा अत्थो। पयुज्जनं पयोगो, तस्मिं पयोगे सती ति सम्बन्धो। परसमञ्ञा नाम—घोसाघोसलोप-सवण्णसंमानसंयोग-लिङ्ग-पद-निपातोपसग्गपच्चयादयो। सरूपा ति एत्थ समानं रूपं सभावो एतेसं ति सरूपा, सवण्णायेव। तत्थ वग्गानं पठमदुतिया सकारो च अघोसो, वग्गानं ततियचतुत्थपञ्चमा यरलवहळा च घोसा नाम। एत्थ च वग्ग-दुतियचतुत्थपञ्चमा धनिता ति पि वुच्चन्ति, इतरे सिथिला ति वुच्चन्ति; विनासो लोपो; रस्ससरा सकसकदीघेहि अञ्ञमञ्ञं सवण्णा नाम सरूपा ति पि वुच्चन्ति। सरानन्तरितानि ब्यञ्जनानि संयोगो धातुप्पच्चयविभत्तिवज्जितमत्थवल्लिङ्गं विभ-त्यन्तं पदं इच्चेवमादीनं सुखगहणत्थं सिथिलादीनं सङ्गहगाथा—

'एत्थ पञ्चसु वग्गेसु, वग्गानं पठमा परा।
वग्गानं दुतिया पि च, सकारो च तथा परो॥
अब्यत्तनादयुत्तत्ता, अघोसो ति पकासिता।
वग्गानं ततिया चेव, चतुत्थपञ्चमा तथा॥
यरलवा च हळा चेव, एकवीसति ब्यञ्जना।
ब्यत्तनादेन युत्तत्ता, घोसा ति पकासिता॥
पञ्चवग्गेसु यं वुत्तं, पठमं ततियं तथा।
दसधा ब्यञ्जनं एतं, सिथिलं ति पकासितं।
पञ्चवग्गेसु दुतियं, चतुत्थं धनितव्हयं।
गाळ्हवचिपयोगेन, वत्तब्बक्खरभावतो' ति॥

कस्मा इहेतं वुत्तं ति चोदना, अत्तनो सञ्ञं वत्वा परस्स सञ्ञा वत्तब्बतो इहेतं वुत्तं ति परिहारो"।]

१०. पुब्बमधोठितमस्सरं सरेन वियोजये ।१.१.१०।

तत्थ सन्धिं कत्तुकामो पुब्बब्यञ्जनं अधोठितं अस्सरं कत्वा सरञ्च उपरि कत्वा सरेन वियोजये। तत्रायमादि।

१०. सन्धि करने की इच्छा करने वाला पूर्व व्यञ्जन को नीचे स्थित तथा स्वररहित करके और स्वर को ऊपर करके स्वर से वियोजित करे। जैसे—तत्रायमादि

[यह परिभाषा सूत्र है। इसकी वृत्ति की भाषा ऐसी है कि सीधे इससे कुछ प्रकट नहीं होता जब तक हम इसके द्वारा निर्दिष्ट कार्य-विधि को विस्तृत रूप से सामने रखकर विचार न करें। इस कार्य-विधि का निर्देशन फ्रांन्सिस मैसन द्वारा रचित 'कच्चायन-व्याकरण' में इस प्रकार से दिया गया है—

(अ) पूर्व व्यञ्जन को स्वर से अलग किया	त त्र् —अयं
(आ) व्यञ्जन के स्थान पर स्वर को रक्खा	त अ अयं
(इ) अलग किये हुए व्यञ्जन को नीचे रक्खा	त अ अयं त्र्
(ई) स्वर को लुप्त किया	त— —अयं त्र्
(उ) अन्तिम स्वर को दीर्घ किया	त— —आयं त्र्
(ऊ) व्यञ्जन को स्वर से संयुक्त किया—	तत्रायं

(क० व्या० भू०, पृ०—७)

तत्र + अयं इसकी सन्धि इस सूत्र से उपर्युक्त रूप से घुमाफिरा कर की जाती है, पर इस विधि का निर्देश इसलिए किया गया है कि शास्त्रकार ने इसी को ध्यान में रखकर सम्पूर्ण शास्त्र में इसका निर्वाह किया है।

इस सूत्र पर 'न्यास' तथा 'कच्चायनवण्णना' में बहुत विचार हुआ है जो इसको हृदयङ्गम करने में अत्यन्त सहायक है। उसके कुछ अंश यहाँ प्रस्तुत किये जा रहे हैं—

न्यास :—

न्यासकार इस सूत्र का अर्थ करते हैं—'पुब्बभूतं ब्यञ्जनं अधोठितमस्सरं कत्वा सरतो वियोजये' ति। अब प्रश्न यह उठता है कि 'पुब्बभूत' कहने का क्या तात्पर्य है? क्या स्वर से व्यञ्जन को अलग करें इतने ही से कार्य नहीं चलता? इसका उत्तर यह है कि 'सत्तीलता' आदि उदाहरणों में किस व्यञ्जन को स्वर से अलग किया जाय, यह सन्देह उपस्थित हो जायेगा, क्योंकि पूर्वग्रहण के अभाव में पूर्व तथा पर का नियम ही नहीं रहेगा। इसी सन्देह के निवारणार्थ यहाँ पूर्व का ग्रहण किया गया है।

अब दूसरा प्रश्न यह उठाया गया है कि यदि पूर्व स्थित व्यञ्जन को स्वर से अलग करेंगे तो उस व्यञ्जन को कहाँ रक्खेंगे? इसका समाधन 'अधोठितं' के ग्रहण से होता है।

तीसरी शंका जो सबसे महत्त्वपूर्ण है तथा जिसके कारण इस सूत्र को वृत्ति अटपटी सी प्रतीत होती है, वह यह है कि यदि सूत्र में 'अस्सर' पद का ग्रहण न रहे तब भी उसका यथार्थ ज्ञान 'सरेन वियोजये' से ही जाता है, अतः यह व्यर्थ ही है। इसका उत्तर यह है कि यद्यपि यह शंका ठीक है तथापि इसके बाद

आने वाले सूत्र 'नये परं युत्ते' में 'अस्सर' का ग्रहण तब कैसे होगा ? इस पर यह प्रश्न उपस्थित होता है कि यदि इस सूत्र के लिए इसमें 'अस्सरपद' का ग्रहण है तो क्यों नहीं वहीं इसका ग्रहण कर लिया गया ? अनुवृत्ति मात्र को ध्यान में रखकर ऐसा करने की क्या आवश्यकता थी ? इसका परिहार यह है कि 'अस्सर' ग्रहण की यहाँ भी थोड़ी सी आवश्यकता है। यदि 'पुब्बमधोठितमस्सरं सरेन वियोजये' के स्थान पर केवल यह पाठ रहे कि 'पुब्बमधोठितं सरेन वियोजये' तो यह सन्देह उपस्थित हो जायेगा कि पूर्व व्यञ्जन को नीचे स्थित करके स्वर के साथ वियोजित करे। सूत्र में 'अस्सर' पद के ग्रहण के कारण 'स्वर के साथ' इस अर्थ का निवारण हो जाता है तथा 'स्वर के साथ के' स्थान पर 'स्वर से' यह अर्थ प्राप्त होता है। तब यह शंका होती है कि 'वियोजये' पद के कारण वह अर्थ तो प्राप्त ही है, तब इसकी क्या आवश्यकता होगी ? इसका उत्तर यह है कि वियोजये' मात्र से वह अर्थ नहीं प्राप्त है। उदाहरणार्थ 'बन्धुस्सेव समागमो' इस प्रयोग में जब हम 'बन्धुस्स+इव' ऐसा विच्छेद करते हैं तब पर पद 'इव' को ध्यान में रखकर द्वितीय सकार का पूर्वव्यञ्जनत्व होता है। ऐसी स्थिति में यदि 'अस्सर' पद का इस सूत्र में ग्रहण न करके 'वियोजये' मात्र से उस अर्थ की प्राप्ति की इच्छा करें, तब 'पर पद को ध्यान में रखकर प्रथम सकार से नीचे रखकर उस पूर्व व्यञ्जन 'स' को स्वर के साथ वियोजित करे' इस अर्थ की सम्भावना होने लगेगी, और यह अर्थ अभिप्रेत नहीं है। अतएव 'अस्सर' का ग्रहण इस सम्भावना के परिहार के लिए अत्यन्त आवश्यक है।

अब प्रश्न यह उठता है कि पञ्चम्यन्त 'सरतो' न कहकर 'सरेन' क्यों कहा, क्योंकि इससे यह शंका हो जाती है कि यह तृतीयान्त तो नहीं है; अतएव इस शंका को स्थान देने की क्या आवश्यकता थी ? इसका उत्तर यह है कि पञ्चम्यन्त का भी ऐसा रूप होता है यही दिखलाने के लिए आचार्य ने करुणा-पूर्वक यह प्रयोग किया है।

कच्चायनवण्णना :—

यह विध्यङ्ग-परिभाषा सूत्र है। सन्धि करनेवाले को प्रथमतः क्या करना चाहिए, इसका विधान यह सूत्र करता है। 'पदच्छेद करने के पश्चात् पूर्वव्यञ्जन को नीचे स्थित तथा स्वररहित करके और स्वर को ऊपर करके स्वर से वियोजित करे' इसी के प्रज्ञापन के लिए इस सूत्र का विधान है। 'किसे वियोजित करे' इस सन्देह के निवारणार्थ 'पुब्बं' का ग्रहण किया गया है।

'पूर्वव्यञ्जन को वियोजित करके कहाँ रक्खे' इस प्रश्न के उत्तर के लिए 'अधोठितं' का प्रयोग हुआ है। इस सम्बन्ध में उद्धरणस्वरूप यह गाथा दी गई है—

"सरतो व्यञ्जनं पुब्बं, वियोजेत्वा कुहिं ठपे।
इति सङ्कानिसेधत्थमाहिते पुनधोठितं॥"

'सरेन' का अर्थ है 'सरतो'। इस सम्बन्ध में 'न्यास' तथा 'रूपसिद्धि' का विचार तृतीया एवं पञ्चमी के सम्बन्ध में प्रस्तुत किया गया है।

तत्रायमादि की सिद्धि भी वहाँ पर इस प्रकार से प्रस्तुत की गई है— "तत्रायमादी ति वुत्तं। तत्थ 'जिनवचनयुत्तं ही' ति सुत्तं अधिकारं कत्वा, 'लिङ्गञ्च निपच्चते' ति सुत्तेन तत्र + अयं ति छेदं कत्वा ..'पुब्बमधोठितमस्सरं सरेन वियोजये' ति इमिना अकारतो त्रव्यञ्जनं वियोजेत्वा, तं अधोभागे कमतो ठितं कत्वा, 'सरा सरे लोपं' ति इमिना सरे पुब्बभूतस्स त्रकारावयवस्स अकारस्स लोपं कत्वा...'दीघं' तिमिना परसरस्स दीघं कत्वा परक्खरं नेतब्बं। इतरपक्खे—'अं व्यञ्जने निग्गहीतं', 'वग्गन्तं वा वग्गे' त्यधिकिच्च यथावुत्त-निग्गहीतस्स 'मदा सरे' ति अकारस्मिं परे मकारादेसं कत्वा, 'नये परं युत्ते' ति-मिना परक्खरं नेत्वा रूपसिद्धि वेदितब्बा।"]

११. नये परं युत्ते ।१.१.११।

अस्सरं खो व्यञ्जनं अधोठितं परक्खरं नये युत्ते। तत्राभिरति-मिच्छेय्य।

युत्ते ति कस्मा? 'अक्कोच्छि मं अवधि मं अजिनि मं अहासि मे' एत्थ पन युत्तं न होति।

इति सन्धिकप्पे पठमो कण्डो।

११. नीचे स्थित स्वररहित व्यञ्जन को योजनीय दूसरे अक्षर में ले जाकर जोड़े। जैसे—तत्राभिरतिमिच्छेय्य आदि।

सूत्र में युत्ते (योजनीय) कहने का क्या तात्पर्य? अक्कोच्छि मं आदि के लिए। (यहाँ योजनीय न होने से निग्गहीत का परनयन नहीं होता)। यहाँ युक्त नहीं होता।

[इसके ऊपर आनेवाले सूत्र में व्यञ्जन को स्वर से कैसे अलग किया जाय इस परिभाषा का विधान किया गया है। उसके पश्चात् अब इस सूत्र में 'स्वर-रहित व्यञ्जन को योजनीय दूसरे अक्षर में कैसे जोड़ा जाय' इसका विधान

किया गया है। उदाहरणार्थ 'तत्राभिरतिमिच्छेय्य' इस पद का विच्छेद करने पर तत्र + अभिरति + इच्छेय्य होता है। सर्वप्रथम सूत्र (१०) के अनुसार त्र को स्वररहित तथा नीचे स्थित करते हैं और वियोग प्राप्त उस स्वर को ऊपर रख देते हैं—त अ + अभिरति + इच्छेय्य। अब 'सरा सरे लोपं' सूत्र (१२) से

त्र्

पूर्व स्वर का लोप तथा 'दीघं' सूत्र (१६) से अभिरति में स्थित अ का दीर्घ हो जाता है—त— + आभिरति + इच्छेय्य। इस परिस्थिति में इस सूत्र से

त्र्

नीचे स्थित 'त्र्' योजनीय 'आ' में जाकर मिल जाता है—तत्राभिरति + इच्छेय्य। सूत्र 'मदा सरे' (३४) से निग्गहीत का मकार होकर इस सूत्र से योजनीय 'इ' में 'म' का योग होकर 'तत्राभिरतिमिच्छेय्य' सिद्ध होता है।

युत्ते ग्रहण के सम्बन्ध में क० व० में कहा गया है—"निग्गहीतनिसेधनत्थं ति निग्गहीतस्स परनयननिसेधनत्थं तस्सा पि अस्सरता ब्यञ्जनसञ्ञापटिलाभा ब्यञ्जनत्ता च मकारादिआदेसनन्तरभावे 'नये परं' ति परनयनं कातब्बं ति सन्देहो भवेय्य। ततो तं निब्बत्तनत्थं युत्तग्गहणं कतं ति दट्ठब्बं। सुत्तनिद्देसे पि वुत्तं—'अक्कोच्छि मं अवधि मं'ति एत्थ पयोगे मकारस्स परअकारनयनं वा निग्गहीतस्स परअकारनयनं वा 'मदा सरे'ति इमिना मकारं कत्वा परअकारनयनं वा युत्तं न होति, वण्णकालब्यवहितत्ता सन्धि न होती ति आपनत्थं ति वुत्तं।"]

सन्धिकल्प में प्रथम काण्ड समाप्त।

---

(२) दुतियो कण्डो

१२. सरा सरे लोपं ।१.२.१।

सरा खो सब्बे पि सरे परे लोपं पप्पोन्ति। यस्सिन्द्रियानि समथं गतानि, नोहेतं भन्ते, समेतायस्मा सङ्घेन।

१२. स्वर की परता में सभी स्वरों का लोप हो जाता है। जैसे—यस्स + इन्द्रियानि = यस्सिन्द्रियानि; नोहि + एतं = नोहेतं; समेतु + आयस्मा = समेतायस्मा।

१३. वा परो असरूपा ।१.२.२।

सरम्हा असरूपा परो सरो लोपं पप्पोति वा। चत्तारोमे भिक्खवे धम्मा, किन्नुमाव समणियो।

वा ति कस्मा? पञ्चिन्द्रियानि, तयस्सु धम्मा जहिता भवन्ति।

१३. असरूप स्वर के बाद आनेवाले स्वर का विकल्प से लोप होता है। जैसे—चत्तारो + इमे = चत्तारोमे; किन्नु + इमाव = किन्नुमाव।

विकल्प से क्यों? पञ्च + इन्द्रियानि = पञ्चिन्द्रियानि; तयो + अस्सु = तयस्सु।

१४. क्वचासवण्णं लुत्ते ।१.२.३।

सरो खो परो पुब्बसरे लुत्ते क्वचि असवण्णं पप्पोति। सङ्ख्यं नोपेति वेदगू, बन्धुस्सेव समागमो।

क्वची ति कस्मा? यस्सिन्द्रियानि, तथूपमं धम्मवरं अदेसयी[1]।

१४. पूर्व स्वर का लोप हो जाने पर बाद में आनेवाला स्वर कहीं कहीं असवर्णता (असरूप स्वर) को प्राप्त होता है। जैसे—न + उपेति = नोपेति; बन्धुस्स + इव = बन्धुस्सेव।

कहीं कहीं क्यों? यस्स + इन्द्रियानि = यस्सिन्द्रियानि; तथा + उपमं = तथूपमं।

१५. दीघं ।१.२.४।

सरो खो परो पुब्बसरे लुत्ते क्वचि दीघं पप्पोति। सद्धीध वित्तं पुरिसस्स सेट्ठं, अनागारेहि चूभयं।

क्वची ति कस्मा? पञ्चहुपालि अङ्गेहि समन्नागतो, नत्थञ्ञं किञ्चि नेत्थ।

१५. पूर्व स्वर के लोप होने पर बाद में आनेवाला स्वर कहीं कहीं दीर्घ हो जाता है। जैसे—सद्धा + इध = सद्धीध; च + उभयं = चूभयं।

कहीं कहीं क्यों? पञ्चहि + उपालि = पञ्चहुपालि; नत्थि + अञ्ञं = नत्थञ्ञं।

---

१. अदेसयि—से०।

१६. पुब्बो च ।१.२.५।

पुब्बो च सरो परसरलोपे[1] कते क्वचि दीघं पप्पोति । किंसूध वित्तं पुरिसस्स सेट्ठं, साधूति पटिस्सुणित्वा[2] ।

क्वची ति कस्मा ? इतिस्स मुहुत्तम्पि ।

१६. बाद में आनेवाले स्वर का लोप करने के बाद कहीं कहीं पूर्व स्वर का दीर्घ हो जाता है। जैसे—किंसु + इध = किंसूध; साधु + इति = साधूति ।

कहीं कहीं क्यों ? इति + अस्स = इतिस्स ।

१७. यमेदन्तस्सादेसो ।१.२.६।

एकारस्स अन्तभूतस्स सरे परे क्वचि यकारादेसो होति । अधिगतो खो म्यायं धम्मो, त्याहं एवं वदेय्यं, त्यस्स[3] पहीना[4] होन्ति ।

क्वची ति कस्मा ? तेनागता ; इति नेत्थ ।

१७. स्वर की परता में अन्त में आनेवाले एकार का कहीं कहीं यकार आदेश हो जाता है (अर्थात् एकार यकार में परिवर्त्तित हो जाता है) जैसे—मे + अयं = म्यायं; ते + अहं = त्याहं; ते + अस्स = त्यस्स ।

कहीं कहीं क्यों ? जैसे—ते + अनागता = तेनागता; (इस उदाहरण में उपर्युक्त सूत्र द्वारा प्रतिपादित कार्य नहीं हुआ) ।

१८. वमोदुदन्तानं ।१.२.७।

ओकारुकारानं अन्तभूतानं सरे परे क्वचि वकारादेसो होति । अथ ख्वस्स, स्वस्स होति, बव्हाबाधो, वत्थ्वेत्थ विहितं निच्चं चक्खापाथमागच्छन्ति ।

क्वची ति कस्मा ? चत्तारोमे भिक्खवे धम्मा, किन्नुमाव समणियो ।

१८. स्वर की परता में अन्त में आनेवाले ओकार तथा उकार का कहीं कहीं वकार आदेश हो जाता है (अर्थात् ओकार तथा उकार वकार में परिवर्त्तित हो जाते हैं) । जैसे—अथ खो + अस्स = अथ ख्वस्स; सो + अस्स = स्वस्स; बहु + आबाधो = बव्हाबाधो; वत्थु + एत्थ = वत्थ्वेत्थ; चक्खु + आपाथं = चक्खापाथं ।

---

१. परलोपे—से० । २. पटिसुणित्वा-से० । ३. त्यास्स-सी०१,सी०२ । ४. पहीणा—सी०२ ।

कहीं कहीं क्यों ? चत्तारो + इमे = चत्तारोमे; किन्तु + इमाव = किन्तुमाव ।

१९. सब्बो चन्ति ।१.२.८।

सब्बो ति इच्चेसो सद्दो[1] सरे परे क्वचि चकारं पप्पोति । इच्चेतं कुसलं, इच्चस्स वचनीयं,[2] पच्चुत्तरित्वा, पच्चाहरति ।

क्वची ति कस्मा ? इतिस्स मुहुत्तम्पि ।

१९. स्वर की परता में सभी 'ति' शब्द का कहीं-कहीं चकार में परिवर्तन हो जाता है । जैसे—इति + एतं = इच्चेतं; इति + अस्स = इच्चस्स; पति + उत्तरित्वा = पच्चुत्तरित्वा, पति + आहरति = पच्चाहरति ।

[इस सूत्र में 'ति' शब्द पर अत्यधिक बल देने के लिए वृत्ति में इसका दो बार पाठ किया गया है, साथ ही इसे व्यञ्जन के विशेषण से विभूषित किया गया है । उक्त पाठ यहाँ नीचे टिप्पणी में उद्धृत है । 'रूपसिद्धि' में यह शंका उठाई गई है कि 'इवण्णो यन्न वा' सूत्र (२१) से यकार प्राप्त होने पर 'सब्बो चन्ति' सूत्र की क्या आवश्यकता है ? इसका उत्तर यह है कि इससे यह ज्ञापित होता है कि स्वर की परता में सभी 'ति' शब्द का कहीं-कहीं चकार में परिवर्तन हो जाता है । वहीं पर 'ति' ग्रहण के सम्बन्ध में भी कहा गया है—"ती ति निद्देसतो अति-इति-पतीनं तिकारस्सेवायं विधि" । द्वितीय बार 'ति' ग्रहण के विषय में कहा गया है—"ती ति निद्देसतो अकत-यकारस्सेवायं विधी ति च; इतरथा क्वचिग्गहणस्स च 'अतिस्स चान्तस्सा' ति सुत्तस्स निरत्थकता सिया" । अर्थात् वृत्तिकारों ने दो बार 'ति' का ग्रहण इसलिए किया है कि इस सूत्र में क्वचित सामर्थ्य-ग्रहण विद्यमान रहे, साथ ही आगे आनेवाले सूत्र 'अतिस्स चान्तस्स' (४७) की सार्थकता रहे । 'चन्ति' के स्थान पर 'सब्बो चन्ति' क्यों कहा गया है, इसका उत्तर क० व० में यह दिया गया है—"सब्बादेसत्थं सब्बग्गहणं कतं" ।

ति का च आदेश हो जाने पर 'पर द्वे भावो ठाने' सूत्र (२८) से द्वित्व हो जाता है ।]

कहीं कहीं क्यों ? इति+अस्स = इतिस्स (यहाँ पर क्वचित-ग्रहण-सामर्थ्य से नहीं होता) ।

---

१. तिसद्दो ब्यञ्जनो—सी०१, सी०२ । २. वचनियं—से० ।

२०. दो धस्स च ।१.२.९।

ध इच्चेतस्स सरे परे क्वचि दकारादेसो होति। एकमिदाहं भिक्खवे समयं।

क्वची ति कस्मा? इधेव मरणं भविस्सति।

चसद्दग्गहणेन धकारस्स हकारादेसो होति। साहु दस्सनमरियानं।

सुत्तविभागेन बहुधा पि सिया—

तो दस्स, यथा—सुगतो; टो तस्स, यथा—दुक्कटं; धो तस्स, यथा—गन्धब्बो; त्रो त्तस्स,[1] यथा—अत्रजो; को गस्स, यथा—कुलूपको; लो[2] रस्स, यथा—महासालो[3]; जो यस्स, यथा—गवजो; बो वस्स, यथा—कुब्बतो; को यस्स, यथा—सको[4]; यो जस्स, यथा—नियं पुत्तं; को तस्स, यथा—नियको;[5] चो तस्स, यथा—भच्चो; फो पस्स, यथा—निप्फत्ति; बो[6] पस्स, यथा—निब्बत्ति; खो कस्स, यथा—निक्खमति[6] इच्चेवमादयो।

२०. स्वर की परता में धकार का कहीं कहीं दकारादेश हो जाता है। जैसे—एकं+इध+अहं = एकमिदाहं।

[यहाँ पर इध+अहं में धकार को अहं के अकार की परता में दकारादेश हुआ है और एकं में जो निग्गहीत है उसका 'मदा सरे' सूत्र (३४) से मकारादेश हो गया है।]

कहीं कहीं क्यों? इध+एव = इधेव।

सूत्र में च शब्द के ग्रहण करने से धकार का हकार आदेश हो जाता है। जैसे—साधु = साहु।

इस सूत्र का विश्लेषण करने पर इससे अनेक आदेशों का विधान प्राप्त होता है—

दकार का तकारादेश, जैसे—सुगदो = सुगतो।

तकार का टकारादेश " —दुकतं = दुकटं।

तकार का धकारादेश " —गन्तब्बो = गन्धब्बो।

त्तकार का त्रकारादेश " —अत्तजो = अत्रजो।

गकार का ककारादेश " —कुलूपगो = कुलूपको।

---

१. तस्स—से०। २. ळो—सी० २। ३. महासाळो—सी० २। ४. सके—सी० १। ५. निको—से०। ६-६. से०, सी० १ में नहीं।

रकार का लकारादेश, जैसे—महासारो = महासालो।
यकार का जकारादेश " —गवयो = गवजो।
वकार का वकारादेश " —कुब्वतो = कुब्बतो।
यकार का ककारादेश " —सयो = सको।
जकार का यकारादेश " —निजं = नियं।
तकार का ककारादेश " —नियतो = नियको।
" " चकारादेश " —भत्तो = भच्चो।
पकार का फकारादेश " —निप्पत्ति = निप्फत्ति।
पकार का बकारादेश " —निप्पत्ति = निब्बत्ति।
ककार का खकारादेश " —निकमति = निक्खमति इत्यादि।

२१. इवण्णो यन्न वा ।१.२.१०।

पुब्बो इवण्णो सरे परे यकारं पप्पोति न वा। पटिसन्थारवुत्यस्स, सब्बा वित्यनुभूयते।

न वा ति कस्मा? पञ्चहङ्गेहि समन्नागतो, मुत्तचागी अनुद्धतो।

२१. स्वर की परता में पहले आनेवाला इवर्ण विकल्प से यकार को प्राप्त होता है। जैसे—वुत्ति + अस्स = वुत्यस्स; वित्ति + अनुभूयते = वित्यनुभूयते।

विकल्प से कहने का तात्पर्य? पञ्चहि + अङ्गेहि = पञ्चहङ्गेहि; मुत्तचागी + अनुद्धतो = मुत्तचागी अनुद्धतो आदि के लिए।

२२. एवादिस्स रि पुब्बो च रस्सो ।१.२.११।

सरम्हा परस्स एवस्स एकारस्स आदिस्स रिकारो होति पुब्बो च सरो रस्सो होति न वा। यथरिव वसुधातलञ्च सब्बं, तथरिव गुणवा सुपूजनीयो।

न वा ति कस्मा? यथा एव, तथा एव।

इति सन्धिकप्पे दुतियो कण्डो।

२२. स्वर के बाद आनेवाले एव शब्द के प्रारम्भ में स्थित एकार का विकल्प से रिकार आदेश तथा पूर्व स्वर का ह्रस्व हो जाता है। जैसे—यथा + एव = यथरिव; तथा + एव = तथरिव।

विकल्प से क्यों? यथा + एव = यथा एव; तथा + एव = तथा एव।

सन्धिकल्प में द्वितीय काण्ड समाप्त।

(३) ततियो कण्डो

२३. सरा पकति ब्यञ्जने ।१.३.१।

सरा खो ब्यञ्जने परे पकतिरूपा[1] होन्ति। मनोपुब्बङ्गमा धम्मा, पमादो मच्चुनो पदं, तिण्णो पारगतो अहु।

२३. व्यञ्जन की परता में स्वर प्रकृतिरूप (अर्थात् जिसमें कोई परिवर्तन न हो) रहते हैं। जैसे—मनोपुब्बङ्गमा + धम्मा = मनोपुब्बङ्गमा धम्मा, पमादो + मच्चुनो = पमादो मच्चुनो; तिण्णो + पारगतो = तिण्णो पारगतो।

२४. सरे क्वचि ।१.३.२।

सरा खो सरे परे क्वचि पकतिरूपा[1] होन्ति। को इमं पठविं विजेस्सति।

क्वची ति कस्मा? अप्पस्सुतायं पुरिसो।

२४. स्वर की परता में स्वर कहीं कहीं प्रकृतिरूप रहते हैं। जैसे—को + इमं = को इमं।

कहीं कहीं क्यों? अप्पस्सुतो + अयं = अप्पस्सुतायं।

२५. दीघं ।१.३.३।

सरा खो ब्यञ्जने परे क्वचि दीघं पप्पोन्ति। सम्मा धम्मं विपस्सतो, एवं गामे मुनीचरे, खन्ती परमं तपो तितिक्खा।

क्वची ति कस्मा? इध मोदति पेच्च मोदति, पतिलीयति, पतिहञ्ञति।

२५. व्यञ्जन की परता में स्वर कहीं कहीं दीर्घ हो जाता है। जैसे—सम्म + धम्मं = सम्मा धम्मं; मुनि + चरे = मुनी चरे; खन्ति + परमं = खन्ती परमं।

कहीं कहीं क्यों? इध + मोदति = इध मोदति; पेच्च + मोदति = पेच्च मोदति; पति + लीयति = पतिलीयति; पति + हञ्ञति = पतिहञ्ञति।

२६. रस्सं ।१.३.४।

सरा खो ब्यञ्जने परे क्वचि रस्सं पप्पोन्ति। भोवादिनाम सो होति, यथाभाविगुणेन सो।

---

१. •रूपानि—सी० २।

क्वची ति कस्मा ? सम्मासमाधि, सावित्ती[1] छन्दसो मुखं, उपनीयती[2] जीवितमप्पमायु।

२६. व्यञ्जन की परता में स्वर कहीं कहीं ह्रस्व हो जाता है। जैसे—भोवादी + नाम = भोवादिनाम; यथाभावी + गुणेन = यथाभाविगुणेन।

कहीं कहीं क्यों? सम्मा + समाधि = सम्मासमाधि; सावित्ती + छन्दसो = सावित्ती छन्दसो; उपनीयती + जीवितमप्पमायु = उपनीयती जीवितमप्पमायु।

२७. लोपञ्च तत्राकारो।१.३.५।

सरा खो ब्यञ्जने परे क्वचि लोपं पप्पोन्ति, तत्र च लोपे कते अकारागमो होति। स सीलवा, स पञ्ञवा, एस धम्मो सनन्तनो, स वे कासावमरहति, स मानकामो पि भवेय्य, स वे मुनी जातिभयं अदस्सी।

क्वची ति कस्मा ? सो मुनि,[3] एसो धम्मो पदिस्सति, न सो कासावमरहति।

२७. व्यञ्जन की परता में स्वरों का कहीं कहीं लोप हो जाता है और ऐसा लोप होने पर (उस स्थान पर) अकार का आगम होता है। जैसे—सो + सीलवा = स सीलवा, सो + पञ्ञवा = स पञ्ञवा; एसो + धम्मो = एस धम्मो; सो + वे = स वे; सो + मानकामो = स मानकामो आदि।

कहीं कहीं क्यों? सो + मुनि = सो मुनि; एसो + धम्मो = एसो धम्मो; सो + कासावं = सो कासावं।

२८. परद्वेभावो ठाने।१.३.६।

सरम्हा परस्स ब्यञ्जनस्स द्वेभावो होति ठाने। इधप्पमादो[4] पुरिसस्स जन्तुनो, पब्बज्जं कित्तयिस्सामि, चातुद्दसी[5] पञ्चदसी, अभिक्कन्ततरो च पणीततरो च।

ठाने ति कस्मा ? इध मोदति पेच्च मोदति।

२८. स्वर के बाद आनेवाले व्यञ्जन का कहीं कहीं द्वित्व हो जाता है। जैसे—इध + पमादो = इधप्पमादो; प + बजं = पब्बजं; चातु + दसी = चातुद्दसी, अभि + कन्ततरो = अभिक्कन्ततरो।

कहीं कहीं क्यों? इध + मोदति = इध मोदति; पेच्च + मोदति = पेच्च मोदति।

---

१. सा वित्ति—से०। २. उपनियति—से०, सी०२। ३. मुनि, तेन सो मुनि—से०। ४. इधप्पमोदो—से०। ५. चतुद्दसी—से०।

२९. वग्गे घोसाघोसानं ततियपठमा ।१.३.७।

वग्गे खो[1] ब्यञ्जनानं घोसाघोसभूतानं सरम्हा यथासङ्ख्यं ततिय-पठमक्खरा द्वेभावं गच्छन्ति ठाने। एसो वचज्झानफलो[2], यत्रट्ठितं नप्प-सहेय्य मच्चु, सेले यथा पब्बतमुद्धनिट्ठितो, चत्तारिट्ठानानि नरो पमत्तो।

ठाने ति कस्मा ? इध चेतसो दळ्हं गण्हाति थामसा।

इति सन्धिकप्पे ततियो कण्डो।

२९. स्वर के बाद आनेवाले किसी वर्ग के घोष तथा अघोष व्यञ्जन कहीं कहीं क्रमशः अपने तृतीय तथा प्रथम अक्षरों को ग्रहण करके द्वित्व हो जाते हैं (इसका स्पष्ट अर्थ यह है कि किसी वर्ग के घोष तथा अघोष व्यञ्जन यदि स्वर के बाद आवें तो उनका कहीं कहीं द्वित्व हो जाता है तथा द्वित्व हुए अक्षर क्रमशः उस वर्ग के तृतीय तथा प्रथम अक्षर में परिवर्तित हो जाते हैं)। जैसे—एसो वत + झानफलो = एसो वचज्झानफलो; यत्र + ठितं = यत्रट्ठितं; पब्बतमुद्धनि + ठितो = पब्बतमुद्धनिट्ठितो; चत्तारि + ठानानि = चत्तारिट्ठानानि।

कहीं कहीं क्यों ? इध + चेतसो = इध चेतसो; चेतसो + दळ्हं = चेतसो दळ्हं; गण्हाति + थामसा = गण्हाति थामसा।

सन्धिकल्प में तृतीय काण्ड समाप्त।

(४) चतुत्थो कण्डो

३०. अं ब्यञ्जने निग्गहीतं ।१.४.१।

निग्गहीतं खो ब्यञ्जने परे अं इति होति। एवं वुत्ते तं साधू ति पटिस्सुणित्वा।

३०. व्यञ्जन की परता में 'निग्गहीत' का 'अं' हो जाता है। जैसे—एवं + वुत्ते = एवं वुत्ते; तं + साधु = तं साधु।

---

१. खो पुब्बेसं—सी०१, सी०२। २. एसो वतज्झानफलो—सी०२।

३१. वग्गन्तं वा वग्गे ।१.४.२।

वग्गभूते ब्यञ्जने परे निग्गहीतं खो वग्गन्तं वा पप्पोति । तञ्निब्बुतं, धम्मञ्चरे सुचरितं[1], चिरम्पवासिं पुरिसं, सन्तन्तस्स मनं होति, तङ्कारुणिकं, एवङ्खो भिक्खवे सिक्खितब्बं ।

वाग्गहणेन[2] निग्गहीतं खो लकारादेसो होति । पुल्लिङ्गं[3] ।

वा ति कस्मा ? न तं कम्मं कतं साधु ।

३१. वर्गभूत (अर्थात् उसी वर्ग के) व्यञ्जन की परता में निग्गहीत का विकल्प से उसी वर्ग का अन्तिम अक्षर हो जाता है । जैसे— तं + निब्बुतं = तञ्निब्बुतं; धम्मं + चरे = धम्मञ्चरे, चिरं + पवासिं = चिरम्पवासिं; सन्तं + तस्स = सन्तन्तस्स; तं + कारुणिकं = तङ्कारुणिकं; एवं + खो = एवङ्खो ।

'वा' ग्रहण करने से निग्गहीत का लकारादेश होता है । जैसे—पुं + लिङ्गं = पुल्लिङ्गं ।

'वा' के कहने का क्या तात्पर्य ? तं + कम्मं = तं कम्मं; कम्मं + कतं = कम्मं कतं आदि के लिए ।

३२. एहेञ्ञं ।१.४.३।

एकारे हकारे च परे निग्गहीतं खो ञकारं पप्पोति वा । पच्चत्तञ्ञेव परिनिब्बायिस्सामि, तञ्ञेवेत्थ पटिपुच्छिस्सामि, एवञ्हि वो भिक्खवे सिक्खितब्बं, तञ्हि तस्स मुसा होति ।

वा ति कस्मा ? एवमेतं अभिञ्ञाय, एवं होति सुभासितं ।

३२. एकार तथा हकार की परता में निग्गहीत विकल्प से ञकार में परिवर्तित हो जाता है । जैसे—पच्चत्तं + एव = पच्चत्तञ्ञेव; तं + हि = तञ्हि ।

विकल्प से क्यों ? एवं + एतं = एवमेतं; एवं + होति = एवं होति ।

३३. सये[4] च ।१.४.४।

निग्गहीतं खो यकारे परे सह यकारेन ञकारं पप्पोति वा । सञ्ञोगो, सञ्ञुत्तं ।

वा ति कस्मा ? संयोगो, संयुत्तं ।

---

१. सुचरितं, न नं दुच्चरितञ्चरे—सी०२ । २. वाग्गहणेन—से० । ३. पुग्गलं—सी०१ । ४. स ये—सी०१, सी०२ ।

३३. यकार की परता में यकार के साथ निग्गहीत का विकल्प से ञकार हो जाता है। जैसे—सं + योगो = सञ्ञोगो; सं + युत्तं = सञ्ञुत्तं।

विकल्प से क्यों? सं + योगो = संयोगो; सं + युत्तं = संयुत्तं।

३४. मदा सरे ।१.४.५।

निग्गहीतस्स[1] खो सरे परे मकार-दकारादेसा होन्ति वा। तमहं ब्रूमि ब्राह्मणं, एतदवोच सत्था।

वा ति कस्मा? अक्कोच्छि मं अवधि मं अजिनि मं अहासि मे।

३४. स्वर की परता में निग्गहीत के विकल्प से मकार तथा दकार आदेश होते हैं। जैसे—तं + अहं = तमहं, एतं + अवोच = एतदवोच।

विकल्प से क्यों? मं + अवधि = मं अवधि; मं + अजिनि = मं अजिनि; मं + अहासि = मं अहासि।

३५. यवमदनतरळा[2] चागमा ।१.४.६।

सरे परे यकारो वकारो मकारो दकारो नकारो तकारो रकारो ळकारो[3] इमे आगमा होन्ति वा। नयिमस्स विज्जा, यथयिदं[4] चित्तं, मिगी भन्ता-वुदिक्खति, सित्ता ते लहुमेस्सति, असित्ता ते गरुमेस्सति, अस्सो भद्दो[5] कसामिव, सम्मदञ्ञा[6] विमुत्तानं[6], मनसादञ्ञा[7] 'विमुत्तानं,[7] अत्तदत्थ-मभिञ्ञाय, चिरन्नायति, इतोनायति, यस्मातिह भिक्खवे, तस्मातिह भिक्खवे, अज्जतग्गे पाणुपेतं, सब्भिरेव समासेथ, आरग्गेरिव सासपो, सासपोरिव आरग्गे, छळभिञ्ञा, छळायतनं[8]।

वा ति कस्मा? एवं महिद्धिया एसा, अक्कोच्छि मं अवधि मं अजिनि मं अहासि मे, अजेय्यो अनुगामियो।

चसद्दग्गहणेन इधेव[9] मकारस्स पकारो होति, यथा—चिरप्पवासिं पुरिसं; ककारस्स दकारो होति, यथा—सदत्थपसुतो सिया; दकारस्स च तकारो होति, यथा—सुगतो।

३५. स्वर की परता में विकल्प से य, व, म, द, न, त, र, ळ आगम होते हैं। जैसे—

१. निग्गहीतं—सी०१। २. ०ला—से०, सी०१। ३. लकारो—से०,सी०१। ४. यथायिदं—सी०१, सी०२। ५. भद्रो—से०, सी० १। ६-६. समदञ्ञाविमुत्तानं—से०। ७-७. मनसादञ्ञाविमुत्तानं—से०। ८. सळायतनं—सी०१। ९. इहेव—से०,सी०१।

य का आगम—न + इमस्स = नयिमस्स; यथा + इदं = यथयिदं ।

व ” —भन्ता + उदिक्खति = भन्तावुदिक्खति ।

म ” —लहु + एस्सति = लहुमेस्सति; गरु + एस्सति = गरुमेस्सति; कत्ता + इव = कत्तामिव ।

द ” —सम्मा + अञ्ञा = सम्मदञ्ञा; मनसा + अञ्ञा = मनसादञ्ञा; अत्त + अत्थमभिञ्ञाय = अत्तदत्थमभिञ्ञाय ।

न ” —चिरं + आयति = चिरन्नायति; इतो + आयति = इतोनायति ।

त ” —यस्मा + इह = यस्मातिह; तस्मा + इह = तस्मातिह, अज्ज + अग्गे = अज्जतग्गे ।

र ” —सब्भि + एव = सब्भिरेव; आरग्गे + इव = आरग्गेरिव; सासपो + इव = सासपोरिव ।

ळ ” —छ + अभिञ्ञा = छळभिञ्ञा; छ + आयतनं - छळायतनं [छ का स में परिवर्तन होकर सूत्र (३७६) से सळायतनं होता है।]

विकल्प से क्यों ? महिद्धिया + एसा = महिद्धिया एसा; मं + अवधि = मं अवधि; मं + अजिनि = मं अजिनि; मं + अहासि = मं अहासि, अजेय्यो + अनुगामियो = अजेय्यो अनुगामियो आदि के लिए ।

सूत्र में च शब्द के ग्रहण से यहीं म का प हो जाता है। जैसे—चिरं + पवासिं = चिरप्पवासिं (पहले निग्गहीत का 'म्' हुआ और तत्पश्चात् उसका इस सूत्र से पकारादेश हो गया) ।

क का द होता है। जैसे—सक + अत्थ = सदत्थ ।

द का त होता है। जैसे—सुगदो = सुगतो ।

३६. क्वचि ओ ब्यञ्जने ।१.४.७।

ब्यञ्जने परे क्वचि ओकारागमो होति । अतिप्पगो खो ताव सावत्थियं पिण्डाय चरितुं, परोसहस्सं भिक्खुसतं ।

क्वची ति कस्मा ? एथ पस्सथिमं लोकं, अन्धभूतो अयं लोको ।

३६. व्यञ्जन की परता में कहीं कहीं ओ का आगम होता है। जैसे – अतिप्पग + खो = अतिप्पगो खो; पर + सहस्सं = परोसहस्सं ।

कहीं कहीं क्यों ? एथ + पस्सथिमं = एथ पस्सथिमं; अन्ध + भूतो = अन्धभूतो ।

३७. निग्गहीतञ्च ।१.४.८।

निग्गहीतञ्च आगमो होति सरे वा ब्यञ्जने वा परे क्वचि। चक्खुं उदपादि, अवंसिरो, यावंचिदं[1] भिक्खवे, पुरिमंजाति,[2] अणुंथूलानि सब्बसो, मनोपुब्बंगमा धम्मा।

क्वची ति कस्मा? इधेव नं पसंसन्ति, पेच्च सग्गो च मोदति, न हि एतेहि यानेहि[3] गच्छेय्य अगतं दिसं।

चसद्दग्गहणेन विसद्दस्स च पकारो होति वा[4]। पचेस्सति, विचेस्सति वा।

३७. कहीं कहीं स्वर अथवा व्यञ्जन की परता में निग्गहीत का आगम होता है। जैसे–(स्वर की परता)—चक्खु + उदपादि = चक्खुंउदपादि; अव + सिरो = अवंसिरो; याव + चिदं = यावंचिदं (यह याव + चिध से बनता है।)

(व्यञ्जन की परता)—पुरिम + जाति = पुरिमंजाति; अणु + थुलानि = अणुंथुलानि; मनोपुब्ब + गमा = मनोपुब्बंगमा (मनोपुब्बङ्गमा)।

कहीं कहीं क्यों? इध + एव = इधेव, पेच्च + सग्गे = पेच्च सग्गे; न + हि = न हि; गच्छेय्य + अगतं = गच्छेय्य अगतं आदि के लिए।

सूत्र में 'च' शब्द का ग्रहण करने से 'वि' शब्द का विकल्प से 'प' होता है। जैसे—वि + चेस्सति = पचेस्सति अथवा विचेस्सति।

३८. क्वचि लोपं ।१.४.९।

निग्गहीतं खो सरे परे क्वचि लोपं पप्पोति। तासाहं सन्तिके, विदूनग्गमिति।

क्वची ति कस्मा? अहमेव नूनबालो, एतदत्थं विदित्वा।

३८. स्वर की परता में कहीं कहीं निग्गहीत का लोप हो जाता है। जैसे—तासं + अहं = तासाहं; विदूनं + अग्गं = विदूनग्गं।

कहीं कहीं क्यों? अहं + एव = अहमेव; एतं + अत्थं = एतदत्थं।

३९. ब्यञ्जने च ।१.४.१०।

निग्गहीतं खो ब्यञ्जने परे क्वचि लोपं पप्पोति। अरियसच्चानदस्सनं, एतं बुद्धानसासनं।

क्वची ति कस्मा? एतं मङ्गलमुत्तमं, तं वो वदामि भद्दं वो[5]।

---

१. यावञ्चिधं—से०, सी०१। २. पुरिमंजातिं—से०। ३. ठानेहि—सी०२। ४. से०, सी० १ में नहीं। ५. भद्दन्ते—कहीं कहीं।

३९. व्यञ्जन की परता में कहीं कहीं निग्गहीत का लोप हो जाता है। जैसे—अरियसच्चानं + दस्सनं = अरियसच्चानदस्सनं; बुद्धानं + सासनं = बुद्धानसासनं।

कहीं कहीं क्यों? एतं + मङ्गलमुत्तमं = एतं मङ्गलमुत्तमं; तं + वो = तं वो; भद्दं + वो = भद्दं वो।

४०. परो वा सरो ।१.४.११।

निग्गहीतम्हा परो सरो लोपं पप्पोति वा। अभिनन्दुन्ति[1] सुभासितं, उत्तत्तं व, यथाबीजं व धञ्ञं।

वा ति कस्मा? अहमेव नून बालो। एतदहोसि।

४०. निग्गहीत के बाद में आनेवाला स्वर का विकल्प से लोप होता है। जैसे—अभिनन्दुं + इति = अभिनन्दुन्ति; उत्तत्तं + इव = उत्तत्तं व; यथाबीजं + इव = यथाबीजं व

विकल्प से क्यों? अहं + एव = अहमेव, एतं + अहोसि = एतदहोसि।

४१. ब्यञ्जनो च विसञ्ञोगो ।१.४.१२।

निग्गहीतम्हा परस्मिं सरे लुत्ते यदि ब्यञ्जनो संयोगो विसञ्ञोगो होति। एवंस ते आसवा, पुप्फंसा उप्पज्जि।

लुत्ते ति कस्मा? एवमस्स[2], विदूनग्गमिति।

चसद्दग्गहणेन तिण्णम्पि[3] ब्यञ्जनानमन्तरे सरूपानं क्वचि लोपो होति[3], तं[4] यथा—अग्यागारं, वुत्यस्स[5]।

इति सन्धिकप्पे चतुत्थो कण्डो।

४१. निग्गहीत के बाद आनेवाले स्वर का लोप हो जाने पर यदि व्यञ्जन संयुक्त हो तो वह असंयुक्त हो जाता है। जैसे—एवं + अस्स = एवंस, पुप्फं + अस्सा = पुप्फंसा।

लुप्त हो जाने पर संयुक्त व्यञ्जन असंयुक्त हो जाता है, ऐसा क्यों कहा? एवं + अस्स = एवमस्स; विदूनं + अग्गं = विदूनग्गं।

सूत्र में च शब्द का ग्रहण करने से तीन व्यञ्जनों के बीच में एक-रूप-वालों का कहीं कहीं लोप हो जाता है।

जैसे—अग्गि + अगारं = अग्यागारं; वुत्ति + अस्स = वुत्यस्स।

सन्धिकल्प में चतुर्थ काण्ड समाप्त।

---

१. अभिनन्दन्ति—से०, २. एवमस्स वचनियो—से०। ३—३. तिण्णम्पि ब्यञ्जनानं सरूपानं क्वचि०—सी०१; तिण्णं ब्यञ्जनानमन्तरे ये सरूपा तेसम्पि लोपो होति—सी०२। ४. से० में नहीं। ५. पटिसन्थार वुत्यस्स—सी०२।

(५) पञ्चमो कण्डो

४२. गो सरे पुथस्सागमो क्वचि ।१.५.१।

पुथ इच्चेतस्स सरे[1]परे क्वचि गकारागमो होति । पुथगेव ।

क्वची ति कस्मा ? पुथएव ।

४२. स्वर की परता में 'पुथ' शब्द के अन्त में कहीं कहीं 'ग' का आगम होता है । जैसे—पुथ + एव = पुथगेव ।

कहीं कहीं क्यों ? पुथ + एव = पुथएव ।

४३. पास्स चन्तो[2] रस्सो ।१.५.२।

पा इच्चेतस्स सरे[1]परे क्वचि गकारागमो होति, अन्तो च सरो रस्सो होति । पगेव वुत्यस्स ।

क्वची ति कस्मा ? पाएव वुत्यस्स ।

४३. स्वर की परता में 'पा' शब्द के अन्त में कहीं-कहीं 'ग' का आगम होता है तथा 'पा' में स्थित दीर्घ स्वर का ह्रस्व हो जाता है । जैसे—पा + एव = पगेव ।

कहीं कहीं क्यों ? पा + एव = पाएव ।

४४. अब्भो अभि ।१.५.३।

अभि इच्चेतस्स सरे परे अब्भो[3] आदेसो[3] होति । अब्भुदीरितं[4], अब्भुग्गच्छति ।

४४. स्वर की परता में 'अभि' का 'अब्भ' आदेश हो जाता है । जैसे— अभि + उदीरितं = अब्भुदीरितं; अभि + उग्गच्छति = अब्भुग्गच्छति ।

४५. अज्झो अधि ।१.५.४।

अधि इच्चेतस्स सरे परे अज्झो[5] आदेसो[5] होति । अज्झोकासो, अज्झगमा ।

४५. स्वर की परता में 'अधि' का 'अज्झ' आदेश होता है । जैसे— अधि + ओकासो = अज्झोकासो; अधि + अगमा = अज्झगमा ।

---

१. अन्ते सरे—सी०२ । २. चान्तो—सी०२ । ३-३. अब्भादेसो—सी०२ । ४. अब्भुदिरितं—से० । ५-५. अज्झादेसो—सी०२ ।

४६. ते न वा इवण्णे ।१.५.५।

ते च खो अभि अधि इच्चेते इवण्णे परे अब्भो अज्झो इति वुत्तरूपा न होन्ति वा। अभिच्छितं[1], अधीरितं।

वा ति कस्मा ? अब्भीरितं, अज्झिणमुत्तो।

४६. इवर्ण की परता में 'अभि' तथा 'अधि' का विकल्प से 'अब्भ' तथा 'अज्झ' आदेश नहीं होता है। जैसे—अभि + इच्छितं = अभिच्छितं; अधि + ईरितं = अधीरितं।

विकल्प से क्यों ? अभि + ईरितं = अब्भीरितं, अधि + इणमुत्तो = अज्झिणमुत्तो।

४७. अतिस्स चन्तस्स[2] ।१.५.६।

अति इच्चेतस्स अन्तभूतस्स तिसद्दस्स इवण्णे परे 'सब्बो चन्ती' ति (१९) वुत्तरूपं[3] न होति[4]। अतिसिगणो, अतीरितं।

इवण्णे ति कस्मा ? अच्चन्तं।

४७. इवर्ण की परता में 'अति' शब्द के अन्तभूत 'ति' का 'सब्बो चन्ति' (१९) सूत्र से उक्त रूप नहीं होता (अर्थात् 'ति' का 'च' में परिवर्तन नहीं होता)। जैसे—अति + इसिगणो = अतिसिगणो; अति + ईरितं = अतीरितं।

सूत्र में इ वर्ण की परता में क्यों कहा ? अति + अन्तं = अच्चन्तं।

४८. क्वचि पटि पतिस्स ।१.५.७।

पति इच्चेतस्स सरे वा ब्यञ्जने वा परे क्वचि पटि आदेसो होति। पटग्गि दातब्बो[5], पटिहञ्ञति।

क्वची ति कस्मा ? पच्चन्तिमेसु जनपदेसु, पतिलीयति, पतिरूपदेसवासो च।

४८. स्वर अथवा व्यञ्जन की परता में 'पति' का कहीं कहीं 'पटि' आदेश होता है। जैसे—पति + अग्गि = पटग्गि; पति + हञ्ञति = पटिहञ्ञति।

कहीं कहीं क्यों ? पति + अन्तिमेसु = पच्चन्तिमेसु; पति + लीयति = पतिलीयति; पति + रूपदेसवासो = पतिरूपदेसवासो।

---

१. अभिच्छितं—से०। २. चान्तस्स—सी०२। ३. वुत्तरूपा—से०। ४. होति वा—सी०२। ५. धातब्बो—से०।

४९. पुथस्सु ब्यञ्जने ।१.५.८।

पुथ इच्चेतस्स अन्तो सरो ब्यञ्जने परे उकारो होति। पुथुज्जनो, पुथुभूतं।

अन्तग्गहणेन अपुथस्सा पि सरे परे अन्तस्स उकारो होति। मनुञ्ञं।

४९. व्यञ्जन की परता में 'पुथ' शब्द का अन्तिम स्वर उकार में परिवर्तित हो जाता है। जैसे—पुथ + जनो = पुथुज्जनो; पुथ + भूतं = पुथुभूतं।

(सूत्र की वृत्ति में) 'अन्त' शब्द का ग्रहण होने से पुथ शब्द से अतिरिक्त शब्दों में भी स्वर की परता में अन्तिम स्वर 'उ' में परिवर्तित हो जाता है। जैसे—मनो + अञ्ञं = मनुञ्ञं।

५०. ओ अवस्स ।१.५.९।

अव इच्चेतस्स ओकारादेसो होति क्वचि ब्यञ्जने परे। अन्धकारेन ओनद्धा।

क्वची ति कस्मा? अवसुस्सतु मे सरीरे मंसलोहितं।

५०. व्यञ्जन की परता में कहीं कहीं 'अव' का 'ओ' आदेश होता है। जैसे—अव + नद्धा = ओनद्धा।

कहीं कहीं क्यों? अव + सुस्सतु = अवसुस्सतु।

५१. अनुपदिट्ठानं वुत्तयोगतो ।१.५.१०।

अनुपदिट्ठानं उपसग्गनिपातानं सरसन्धीहि ब्यञ्जनसन्धीहि वुत्तसन्धीहि यथापयोगं योजेतब्बं। पापनं, परायनं, उपायनं, उपाहनं[1], न्यायोगो, निरूपधि, अनुबोधो[2], दुवूपसन्तं[3], सुवूपसन्तं[4], द्वालयो, स्वालयो, दुरक्खातं[5], स्वाक्खातो[6], उदीरितं, समुद्दिट्ठं, वियग्गं, ब्यग्गं[7], विज्झग्गं, अवयागमनं, अन्वेति, अनुपघातो[8], अनच्छरियो[9], परियेसना[10], परामासो; एवं सरे च होन्ति।

ब्यञ्जने[11] च[11]—परिग्गहो, पग्गहो, पक्कमो, परक्कमो, निक्कमो, निक्कसावो, निल्लयनं, दुल्लयनं, दुब्भिक्खं, दुब्बुत्तं[12], सन्दिट्ठं,

---

१. उपाहणं—सी०२। २. से० में नहीं। ३. दुवुपसन्तं—से०, सी०२। ४. सुवुपसन्तं, से०, सी०२। ५. दुराक्खातं—सी०१; दुरक्खातो—से०। ६. स्वाखातो—से०। ७. ब्यग्गं—से०। ८. अनूपघातो—से०। ९. अनच्छरिया—से०। १०. परिसेसना—से०। ११–११. सी०१ में नहीं। १२. दुब्भुत्तं—से०।

दुग्गहो, निग्गहो,[1] विग्गहो, निग्गतं,[2] एवं व्यञ्जने च होन्ति; सेसा च सब्बे योजेतब्बा।

इति सन्धिकप्पे पञ्चमो कण्डो।

सन्धिकप्पो निट्ठितो।

५१. उपर्युक्त स्वर-सन्धि तथा व्यञ्जन-सन्धि के नियमों को उचित रूप से उपसर्ग तथा निपातों में लगा लेना चाहिए, क्योंकि इनके सम्बन्ध में यहाँ कोई विधान नहीं किया गया है।

[सन्धि के सम्बन्ध में आचार्य का यह अन्तिम सूत्र है। इसका क्षेत्र विस्तृत है। जिनका ऊपर विशेष रूप से व्याख्यान अथवा विधान नहीं हो पाया है, उन्हें अन्तर्भूत करने के लिए उन्होंने इस सूत्र की रचना की है। ऊपर उपसर्ग तथा निपातों की सन्धि के सम्बन्ध में विशेष रूप से कुछ नहीं कहा गया है। उसी के सम्बन्ध में इस सन्धि-विषयक अन्तिम सूत्र में कहा गया है कि उपसर्ग तथा निपात जो अनुपदिष्ट हैं अर्थात् जिनके सम्बन्ध में आचार्य का उपदेश नहीं विद्यमान है, उन्हें सन्धि-युक्त करते समय स्वर-सन्धि तथा व्यञ्जन-सन्धि के नियमों का अनुसरण करना चाहिए। 'रूपसिद्धि' में इस सूत्र को स्पष्ट करते हुए भदन्त दीपङ्करबुद्धप्पिय महाथेर ने लिखा है—

"ये इध अम्हेहि विसेसतो न उपदिट्ठा उपसग्ग-निपातादयो, तेसं वुत्तयोगतो वुत्तनयेन सरसन्धादिसु वुत्तनयानुसारेन रूपसिद्धि वेदितब्बा।"]

जैसे—स्वर-सन्धि में—

प + आपनं = पापनं ['सरा सरे लोपं' सूत्र (१२) के अनुसार पूर्व स्वर का लोप करके]

पर + अयनं = परायनं ['सरा सरे लोपं' सूत्र (१२) के अनुसार तथा 'दीघं' सूत्र (२५) के अनुसार पूर्व स्वर का लोप और पर स्वर का दीर्घ करके]

उप + अयनं = उपायनं [उपर्युक्त नियमानुसार]

उप + आहनं = उपाहनं ['सरा सरे लोपं' सूत्र (१२) के अनुसार पूर्व स्वर का लोप करके]

नि + आयोगो = न्यायोगो ['इवण्णो यन्न वा' सूत्र (२१) के अनुसार 'इ' का 'य' करके]

१. से० में नहीं। २. निग्गतं, अभिक्कमो, पटिक्कमो, अतिक्कमो-सी०१।

नि + उपधि = निरुपधि ['यवमदनतरळा चागमा' सूत्र (३९) के अनुसार 'र' का आगम]

अनु + बोधो = अनुबोधो ['सरा पकति ब्यञ्जने' सूत्र (२३) के अनुसार प्रकृतिभाव]

दु + उपसन्त = दुवूपसन्तं ['यवमदनतरळा चागमा' सूत्र (३९) तथा 'दीघं' (२९) से 'व' का आगम तथा दीर्घीकरण]

सु + उपसन्तं = सुवूपसन्तं [उपर्युक्त विधि से]

दु + आलयो = द्वालयो ['वमोदुदन्तानं' सूत्र (१८) से उ का व करके]

सु + आलयो = स्वालयो [उपर्युक्त विधि से]

दु + अक्खातं = दुरक्खातं ['यवमदनतरळा चागमा' सूत्र (३९) के अनुसार 'र' का आगम]

सु + अक्खातो = स्वाक्खातो [उपर्युक्त विधि से]

उ + ईरितं = उदीरितं [" "]

सं + उद्दिट्टं = समुद्दिट्टं ['मदा सरे' सूत्र (३४) के अनुसार निग्गहीत का मकारादेश]

वि + अग्गं = वियग्गं [सूत्र (३९) के अनुसार य का आगम]

= व्यग्गं ['इवण्णो यन्न वा' सूत्र (२१) के अनुसार]

वि + अधि + अग्गं = विज्झग्गं ['अज्झो अधि' सूत्र (४९) के अनुसार]

अव + आगमनं = अवयागमनं [सूत्र (३९) के अनुसार]

अनु + एति = अन्वेति ['वमोदुदन्तानं' सूत्र (१८) के अनुसार उ का व]

अनु + उपघातो = अनुपघातो [सूत्र (१२) के अनुसार]

अनु + अच्छरियो = अनच्छरियो [उपर्युक्त सूत्रानुसार]

परि + एसना = परियेसना [सूत्र (३९) के अनुसार 'य' का आगम]

परा + आमासो = परामासो ['सरा सरे लोपं' सूत्र (१२) के अनुसार]

व्यञ्जन-सन्धि में—

परि + गहो = परिग्गहो ['परद्वेभावो ठाने' सूत्र (२८) के अनुसार]

प + गहो = पग्गहो [उपर्युक्त सूत्रानुसार]

प + कमो = पक्कमो [" "]

पर + कमो = परक्कमो [" "]

नि + कमो = निक्कमो [" "]

नि + कसावो = निक्कसावो [" "]

नि + लयनं = निल्लयनं [„ „]
दु + लयनं = दुल्लयनं [" "]
दु + भिक्खं = दुब्भिक्खं ['वग्गे घोसाघोसानं ततियपठमा' सूत्र (२९) के अनुसार]
दु + वुत्तं = दुब्वुत्तं ['परद्वेभावो ठाने' सूत्र (२८) के अनुसार]
सं + दिट्ठं = सन्दिट्ठं ['वग्गन्तं वा वग्गे' सूत्र (३१) के अनुसार]
दु + गहो = दुग्गहो [उपर्युक्त सूत्र (२८) के अनुसार]
नि + गहो = निग्गहो [उपर्युक्त सूत्रानुसार]
वि + गहो = विग्गहो [" "]
नि + गतं = निग्गतं [" "]

इसी प्रकार और उदाहरणों के सम्बन्ध में योजना करनी चाहिए।

सन्धिकल्प में पञ्चम काण्ड समाप्त।

सन्धिकल्प समाप्त।

२. नामकप्पो

(१) पठमो कण्डो

५२. जिनवचनयुत्तम्हि ।२.१ १।

"जिनवचनयुत्तम्हि[1]" इच्चेतं अधिकारत्थं वेदितब्बं।

५२. यह सूत्र अधिकारार्थ है।

[इस सूत्र का अर्थ यह है कि इस व्याकरण के नियम बुद्धवचन के लिए ही हैं अर्थात् सूत्रकार द्वारा बुद्ध के उपदेशों में प्रयुक्त भाषा का ही व्याख्यान हुआ है। क० व० में बुद्ध के प्रति प्रणाम-स्वरूप प्रारम्भ में आचार्य द्वारा कही गई गाथाओं में आये हुए 'अक्खरपदं सुणेय्य' वचन से इसका सम्बन्ध जोड़ा गया है। वहाँ पर इस सूत्र के सम्बन्ध में विस्तृत विचार किया गया है, जिसके कुछ आवश्यक अंश यहाँ पर दिये जाते हैं—"अक्खरपदं सुणेय्या ति वुत्तं। किं पदं सुणमानो जिनवचनयुत्तायुत्तं सब्बपदमेव सोतब्बं ति पुच्छाय सति, पदं सुणमानो जिनवचनयुत्तपदमेव सुणेय्य, नायुत्तपदं ति, दस्सेतुं 'जिनवचनयुत्तम्हि' ति वुत्तं किमत्थमिदमुच्चते? सन्धिकप्पनिद्दिट्ठानन्तरं नामकप्पं दस्सेन्तेन जिनवचनयुत्तलिङ्गानेव निप्फज्जन्ते, तेदेव विभत्तादयो होन्ती ति ञापनत्थमिदमुच्चते—अयमिह न्यामागतो सम्बन्धो।

किमत्थमिदमुच्चते? अक्खरपदं सुणन्तो जिनवचनयुत्तअक्खरपदानियेव सुणेय्या ति ञापनत्थमिदमुच्चते—अयमम्हाकं निक्खन्ति।

सञ्ञाधिकारपरिभासाविधिसुत्तेसु अधिकार-सुत्तं ति वेदितब्बं…"सीहगतिक-अधिकारोयं "पञ्च मारे जितवा ति जिनो, तस्स वचनं जिनवचनं, जिनवचनस्स युत्तं जिनवचनयुत्तं; हि सद्दो निपातो"।]

५३. लिङ्गञ्च निपच्चते ।२. १. १।

यथा[1] यथा[2] जिनवचनयुत्तम्हि लिङ्गं[3] तथा[4] तथा[4] इध लिङ्गञ्च निपच्चते, तं यथा—एसो नो सत्था, ब्रह्मा, अत्ता, सखा, राजा।

---

१. युत्तं हि—सी० १, सी०२। १-२. यथायथा—से०। ३. से० मे नही। ४-४. तथातथा—से०।

९३. इस व्याकरण में प्रातिपदिक को निश्चित करने का यह सिद्धान्त है कि वे बुद्ध के उपदेशों में जिस प्रकार से प्राप्त होते हैं, वैसे ही मान लिए जाते हैं। जैसे—सत्था, ब्रह्मा, अत्ता आदि।

[इस सूत्र को स्पष्ट करने के लिए क० व० के कुछ अंश यहां उद्धृत किए जाते हैं—

"जिनवचनयुत्तं पदं सुणेय्या ति वुत्तं। जिनवचनयुत्तं पदं सुणन्तेन सिक्खन्तेन किं कत्वा सुणितब्बं सिक्खितब्बं ति पुच्छाय सति, जिनवचनपदं सुणन्तेन सिक्खन्तेन लिङ्गं च निप्पज्जते ठपीयते चा ति दस्सेतुं 'लिङ्गं च निप्पज्जते'ति वुत्तं। रूपसिद्धिमते पन लिङ्गं च निप्पज्जते धातवो च निप्पज्जन्ते ति दस्सेतुं 'लिङ्गं च निप्पज्जते' ति वुत्तं···यथा यथा येन येन पकारेन जिनवचनयुत्तं हि लिङ्गं इध कच्चायनपकरणे ठपीयते निप्पज्जते ति अत्थो। लीनं अत्थं गमयति बोधयती ति लिङ्गं।"]

५४. ततो च विभत्तियो ।२.१.३।

ततो जिनवचनयुत्तेहि लिङ्गेहि विभत्तियो होन्ति।

९४. उन्हीं जिनवचनयुक्त प्रातिपदिकों में विभक्तियां लगती हैं।

[क० व०—"ततो जिनवचनयुत्तलिङ्गतो विभत्तियो परा होन्ती ति अत्थो। कम्मादिवसेन च एकत्तादिवसेन च लिङ्गत्थं विभजन्ती ति विभत्तियो; अथवा विभज्जते पाटिपदिकत्थो एताया ति विभत्तियो। 'ततो विभत्तियो' ति एत्तकमेव वत्तब्बं; अथ कस्मा चग्गहणं पक्खिपित्वा 'ततो च विभत्तियो' ति वुत्तं ति? समुच्चयत्थं। किं समुच्चेति? अलिङ्गभूततो तवेतुनादिपच्चयन्तनिपातता पि विभत्तियो होन्ती ति; अथवा चसद्देन पठमादुतियादिएकवचनबहुवचनादिसञ्ञाकरणत्थं।"]

५५. सियो अंयो नाहि सनं स्माहि सनं स्मिंसु ।२.१.४।

का च पन ता विभत्तियो? सि यो इति पठमा, अं यो इति दुतिया, ना हि इति ततिया, स नं इति चतुत्थी, स्मा हि इति पञ्चमी, स नं इति छट्ठी, स्मिं सु इति सत्तमी।

विभत्ति इच्चनेन क्वत्थो? "अम्हस्स ममं सविभत्तिस्स से" (१२०)।

९५. वे विभक्तियां कौन कौन सी हैं?

सि, यो—प्रथमा

अं, यो—द्वितीया

ना, हि—तृतीया

स, नं—चतुर्थी

स्मा, हि—पञ्चमी
स, नं—षष्ठी
स्मिं, सु—सप्तमी

(इस सूत्र की वृत्ति में प्रयुक्त) विभत्ति शब्द से क्या तात्पर्य है ? उपर्युक्त सूत्र (१२०) के अनुसार स विभक्ति की परता में विभक्ति-सहित अम्ह शब्द का ममं आदेश हो जाता है (इसीलिए यहाँ विभक्ति शब्द का ग्रहण किया गया है) ।

[उपर्युक्त विभक्तियाँ एकवचन तथा बहुवचन की हैं और ये इन्हीं की विवक्षा में क्रमश: प्रातिपादिक में लगती हैं ।

क० व० में कई मतों के अनुसार इस सूत्र को संज्ञा-सूत्र, नियम-सूत्र अथवा परिभाषा-सूत्र माना गया है—"सञ्ञासुत्तं ति रूपसिद्धिमतेन वुत्तं, न्यासमतेन नियमसुत्तं ति वुत्तं, सुत्तनिद्देसमतेन परिभासासुत्तं ति वुत्तं ।"]

५६. तदनुपरोधेन ।२.१.५।

यथा यथा तेसं जिनवचनानं अनुपरोधो[1] तथा तथा इध लिङ्गञ्च निपच्चते ।

५६. जिस प्रकार से उनका प्रयोग बुद्धवचन में किया गया है, उसी प्रकार से उनका प्रयोग तथा प्रातिपदिक का ग्रहण यहाँ भी (इस व्याकरण में भी) किया जाता है ।

[सूत्रकार का स्पष्ट प्रयोजन यह है कि बुद्धवचन में प्रयुक्त प्रातिपदिक का ही ग्रहण करके उसमें तदनुरूप विभक्ति का योग किया जाए ।

क० व० में इस सूत्र पर जो विचार हुआ है उसके कुछ अंश यहाँ दिए जा रहे हैं—"यथा यथा तेसं तेसं जिनवचनानं उपरोधो न होति तथा तथा इध लिङ्गञ्च निपच्चते आख्यातञ्च निपच्चते ति अत्थो । न उपरोधो अनुपरोधो, तेसं अनुपरोधो तदनुपरोधो, तेन तदनुपरोधेन ।"]

५७. आलपने सि गसञ्ञो ।२.१.६।

आलपनत्थे सि गसञ्ञो होति । भोति अय्ये, भोति कञ्ञे, भोति घरादिये ।

आलपने ति किमत्थं ? सा अय्या ।
सी ति किमत्थं ? भोतियो अय्यायो ।
ग इच्चनेन क्वत्थो ? "घते च" (११४) ।

१. अनुपरोधेन-से० ।

५७. सम्बोधन के अर्थ में सि विभक्ति की ग-संज्ञा होती है। जैसे–भोति अय्ये, भोति कञ्ञे, भोति घरादिये।

[इस सूत्र से यह स्पष्ट होता है कि सम्बोधन के अर्थ में भी प्रथमा की विभक्तियाँ लगती हैं। उनमें जब इस अर्थ में किसी प्रातिपदिक में हम एकवचनार्थक 'सि' विभक्ति जोड़ते हैं तो उसकी इस सूत्र से 'ग' संज्ञा हो जाती है और 'घते च' सूत्र (११४) से उस 'ग' का एकार करके कञ्ञे इत्यादि उपर्युक्त रूप सिद्ध होते हैं।]

सम्बोधन में कहने का क्या तात्पर्य ? सा अय्या के लिए (इस प्रयोग में सम्बोधन का अर्थ न विद्यमान रहने से उपर्युक्त कार्य नहीं हुआ)।

सूत्र में (केवल) सि (के विषय में ही) क्यों कहा ? भोतियो, अय्यायो आदि के लिए।

ग-संज्ञा (करने) से क्या तात्पर्य ? 'घते च' सूत्र (११४) के लिए।

[क० व०—"अभिमुखं कत्वा लपनं आलपनं, तस्मिं आलपने ; ग इति सञ्ञा एतस्सा ति ग-सञ्ञा। कस्मा 'सि गो' ति अवत्वा 'सि गसञ्ञो' ति वुत्तं ति चोदना ; एवं अवत्वा 'सि गसञ्ञो' ति वचनं आदेससङ्कानिवत्तनत्थं ति परिहारो"।]

५८. इवण्णुवण्णाज्झला[1] ।२.१.७।

इवण्णुवण्णा इच्चेते झलसञ्ञा होन्ति यथासङ्ख्यं। इसिनो, दण्डिनो, अग्गिनो, गहपतिनो, सेतुनो[2], भिक्खुनो, सयम्भुनो।

झ-ल इच्चनेन क्वत्थो ? "झलतो सस्स नो वा" (११७)।

५८ इवर्ण तथा उवर्ण (अर्थात् इ, ई और उ, ऊ) की क्रमशः झ और ल संज्ञाएँ होती हैं। जैसे – इसिनो, दण्डिनो, अग्गिनो, गहपतिनो, सेतुनो, भिक्खुनो, सयम्भुनो।

[इन उदाहरणों में इकरान्त, ईकारान्त, उकारान्त तथा ऊकारान्त शब्द हैं। इनकी इस सूत्र से झ-ल-संज्ञा करने पर जब इनसे परे स विभक्ति आती है तो उसका 'झलतो सस्स नो वा' सूत्र (११७) से विकल्प से नो आदेश हो जाता है।]

झल इससे क्या तात्पर्य ? 'झलतो सस्स नो वा' सूत्र (११७) के लिए।

[क० व०—"झसञ्ञा पन लिङ्गन्ते लिङ्गमज्झे च निस्सिता।"]

१. ०वण्णा झला—से०। २. सेतुनो केतुनो–सी०२।

५९. ते इत्थिख्या पो ।२.१.८।

ते इवण्णुवण्णा यदा इत्थिख्या तदा प-सञ्ञा होन्ति। रत्तिया, इत्थिया, वधुया, धेनुया, देविया।

इत्थिख्या ति किमत्थं? इसिना, भिक्खुना।
प इच्चनेन क्वत्थो? "पतो या" (११२)।

५९. वे इकारान्त तथा उकारान्त वर्ण (इ, ई, उ, ऊ) यदि स्त्रीलिङ्ग में हो तो उनकी प-संज्ञा होती है। जैसे–रत्तिया, इत्थिया आदि।

[रत्ति शब्द से ना विभक्ति आने पर इस सूत्र से प-संज्ञा करने पर तथा 'पतो या' सूत्र (११२) से या आदेश हो जाने पर रत्तिया सिद्ध होता है।]

स्त्रीलिङ्ग कहने का क्या तात्पर्य? इसिना, भिक्खुना आदि उदाहरणों में स्त्रीलिङ्ग न होने से उनकी प–संज्ञा नहीं हो पाती और उपर्युक्त सूत्र से ऐसी अवस्था मे या आदेश नहीं होता।

प–संज्ञा से क्या तात्पर्य? 'पतो या' सूत्र (११२) के लिए।

६०. आ घो ।२.१.९।

आकारो यदा इत्थिख्यो[1] तदा घ-सञ्ञो होति। सद्धाय, कञ्ञाय, वीणाय, गङ्गाय, दिसाय, सालाय, मालाय, तुलाय, दोलाय, पभाय, सोताय, पञ्ञाय, करुणाय, नावाय, कपालाय।

आ इति किमत्थं? रत्तिया, इत्थिया, देविया, धेनुया।
इत्थिख्यो[1] ति किमत्थं? सत्थारा देसितो अयं धम्मो।
घ इच्चनेन क्वत्थो? "घतो नादीनं" (१११)।

६०. स्त्रीवाचक आकार की घ-संज्ञा होती है। जैसे—सद्धाय, कञ्ञाय आदि।

[सद्धा शब्द में जो आकार है, वह इसके स्त्रीलिङ्ग होने के कारण घ–संज्ञक हुआ और अब इसमें ना विभक्ति का योग किया गया तो उसका 'घतो नादीनं' सूत्र (१११) से आय आदेश हो गया और इस प्रकार सद्धाय सिद्ध हुआ।]

आ कहने का क्या तात्पर्य? रत्तिया, इत्थिया आदि प्रयोगों के लिए।

---

१. इत्थिख्या–से०, सी०१।

स्त्रीलिङ्ग कहने से क्या तात्पर्य ? सत्थारा प्रयोग में स्त्री-वाचक शब्द न होने से ऐसा नहीं हुआ।

घ-संज्ञा से क्या तात्पर्य ? 'घतो नादीनं' सूत्र (१११) के लिए।

६१. सागमो से ।२.१.११।

सकारागमो होति से विभत्तिम्हि। पुरिसस्स, अग्गिस्स, दण्डिस्स, इसिस्स, भिक्खुस्स, सयम्भुस्स, अभिभुस्स।

से ति किमत्थं ? पुरिसस्मिं।

६१. स विभक्ति की परता में सकार का आगम होता है। जैसे—पुरिसस्स इत्यादि।

स विभक्ति कहने का क्या तात्पर्य ? पुरसस्मिं के लिए (इस प्रयोग में स विभक्ति न होने से उपर्युक्त कार्य नहीं हुआ)।

६२. संसास्वेकवचनेसु च ।२.१.११।

संसासु एकवचनेसु विभत्तादेसेसु सकारागमो होति। एतिस्सं, एतिस्सा; इमिस्सं, इमिस्सा; तिस्सं, तिस्सा; तस्सं, तस्सा; यस्सं, यस्सा; अमुस्सं, अमुस्सा।

संसास्विति किमत्थं ? अग्गिना, पाणिना[1]।

एकवचनेस्विति किमत्थं ? तासं, सब्बासं।

विभत्तादेसेस्विति किमत्थं ? मनसा, वचसा, थामसा।

६२. सं तथा सा एकवचनवाले विभक्त्यादेशों में स का आगम होता है। जैसे—एतिस्सं, एतिस्सा आदि।

[स्त्रीवाचक एत शब्द से स्मिं तथा स विभक्तियों के आने पर और 'घपतो स्मिंसानं संसा' सूत्र (१७९) से उनका क्रमशः सं तथा सा आदेश होने पर उपर्युक्त सूत्र से सकार का आगम करने पर एतिस्सा सिद्ध होते हैं।]

सं और सा में ऐसा होता है, ऐसा कहने का क्या तात्पर्य ? अग्गिना आदि उदाहरणों के लिए।

एकवचन में कहने का क्या तात्पर्य ? तासं, सब्बासं आदि के लिए।

विभक्त्यादेश में कहने का क्या तात्पर्य ? मनसा आदि के लिए।

---

१. पाणिना दण्डिना—सी०१।

६३. एतिमासमि[1] ।२.१.१२।

एता-इमा इच्चेतेसमन्तो सरो इकारो होति संसासु एकवचनेसु विभत्तादेसेसु । एतिस्सं, एतिस्सा; इमिस्सं, इमिस्सा ।

संसास्विति किमत्थं ? एताय, इमाय ।

एकवचनेस्विति किमत्थं ? एतासं, इमासं ।

६३, एकवचनात्मक सं तथा सा विभक्त्यादेशों के बाद में रहने पर एता और इमा शब्दों के अन्तिम स्वर का इकार हो जाता है। जैसे—एतिस्सं, एतिस्सा आदि ।

[इन प्रयोगों में एत शब्द के बाद सं तथा सा विभक्त्यादेश विद्यमान है। अतएव इसके अन्तिम स्वर 'आ' का 'इ' हो गया है तथा सूत्र (६२) से 'स' का द्वित्व हो गया है ।

सूत्रकार को एतिमासं के स्थान पर एतिमातं कहना चाहिए था, इस प्रकार की शंका उठाकर उसका समाधान भी क० व० में प्रस्तुत किया गया है— "सुत्तागतानं एतिमासद्दानं एतिमासद्दानुकरणत्ता सब्बनामानुकरणस्स च सुद्ध-नामसभावतो सुद्धनामे आदेसवसेन एतिमातं ति वत्तब्बं, अथ कस्मा एतिमासं ति वुत्तं ? सब्बनामानुकरणस्स च सब्बनामिकविधानेन पि भवितब्बत्ता एतिमासं ति सब्बनामिकविधानेन वुत्तं" ।]

सं और सा में कहने का क्या तात्पर्य ? एताय आदि के लिए ।

एकवचन में कहने का क्या तात्पर्य ? एतासं आदि के लिए ।

६४. तस्सा वा ।२.१.१३।

तस्सा इच्चियं वत्तमानाय आकारस्स[2] इकारो होति वा संसासु एक-वचनेसु विभत्तादेसेसु । तिस्सं, तिस्सा; तस्सं, तस्सा ।

६४. स्त्रीवाचक ता शब्द के पश्चात् यदि एकवचनात्मक सं तथा सा विभक्त्यादेश आवें तो इसमें स्थित आकार विकल्प से इकार में परिवर्तित हो जाता है। जैसे—तिस्सं, तिस्सा ; विकल्प से तस्सं तथा तस्सा ये रूप होते हैं ।

---

१. ० मासं इ—से० । २. अकारस्स–से० ।

६५. ततो सस्स स्साय ।२.१.१४।

ततो ता-एता-इमातो सस्स विभत्तिस्स स्सायादेसो होति वा, अन्तो[1] च सरो इकारो होति[1]। तिस्साय, तिस्सा; एतिस्साय, एतिस्सा; इमिस्साय, इमिस्सा।

६५. ता, एता तथा इमा शब्दों में स विभक्ति के लगने पर उसका स्साय आदेश विकल्प से होता है और इन शब्दों में विद्यमान अन्तिम स्वर इकार में परिणत हो जाता है। जैसे—तिस्साय, एतिस्साय, इमिस्साय; विकल्प से तिस्सा, एतिस्सा तथा इमिस्सा रूप प्राप्त होते हैं।

६६. घो रस्सं ।२.१.१५।

घो रस्समापज्जते संसासु एकवचनेसु विभत्तादेसेसु। तस्सं, तस्सा; यस्सं, यस्सा; सब्बस्सं, सब्बस्सा।

संसास्विति किमत्थं? ताय, सब्बाय।

एकवचनेस्विति किमत्थं? तासं, सब्बासं।

६६. सं तथा सा एकवचनात्मक विभक्त्यादेशों के होने पर घ-संज्ञक (स्त्रीवाचक शब्दों में विद्यमान आकार) का ह्रस्व हो जाता है। जैसे—तस्सं, तस्सा आदि।

सं तथा सा विभक्त्यादेशों में क्यों? ताय, सब्बाय के लिए (इन प्रयोगों में सं तथा सा विभक्त्यादेशों के न रहने से ऐसा नहीं हुआ)।

एकवचन में क्यों? तासं, सब्बासं के लिए।

६७. नो च द्वादितो नम्हि ।२.१.१६।

द्वि इच्चेवमादितो सङ्ख्यातो नकारागमो होति नम्हि विभत्तिम्हि। द्विन्नं, तिन्नं, चतुन्नं, पञ्चन्नं, छन्नं, सत्तन्नं, अट्ठन्नं, नवन्नं, दसन्नं।

द्वादितो ति किमत्थं? सहस्सानं।

नम्ही ति किमत्थं? द्वीसु, तीसु।

चसद्दग्गहणेन स्सं चागमो होति। चतस्सन्नं इत्थीनं, तिस्सन्नं वेदनानं।

६७. सङ्ख्यावाचक द्वि आदि शब्दों के बाद जब नं विभक्ति आती है तो उन शब्दों के बाद 'न' का आगम होता है। जैसे—द्विन्नं, तिन्नं, चतुन्नं आदि।

१-१. सी०१ में नहीं।

द्वि आदि शब्दों से कहने का क्या तात्पर्य ? सहस्सानं के लिए।

नं विभक्ति में कहने का क्या तात्पर्य ?, द्वीसु, तीसु के लिए।

उपर्युक्त सूत्र में च शब्द का ग्रहण करने से स्स का भी आगम होता है। जैसे—चतस्सन्नं, तिस्सन्नं आदि।

६८. अमा पतो स्मिंस्मानं वा ।२.१.१७।

प इच्चेतस्मा स्मिं-स्मा इच्चेतेसं अं-आ-आदेसा होन्ति वा यथासङ्ख्यं मत्यं, मतियं, मत्या, मतिया; रत्यं, रतियं, रत्या, रतिया; निकत्यं, निकतियं, निकत्या, निकतिया; विकत्यं, विकतियं, विकत्या, विकतिया; विरत्यं, विरतियं, विरत्या, विरतिया; पुथव्यं[1], पुथवियं, पुथव्या[2], पुथविया; पवत्यं, पवत्तियं[3], पवत्या, पवत्तिया[4]।

६८. प-संज्ञक (स्त्रीवाचक इकारान्त उकारान्त शब्द) शब्दों से आनेवाले स्मिं तथा स्मा विभक्तियों के विकल्प से क्रमशः अं तथा आ आदेश होते हैं। जैसे मत्यं, मतियं आदि।

[मति शब्द से स्मिं विभक्ति के आने पर उसका अं आदेश होने पर मत्यं बनता है, जहाँ यह आदेश नहीं हुआ वहाँ विकल्प से मतियं। मति शब्द से स्मा विभक्ति के लगने पर उसका आ आदेश होने पर मत्या बना और जहाँ ऐसा नहीं हुआ, वहाँ मतिया। इसी प्रकार उपर्युक्त सभी प्रयोग सिद्ध होते हैं।]

६९. आदितो ओ च ।२.१.१८।

आदि इच्चेतस्मा स्मिंवचनस्स अं-ओ च[5] आदेसा होन्ति वा। आदिं, आदो।

वा ति किमत्थं ? आदिस्मिं, आदिम्हि नाथं नमस्सित्वा।

चसद्दग्गहणेन अञ्ञस्मा पि स्मिंवचनस्स आ-ओ-अं-आदेसा होन्ति वा। दिवा च रत्तो च हरन्ति ये बलिं; बाराणसिं अहु राजा।

६९. आदि शब्द में स्मिं विभक्ति लगने पर उसके (विभक्ति का) विकल्प से अं और ओ आदेश होते हैं। जैसे—आदिं, आदो।

विकल्प से क्यों ? आदिस्मिं, आदिम्हि के लिए।

---

१. पुथव्यं—से०। २. पुथव्या-रो०। ३. पवत्तियं—सी०१, सी०२। ४. पवत्तिया—सी०१, सी०२। ५. सी०१, से० में नहीं।

सूत्र में च शब्द के ग्रहण से दूसरे शब्दों से भी स्मिं के स्थान पर आ, ओ तथा अं आदेश विकल्प से होते हैं। जैसे—दिवा, रत्तो, बाराणसिं।

७०. झलानमियुवा सरे वा ।२.१.१९।

झल इच्चेतेसं इय-उव इच्चेते आदेसा होन्ति वा सरे परे यथासङ्ख्यं[१]। तयन्तं, पच्छियागारे, अग्गियागारे, भिक्खुवासने निसीदति, पुथुवासने।

सरे ति किमत्थं? तिमलं, तिफलं, तिकचतुकं, तिदण्डं, तिलोकं, तिनयनं, तिपासं, तिहंसं[२] तिभवं[३], तिबन्धनं[४], तिवेदनं, तिपिटकं, तिवेदं, चतुद्दिसं, पुथुभूतं।

वा ति किमत्थं? पञ्चहङ्गेहि समन्नागतो[५], तीहाकारेहि चक्खायतनं।

वा ति विकप्पनत्थं—इकारस्स अयादेसो होति। वत्थुत्तयं।

७०. स्वर की परता में झ तथा ल के (इकारान्त तथा उकारान्त के) विकल्प से क्रमश इय तथा उव आदेश होते हैं। जैसे—तियन्तं, पच्छियागारे, अग्गियागारे (इय के उदाहरण); भिक्खुवासने, पुथुवासने (उव के उदाहरण)।

स्वर की परता में क्यों? तिमलं, तिफलं आदि के लिए।

विकल्प से क्यों? पञ्चहङ्गेहि, तीहाकारेहि आदि के लिए।

सूत्र में वा शब्द के प्रयोग से यह भी व्यक्त होता है कि इकार का कहीं कहीं अय आदेश भी होता है। जैसे—वत्थुत्तयं।

[क० व०—"झो च लो च झला; इयो च उवो च इयुवा। कस्मा पनेत्थ वासद्दो कतो, ननु च हेट्ठा वासद्दो अधिकतो ति? सच्चं, तथापि अनुवत्तमानवासद्दस्स विभासत्थत्ता अत्थन्तरविञ्ञापनत्थमिह वासद्दो कतो" ति।]

७१. यवकारा ।२.१.२०।

झलानं यकारवकारादेसा होन्ति वा[६] सरे परे यथासङ्ख्यं[७]। अग्यागारे, चक्ख्वायतनं[८], स्वागतं ते महावीर।

चसद्दग्गहणं सम्पिण्डनत्थं।

७१. स्वर की परता में झ तथा ल के विकल्प से क्रमश य तथा व आदेश होते हैं। जैसे—अग्यागारे, चक्ख्वायतनं आदि।

---

१. से० में नहीं। २. तिभासं–सी०२। ३. तिभरं–से०। ४. तिवन्धं–सी०१। ५. से० में नहीं। ६. सी०१ में नहीं। ७. से० में नहीं। ८. चक्खायतनं –सी०२।

सूत्र में च शब्द का प्रयोग यह सूचित करता है कि यह सूत्र अथवा पहले का सूत्र (७०) दोनों ही यथार्थ हैं।

[क० व०—"यकारो च वकारो च यवकारा, 'तेसु वुद्धी' इच्चादिना पुब्बस्स कारसद्दस्स लोपो, चकारो निपातो। कस्मा इदं वुत्तं, ननु च 'इवण्णो यन्न वा', 'वमोदुदन्तानं' इच्चादीहि सिज्झती ति? सिज्झति, तथापि नामवसेन पि विधातुमिदं वुत्तं।"]

७२. पसञ्ञस्स च ।२.१.२१।

प-सञ्ञस्स च[1] विभत्तादेसे सरे परे यकारादेसो होति। पुथब्या[2], रत्या, मत्या।

सरे ति किमत्थं? पुथवियं।

चसद्दग्गहणमनुकड्ढनत्थं।

७२. प-संज्ञा का विभक्त्यादेशवाले स्वर की परता में य आदेश होता है। जैसे—पुथब्या आदि।

स्वर की परता में क्यों? पुथवियं के लिए।

सूत्र में प्रयुक्त च शब्द यह प्रदर्शित करता है कि यह सूत्र, इसके पूर्व आनेवाले सूत्र का अनुगमन करता है।

[क० व०—"चग्गहणं कस्मा कतं ति चोदना? अनुकड्ढनत्थं ति परिहारो; चग्गहणेन यकारे अनुकड्ढिते वकारो निवत्तति, तेन इवण्णो येव गहेतब्बो।"]

७३. गाव से ।२.१.२२।

गो इच्चेतस्स ओकारस्स[3] आवादेसो होति से विभत्तिम्हि। गावस्स।

७३. स विभक्ति के आने पर गो शब्द के ओ का आव आदेश होता है। जैसे—गावस्स।

[क० व०—"गावे ति एकं, से ति एकं ति द्विपदमिदं। रूपसिद्धि पन गो ति एकं, आवे ति एकं, से ति एकं ति वुत्तं…गोस्स ओ गो ति समासं कत्वा पुन तेन आवा ति कारियपदेन गोस्स आवो ति गावो ति समासं कत्वा न्यासे द्विपदं ति वुत्तं। रूपसिद्धियं पन गोस्स ओ गो ति एत्थ अवयव-अवयवीनमेकक्खणे लब्भनतो समासो होति, गोस्स आवो गावो ति एत्थ पन कारिकारियानमेकक्खणे

1. सी०१, सी०२ में नहीं। 2. पुथब्या-से०। 3. अकारस्स-से०।

अलब्भमानतो सापेक्खता नत्थि, तस्मा समासो न होती ति तिपदता वुत्ता। गाव से ति कस्मा वुत्तं, गावो से ति वत्तब्बं ति ? सच्चं, तथापि सुखुच्चारनत्थं ओकारस्स लोपं कत्वा तत्र अकारागमं कत्वा एवं वुत्तं।"]

७४. योसु च ।२.१.२३।

गो इच्चेतस्स ओकारस्स आवादेसो होति यो इच्चेतेसु परेसु। गावो गच्छन्ति, गावो पस्सन्ति; गावी गच्छन्ति, गावी पस्सन्ति।

चसद्दग्गहणं किमत्थं ? ना-स्मा-स्मिसु वचनेसु गो[1] इच्चेतस्स ओकारस्स[1] आवादेसो होति। गावेन, गावा, गावे, गावेसु।

७४. यो विभक्ति की परता में गो के ओकार का आव आदेश होता है। जैसे—गावो, गावी आदि।

सूत्र में च शब्द के ग्रहण करने का क्या तात्पर्य ? ना, स्मा तथा स्मि विभक्तियों में भी गो के ओकार का आव आदेश करने के लिए। जैसे—गावेन आदि।

[क० व०—"यो च यो चा ति यो, तासु योसु विभत्तीसु; दब्बापेक्खावसेन चेत्थ बहुवचनं।"]

७५. अवम्हि च ।२.१.२४।

गो इच्चेतस्स ओकारस्स आव[2] अव इच्चेते आदेसा[2] होन्ति अम्हि विभत्तिम्हि। गावं, गवं।

चसद्दग्गहणेन सादिसेसेसु पुब्बुत्तरवचनेसु[3] च अवादेसो होति। गवस्स, गवो, गवेन, गवा, गवे, गवेसु।

७५. अं विभक्ति की परता में गो के ओकार के आव तथा अव आदेश होते हैं। जैसे—गावं, गवं।

(सूत्र में) च शब्द का ग्रहण करने से इसके समान इसके पहले तथा बाद की स आदि विभक्तियों की परता में भी गो शब्द के ओकार का अव आदेश होता है। जैसे—गवस्स, गवो आदि।

[क० व०—"इध अवकरियं सति पि कस्मा आवकारियं वत्तती ति ? अप्पकत्तसेन वत्तती ति; अथवा चसद्देन अनुकड्ढनसमुच्चयो कतो, अयं च च-सद्दो वुत्तावुत्तसमुच्चयो।"]

१-१. से० में नहीं। २-२. आवअवादेसा—से०, सी०१। ३. पुब्बुत्तवचनेसु-सी०१, सी०२।

७६. आवस्सु वा ।२.१.२५।

आव इच्चेतस्स गावादेसस्स अन्तसरस्स उकारादेसो होति वा अम्हि विभित्तिम्हि । गावुं, गावं ।

आवस्से ति किमत्थं ? गवं ।

अम्ही ति किमत्थं ? गावो तिट्ठन्ति ।

७६. अं विभक्ति की परता में गो शब्द के ओकार के स्थान में प्राप्त आव आदेश के अन्तिम स्वर का विकल्प से उ आदेश होता है । जैसे—गावुं गावं ।

आव के कहने का क्या तात्पर्य ? गवं के लिए ।

अं की परता में कहने का क्या तात्पर्य ? गावो के लिए ।

[क० व०—"कस्मा पनिध आवग्गहणं कतं ति ? अवकारियस्स निवत्तनत्थं कतं" आवस्से ति किमत्थं ? गवं स्यादीसु सति पि गो आदेसस्स अन्तसरे आवादेसाभावा इमिना अन्तसरस्स उकारो न होती ति आपनत्थं वुत्तं ।"]

७७. ततो नं अं पतिम्हालुत्ते च समासे ।२.१.२६।

ततो गोसद्दतो नं-वचनस्स अं-आदेसो होति, गो इच्चेतस्स ओकारस्स अवादेसो होति पतिम्हि परे अलुत्ते च समासे । गवम्पतिस्स थेरस्स ।

अलुत्ते ति किमत्थं ? गोपति ।

चसद्दग्गहणेन असमासे पि नं-वचनस्स अं-आदेसो होति, गो इच्चेतस्स ओकारस्स अवादेसो च होति । गवं ।

७७. गो शब्द में जब नं विभक्ति लगती है तब उस विभक्ति का अं आदेश हो जाता है और यदि गो शब्द के बाद पति शब्द रहे तथा अलुक्समास हो तो गो का ओकार अव में परिवर्तित हो जाता है । जैसे—गवम्पतिस्स ।

अलुक्समास में क्यों ? गोपति उदाहरण में अलुक्समास न होने से ऐसा नहीं होता ।

सूत्र में च शब्द का ग्रहण करने से जहां समास नहीं भी रहता वहाँ भी इसमें लगनेवाली नं विभक्ति का अं आदेश हो जाता है तथा गो का ओकार अव में परिवर्तित हो जाता है । जैसे—गवं ।

[क० व०—"ननु च इध गाव-सद्दो अनुवत्तति, अथ कस्मा ततोग्गहणेन च गोसद्दं परामसती ति ? सच्चं, तथापि सो कारिभावेनेव वत्तते, तस्मा अवधिभावेनानुवत्तनत्थं ततोग्गहणेन परामट्ठं" ति ।]

७८. ओ सरे च ।२.१.२७।

गो इच्चेतस्स ओकारस्स अवादेसो च[1] होति समासे सरे परे। गवस्सकं, गवेळकं, गवाजिनं।

चसद्दग्गहणेन उवण्ण इच्चेवमन्तानं लिङ्गानं उव-अव-उरादेसा होन्ति स्मि-यो इच्चेतेसु परेसु क्वचि। भुवि, पसवो, गुरवो, चतुरो।

सरे ति किमत्थं ? गोधनो, गोविन्दो।

७८. समासवाले स्वर की परता में गो शब्द के ओकार का अव आदेश होता है। जैसे – गवस्सकं, गवेळकं आदि।

सूत्र में च शब्द का ग्रहण करने से प्रातिपदिकों में स्थित उकार के स्थान में स्मि तथा यो विभक्तियों की परता में कहीं कहीं उव, अव तथा उर आदेश होते हैं। जैसे—भुवि, पसवो, चतुरो आदि।

(समासवाले) स्वर की परता से क्या तात्पर्य ? गोधनो, गोविन्दो आदि उदाहरणों में समासयुक्त स्वर की परता न होने से उपर्युक्त कार्य नहीं होता।

[क० व०—"ननु 'गाव से' ति इतो गोग्गहणस्सानुवत्तनतो ओग्गहणं पि इहानुवत्तति, अथ कस्मा ओग्गहणं कतं ति ? सच्चं, तथापि ओग्गहणकरणं उत्तरनिवत्तनत्थं" ति।]

७९. तब्बिपरीतुपपदे ब्यञ्जने च ।२.१.२८।

तस्स अवसद्दस्स यदा उपपदे तिट्ठमानस्स तस्स ओकारस्स उ[2]-विपरीतो होति ब्यञ्जने परे। उग्गते सुरिये, उग्गच्छति, उग्गहेत्वा।

चसद्दग्गहणमवधारणत्थं[3]—अवसाने, अवकिरणे, अवकिरति[4]।

७९. अव शब्द जब उपपद स्वरूप स्थित रहे और उसके स्थान पर (अर्थात् अव का) ओ आदेश होवे तब उस ओकार का व्यञ्जन की परता में पुनः उकार हो जाता है। जैसे—उग्गते, उग्गच्छति आदि।

सूत्र में च शब्द का ग्रहण यह प्रदर्शित करता है कि ऐसा प्रत्येक स्थलों पर नहीं होता। कहीं कहीं यह सूत्र लगता है तथा कहीं कहीं नहीं। जैसे—अवसाने, अवकिरणे, अवकिरति आदि।

[वृत्ति के अनुसार उपर्युक्त सूत्रों के संदर्भ में अनुवृत्ति से अव शब्द का जो यहां ग्रहण है, वह इस सूत्र के अनुसार हुए कार्य से मेल नहीं खाता। यहां

१. सी०१ नहीं। २. से०, सी०१ में नहीं। ३. चसद्दग्गहणेन अव०—से०। ४. अवकिरति—से०।

सर्वप्रथम यह भ्रम होने लगता है कि यह 'अव' गो में स्थित ओकार के स्थान पर आदेश के रूप में प्राप्त 'अव' तो नहीं है, पर वृत्ति तथा उदाहरण को साथ साथ देखने से इसका निवारण होता है। यदि इसका सम्बन्ध हम 'ओ अवस्स' सूत्र (९०) से न जोड़े तो यह सूत्र लगता नहीं है। इसीलिए रूपसिद्धिकार ने अपने ग्रन्थ में इस सूत्र को सूत्र (९०) के बाद ही स्थान दिया है। वास्तविक बात यह है कि इसका सम्बन्ध सूत्र (९०) से 'तब्बिपरीत' पद से ही जोड़ा जाता है और यह चर्चा इस दृष्टि से अत्यधिक शास्त्रीय हो जाती है। इस सम्बन्ध में रूपसिद्धिकार यह लिखते हैं—"तस्स ओकारस्स विपरीतो ति तब्बिपरीतो; ओकारविपरीतो ति उकारस्सेतं अधिवचनं"—अर्थात् उस अव के ओकार रूप में परिवर्तित होनेपर उस ओकार के विपरीत उकार का ही यह प्रदर्शन करता है।

अतएव 'कच्चायन' के अनुसार उग्गते अवगते से प्राप्त होता है। सर्वप्रथम अव का 'ओ अवस्स' सूत्र (९०) से ओ आदेश होता है और उपर्युक्त इस सूत्र से वह ओ उकार में परिणत हो जाता है।

क० व०—"तस्स विपरीतो ति तब्बिपरीतो, तस्मा ति ओकारस्स, विपरीतो ति उकारो, ओकारस्स विपरीतभूतो उकारो ति अत्थो। तस्स तब्बिपरीतो त-तब्बिपरीतो, तकारस्सेकस्स लोपवसेन तब्बिपरीतो, कारिभूतस्स तस्स अवसद्दस्स विपरीतस्स तस्स ओकारस्स विपरीतभूतो उकारो होती त्यत्थो।"]

८०. गोण नम्हि वा ।२.१.२६।

सब्बस्स[1] गोसद्दस्स गोणादेसो होति वा नम्हि विभत्तिम्हि। गोणानं सत्तन्नं।

वा ति किमत्थं? गोनं[2]।

गोगञ्चे[3] तरमानानं उजुं गच्छति पुङ्गवो।
सब्बा गावी उजुं यन्ति नेत्ते उजुगते[4] सति[5]॥

योगविभागेन अञ्ञत्था[6] पि गोणादेसो होति। गोणभूतानं।

८०. नं विभक्ति की परता में विकल्प से सम्पूर्ण गो शब्द का गोण आदेश हो जाता है। जैसे—गोणानं।

विकल्प से क्यों? गोनं के लिए।

योगविभाग द्वारा दूसरे स्थानों पर भी उपर्युक्त सूत्र से ही गो का गोण आदेश हो जाता है। जैसे—गोणभूतानं।

---

१. सब्बस्सेव—सी०२। २. से०, सी०१ में नहीं। ३. गवञ्चे—सी०२। ४. उजुं गते-से०। ५. गोनं—से०। ६. अञ्ञत्रा—सी०१, सी०२।

८१. सुहिनासु च ।२.१.३०।

सु-हि-ना इच्चेतेसु च सब्बस्स गोसद्दस्स गोणादेसो होति वा। गोणेसु, गोणेहि[१], गोणेन।

वा ति किमत्थं ? गोसु, गोहि, गोभि, गावेन[२]।

चसद्दग्गहणेन स्यादिसेसेसु पुब्बुत्तरवचनेसु[३]पि[३] गोण-गु-गवयादेसा होन्ति। गोणो, गोणा, गोणं, गोणे, गोणस्स, गोणम्हा,[४] गोणस्मा,[५] गुन्नं, गवयेहि।

८१. यदि सु, हि तथा ना विभक्तियाँ बाद में रहें तो सम्पूर्ण गो शब्द का गोण आदेश विकल्प से होता है। जैसे—गोणेसु आदि।

विकल्प से क्यों ? गोसु, गोहि आदि के लिए।

सूत्र में च शब्द का ग्रहण करने का यह उद्देश्य है कि उपर्युक्त विभक्तियों के अतिरिक्त सि आदि (इनसे) पूर्व तथा बाद की (ऊपर कही गई विभक्तियों के अतिरिक्त) विभक्तियों में भी गो शब्द के गोण, गु तथा गवय आदेश होते हैं। जैसे—गोणो, गोणा आदि।

[क० व०—"सु च हि च ना च तथा तासु सुहिनासु। नाहिसुसू ति वत्तब्बे सुखुच्चारणत्थमेवं वुत्तं।"]

८२. अम्मो[६] निग्गहीतं झलपेहि ।२.१.३१।

अंवचनस्स[७] मकारस्स च झ-ल-प इच्चेतेहि निग्गहीतं होति। अग्गि, इसिं, महेसिं, गहपतिं, दण्डिं भिक्खुं सयम्भुं, अभिभुं, इत्थिं, रत्तिं, वधुं, पुल्लिङ्गं, पुम्भावो, पुंकोकिलो[८]।

अम्मो[९] ति किमत्थं ? अग्गिना[१०], रत्तिया, भिक्खुना, इत्थिया, वधुया।

झलपेही ति किमत्थं ? सुखं, दुक्खं।

पुनरारम्भग्गहणं विभासानिवत्तनत्थं—अग्गिं, वधुं, पटुं, बन्धुं[११], बुद्धिं।

---

१. गोणेहि गोणेभि—सी०१। २. गवेन—से०, सी०१। ३-३ वचनेस्वपि—सी०१, सी०२। ४. गोणम्हि—सी०१। ५. सी०१ में नहीं। ६. अं ओ—सी०२। ७. ०च—से०। ८. पुङ्कोकिलो—सी०२। ९. अं मो—सी०२। १०. ०पाणिना—सी०२। ११. सी०१ में नहीं।

८२. क्र, ल तथा प-संज्ञक शब्दों के पश्चात् (क्र = इकारान्त ; ल = उकारान्त ; प = इकारान्त तथा उकारान्त स्त्रीवाचक शब्द) यदि अं विभक्ति तथा म रहें तो इनका निग्गहीत में परिवर्तन हो जाता है। जैसे—अग्गिं, पुंकोकिलो आदि।

अं तथा म (बाद में स्थित रहें तभी उपर्युक्त कार्य हो यह) कहने का क्या तात्पर्य ? अग्गिना इत्यादि के लिए (इसमें वैसा न होने से उपर्युक्त कार्य नहीं होता, यह प्रदर्शित करने के लिए)।

क्र, ल तथा प कहने का क्या तात्पर्य ? सुखं, दुक्खं आदि के लिए।

उपर्युक्त सूत्र में निग्गहीत शब्द का ग्रहण इस बात की ओर विशेष ध्यान आकृष्ट करने के लिए है कि इस सम्बन्ध में विकल्प का कोई स्थान नहीं है। अतएव यह विभाषा के निवर्तन के लिए किया गया है। जैसे—अग्गिं, वधुं आदि उदाहरणों में विकल्प से दो रूप नहीं होते।

८३. सरलोपोमादेसप्पच्चयादिम्हि[1] सरलोपे तु पकति ।२.१.३२।

सरलोपो होति अमादेसप्पच्चयादिम्हि, सरलोपे कते[2] तु पकति होति। पुरिसं, पुरिसे, पापं, पापे, पापियो, पापिट्ठो।

अमादेसप्पच्चयादिम्ही ति किमत्थं ? अप्पमादो अमतपदं।

सरलोपे ति किमत्थं ? पुरिसस्स, दण्डीनं[3]।

तुसद्दग्गहणमवधारणत्थं— भिक्खुनी, गहपतानी।

पकतिग्गहणसामत्थेन पुन सन्धिभावो च होति। सेय्यो, सेट्ठो, जेय्यो, जेट्ठो।

८३. अं विभक्ति, (विभक्तियों के स्थान पर होनेवाले) आदेश तथा प्रत्ययादि की परता में (किसी शब्द के अन्तिम) स्वर का लोप होता है तथा ऐसा होने पर उसका प्रकृतिभाव होता है। जैसे—पुरिसं आदि।

अं, (विभक्तियों के स्थान पर होनेवाले) आदेश तथा प्रत्ययादि की परता में कहने का क्या तात्पर्य ? अप्पमादो के लिए।

स्वर लोप होने पर प्रकृतिभाव हो, ऐसा कहने का क्या तात्पर्य ? पुरिसस्स आदि उदाहरणों के लिए। (इन उदाहरणों में उपर्युक्त सूत्र से अन्तिम स्वर

---

१. सरलोपो अमा०—से०। २. से० में नहीं। ३. दण्डिनं—से०, सी०१।

का लोप न होने से प्रकृतिभाव नहीं हो पाता और इस प्रकार ये उदाहरण सिद्ध होते हैं)।

सूत्र में तु शब्द का ग्रहण अवधारणार्थ है, अर्थात यह इस सूत्र का प्रयोग कुछ उदाहरणों के लिए निश्चित करता है और कुछ के सम्बन्ध में यह निश्चित करता है कि यहाँ नहीं लगेगा। जैसे—भिक्खुनी, गहपतानी आदि।

सूत्र में जो प्रकृति का ग्रहण किया गया है उसके सामर्थ्य से पुन: सन्धि भी हो जाती है। जैसे—सेय्यो आदि।

[क० व०—"पञ्चपदमिदं – सरलोपो ति कारियं, अमादेसप्पच्चयादिम्हि ति निमित्तसत्तमी, सरलोप ति भावसत्तमी, तू ति अवधारणं, पकती ति कारियं... इध पच्चयादिम्हि सामञ्ञवसेन वुत्ते पि आदेसग्गहणेन विभत्तादेसो व गहितो, तथा पच्चयग्गहणेन तद्धिताख्यातकितकपच्चया गहिता, आदिग्गहणेन आख्यातकितकादिसु आगमं गहितं...अं च आदेसो च पच्चयो च अमादेसप्पच्चया, अमादेसप्पच्चया आदि यस्स सो अमादेसप्पच्चयादि, तस्मि अमादेसप्पच्चयादिम्हि; यस्सा ति आगमस्स, सो ति आगमो। ननु च 'सरा सरे लोपं' ति सुत्तेन सरस्मिं परे पुब्बसरस्स लोपो वुत्तो ति? सच्चं, तथापि चित्तं त्यादिसु 'दीघं' त्यादिना विकारमापज्जेय्य, तस्मा तं निवारेतुं वुत्तं।"]।

८४. अघो रस्समेकवचनयोस्वपि च।२.१.३३।

अघो रस्समापज्जते एकवचन-यो इच्चेतेसु च। इत्थिं, इत्थियो, इत्थिया, वधुं, वधुयो, वधुया; दण्डिनं, दण्डिनो[१], दण्डिना; सयम्भुं, सयम्भुवो, सयम्भुना।

अघो ति किमत्थं? कञ्ञं, कञ्ञा[२], कञ्ञायो, कञ्ञाय।

एकवचनयोस्विति किमत्थं? इत्थीहि, सयम्भूहि।

चसद्दग्गहणमवधारणत्थं—नदि, नदियो, नदिया।

अपिग्गहणेन न रस्समापज्जते—इत्थी, भिक्खुनी।

८४. एकवचन की विभक्तियाँ तथा यो यदि बाद में रहें तो घ-संज्ञक शब्दों को छोड़कर और सभी का (अन्तिम स्वर) ह्रस्व हो जाता है। जैसे—इत्थि आदि।

[यहाँ इत्थी शब्द दीर्घ है, उसके बाद 'अं' विभक्ति आई है, जो एकवचनात्मक है, उसके बाद में विद्यमान रहने से इत्थी में जो अन्तिम स्वर दीर्घ ईकार

१. रो० में नहीं। २. से०, सी०१ में नहीं।

है उसका ह्रस्व होकर इत्थि सिद्ध होता है। इसी प्रकार और भी ऊपर दिए गए उदाहरणों का व्याख्यान होगा।]

घ-संज्ञक के अतिरिक्त कहने का क्या तात्पर्य? कञ्ञं, कञ्ञायो आदि के लिए।

एकवचनात्मक विभक्तियाँ तथा यो की परता में कहने का क्या तात्पर्य? इत्थीहि, सयम्भूहि आदि के लिए।

सूत्र में 'च' शब्द का ग्रहण अवधारणार्थ है, अर्थात् यह कई उदाहरणों के लिए इस सूत्र को निश्चित करता है, साथ ही यह कहीं कहीं नहीं लगेगा, इसका भी व्याख्यान करता है। जैसे—नदिं, नदियो आदि।

सूत्र में अपि शब्द का ग्रहण यह व्याख्यान करता है कि इसके द्वारा निर्धारित अवस्थाओं में भी कहीं कहीं ह्रस्व विधि नहीं होती। जैसे—इत्थी, भिक्खुनी आदि।

[क० व०—"न घो अघो, अकारस्स अञ्ञथत्ता घतो अञ्ञे ऋलपा अघा नामा स्युन्थो। अपिसद्देन पनेत्थ द्वीसु लिङ्गेसु येव ऋलपानं रस्सत्तं निसेधेति, तं च खो सिम्हि विभत्तिम्हि येव। तेन इत्थि, दण्डिं, सयम्भुं, अभिभुं ति रूपानि भवन्ति। नपुंसके पन सिम्हि वचने सुखकारि सीघयायी ति रस्सत्तेन रूपानि होन्ति। अयं चापि सद्दो द्वीसु लिङ्गेसु येव सिम्हि निसेधेति न नपुंसके सिम्हि विभत्तिम्हि निसेधेति। तेन सुखकारी इच्चादिनि रूपानि रस्सत्तेन भवन्ति। चसद्देन पनेत्थ ठानत्ता अपिग्गहणफलं अवसेसेसु एकवचनयोसु इमिना सुत्तेन वुत्त-विधानस्स सन्निट्ठानं करोति।"]

८५. न सिस्मिमनपुंसकानि ।२.१.३४।

सिस्मि अनपुंसकानि लिङ्गानि न रस्समापज्जन्ते। इत्थी, दण्डी, सयम्भू, वधू, भिक्खुनी।

सिस्मिन्ति किमत्थं? भोति इत्थि, भो सयम्भु, भोति वधु, भो[1] दण्डि[1]।

अनपुंसकानी ति किमत्थं? सुखकारि दानं, सुखकारि सीलं, सिघयायि चित्तं।

८५. यदि अनपुंसक शब्द के बाद सि विभक्ति आवे तो वह शब्द ह्रस्व नहीं होता। जैसे—इत्थी, दण्डी आदि।

१—१. भोति दण्डिनि—से०।

सि { विभक्ति में } कहने का क्या तात्पर्य ? भोति इत्थि आदि उदाहरणों के लिए (इन उदाहरणों में आलपन होने से ह्रस्व हो जाता है)।

नपुंसक कहने का क्या तात्पर्य ? सुखकारि दानं आदि के लिए (यहाँ नपुंसक होने से सुखकारी आदि के अन्तिम स्वर का ह्रस्व हो जाता है)।

[क० व०—"कस्मा पन इदं सुत्तं वुत्तं ? ननु पुरिमसुत्ते अपिग्गहणेनेव सिज्झन्ति ? सच्चं, तथापिसद्देन सामञ्ञतो निसेधनं करोति, इमिना पन सुत्तेन सिम्हि विभत्तिम्हि इीसु लिङ्गेसु येव रस्सत्तं नापज्जती ति नियमेत्वा व निसेधनं करोती ति पुन वुत्तं" ति।]

८६. उभादितो नमिन्नं ।२.१.३५।

उभ इच्चेवमादितो नं-वचनस्स इन्नं होति। उभिन्नं, दुविन्नं।

उभादितो ति किमत्थं ? उभयेसं।

८६. उभ इत्यादि के पश्चात् आनेवाली नं विभक्ति का इन्नं आदेश होता है। जैसे—उभिन्नं आदि।

उभ आदि के पश्चात् कहने का क्या तात्पर्य ? उभयेसं के लिए (यहाँ उभ शब्द न होकर उभय शब्द है, अतः उपर्युक्त कार्य नहीं हुआ)।

८७. इण्णमिण्णन्नं तीहि सङ्ख्याहि ।२.१.३६।

नं-वचनस्स इण्णं इण्णन्नं इच्चेते आदेसा होन्ति तीहि सङ्ख्याहि। तिण्णं, तिण्णन्नं।

तीही ति किमत्थं ? द्विन्नं।

८७ सङ्ख्यावाचक ति शब्द के बाद आनेवाली नं विभक्ति के इण्णं तथा इण्णन्नं आदेश होते हैं। जैसे—तिण्णं, तिण्णन्नं।

(सूत्र में) ति शब्द कहने का क्या तात्पर्य ? द्विन्नं के लिए।

८८. योसु कतनिकारलोपेसु दीघं ।२.१.३७।

सब्बे सरा योसु कतनिकारलोपेसु दीघमापज्जन्ते। अग्गी, भिक्खू, रत्ती, यागू, अट्ठी, अट्ठीनि, आयू, आयूनि, सब्बानि, यानि, तानि, कानि, कतमानि[१], एतानि, अमूनि, इमानि।

योस्विति किमत्थं ? अग्गि, भिक्खु, रत्ति, यागु[२], सब्बो, यो, सो, को, अमुको।

---

१. से०, सी०१ में नहीं। २. इत्थि—सी०१; मे० में नहीं।

कतनिकारलोपेस्विति किमत्थं ? इत्थियो, वधुयो, सयम्भुवो।

पुनरारम्भग्गहणं किमत्थं ? निच्चदीपनत्थं। अग्गी, भिक्खू, रत्ती, यानि, तानि, कतमानि।

८८. यो विभक्तियों (प्रथमा तथा द्वितीया के बहुवचन की विभक्तियाँ) के लोप होने पर अथवा इनका नि आदेश होने पर सभी (अन्तिम) स्वरों का दीर्घ हो जाता है। जैसे —(यो के लोप के उदाहरण) अग्गी, भिक्खू इत्यादि; (नि आदेश के उदाहरण) अट्ठीनि, आयूनि इत्यादि।

यो में कहने का क्या तात्पर्य ? अग्गि, भिक्खु आदि उदाहरणों के लिए।

(सूत्र में) नि आदेश होने पर तथा लोप होने पर कहने का क्या तात्पर्य ? इत्थियो आदि के लिए।

सूत्र में योसु का पुनर्ग्रहण क्यों किया गया है ? यह नित्यता का व्याख्यान करने के लिए किया गया है। जैसे—अग्गी, भिक्खू आदि।

८९. सुनंहिसु च ।२.१.३८।

सु-नं-हि इच्चेतेसु च सब्बे सरा दीघमापज्जन्ते। अग्गीसु, अग्गीनं, अग्गीहि, भिक्खूसु, भिक्खूनं, भिक्खूहि ; रत्तीसु[1], रत्तीनं, रत्तीहि[1] ; पुरिसासु[2], पुरिसानं, पुरिसाहि[2]।

एतेस्विति किमत्थं ? अग्गिना, पाणिना, दण्डिना[3]।

चसद्दग्गहणमवधारणत्थं - सुखेत्तेसु ब्रह्मचारीसु धम्ममक्खासि भगवा[4], भिक्खूनं दानं दत्वा सकेहि पाणीहि[5]।

८९. सु, नं तथा हि विभक्तियों की परता में सभी (अन्तिम) स्वरों का दीर्घ हो जाता है। जैसे—अग्गीसु, अग्गीनं, अग्गीहि इत्यादि।

'इन्हीं विभक्तियों में हो', ऐसा कहने का क्या तात्पर्य ? अग्गिना, पाणिना आदि के लिए।

सूत्र में च शब्द का ग्रहण अवधारणार्थ है, अर्थात् इससे यह स्पष्ट होता है कि इसका प्रयोग कुछ उदाहरणों तक सीमित है। जैसे—सुखेत्तेसु ब्रह्मचारीसु आदि।

१–१. से० मे नही। २–२. पुरिसानं-सी०१, सी०२। ३. से० में नहीं। ४. सी०१ में नहीं। ५. पाणेहि–से०।

९०. पञ्चादीनमत्तं ।२.१.३९।

पञ्चादीनं सङ्ख्यानमन्तो अत्तमापज्जते सु-नं-हि इच्चेतेसु परेसु[१]। पञ्चसु, पञ्चन्नं, पञ्चहि ; छसु, छन्नं, छहि ; सत्तसु, सत्तन्नं, सत्तहि; अट्ठसु, अट्ठन्नं, अट्ठहि; नवसु, नवन्नं, नवहि; दससु, दसन्नं, दसहि।

पञ्चादीनमिति किमत्थं ? द्वीसु, द्विन्नं, द्वीहि।

अत्तमिति भावनिद्देसो उभयसागमत्थं[२] ; अन्तो उकारो अत्तमापज्जते। चतस्सन्नं इत्थीनं, तिस्सन्नं[३] वेदनानं।

९० सु, नं तथा हि विभक्तियों की परता में सङ्ख्यावाचक पञ्च आदि शब्दों के (अन्तिम स्वर का) अकार ही रहता है। जैसे—पञ्चसु आदि।

पञ्च आदि कहने का क्या तात्पर्य ? द्वीसु द्विन्नं आदि के लिए।

(सूत्र में) अत्वविधि के भावरूप निर्देश से दो सकारों का आगम तथा अन्तिम उकार का अत्व हो जाता है (अन्तिम उकार का अकार ही रह जाता है)। जैसे चतस्सन्नं आदि।

[क० व०—"पञ्चसद्दो आदि येसं ते पञ्चादयो, तेसं पञ्चादीनं; आदिसद्देन अट्ठारसन्ता सङ्ख्या गहेतब्बा।

अत्तमितिभावनिद्देसो ति एत्थ अकारस्स भावो अत्तं ति भावतद्धितनिद्देसो। उभयस्सागमनत्थं ति सकारद्वयागमनत्थं ति अत्थो।"]

९१. पतिस्सिनीम्हि[४] ।२.१.४०।

पतिस्सन्तो अत्तमापज्जते इनीम्हि[५] पच्चये परे। गहपतानी।

इनीम्ही ति किमत्थं ? गहपति।

९१. इनी प्रत्यय की परता में पति शब्द के अन्तिम (स्वर - इ) का अ हो जाता है। जैसे—गहपतानी।

इनी प्रत्यय की परता में कहने का क्या तात्पर्य ? गहपति के लिए।

९२. न्तुस्सन्तो योसु च ।२.१.४१।

न्तुप्पच्चयस्सन्तो अत्तमापज्जते सु-नं-हि-यो इच्चेतेसु[६]। गुणवन्तेसु, गुणवन्तानं, गुणवन्तेहि, गुणवन्ता, गुणवन्ते।

---

१. से०, सी०१ में नहीं। २. उभयस्सागमनत्थं—सी०२। ३. तिस्सण्णं—सी०२। ४. ०निम्हि-से०। ५. इनिम्हि—से०। ६. इच्चेतेसु परेसु—सी०२।

न्तुस्सेति किमत्थं ? इसीनं।

एतेस्विति किमत्थं ? गुणवा।

चसद्दग्गहणेन अञ्ञेसु च[1] वचनेसु अत्तं च[2] होति। गुणवन्तस्मिं, गुणवन्तेन।

अन्तग्गहणेन न्तुप्पच्चयस्सन्तो[3] अत्तञ्च होति, योनं इकारो च। गुणवन्ति।

९२. सु, नं, हि तथा यो विभक्तियों की परता में न्तु प्रत्यय के अन्तिम स्वर का अ हो जाता है। जैसे—गुणवन्तेसु आदि।

न्तु प्रत्यय के कहने का क्या तात्पर्य ? इसीनं के लिए।

सु, नं, हि तथा यो की परता में कहने का क्या तात्पर्य ? गुणवा आदि के लिए।

(सूत्र में) च शब्द का ग्रहण करने से अन्य विभक्तियों में भी न्तु प्रत्यय का अन्तिम स्वर अ में परिवर्तित हो जाता है। जैसे—गुणवन्तस्मिं आदि।

(सूत्र में) अन्त शब्द के ग्रहण से न्तु के अन्तिम (स्वर—उ) का अकार तथा यो विभक्ति का इकार हो जाता है। जैसे—गुणवन्ति।

[न्यास—"गुन्तवन्ती ति अन्तग्गहणफलं। तं पन गुणवन्तुसद्दतो यो-वचनं कत्वा अन्तग्गहणेन न्तुस्सन्तस्स अत्तं योवचनस्स इकारं च कत्वा सरलोप-प्पकतिभावादिमिह कते रूपं।"

रू० सि०—"छट्ठियासिद्धे पि अन्तादेसे पुन अन्तग्गहणकरणतो योनं ईकारो च क्वचि।"]

९३. सब्बस्स वा अंसेसु ।२.१.४२।

सब्बस्सेव न्तुप्पच्चयस्स अत्तं होति वा अं-स इच्चेतेसु। सतिमं भिक्खुं, सतिमन्तं भिक्खुं वा; बन्धुमं राजानं, बन्धुमन्तं राजानं वा; सतिमस्स भिक्खुनो, सतिमतो भिक्खुनो वा; बन्धुमस्स रञ्ञो, बन्धुमतो रञ्ञो वा सुंकं[4] देति[4]।

एतेस्विति किमत्थं ? सतिमा भिक्खु, बन्धुमा राजा।

९३. अं तथा स विभक्तियों की परता में सम्पूर्ण न्तु प्रत्यय का विकल्प से अकार हो जाता है। जैसे—सतिमं, बन्धुमं आदि; विकल्प से सतिमन्तं, बन्धुमन्तं आदि।

---

१. सी०१ में नहीं। २. से० मे नहीं। ३. से० में नहीं। ४-४ से० में नहीं।

अं तथा स विभक्तियों की परता में कहने का तात्पर्य ? सतिमा, बन्धुमा आदि के लिए।

९४. सिम्हि वा ।२.१.४३।

न्तुप्पच्चयस्स अन्तो अत्तं होति वा सिम्हि विभत्तिम्हि। हिमवन्तो व[1] पब्बतो—हिमो[2] यस्स अत्थी तस्मि वा विज्जती ति हिमवन्तो[2]।

वा ति किमत्थं ? हिमवा पब्बतो।

९४. सि विभक्ति की परता में न्तु प्रत्यय के अन्तिम स्वर का विकल्प से अकार हो जाता है। जैसे—हिमवन्तो।

विकल्प से कहने का क्या तात्पर्य ? हिमवा के लिए।

९५. अग्गिस्सिनि ।२.१.४४।

अग्गिस्स अन्तो इनि होति वा सिम्हि विभत्तिम्हि। पुरतो अग्गिनि, पच्छतो[3] अग्गिनि, दक्खिणतो अग्गिनि, वामतो अग्गिनि।

वा ति किमत्थं ? अग्गि।

९५. सि विभक्ति की परता में अग्गि के अन्तिम (स्वर) का विकल्प से इनि हो जाता है। जैसे—अग्गिनि।

विकल्प से कहने का क्या तात्पर्य ? अग्गि के लिए।

९६. योस्वकतरस्सोझो ।२.१.४५।

योसु अकतरस्सो झो अत्तमापज्जते। अग्गयो, मुनयो, इसयो, गहपतयो[4]।

योस्विति किमत्थं ? अग्गीसु।

अकतरस्सो ति किमत्थं ? दण्डिनो।

झो ति किमत्थं ? रत्तियो।

९६. यो विभक्ति की परता में ह्रस्व न किए हुए झ-संज्ञक शब्द (इ, ई) के अन्तिम (स्वर) का अकार हो जाता है। जैसे—अग्गयो आदि।

यो विभक्ति की परता में कहने का क्या तात्पर्य ? अग्गीसु के लिए।

ह्रस्व न किए गए कहने का क्या तात्पर्य ? दण्डिनो के लिए (इसमें ईकार का ह्रस्व किया गया है, अतएव उपर्युक्त सूत्र इस उदाहरण में नहीं लगता)।

---

१. से० में नहीं। २-२. से० में नहीं। ३. पच्छिमतो—से०। ४. से० में नहीं।

ल-संज्ञक कहने का क्या तात्पर्य ? रत्तियो के लिए। (यह प्रयोग ल-संज्ञक नहीं है, क्योंकि इकारान्त होते हुए भी यह स्त्रीवाचक है। अतएव इसकी ल-संज्ञा नहीं हो सकती और ल संज्ञक न होने से उपर्युक्त सूत्र भी इसमें नहीं लग सकता)।

९७. वेवोसु लो च ।२.१.४६।

वेवो इच्चेतेसु अकतरस्सो लो अत्तमापज्जते। भिक्खवे, भिक्खवो, हेतवे, हेतवो।

अकतरस्सो ति किमत्थं ? सयम्भुवो, वेस्सभुवो, पराभिभुवो।

वेवोस्विति किमत्थं ? हेतुना, केतुना, सेतुना।

चसद्दग्गहणं अत्तमनुकड्ढनत्थं।

९७. ल (उ, ऊ) संज्ञक के बाद यदि वे तथा वो आवें और यदि ल-संज्ञक ह्रस्व न किया गया हो तो उसका अकार हो जाता है। जैसे—भिक्खवे, भिक्खवो आदि।

ल-संज्ञक ह्रस्व न किया हो, ऐसा कहने का क्या तात्पर्य ? सयम्भुवो आदि के लिए (इन प्रयोगों में ह्रस्व कर देने से अकार नहीं होता)।

वे तथा वो बाद में आवे, ऐसा कहने का क्या तात्पर्य ? हेतुना आदि के लिए।

(सूत्र में) च शब्द का ग्रहण (पूर्वस्थित सूत्र ९६ से) अकार विधान की अनुवृत्ति के लिए है।

९८. मातुलादीनमानत्तमीकारे ।२.१.४७।

मातुल इच्चेवमादीनमन्तो आनत्तमापज्जते ईकारप्पच्चये परे। मातुलानी, अय्यकानी, वरुणानी।

ईकारे ति किमत्थं ? भिक्खुनी, राजिनी[1], जालिनी, गहपतानी।

आनत्तग्गहणेन नदी इच्चेतस्स दी-सद्दस्स ज्जो-ज्जा-ज्जा आदेसा होन्ति सह विभत्तिया यो-ना-स इच्चेतेसु, तं[2] यथा[2]—नज्जो सन्दन्ति, नज्जा कतं तरङ्गं, नज्जा नेरञ्जराय तीरे।

९८. ई प्रत्यय की परता में मातुल आदि (शब्दों) के अन्तिम (स्वर) का आन हो जाता है। जैसे—मातुलानी आदि।

---

१. से०, सी०१ में नहीं। २-२. सी०२ में नहीं।

ई प्रत्यय की परता में कहने का क्या तात्पर्य ? भिक्खुनी आदि के लिए।

(सूत्र में) आदस्व का ग्रहण करने से यो, ना तथा स विभक्तियों की परता में नदी शब्द के 'दी' के विभक्ति सहित (क्रमशः) ज्जो, ज्जा तथा ज्जा आदेश होते हैं। जैसे—नदी + यो = नज्जो; नदी + ना = नज्जा; नदी + स = नज्जा।

९९. स्माहिस्मिन्नं म्हाभिम्हि वा ।२.१.४८।

सब्बतो लिङ्गतो[1] स्मा-हि-स्मि इच्चेतेसं म्हा-भि-म्हि इच्चेते आदेसा होन्ति वा यथासङ्ख्यं। पुरिसम्हा, पुरिसस्मा; पुरिसेभि, पुरिसेहि; पुरिसम्हि, पुरिसस्मि।

स्माहिस्मिन्नमिति किमत्थं ? वण्णवन्तं अगन्धकं विरुळ्हपुप्फं[2] पस्ससि[2], महन्तं छत्तं।

९९ सभी लिङ्गों के बाद आनेवाली स्मा, हि तथा स्मि विभक्तियों के क्रमशः म्हा, भि तथा म्हि आदेश विकल्प से होते हैं। जैसे– पुरिसम्हा, पुरिसेभि, पुरिसम्हि; विकल्प से पुरिसस्मा, पुरिसेहि, पुरिसस्मि।

स्मा, हि तथा स्मि की परता में कहने का क्या तात्पर्य ? वण्णवन्तं आदि के लिए।

[क० व०—सब्बसद्देन चेत्थ लिङ्गत्तयं गहितं सब्बदेससब्बता, स्मा च हि च स्मि च स्मा-हि-स्मि, तेसं स्माहिस्मिन्नं, हि-स्मा स्मिन्नं ति अवत्वा एवं वचनं स्मावचनस्स उपरि अनुवत्तनत्थं।"]

१००. न तिमेहि कताकारेहि ।२.१.४९।

त-इम इच्चेतेहि कताकारेहि स्मा-स्मिन्नं म्हा-म्हि इच्चेते आदेसा न होन्ति। अस्मा ठाना[3] भयं उप्पज्जति[3], अस्मि ठाने[3] भयं तिट्ठति[3]; अस्मा, अस्मि।

कताकारेही ति किमत्थं ? तम्हा, तम्हि, इमम्हा, इमम्हि।

१००. त तथा इम शब्दों के अ आदेश होने पर इनमें लगनेवाली स्मा तथा स्मि विभक्तियों के म्हा तथा म्हि आदेश नहीं होते। जैसे—अस्मा,

---

१. से० में नहीं। २-२. से० में नहीं। ३-३ से०, सी०१ में नहीं।

अस्मि (त शब्द के स्मा तथा स्मिं विभक्तियों के साथ बने रूप); अस्मा, अस्मिं (इम शब्द के स्मा तथा स्मिं विभक्तियों के साथ बने रूप)।

(त तथा इम का) अ आदेश होने पर, ऐसा कहने का क्या तात्पर्य ? तम्हा, तम्हि, इमम्हा, इमम्हि के लिए। (इन उदाहरणों में त तथा इम शब्दों का अ आदेश नहीं हुआ है, अतः स्मा तथा स्मिं विभक्तियों के म्हा तथा म्हि आदेश हो गये हैं। यदि 'कताकारेहि' पद का प्रयोग सूत्र में नहीं रहेगा तो यहां भी म्हा तथा म्हि आदेशों का निषेध हो जायेगा)।

[त शब्द का अ आदेश करने पर तथा इनमें स्मा और स्मिं विभक्तियाँ लगाने पर अस्मा तथा अस्मि रूप होते हैं। इसी प्रकार इम शब्द का अ आदेश करने पर स्मा तथा स्मिं विभक्तियों की परता में अस्मा तथा अस्मि रूप होते हैं। इस प्रकार यह सूत्र उपर्युक्त शब्दों का अ आदेश करने पर स्मा और स्मिं विभक्तियों के क्रमशः म्हा और म्हि आदेशों का निषेध करता है।

परन्तु मोग्गल्लान के अनुसार त शब्द का जब अ आदेश हो जाता है और स्मा तथा स्मिं विभक्तियाँ परे रहती हैं तो विकल्प से अम्हा तथा अम्हि रूप भी प्राप्त होते हैं।

(देखिए— भिक्षु ज० काश्यप, पालि महाव्याकरण, पृ० ७४)।

त शब्द का अ आदेश करके पञ्चमी में अम्हा और सप्तमी में अम्हि रूप विचित्र से ज्ञात होते हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि जहां त शब्द के अर्थ में इन रूपों का प्रयोग है, वह या तो भाषा की परम स्वच्छन्दता के कारण अर्थात् 'वह' अर्थ में इस शब्द के स्वच्छन्दतावश प्रयोग के कारण हुआ है, अथवा इसमें भ्रान्ति ही कारण है। पञ्चमी तथा सप्तमी में त शब्द के अम्हा तथा अम्हि रूपों का 'गायगर' ने भी व्याख्यान नहीं किया है। सद्दनीतिकार ने पदमाला में त शब्द का पञ्चमी में अम्हा रूप तो नहीं दिया है, पर सप्तमी में अम्हि रूप दिया है (देखिए—एच० स्मिथ, सद्दनीति, भाग १, पृ० २७०)। पर सद्दनीति के सुत्तमाला के अनुसार त शब्द के पञ्चमी तथा सप्तमी में अम्हा तथा अम्हि रूप बन ही नहीं सकते (देखिये—सद्दनीति, सुत्तमाला, सूत्र सं० २६७)। इस प्रकार हम देखते हैं कि कच्चायन के अनुसार त शब्द के पञ्चमी तथा सप्तमी में अम्हा तथा अम्हि रूप नहीं हो सकते, सद्दनीतिकार अग्गवंस के व्याख्यान में परस्पर विरोध है तथा मोग्गल्लान के अनुसार इस शब्द के उपर्युक्त विभक्तियों में अम्हा तथा अम्हि रूप भी हो सकते हैं।]

१०१. सुहिस्वकारो[1] ए ।२.१.५०।

सु-हि इच्चेतेसु अकारो एत्तमापज्जते। सब्बेसु, येसु, तेसु, केसु, पुरिसेसु, इमेसु, कुसलेसु, तुम्हेसु, अम्हेसु ; सब्बेहि, येहि, तेहि, केहि, पुरिसेहि, इमेहि, कुसलेहि, तुम्हेहि, अम्हेहि।

१०१. यदि सु तथा हि विभक्तियाँ बाद में रहें तो पूर्व-स्थित अकार का एकार हो जाता है। जैसे—सब्बेसु, सब्बेहि आदि।

१०२. सब्बनामानं नम्हि च ।२.१.५१।

सब्बेसं सब्बनामानं अकारो एत्तमापज्जते नम्हि विभत्तिम्हि। सब्बेसं, सब्बेसानं ; येसं, येसानं ; तेसं, तेसानं ; केसं, केसानं ; इमेसं, इमेसानं ; इतरेसं, इतरेसानं ; कतमेसं, कतमेसानं।

सब्बनामानमिति किमत्थं ? बुद्धानं भगवन्तानं।

अकारो ति किमत्थं ? अमूसं, अमूसानं।

नम्ही ति[2] किमत्थं ? सब्बे, इमे[2]।

चसद्दग्गहणं एग्गहणमनुकड्ढनत्थं।

१०२. नं विभक्ति की परता में सभी सर्वनामों के (अन्तिम) अ का ए हो जाता है। जैसे—सब्बेसं, सब्बेसानं आदि।

[सब्ब शब्द में षष्ठी बहुवचन की नं विभक्ति जोड़ने पर इस सूत्र से सब्ब में स्थित अन्तिम अकार का एकार करने से सब्बेनं ऐसा स्थित हुआ। इसके पश्चात् 'सब्बतो नं संसानं' (१६८) से नं के 'सं' तथा 'सानं' आदेश करने पर सब्बेसं और सब्बेसानं आदि प्राप्त होते हैं।]

(सूत्र में) सर्वनामों के (अन्तिम अकार का एकार हो, यह) कहने का क्या तात्पर्य ? बुद्धानं आदि के लिए।

अकार (का एकार हो यह) कहने का क्या तात्पर्य ? अमूसं आदि के लिए। (यद्यपि ये उदाहरण सर्वनाम हैं, साथ ही नं विभक्ति की परता भी है, तथापि इनका अन्तिम स्वर अकार न होकर ऊकार है, अतएव उसका एकार नहीं हुआ)।

नं विभक्ति की परता में कहने का क्या तात्पर्य ? सब्बे आदि के लिए।

सूत्र में च शब्द का ग्रहण पूर्व सूत्र से एकार की अनुवृत्ति ग्रहणार्थ है।

---

१. सुहीस्वकारो—से०। २—२. से० में नहीं।

१०३. अतो नेन ।२.१.५२।

तस्मा अकारतो ना-वचनस्स एनादेसो होति। सब्बेन[1], येन, तेन, केन, अनेन, पुरिसेन, रूपेन।

अतो ति किमत्थं ? मुनिना, अमुना, भिक्खुना।

ना ति किमत्थं ? नस्मा[2], तस्मा।

१०३. अकारान्त प्रातिपदिकों के बाद (आनेवाली) ना विभक्ति का एन आदेश होता है। जैसे—सब्बेन आदि।

अकारान्त प्रातिपदिकों से कहने का क्या तात्पर्य ? मुनिना आदि के लिए।
ना विभक्ति के कहने का क्या तात्पर्य ? नस्मा आदि के लिए।

१०४. सो ।२.१.५३।

तस्मा अकारतो सि-वचनस्स ओकारो[3] होति। सब्बो, यो, सो, को, अमुको[4], पुरिसो।

सी ति किमत्थं ? पुरिसानं।

अतो ति किमत्थं ? सयम्भू।

१०४. अकारान्त प्रातिपदिकों के बाद (आनेवाली) सि विभक्ति का ओ आदेश हो जाता है। जैसे—सब्बो आदि।

सि विभक्ति के कहने का क्या तात्पर्य ? पुरिसानं के लिए।
अकारान्त प्रातिपदिक से कहने का क्या तात्पर्य ? सयम्भू के लिए।

१०५. सो वा ।२.१.५४।

तस्मा अकारतो ना-वचनस्स सो-आदेसो होति वा। अत्थसो, ब्यञ्जनसो, सुत्तसो, पदसो, यससो, उपायसो, सब्बसो, ठानसो, थामसो।

वा ति किमत्थं ? पादेन वा पादारहेन वा थेय्यचित्तेन[5]।

१०५. अकारान्त प्रातिपदिक के बाद (आनेवाली) ना विभक्ति का विकल्प से 'सो' आदेश हो जाता है। जैसे—अत्थसो इत्यादि।

विकल्प से कहने का क्या तात्पर्य ? पादेन आदि के लिए।

---

१. से० में नहीं। २. से०, सी०१ में नहीं। ३. ओकारादेसो—से०। ४. से० में नहीं। ५. अतिरेकपादेन वा अत्थेन—से०।

१०६. दीघोरेहि ।२.१.५५।

दीघ-ओर इच्चेतेहि स्मा-वचनस्स सो-आदेसो होति वा। दीघसो, दीघम्हा; ओरसो, ओरम्हा।

दीघोरेही ति किमत्थं ? अमुना, सरम्हा, वचनम्हा।

१०६. दीघ तथा ओर शब्दों के पश्चात् यदि स्मा विभक्ति आवे तो उसका विकल्प से 'सो' आदेश हो जाता है। जैसे—दीघसो, ओरसो आदि; (जहां सो आदेश नहीं होता वहां) विकल्प से दीघम्हा तथा ओरम्हा आदि रूप होते हैं।

(सूत्र में) दीघ तथा ओर शब्दों से कहने का क्या तात्पर्य ? अमुना, सरम्हा आदि के लिए (जो इनसे अतिरिक्त हैं उनमें ऐसा नहीं होता)।

१०७. सब्बयोनीनमाए ।२.१.५६।

तस्मा अकारतो[1] सब्बेसं योनीनं आ-ए-आदेसा होन्ति वा यथा-सङ्ख्यं। पुरिसा, पुरिसे; रूपा, रूपे।

वा ति किमत्थं ? अग्गयो, मुनयो, इसयो।

योनीनं ति किमत्थं ? पुरिसस्स, रूपस्स।

अकारतो ति किमत्थं ? दण्डिनो, अट्ठीनि, अग्गी जलन्ति, मुनी चरन्ति।

१०७. अकारान्त प्रातिपदिकों के पश्चात् यदि यो विभक्तियां अथवा इनके नि आदेश आवे तो उस सम्पूर्ण यो तथा नि के क्रमशः आ तथा ए आदेश विकल्प से हो जाते हैं। जैसे—पुरिसा, पुरिसे आदि।

विकल्प से क्यों ? अग्गयो, मुनयो आदि के लिए।

यो तथा नि के कहने का क्या तात्पर्य ? पुरिसस्स आदि के लिए (इन उदाहरणों में यो तथा नि नहीं होने से ऐसा नहीं होता)।

अकारान्त (प्रातिपदिकों) से कहने का क्या तात्पर्य ? दण्डिनो आदि के लिए।

[क० व०—"···अकारन्ततो लिङ्गम्हा परेसं द्विन्नं योविभत्तीनं द्विन्नं निकारादेसानं च आकार-एकारत्तं पि होती ति दस्सेन्तेन सब्बयोनीनमाए ति वुत्तं···तस्मा अकारन्ततो सब्देसं योनीनं आ-ए-आदेसा होन्ति यथा-सङ्ख्यं विकप्पेना त्यत्थो। यो च यो च यो, नि च नि च नि, यो च नि च योनि,

---

[1]. ओकारतो—सी०२।

सब्बे च ते योनि चा ति सब्बयोनि, तेसं सब्बयोनीनं; सब्दग्गहणेन सब्बयोवचने सब्बे च निआदेसे सङ्गण्हाति, रूपसिद्धियं पन सब्बग्गहणं सब्बादेसत्थं ति वुत्तं।"]

१०८. स्मास्मिन्नं वा ।२.१.५७।

तस्मा अकारतो सब्बेसं स्मा-स्मि इच्चेतेसं आ-ए-आदेसा होन्ति वा यथासङ्ख्यं। पुरिसा, पुरिसस्मा; पुरिसे, पुरिसस्मिं।

अकारतो[1] ति किमत्थं ? दण्डिना, दण्डिस्मि; भिक्खुना, भिक्खुस्मिं।

वा ति किमत्थं ? पुरिसम्हा, पुरिसस्मिं[2]।

१०८. अकारान्त प्रातिपदिकों के बाद (आनेवाली) स्मा तथा स्मि विभक्तियों के क्रमशः आ तथा ए आदेश विकल्प से होते हैं। जैसे—पुरिसा, पुरिसे; (जहाँ ऐसा नहीं होता वहाँ) विकल्प से पुरिसस्मा तथा पुरिसस्मिं रूप होते हैं।

अकारान्त प्रातिपदिकों के बाद कहने का क्या तात्पर्य ? दण्डिना आदि के लिए।

विकल्प से कहने का क्या तात्पर्य ? पुरिसम्हा आदि के लिए।

१०९. आय चतुत्थेकवचनस्स तु ।२.१.५८।

तस्मा अकारतो चतुत्थेकवचनस्स आयादेसो होति वा। अत्थाय हिताय सुखाय देवमनुस्सानं बुद्धो लोके उप्पज्जति।

अकारतो ति किमत्थं ? इसिस्स।

चतुत्थी ति किमत्थं ? पुरिसस्स मुखं[3]।

एकवचनस्सेति किमत्थं ? पुरिसानं धनं[4] ददाति।

वा ति किमत्थं ? दाता होति समणस्स वा ब्राह्मणस्स वा।

तुसद्दग्गहणेन त्थं[5] च होति—अत्तत्थं, हितत्थं, सुखत्थं।

१०९. अकारान्त प्रातिपदिकों के बाद यदि चतुर्थी एकवचन की विभक्ति (स) आवे तो उसका विकल्प से आय आदेश होता है। जैसे—अत्थाय आदि।

अकारान्त प्रातिपदिकों के बाद कहने का क्या तात्पर्य ? इसिस्स के लिए।

चतुर्थी के कहने का क्या तात्पर्य ? पुरिसस्स के लिए।

---

१. अतो—से०। २. पुरिसम्हि—से०। ३. मुखं—से०। ४. से०, सी०१ में नहीं। ५. अत्थं—से०।

एकवचन के कहने का क्या तात्पर्य ? पुरिसानं के लिए ।

विकल्प से कहने का क्या तात्पर्य ? समणस्स आदि के लिए ।

(सूत्र में) तु शब्द के ग्रहण से चतुर्थी एकवचन की विभक्ति (स) का त्थं आदेश भी होता है । जैसे—अत्तत्थं आदि ।

११०. तयो नेव च सब्बनामेहि ।२.१.५६।

तेहि सब्बनामेहि अकारन्तेहि स्मा-स्मिं-स इच्चेतेसं[1] तयो आ-ए-आयादेसा नेव होन्ति । सब्बस्मा, सब्बस्मिं, सब्बस्स; यस्मा, यस्मिं, यस्स; तस्मा, तस्मि, तस्स; कस्मा, कस्मि कस्स; इमस्मा, इमस्मिं, इमस्स ।

सब्बनामेही ति किमत्थं ? पापा, पापे, पापाय ।

चसद्दग्गहणं अतोग्गहणमनुकड्ढनत्थं ।

११०. अकारान्त सर्वनामों के पश्चात् यदि स्मा, स्मिं तथा स विभक्तियाँ आवें तो इनके आ, ए तथा आय आदेश नहीं होते । जैसे—सब्बस्मा, सब्बस्मिं तथा सब्बस्स आदि ।

सर्वनामों के बाद कहने का क्या तात्पर्य ? पापा, पापे, पापाय आदि के लिए (इनमें उपर्युक्त सूत्र इन शब्दों के सर्वनाम नहीं होने से नहीं लगता) ।

(सूत्र में) च शब्द का ग्रहण करने का यह तात्पर्य है कि इसमें पूर्वोक्त सूत्र की अनुवृत्ति से अकारान्त सर्वनामों का ही ग्रहण होता है ।

१११. घतो नादीनं ।२.१.६०।

तस्मा घतो नादीनमेकवचनानं[1] विभत्तिगणानं आयादेसो होति । कञ्ञाय कतं कम्मं, कञ्ञाय[2] दीयते[2], कञ्ञाय निस्सटं वत्थं, कञ्ञाय परिग्गहो, कञ्ञाय पतिट्ठितं सीलं ।

घतो ति किमत्थं ? रत्तिया, वधुया, धेनुया[2], देविया[2] ।

नादीनमिति किमत्थं ? कञ्ञं, विज्जं, वीणं, गङ्गं ।

एकवचनानमिति किमत्थं ? सब्बासु, यासु, तासु, कासु, इमासु, पभासु ।

१११. घ-संज्ञक (आकारान्त स्त्रीवाचक शब्द) शब्दों के बाद यदि ना आदि (ना, स, स्मा, स, तथा स्मिं) एकवचनात्मक विभक्तियाँ आवें तो उनका आय आदेश हो जाता है । जैसे—कञ्ञाय आदि ।

---

१. ०एकवचनानं—मे० । २-२. से० से नहीं ।

घ-संज्ञक के बाद कहने का क्या तात्पर्य ? रत्तिया आदि के लिए।
ना आदि विभक्तियों के कहने का क्या तात्पर्य ? कञ्ञं आदि के लिए।
एकवचनात्मक के कहने का क्या तात्पर्य ? सब्बासु आदि के लिए।

११२. पतो या ।२.१.६१।

तस्मा पतो नादीनमेकवचनानं विभत्तिगणानं यादेसो होति। रत्तिया, इत्थिया, वधुया, धेनुया, देविया।

नादीनमिति किमत्थं ? रत्ती रत्ति; इत्थी, इत्थि।

पतो ति किमत्थं ? कञ्ञाय, वीणाय, गङ्गाय, पभाय।

एकवचनानमिति किमत्थं ? रत्तीनं, इत्थीनं।

११२. प-संज्ञक (इकारान्त, ईकारान्त, उकारान्त, ऊकारान्त स्त्रीवाचक शब्द) शब्दों के बाद यदि ना आदि (ना, स, स्मा, स तथा स्मिं) एकवचनात्मक विभक्तियाँ आवे तो उनका या आदेश हो जाता है। जैसे—रत्तिया, इत्थिया आदि।

ना आदि विभक्तियों के कहने का क्या तात्पर्य ? रत्ती आदि के लिए।

प-संज्ञक के बाद कहने का क्या तात्पर्य ? कञ्ञाय आदि के लिए (ये प-संज्ञक न होकर घ-संज्ञक हैं, अतः उपर्युक्त सूत्र की प्रवृत्ति नहीं होती)।

एकवचनात्मक के कहने का क्या तात्पर्य ? रत्तीनं आदि के लिए।

११३. सखातो गस्से वा ।२.१.६२।

तस्मा सखातो गस्स अकार-आकार-इकार-ईकार-एकारादेसा होन्ति वा। भो सख, भो सखा, भो सखि, भो सखी, भो सखे।

११३. सखा शब्द के बाद यदि ग-संज्ञक (सम्बोधनवाचक सि विभक्ति) विभक्ति आवे तो विकल्प से उसके अ, आ, इ, ई तथा ए आदेश हो जाते हैं। जैसे—भो सख इत्यादि।

११४. घते च ।२.१.६३।

तस्मा घतो गस्स एकारो होति। भोति अय्ये, भोति कञ्ञे, भोति घरादिये[1]।

---

१. घरादिये। चसद्दग्गहणं अवधारणत्थं, सन्निट्ठानं—सी०२।

११४. घ-संज्ञक (स्त्रीवाचक आकारान्त शब्द) शब्दों के बाद यदि ग-संज्ञक विभक्ति आवे, तो उसका ए आदेश हो जाता है। जैसे—भोति अय्ये आदि।

११५. न अम्मादितो ।२.१.६४।

ततो अम्मादितो गस्स एकारत्तं न होति। भोति अम्मा, भोति अन्ना, भोति अम्बा, भोति ताता।

अम्मादितो ति किमत्थं ? भोति कञ्ञे।

११५. अम्मा आदि शब्दों के बाद यदि ग-संज्ञक विभक्ति आवे, तो उसका ए नहीं होता। जैसे—भोति अम्मा आदि।

अम्मा आदि के बाद कहने का क्या तात्पर्य ? भोति कञ्ञे के लिए (इसकी अम्मा आदि में गणना न होने से इसके बाद आनेवाली ग-संज्ञक सि विभक्ति का ए आदेश होकर भोति कञ्ञे रूप बनता है)।

११६. अकतरस्सा लतो य्वालपनस्स वे वो ।२.१.६५।

तस्मा अकतरस्सा लतो य्वालपनस्स वे-वो-आदेसा होन्ति[1]। भिक्खवे, भिक्खवो; हेतवे, हेतवो।

अकतरस्सा ति किमत्थं ? सयम्भुवो।

लतो ति किमत्थं ? नागियो, अग्गयो[2], धेनुयो, यागुयो।

आलपनस्सेति किमत्थं ? ते हेतवो, ते भिक्खवो।

११६. ह्रस्वता को अप्राप्त ल-संज्ञक (उकारान्त तथा ऊकारान्त पुँल्लिङ्ग शब्द) शब्दों के बाद यदि सम्बोधनवाचक यो विभक्ति आवे तो उसके वे तथा वो आदेश हो जाते हैं। जैसे—भिक्खवे, भिक्खवो आदि।

ह्रस्वता को अप्राप्त के कहने का क्या तात्पर्य ? सयम्भुवो के लिए (इस उदाहरण में भु में स्थित उ ह्रस्वता को प्राप्त है, अतएव इसमें लगी यो विभक्ति का इस सूत्र से वो आदेश न होकर सूत्र ११९) से वो आदेश हुआ है; अतएव उपर्युक्त सूत्र में ह्रस्वता को अप्राप्त कहने का यही उद्देश्य है।)

ल-संज्ञक के बाद कहने का क्या तात्पर्य ? नागियो, धेनुयो आदि के लिए।

---

१. होन्ति वा–सी०२। २. सी०१ में नहीं।

सम्बोधन के कहने का क्या तात्पर्य ? ते हेतवो आदि उदाहरणों के लिए (इनमें सम्बोधन न होकर प्रथमा बहुवचन की यो विभक्ति है, अतएव उपर्युक्त सूत्र से इसके वे तथा वो आदेश नहीं होते, प्रत्युत् सूत्र (११९) से यो का वो आदेश होने पर ये बनते हैं)।

११७. झलतो सस्स नो वा ।२.१.६६।

तस्मा झलतो सस्स विभत्तिस्स[1] नो-आदेसो[2] होति वा। अग्गिनो, अग्गिस्स; सखिनो, सखिस्स; दण्डिनो, दण्डिस्स; भिक्खुनो, भिक्खुस्स; सयम्भुनो, सयम्भुस्स।

सस्सेति किमत्थं ? इसिना, भिक्खुना।

झलतो ति किमत्थं ? पुरिसस्स।

११७. यदि झ ल-संज्ञक (इ, ई; उ, ऊ) शब्दों के बाद स विभक्ति आवे, तो उसका विकल्प से नो आदेश होता है। जैसे—अग्गिनो, सखिनो आदि; (जहाँ ऐसा नहीं होता, वहाँ) विकल्प से अग्गिस्स, सखिस्स आदि रूप प्राप्त होते हैं।

स विभक्ति का (नो आदेश हो यह) कहने का क्या तात्पर्य ? इसिना, भिक्खुना आदि के लिए (इनमें स विभक्ति न होकर ना विभक्ति है, अतएव वहाँ ऐसा नहीं होता)।

झ-ल-संज्ञक के बाद कहने का क्या तात्पर्य ? पुरिसस्स के लिए।

११८. घपतो च योनं लोपो ।२.१.६७।

तेहि घ-प-झ-ल इच्चेतेहि योनं लोपो होति वा। कञ्ञा, कञ्ञायो; वीणा[3], वीणायो[3]; रत्ती, रत्तियो; इत्थी, इत्थियो; वधू, वधुयो; यागू, यागुयो; अग्गी, अग्गयो; भिक्खू, भिक्खवो; सयम्भू, सयम्भुवो; अट्ठी, अट्ठीनि; आयू, आयूनि।

११८. घ, प, झ तथा ल-संज्ञक (घ = आकारान्त स्त्रीवाचक शब्द; प = इकारान्त, ईकारान्त, उकारान्त, ऊकारान्त स्त्रीवाचक शब्द; झ ल = इकारान्त, ईकारान्त पुँल्लिङ्ग शब्द; ल = उकारान्त, ऊकारान्त पुँल्लिङ्ग शब्द) शब्दों के बाद आनेवाली यो विभक्तियों का विकल्प से लोप हो जाता है। जैसे—कञ्ञा,

---

१. से० में नहीं। २. से० में नहीं। ३–३. से०, सी०१, में नहीं।

रत्ती आदि । (जहाँ लोप नहीं होता वहाँ) विकल्प से कञ्ञायो तथा रत्तियो आदि रूप प्राप्त होते हैं ।

[क० व०—"यो च यो च यो, तेसं योनं; चग्गहणं फलग्गहणानुकड्ढनत्थं ।"]

११९. लतो वोकारो च ।२.१.६८।

तस्मा लतो योनं वोकारो होति वा । भिक्खवो, भिक्खू; सयम्भुवो, सयम्भू ।

कारग्गहणं किमत्थं ? योनं नो च होति—जन्तुनो ।

चसद्दग्गहणमवधारणत्थं—अमू पुरिसा तिट्ठन्ति, अमू पुरिसे पस्सथ ।

इति नामकप्पे पठमो कण्डो ।

११९. ल-संज्ञक शब्दों के बाद आनेवाली यो विभक्तियों का विकल्प से वो आदेश हो जाता है । जैसे—भिक्खवो, सयम्भुवो आदि ।

(सूत्र में वो के साथ) कार का ग्रहण (अर्थात् वोकार के स्थान पर सूत्र में वो कह देने से ही काम चल सकता था, अतएव वृत्ति में इस सम्बन्ध में प्रश्न उठाकर स्वयं उसका व्याख्यान कर रहे हैं कि वोकार क्यों कहा) किसलिए है ? (इससे यह व्यक्त होता है कि) यो का नो आदेश भी हो जाता है । जैसे—जन्तुनो ।

(सूत्र में) च शब्द का ग्रहण अवधारणार्थ है । (अर्थात् यह इसके प्रयोग को कुछ ही उदाहरणों तक सीमित करता है—यह कहीं लगता है और कहीं नहीं भी लगता; अथवा च-ग्रहण नो-ग्रहण की अनुवृत्ति के लिए है, इससे जन्तु, सब्बञ्ञू आदि शब्दों के बाद आनेवाली यो विभक्ति का नो आदेश भी होता है :—"चसद्दग्गहणं कत्थचि नियत्तनत्थं, अथ वा चग्गहणं नोग्गहणानुवत्तनत्थं; तेन जन्तु, सब्बञ्ञू आदितो योनं नो च होति"—रू० सि०, सूत्र ११९) जैसे—अमू आदि ।

नामकप्प में प्रथम काण्ड समाप्त ।

(२) दुतियो कण्डो

१२०. अम्हस्स ममं सविभत्तिस्स से ।२.२.१।

सब्बस्सेव[1] अम्हसद्दस्स सविभत्तिस्स ममं-आदेसो होति से विभत्तिम्हि । ममं दीयते पुरिसेन, ममं परिग्गहो ।

१२०. स विभक्ति की परता में (इस) विभक्ति के सहित सम्पूर्ण अम्ह शब्द का ममं आदेश होता है । जैसे—ममं ।

[ममं दीयते पुरिसेन आदि उदाहरणों में जो ममं पद है उसकी सिद्धि इस प्रकार से है—अम्ह शब्द के बाद स विभक्ति आई है और इस विभक्ति के सहित सम्पूर्ण अम्ह शब्द का ममं आदेश इस सूत्र से हो गया है ।]

१२१. मयं योम्हि पठमे ।२.२.२।

सब्बस्सेव अम्हसद्दस्स सविभत्तिस्स मयं-आदेसो होति योम्हि पठमे । मयं गच्छाम, मयं देम ।

अम्हस्सेति किमत्थं ? पुरिसा तिट्ठन्ति ।

योम्ही ति किमत्थं ? अहं गच्छामि ।

पठमे ति किमत्थं ? अम्हाकं पस्ससि त्वं ।

१२१. प्रथमा की यो विभक्ति (अर्थात् प्रथमा बहुवचन की यो विभक्ति) की परता में विभक्तिसहित सम्पूर्ण अम्ह शब्द का मयं आदेश हो जाता है । जैसे—मयं ।

अम्ह शब्द के कहने का कहने का क्या तात्पर्य ? पुरिसा के लिए ।

यो विभक्ति की परता में कहने का क्या तात्पर्य ? अहं के लिए (इस उदाहरण में अम्ह शब्द से यो विभक्ति की परता न होने से उपर्युक्त कार्य नहीं होता) ।

प्रथमा की यो विभक्ति की परता में कहने का क्या तात्पर्य ? अम्हाकं के लिए (यहाँ यद्यपि अम्हाकं अम्ह शब्द में यो विभक्ति लगाकर बना है फिर भी वह प्रथमा की यो विभक्ति न होकर द्वितीया की यो विभक्ति है, अतएव इस सूत्र से विभक्तिसहित अम्ह शब्द का मयं आदेश नहीं हुआ है) ।

१२२. न्तुस्स न्तो ।२.२.३।

सब्बस्सेव न्तुप्पच्चयस्स सविभत्तिस्स न्तो-आदेसो होति योम्हि पठमे । गुणवन्तो तिट्ठन्ति ।

---

१. सब्बस्स-से० ।

न्तुस्सेति किमत्थं ? सब्बे सत्ता गच्छन्ति ।
पठमे ति किमत्थं ? गुणवन्ते पस्सन्ति[1] ।

१२२. प्रथमा की यो विभक्ति की परता में विभक्तिसहित सम्पूर्ण न्तु प्रत्यय का न्तो आदेश हो जाता है। जैसे—गुणवन्तो। (गुणवन्तु शब्द में प्रथमा की यो विभक्ति लगने पर इस विभक्ति के सहित सम्पूर्ण न्तु प्रत्यय का न्तो आदेश करने पर गुणवन्तो रूप होता है)।

न्तु प्रत्यय के कहने का क्या तात्पर्य ? सब्बे के लिए।

प्रथमा (की यो विभक्ति) की परता में कहने का क्या तात्पर्य ? गुणवन्ते के लिए।

१२३. न्तस्स से वा ।२.२.४।

सब्बस्सेव न्तुप्पच्चयस्स सविभत्तिस्स न्तस्सादेसो होति वा से विभत्तिम्हि। सीलवन्तस्स झायिनो, सीलवतो झायिनो।
से ति किमत्थं ? सीलवा तिट्ठति।

१२३. स विभक्ति की परता में विभक्तिसहित सम्पूर्ण न्तु प्रत्यय का विकल्प से न्तस्स आदेश हो जाता है। जैसे—सीलवन्तस्स; (जहाँ ऐसा नहीं होता वहाँ) विकल्प से सीलवतो होता है।

स विभक्ति की परता में कहने का क्या तात्पर्य ? सीलवा के लिए।

१२४. आ सिम्हि ।२.२.५।

सब्बस्सेव न्तुप्पच्चयस्स सविभत्तिस्स आ-आदेसो होति[2] सिम्हि विभत्तिम्हि। गुणवा, पञ्ञवा, सीलवा, बलवा[3], सतिमा, मतिमा।
न्तुस्सेति किमत्थं ? पुरिसो[4] तिट्ठति[4]।
सिम्ही ति किमत्थं ? सीलवन्तो तिट्ठन्ति।

१२४. सि विभक्ति की परता में विभक्ति के सहित सम्पूर्ण न्तु प्रत्यय का आ आदेश हो जाता है। जैसे—गुणवा आदि।

न्तु प्रत्यय के कहने का क्या तात्पर्य ? पुरिसो के लिए।

---

१. पस्सथ—से०। २. होति वा—सी०२। ३. से० में नहीं। ४-४. पुरिसा तिट्ठन्ति–से०।

सि विभक्ति की परता में कहने का क्या तात्पर्य ? सीलवन्तो के लिए (यहाँ यद्यपि न्तु प्रत्यय है तथापि सि विभक्ति न होकर यो विभक्ति है, अतएव उपर्युक्त कार्य नहीं हुआ है)।

[इस सूत्र की वृत्ति में सी०२ के पाठ के अनुसार विकल्प विधान विहित है, पर इस संस्करण के अतिरिक्त यह और कहीं भी प्राप्त नहीं है, साथ ही क० व० में भी इस सूत्र की व्याख्या में विकल्प विधान विहित नहीं है—"सब्बस्सेव न्तुप्पच्चयस्स सविभत्तिस्स आ आदेसो होति सिम्हि विभत्तिम्ही स्यत्थो।" रूपसिद्धि में भी विकल्प विधान निर्दिष्ट नहीं है—"सब्बस्सेव न्तुप्पच्चयस्स सविभत्तिस्स आ होति सिम्हि विभत्तिम्हि।" इससे स्पष्ट है कि यह पाठ ठीक नहीं है।]

१२५. अं नपुंसके ।२.२.६।

सब्बस्सेव न्तुप्पच्चयस्स सविभत्तिस्स अं[1] होति सिम्हि विभत्तिम्हि नपुंसके वत्तमानस्स लिङ्गस्स। गुणवं चित्तं तिट्ठति, रुचिमं पुप्फं विरोचति[2]।

सिम्ही ति किमत्थं ? वण्णवन्तं अगन्धकं विरूळ्हपुप्फं[3] पस्ससि।

१२५. सि विभक्ति की परता में नपुंसकलिङ्ग में विद्यमान प्रातिपदिक से विभक्तिसहित सम्पूर्ण न्तु प्रत्यय का अं आदेश हो जाता है। जैसे—गुणवं आदि।

['गुणवं चित्तं' इस उदाहरण में गुणवन्तु शब्द तुल्याधिकरणभाव से नपुंसकलिङ्ग में विद्यमान है; उसके बाद सि विभक्ति आई है, अतएव इस सूत्र से विभक्तिसहित सम्पूर्ण न्तु प्रत्यय का अं आदेश हो गया है।]

अब प्रश्न यह उठता है कि नपुंसकलिङ्ग के प्रथमा एकवचन में गुणवन्तं रूप भी होता है और इस सूत्र में विकल्प विधान निर्दिष्ट नहीं है, तब इसकी सिद्धि कैसे होगी ? क० व० में इस प्रश्न का उत्तर देने के लिए सूत्र (१२३) से विकल्प की अनुवृत्ति का ग्रहण किया गया है—"रूपद्वयस्स अत्थिताय मण्डूकगतिया वाग्गहो वत्तते।"]

सि विभक्ति की परता में कहने का क्या तात्पर्य ? वण्णवन्तं के लिए (इस प्रयोग में सि विभक्ति न होकर अं विभक्ति है, अतएव उपर्युक्त सूत्र से कार्य नहीं होता)।

---

१. अं आदेसो—सी०२। २. रोचति—से०। ३. पुप्फं—से०, सी०१।

१२६. अवण्णा च गे ।२.२.७।

सब्बस्सेव न्तुप्पच्चयस्स सविभत्तिस्स अं-अ-आ-आदेसा होन्ति गे परे। भो गुणवं, भो गुणव, भो गुणवा।

चसद्दग्गहणं[1] अंगहणानुकड्ढनत्थं।

१२६. ग-संज्ञक विभक्ति (अर्थात् सम्बोधनवाचक प्रथमा एकवचन की सि विभक्ति) की परता में विभक्तिसहित सम्पूर्ण न्तु प्रत्यय के अं, अ तथा आ आदेश होते हैं। जैसे—भो गुणवं आदि।

(सूत्र में) च शब्द का ग्रहण (इसके ऊपर आये हुए सूत्र १२५ से) अं आदेश की अनुवृत्ति ग्रहण करने के लिए किया गया है।

[यदि हम इस सूत्र का शाब्दिक अर्थ करें तो केवल अ तथा आ आदेश ही प्राप्त होंगे, किन्तु सूत्र में च शब्द के ग्रहण से इसके पूर्ववर्ती सूत्र से अं आदेश की भी अनुवृत्ति आ जाती है और इसीलिए वृत्ति में अ तथा आ आदेशों के साथ अं आदेश का भी उल्लेख किया गया है; अतएव सूत्र में च शब्द का ग्रहण इसी अनुवृत्ति की ओर इङ्गित करता है।]

१२७. तोतिता सस्मिनासु ।२.२.८।

सब्बस्सेव न्तुप्पच्चयस्स सविभत्तिस्स तो-ति-ता-आदेसा होन्ति वा स-स्मि-ना इच्चेतेसु यथासङ्ख्यं। गुणवतो, गुणवन्तस्स, गुणवति, गुणवन्तस्मि, गुणवता, गुणवन्तेन; सतिमतो, सतिमन्तस्स, सतिमति, सतिमन्तस्मि, सतिमता, सतिमन्तेन।

एतेस्विति किमत्थं? गुणवा, सतिमा।

१२७. स, स्मि तथा ना विभक्तियों की परता में विभक्तिसहित सम्पूर्ण न्तु प्रत्यय के क्रमशः तो, ति तथा ता आदेश विकल्प से होते हैं। जैसे—गुणवतो, गुणवति तथा गुणवता आदि। (जहाँ ये आदेश नहीं होते, वहाँ) विकल्प से गुणवन्तस्स, गुणवन्तस्मि तथा गुणवन्तेन आदि प्रयोग भी होते हैं।

स, स्मि तथा ना विभक्तियों की परता में कहने का क्या तात्पर्य? गुणवा आदि के लिए।

---

१. चसद्दग्गहणेन—से०।

१२८. नम्हि तं वा ।२.२.९।

सब्बस्सेव न्तुप्पच्चयस्स सविभत्तिस्स तमादेसो होति वा नम्हि विभत्तिम्हि। गुणवतं, गुणवन्तानं; सतिमतं, सतिमन्तानं।

नम्ही ति किमत्थं ? गुणवन्तो तिट्ठन्ति, सतिमन्तो तिट्ठन्ति।

१२८. नं विभक्ति की परता में विभक्तिसहित सम्पूर्ण न्तु प्रत्यय का विकल्प से तं आदेश हो जाता है। जैसे—गुणवतं आदि (जहाँ ऐसा नहीं होता वहाँ) विकल्प से गुणवन्तानं भी होता है।

नं विभक्ति की परता में कहने का क्या तात्पर्य ? गुणवन्तो आदि के लिए।

१२९. इमस्सिदमंसिसु नपुंसके ।२.२.१०।

सब्बस्सेव इमसद्दस्स सविभत्तिस्स इदं होति वा अं-सिसु नपुंसके वत्तमानस्स लिङ्गस्स। इदं चित्तं पस्ससि, इदं चित्तं तिट्ठति; इमं[1] चित्तं पस्ससि, इमं चित्तं तिट्ठति वा[1]।

नपुंसके ति किमत्थं ? इमं पुरिसं पस्ससि, अयं पुरिसो तिट्ठति।

१२९. अं तथा सि विभक्तियों की परता में नपुंसकलिङ्ग में विद्यमान विभक्ति-सहित सम्पूर्ण इम शब्द का विकल्प से इदं आदेश हो जाता है। जैसे—इदं आदि; (जहाँ ऐसा नहीं होता वहाँ) विकल्प से इमं भी होता है।

नपुंसकलिङ्ग में कहने का क्या तात्पर्य ? इमं पुरिसं आदि के लिए (इन प्रयोगों में नपुंसकलिङ्ग न होने से इम शब्द का इदं आदेश नहीं होता)।

१३०. अमुस्सादुं ।२.२.११।

सब्बस्सेव अमुसद्दस्स सविभत्तिस्स अदुं होति अं-सिसु नपुंसके वत्तमानस्स लिङ्गस्स। अदुं पुप्फं पस्ससि, अदुं पुप्फं विरोचति।

नपुंसके ति किमत्थं ? अमुं राजानं पस्ससि, अमु[2] राजा तिट्ठति।

१३०. अं तथा सि विभक्तियों की परता में नपुंसकलिङ्ग में विद्यमान विभक्ति-सहित सम्पूर्ण अमु शब्द का अदुं आदेश हो जाता है। जैसे—अदुं पुप्फं आदि।

नपुंसकलिङ्ग में कहने का क्या तात्पर्य ? अमुं राजानं आदि के लिए।

१–१. वा ति किमत्थं ? इमं चित्तं तिट्ठति–से०। २. असु–से०।

१३१. इत्थिपुमनपुंसकसङ्ख्यं ।२.२.१२।

"इत्थिपुमनपुंसकसङ्ख्यं" इच्चेतं अधिकारत्थं वेदितब्बं ।

१३१. यह सूत्र अधिकारार्थ है ।

[सूत्र का शाब्दिक अर्थ यह है कि स्त्रीलिङ्ग, पुँल्लिङ्ग तथा नपुंसकलिङ्गवाचक शब्दों के अनुसार ही उन उन सङ्ख्यावाचक शब्दों का विभिन्न विभक्तियों में प्रयोग होता है ।]

१३२. योसु द्विन्नं द्वे च ।२.२.१३।

द्विन्नं सङ्ख्यानं इत्थिपुमनपुंसके वत्तमानानं सविभत्तीनं द्वे होति यो इच्चेतेसु । द्वे इत्थियो, द्वे धम्मा, द्वे रूपानि ।

योस्विति किमत्थं ? द्वीसु ।

चसद्दग्गहणेन द्विसद्दस्स दुवे द्वय उभ उभय दुवि च होन्ति यो-ना-अं-नं इच्चेतेसु । दुवे समणा, दुवे ब्राह्मणा, दुवे जना, द्वयेन, द्वयं, उभिन्नं, उभयेसं, दुविन्नं ।

१३२. यो विभक्तियों की परता में स्त्रीलिङ्ग, पुँल्लिङ्ग तथा नपुंसकलिङ्ग में विद्यमान सङ्ख्यावाचक द्वि शब्द का विभक्ति के सहित द्वे आदेश हो जाता है । जैसे—द्वे इत्थियो आदि ।

यो की परता में कहने का क्या तात्पर्य ? द्वीसु के लिए ।

(सूत्र में) च शब्द का ग्रहण करने से यो, ना, अं तथा नं विभक्तियों की परता में द्वि शब्द के दुवे, द्वय, उभय तथा दुवि आदेश भी हो जाते हैं ।

१३३. तिचतुन्नं तिस्सो चतस्सो तयो चत्तारो तीणि चत्तारि ।२.२.१४।

तिचतुन्नं सङ्ख्यानं इत्थिपुमनपुंसके वत्तमानानं सविभत्तीनं तिस्सो-चतस्सो-तयो-चत्तारो-तीणि-चत्तारि इच्चेते आदेसा होन्ति यथासङ्ख्यं यो इच्चेतेसु । तिस्सो वेदना, चतस्सो दिसा; तयो जना, चत्तारो पुरिसा; तीणि आयतनानि,[1] चत्तारि अरियसच्चानि ।

योस्विति किमत्थं ? तीसु, चतूसु ।

---

१. आसनानि—से० ।

१३३. यो विभक्तियों की परता में स्त्रीलिङ्ग, पुँल्लिङ्ग तथा नपुंसकलिङ्ग में विद्यमान सङ्ख्यावाचक ति तथा चतु शब्दों के विभक्ति के सहित क्रमशः तिस्सो, चतस्सो; तयो, चत्तारो; तीणि, चत्तारि आदेश होते हैं। जैसे—तिस्सो वेदना आदि।

यो की परता में कहने का क्या तात्पर्य ? तीसु, चतूसु के लिए।

१३४. पञ्चादीनमकारो ।२.२.१५।

पञ्चादीनं सङ्ख्यानं इत्थिपुमनपुंसके वत्तमानानं सविभत्तिस्स अन्तसरस्स अकारो होति यो इच्चेतेसु। पञ्च[1] इत्थी, पञ्च जना, पञ्च-रूपा[1]; छ, छ, सत्त, सत्त, अट्ठ, अट्ठ, नव, नव, दस, दस।

पञ्चादीनमिति किमत्थं ? द्वे, तयो, चत्तारि।

१३४. यो विभक्तियों की परता में स्त्रीलिङ्ग, पुँल्लिङ्ग तथा नपुंसकलिङ्ग में विद्यमान सङ्ख्यावाचक पञ्च आदि शब्दों के अन्तिम स्वर का विभक्ति के सहित अकार हो जाता है। जैसे—पञ्च इत्थी, पञ्च जना, पञ्च रूपा इत्यादि।

पञ्च आदि शब्दों के कहने का क्या तात्पर्य ? द्वे, तयो तथा चत्तारि के लिए।

[क० व०—"पञ्चादीनं अट्ठारसन्तानं सङ्ख्यानं इत्थिपुमनपुंसके वत्तमानानं सविभत्तीनं अन्तसरस्स अकारो होति योसु विभत्तीसु··· ।"]

१३५. राजस्स रञ्ञो राजिनो से ।२.२.१६।

सब्बस्सेव राजसद्दस्स सविभत्तिस्स रञ्ञो-राजिनो इच्चेते आदेसा होन्ति से विभत्तिम्हि। रञ्ञो, राजिनो।

से ति किमत्थं ? रञ्ञं।

१३५. स विभक्ति की परता में विभक्ति के सहित सम्पूर्ण राज शब्द के रञ्ञो तथा राजिनो आदेश होते हैं। जैसे—रञ्ञो, राजिनो।

स विभक्ति की परता में कहने का क्या तात्पर्य ? रञ्ञं के लिए।

१३६. रञ्ञं नम्हि वा ।२.२.१७।

सब्बस्सेव राजसद्दस्स सविभत्तिस्स रञ्ञं आदेसो होति वा नम्हि विभत्तिम्हि। रञ्ञं, राजूनं।

१—१. पञ्च पञ्च—सी०१, सी०२।

१३६. नं विभक्ति की परता में विभक्ति के सहित सम्पूर्ण राज शब्द का विकल्प से रञ्‍ञं आदेश होता है। जैसे—रञ्‍ञं; (जहाँ यह आदेश नहीं होता, वहाँ सू० सं० १६९ से राज शब्द का राजु आदेश होकर) विकल्प से राजूनं होता है।

१३७. नाम्हि रञ्‍ञा वा।२.२.१८।

सब्बस्सेव राजसद्दस्स सविभत्तिस्स रञ्‍ञा आदेसो होति वा नाम्हि विभत्तिम्हि। तेन रञ्‍ञा कतं कम्मं, राजेन वा[1] कतं कम्मं[1]।

नाम्ही ति किमत्थं ? रञ्‍ञो सन्तकं[2]।

१३७. ना विभक्ति की परता में विभक्ति के सहित सम्पूर्ण राज शब्द का विकल्प से रञ्‍ञा आदेश होता है। जैसे—तेन रञ्‍ञा; (जहां उपर्युक्त आदेश नहीं होता वहाँ) विकल्प से राजेन होता है।

ना विभक्ति की परता में कहने का क्या तात्पर्य ? रञ्‍ञो के लिए।

१३८. स्मिम्हि रञ्‍ञे राजिनि।२.२.१९।

सब्बस्सेव राजसद्दस्स सविभत्तिस्स रञ्‍ञे-राजिनि इच्चेते आदेसा होन्ति स्मिम्हि विभत्तिम्हि। रञ्‍ञे, राजिनि।

१३८. स्मिं विभक्ति की परता में विभक्ति के सहित सम्पूर्ण राज शब्द के रञ्‍ञे तथा राजिनि आदेश होते हैं। जैसे—रञ्‍ञे, राजिनि।

१३९. तुम्हाम्हानं तयि मयि।२.२.२०।

सब्बेसं तुम्हाम्हसद्दानं सविभत्तीनं तयि मयि इच्चेते आदेसा होन्ति यथासङ्ख्यं स्मिम्हि विभत्तिम्हि। तयि, मयि।

स्मिही ति किमत्थं ? त्वं भवसि, अहं भवामि।

१३९. स्मिं विभक्ति की परता में विभक्ति के सहित सम्पूर्ण तुम्ह तथा अम्ह शब्दों के क्रमशः तयि तथा मयि आदेश होते हैं। जैसे—तयि, मयि।

स्मिं विभक्ति की परता में कहने का क्या तात्पर्य ? त्वं, अहं के लिए।

१—१. से० में नहीं। २. सन्तिकं-से०। ३. तुम्हाम्हानं-से०, सी०१

१४०. त्वमहं सिम्हि च ।२.२.२१।

सब्बेसं तुम्हाम्हसद्दानं सविभत्तीनं त्वं-अहं इच्चेते आदेसा होन्ति यथासङ्ख्यं सिम्हि विभत्तिम्हि । त्वं, अहं ।

सिम्ही ति[1] किमत्थं ? तयि, मयि[1] ।

चसद्दग्गहणेन तुवं च होति– तुवं सत्था ।

१४०. सि विभक्ति की परता में विभक्ति के सहित सम्पूर्ण तुम्ह तथा अम्ह शब्दों के क्रमशः त्वं तथा अहं आदेश होते हैं। जैसे—त्वं, अहं ।

सि विभक्ति की परता में कहने का क्या तात्पर्य ? तयि, मयि के लिए ।

(सूत्र में) च शब्द का ग्रहण करने से (तुम्ह शब्द का सि विभक्ति की परता में) तुवं आदेश भी होता है। जैसे—तुवं सत्था ।

१४१. तव मम से ।२.२.२२।

सब्बेसं तुम्हाम्हसद्दानं सविभत्तीनं तव-मम इच्चेते आदेसा होन्ति यथासङ्ख्यं से विभत्तिम्हि । तव, मम ।

से ति किमत्थं ? तयि, मयि ।

१४१. स विभक्ति की परता में विभक्ति के सहित सम्पूर्ण तुम्ह तथा अम्ह शब्दों के क्रमशः तव तथा मम आदेश होते हैं। जैसे—तव, मम ।

स विभक्ति की परता में कहने का क्या तात्पर्य ? तयि, मयि के लिए ।

१४२. तुय्हं मय्हं च ।२.२.२३।

सब्बेसं तुम्हाम्हसद्दानं सविभत्तीनं तुय्हं-मय्हं इच्चेते आदेसा होन्ति यथासङ्ख्यं से विभत्तिम्हि । तुय्हं, मय्हं ।

से ति किमत्थं ? तया, मया ।

चसद्दग्गहणं सेग्गहणमनुकड्ढनत्थं ।

१४२. स विभक्ति की परता में विभक्ति के सहित सम्पूर्ण तुम्ह तथा अम्ह शब्दों के क्रमशः तुय्हं तथा मय्हं आदेश होते हैं। जैसे—तुय्हं, मय्हं ।

स विभक्ति की परता में कहने का क्या तात्पर्य ? तया, मया के लिए ।

(सूत्र में) च शब्द का ग्रहण (इसके पहले आनेवाले सूत्र सं १४१ से) स विभक्ति की परता की अनुवृत्ति के लिए है ।

१–१. से० में नहीं ।

१४३. तं ममम्हि ।२.२.२४।

सब्बेसं तुम्हाम्हसद्दानं सविभत्तीनं तं-मं इच्चेते आदेसा होन्ति यथासङ्ख्यं अम्हि विभत्तिम्हि । तं, मं ।

अम्ही ति किमत्थं ? तया, मया ।

१४३. अं विभक्ति की परता में विभक्ति के सहित सम्पूर्ण तुम्ह तथा अम्ह शब्दों के क्रमशः तं तथा मं आदेश होते हैं । जैसे—तं, मं ।

अं विभक्ति की परता में कहने का क्या तात्पर्य ? तया, मया के लिये ।

१४४. तवं ममं च न वा ।२.२.२५।

सब्बेसं तुम्हाम्हसद्दानं सविभत्तीनं तवं-ममं इच्चेते आदेसा होन्ति न वा यथासङ्ख्यं अम्हि विभत्तिम्हि । तवं, ममं ।

न वा ति किमत्थं ? तं, मं परससि ।

चसद्दग्गहणं अंगहणानुकड्ढनत्थं ।

१४४. अं विभक्ति की परता में विभक्ति के सहित सम्पूर्ण तुम्ह तथा अम्ह शब्दों के क्रमशः तवं तथा ममं आदेश विकल्प से होते हैं । जैसे—तवं, ममं ।

विकल्प से कहने का क्या तात्पर्य ? तं, मं के लिए ।

(सूत्र में) च शब्द का ग्रहण (उपर्युक्त सूत्र से) अं विभक्ति की परता की अनुवृत्ति के लिए है ।

१४५. नाम्हि तया मया ।२.२.२६।

सब्बेसं तुम्हाम्हसद्दानं सविभत्तीन तया-मया इच्चेते आदेसा होन्ति यथासङ्ख्यं नाम्हि विभत्तिम्हि । तया, मया ।

नाम्ही ति किमत्थं ? तुम्हेहि, अम्हेहि ।

१४५. ना विभक्ति की परता में विभक्ति के सहित सम्पूर्ण तुम्ह तथा अम्ह शब्दों के क्रमशः तया तथा मया आदेश होते हैं । जैसे—तया, मया ।

ना विभक्ति की परता में कहने का क्या तात्पर्य ? तुम्हेहि, अम्हेहि के लिए ।

१४६. तुम्हस्स तुवं त्वमम्हि ।२.२.२७।

सब्बस्स तुम्हसद्दस्स सविभत्तिस्स तुवं-त्वं इच्चेते आदेसा होन्ति अम्हि विभत्तिम्हि । कलिङ्गरस्स तुवं मञ्ञे, कट्ठस्स त्वं मञ्ञे ।

१४६. अं विभक्ति की परता में विभक्ति के सहित सम्पूर्ण तुम्ह शब्द के तुवं तथा त्वं आदेश होते हैं । जैसे—तुवं, त्वं ।

१४७. पदतो दुतिया-चतुत्थी-छट्ठीसु वो नो ।२.२.२८।

सब्बेसं[1] तुम्हाम्हसद्दानं सविभत्तीनं यदा पदस्मा परेसं वो-नो-आदेसा होन्ति यथासङ्ख्यं दुतिया-चतुत्थी-छट्ठी इच्चेतेसु न वा। पहाय वो[2] गमिस्सामि, मा नो अज्ज विकन्तिंसु[3], धम्मं वो भिक्खवे देसिस्सामि, संविभजेथ नो रज्जेन, तुट्ठोस्मि वो पकतिया, सत्था नो भगवा अनुप्पत्तो।

न वा ति किमत्थं ? एसो अम्हाकं सत्था।

तुम्हाम्ह[4] इति[4] किमत्थं ? एते इसयो पस्ससि।

पदतो ति किमत्थं ? तुम्हाकं सत्था।

एतेस्विति किमत्थं ? गच्छथ तुम्हे।

१४७. द्वितीया, चतुर्थी तथा षष्ठी विभक्तियों में पद के पश्चात् आनेवाले सम्पूर्ण तुम्ह तथा अम्ह शब्दों के विभक्ति के सहित क्रमशः वो तथा नो आदेश विकल्प से होते हैं। जैसे—वो, नो।

विकल्प से कहने का क्या तात्पर्य ? अम्हाकं के लिए।

तुम्ह तथा अम्ह शब्दों के कहने का क्या तात्पर्य ? इसयो के लिए।

पद के पश्चात् आनेवाले कहने का क्या तात्पर्य ? तुम्हाकं सत्था के लिए (इसमें पद के पश्चात् न आने से तुम्ह शब्द का वो आदेश नहीं हुआ)।

उपर्युक्त विभक्तियों में कहने का क्या तात्पर्य ? तुम्हे के लिए।

१४८. तेमेकवचने ।२.२.२९।

सब्बेसं तुम्हाम्हसद्दानं सविभत्तीनं यदा पदस्मा परेसं ते-मे-आदेसा होन्ति यथासङ्ख्यं चतुत्थी-छट्ठी इच्चेतेसु एकवचनेसु। ददामि ते गामवरानि पञ्च, ददाहि मे गामवरं, इदं ते रट्ठं, अयं मे पुत्तो।

पदतो ति किमत्थं ? तव ञाति, मम ञाति।

१४८. चतुर्थी तथा षष्ठी विभक्तियों के एकवचन में पद के पश्चात् आनेवाले सम्पूर्ण तुम्ह तथा अम्ह शब्दों के विभक्ति के सहित क्रमशः ते तथा मे आदेश होते हैं। जैसे—ते, मे।

पद के पश्चात् आनेवाले कहने का क्या तात्पर्य ? तव, मम के लिए।

---

१. सब्बेसानं—सी०२। २. वो भिक्खवे—से०। ३. विकन्तीसु—से०। ४–४. तुम्हाम्हाकमिति–से०, सी०१।

१४९. नाम्हि ।२.२.३०।

सब्बेसं तुम्हाम्हसद्दानं सविभत्तीनं यदा पदस्मा परेसं ते-मे-आदेसा न होन्ति अम्हि विभत्तिम्हि। पस्सेय्य तं वस्ससतं आरोग्यं[1], सो मं[2] ब्रवि[2]।

१४९. अं विभक्ति की परता में पद के पश्चात् आनेवाले सम्पूर्ण तुम्ह तथा अम्ह शब्दों के विभक्ति के सहित ते तथा मे आदेश नहीं होते। जैसे—तं, मं।

१५०. वा ततिये च ।२.२.३१।

सब्बेसं तुम्हाम्हसद्दानं सविभत्तीनं यदा पदस्मा परेसं ते-मे-आदेसा होन्ति वा यथासङ्ख्यं ततियेकवचने परे। कतं ते पापं, कतं तया पापं, कतं मे पापं, कतं मया पापं।

पदतो ति किमत्थं? तया कतं, मया कतं।

चसद्दग्गहणं तेमेग्गहणमनुकड्ढनत्थं।

१५०. तृतीया एकवचन की (ना) विभक्ति की परता में पद के पश्चात् आनेवाले सम्पूर्ण तुम्ह तथा अम्ह शब्दों के विभक्ति के सहित क्रमशः ते तथा मे आदेश विकल्प से होते हैं। जैसे—ते, मे।

पद के पश्चात् आनेवाले कहने का क्या तात्पर्य? तया कतं आदि के लिए।

(सूत्र में) च शब्द का ग्रहण (उपर्युक्त सूत्रों से) ते, मे आदेशों की अनुवृत्ति के लिए है।

१५१. बहुवचनेसु वो नो ।२.२.३२।

सब्बेसं तुम्हाम्हसद्दानं सविभत्तीनं यदा पदस्मा परेसं वो-नो-आदेसा होन्ति वा यथासङ्ख्यं ततियाबहुवचने[3] परे। कतं वो कम्मं, कतं नो कम्मं।

पदतो ति किमत्थं? तुम्हेहि कतं, अम्हेहि कतं।

बहुवचनग्गहणेन योम्हि पठमे वो-नो-आदेसा होन्ति। गामं वो गच्छेय्याथ, गामं नो गच्छेय्याम।

---

१. अरोग्यं—से०। २-२. मं अब्रुवि—से०; ममब्रुवि—सी० १। ३. ततिये०—से०।

१५१. तृतीया बहुवचन की (हि) विभक्ति की परता में पद के पश्चात् आनेवाले सम्पूर्ण तुम्ह तथा अम्ह शब्दों के विभक्ति के सहित क्रमशः वो तथा नो आदेश विकल्प से होते हैं। जैसे—वो, नो।

पद के पश्चात् आनेवाले कहने का क्या तात्पर्य ? तुम्हेहि कतं आदि के लिए (इन प्रयोगों में पद के बाद न होने से ऐसा नहीं होता)।

(सूत्र में) बहुवचन का ग्रहण करने से प्रथमा बहुवचन की यो विभक्ति की परता में (भी तुम्ह तथा अम्ह शब्दों के विभक्ति के सहित क्रमशः) वो, नो आदेश (विकल्प से) होते हैं। जैसे—वो, नो।

१५२. पुमन्तस्सा सिम्हि ।२.२.३३।

पुम इच्चेवमन्तस्स सविभत्तिस्स आ-आदेसो होति सिम्हि विभत्तिम्हि। पुमा तिट्ठति।

सिम्ही ति किमत्थं ? पुमानो तिट्ठन्ति।

अन्तग्गहणेन मघव-युव इच्चेवमादीनं लिङ्गानमन्तस्स सविभत्तिस्स आ-आदेसो होति सिम्हि विभत्तिम्हि। मघवा, युवा।

१५२. सि विभक्ति की परता में विभक्ति के सहित पुम शब्द के अन्तिम (स्वर) का आ आदेश हो जाता है। जैसे—पुमा।

सि विभक्ति को परता में कहने का क्या तात्पर्य ? पुमानो के लिए।

(सूत्र में) अन्त का (अन्तिम स्वर का) ग्रहण करने से सि विभक्ति की परता में मघव तथा युव प्रातिपदिकों के अन्तिम स्वर का (भी) विभक्ति के सहित आ आदेश हो जाता है। जैसे—मघवा, युवा।

१५३. अमालपनेकवचने ।२.२.३४।

पुम इच्चेवमन्तस्स सविभत्तिस्स अं होति आलपनेकवचने परे। हे पुमं।

आलपने[1] ति किमत्थं ? पुमा तिट्ठति।

एकवचने ति किमत्थं ? हे पुमानो[1]।

१५३. सम्बोधन एकवचन की (सि) विभक्ति की परता में पुम शब्द के अन्तिम (स्वर) का विभक्ति के सहित अं आदेश हो जाता है। जैसे—हे पुमं।

१—१. आलपनेकवचनेति किमत्थं ? हे पुमानो—सी०१, सी०२।

सम्बोधन में कहने का क्या तात्पर्य ? पुमा तिट्ठति के लिए।

एकवचन में कहने का क्या तात्पर्य ? हे पुमानो के लिए (इस उदाहरण में यद्यपि सम्बोधन है, तथापि एकवचन न होने के कारण उपर्युक्त कार्य नहीं हुआ है)।

१५४. समासे च विभासा ।२.२.३५।

पुम इच्चेवमन्तस्स समासे च अं-आदेसो होति विभासा। इत्थि च पुमा च नपुंसकं च इत्थिपुमन्नपुंसकानि[1], इत्थिपुमन्नपुंसकानं[2] समूहो इत्थिपुमन्नपुंसकसमूहो[3]।

विभासा ति किमत्थं ? इत्थिपुमनपुंसकानि[4]।

चसद्दग्गहणमंगहणानुकड्ढनत्थं।

१५४. समास में पुम शब्द के अन्तिम (स्वर) का विकल्प से अं आदेश होता है। जैसे—इत्थिपुमन्नपुंसकानि आदि।

विकल्प से कहने का क्या तात्पर्य ? इत्थिपुमनपुंसकानि के लिए।

(सूत्र में) च शब्द का ग्रहण (इसके ऊपर आनेवाले सूत्र मे) अं की अनुवृत्ति के लिए है।

१५५. योस्वानो ।२.२.३६।

पुम इच्चेवमन्तस्स सविभत्तिस्स आनो आदेसो होति योसु विभत्तीसु। पुमानो, हे पुमानो।

योस्विति किमत्थं ? पुमा।

१५५. यो विभक्ति की परता में विभक्ति के सहित पुम शब्द के अन्तिम (स्वर) का आनो आदेश होता है। जैसे—पुमानो आदि।

यो की परता में कहने का क्या तात्पर्य ? पुमा के लिए।

१५६. आने स्मिम्हि वा ।२.२.३७।

पुम इच्चेवमन्तस्स सविभत्तिस्स आने-आदेसो होति वा स्मिम्हि विभत्तिम्हि। पुमाने, पुमे वा।

---

१. इत्थिपुंनपुंसकानि—सी०२; रो० में नहीं। २. इत्थिपुंनपुंसकानं—सी०२; इत्थिपुन्नपुंसकानं—से०। ३. ०पुन्न०—सी०२। ४. इत्थी पुमनपुंसकानि—से०।

१५६. स्मिं विभक्ति की परता में पुम शब्द के अन्तिम (स्वर) का विभक्ति के सहित आने आदेश विकल्प से होता है। जैसे—पुमाने; विकल्प से पुमे।

१५७. हिविभत्तिम्हि च ।२.२.३८।

पुम इच्चेवमन्तस्स हिविभत्तिम्हि च आने-आदेसो होति। पुमानेभि, पुमानेहि।

पुन विभत्तिग्गहणं किमत्थं? सविभत्तिग्गहणनिवत्तनत्थं। पुमानेहि[1]।

चसद्दग्गहणेन मघव-युव इच्चेवमादीनमन्तस्स आन-आदेसो होति सि-यो-अं-यो इच्चेतेसु[2] विभत्तीसु[3], पुमकम्मथामन्तस्स च[4] उकारो[4] होति स-स्मासु[5] विभत्तीसु। युवानो, युवाना[6], युवानं, युवाने; मघवानो, मघवाना[6], मघवानं, मघवाने; पुमुनो, पुमुना; कम्मुनो, कम्मुना; थामुनो, थामुना।

१५७ हि विभक्ति की परता में पुम शब्द के अन्तिम (स्वर) का आने आदेश होता है। जैसे—पुमानेभि आदि।

(सूत्र में) विभक्ति शब्द के पुनः ग्रहण करने का क्या तात्पर्य? (विभक्ति का ग्रहण तो उपर्युक्त सूत्रों से चला ही आ रहा था, उसको पुनः देने की क्या आवश्यकता थी?) (आने आदेश) विभक्ति के सहित न हो जाय इसी शंका के निवारणार्थ (विभक्ति शब्द का ग्रहण पुनः किया गया है। इसके पहले आनेवाले सभी आदेश विभक्ति के सहित हुए हैं। विभक्ति शब्द के पुनः न ग्रहण करने से वही अनुवृत्ति यहाँ भी आ जाती)। जैसे—पुमानेहि।

(सूत्र में) च शब्द के ग्रहण से सि, यो, अं तथा यो की परता में मघव तथा युव आदि शब्दों के अन्तिम (स्वर) का आन आदेश होता है तथा स और स्मा विभक्तियों की परता में पुम, कम्म तथा थाम शब्दों के अन्तिम (स्वर) का उकार हो जाता है। जैसे—युवानो आदि।

१५८. सुस्मिमा वा ।२.२.३९।

पुम इच्चेवमन्तस्स सु[7] इच्चेतस्मि विभत्तिम्हि[7] आ-आदेसो होति वा। पुमासु, पुमेसु वा।

---

१. से० में नहीं। २. इच्चेतासु-मे०। ३. विभत्तिसु-सी०१, सी०२। ४-४. उकारो-सी०१, सी०२। ५. स स्मा-सी०२। ६. से० में नहीं। ७-७. सु-विभत्तिम्हि-से०।

१५८. सु विभक्ति की परता में पुम शब्द के अन्तिम (स्वर) का विकल्प से आ आदेश हो जाता है। जैसे—पुमासु; विकल्प से पुमेसु।

१५९. उनाम्हि च ।२.२.४०।

पुम इच्चेवमन्तस्स आ-उ-आदेसा होन्ति वा नाम्हि विभत्तिम्हि। पुमाना, पुमुना, पुमेन वा।

चसद्दग्गहणं[1] आग्गहणानुकड्ढनत्थं[1]।

१५९. ना विभक्ति की परता में पुम शब्द के अन्तिम (स्वर) के आ (अथवा) उ आदेश विकल्प से होते हैं। जैसे—(आ का उदाहरण) पुमाना; (उ का उदाहरण) पुमुना; विकल्प से पुमेन।

(सूत्र में) च शब्द का ग्रहण (इसके पहले आनेवाले सूत्र से) आ आदेश की अनुवृत्ति के लिए है।

१६०. अ कम्मन्तस्स च ।२.२.४१।

कम्म इच्चेवमन्तस्स च अ-उ-आदेसा होन्ति वा नाम्हि विभत्तिम्हि। कम्मना, कम्मुना, कम्मेन वा।

चसद्दग्गहणेन मघव-युव इच्चेवमादीनमन्तस्स आ-आदेसो होति क्वचि ना-सु इच्चेतेसु। मघवाना, मघवासु, मघवेन वा; युवाना, युवासु, युवेन वा।

इति नामकप्पे दुतियो कण्डो।

१६०. ना विभक्ति की परता में कम्म शब्द के अन्तिम (स्वर) के भी अ, उ, आदेश विकल्प से होते हैं। जैसे—कम्मना, कम्मुना; विकल्प से कम्मेन।

(सूत्र में) च शब्द का ग्रहण करने से ना तथा सु विभक्तियों की परता में मघव तथा युव शब्दों के अन्तिम (स्वर) का कहीं कहीं आ आदेश होता है। जैसे—मघवाना, मघवासु आदि; विकल्प से मघवेन आदि।

नामकल्प में द्वितीय काण्ड समाप्त।

१—१. से० में नहीं।

(३) ततियो कण्डो

१६१. तुम्हाम्हेहि नमाकं ।२.३.१।

तेहि तुम्हाम्हेहि नं-वचनस्स आकं होति। तुम्हाकं, अम्हाकं।

नमिति किमत्थं ? तुम्हेहि, अम्हेहि[1]।

१६१. तुम्ह तथा अम्ह शब्दों के पश्चात् आनेवाली नं विभक्ति का आकं हो जाता है। जैसे—तुम्हाकं, अम्हाकं।

नं (विभक्ति) के कहने का क्या तात्पर्य ? तुम्हेहि, अम्हेहि के लिए।

१६२. वा य्वप्पठमो ।२.३.२।

तेहि तुम्हाम्हेहि यो अप्पठमो आकं होति वा। तुम्हाकं पस्ससि, तुम्हे पस्ससि वा; अम्हाकं पस्ससि, अम्हे पस्ससि वा।

यो ति किमत्थं ? तुम्हेहि, अम्हेहि।

अप्पठमो ति किमत्थं ? गच्छथ तुम्हे, गच्छाम मयं।

वा ति विकप्पनत्थं-योनं अं-आनं-आदेसा[2] होन्ति। तुम्हं, तुम्हानं; अम्हं, अम्हानं।

१६२. तुम्ह तथा अम्ह शब्दों के पश्चात् आनेवाली द्वितीया विभक्ति के यो का विकल्प से आकं होता है। जैसे—तुम्हाकं, अम्हाकं, विकल्प से तुम्हे, अम्हे।

यो के कहने का क्या तात्पर्य ? तुम्हेहि, अम्हेहि के लिए।

अप्रथम (प्रथमा की यो विभक्ति नहीं प्रस्युत द्वितीया की यो) कहने का क्या तात्पर्य ? तुम्हे, मयं के लिए (इन प्रयोगों में प्रथमा की यो विभक्ति होने के कारण उपर्युक्त कार्य नहीं होता)।

विकल्प का ग्रहण यह द्योतित करता है कि यो के अं तथा आनं आदेश भी होते हैं। जैसे—तुम्हं, तुम्हानं आदि।

१६३. सस्सं ।२.३.३।

तेहि तुम्हाम्हेहि सस्स विभत्तिस्स अं-आदेसो होति वा। तुम्हं दीयते, तुम्हं परिग्गहो; अम्हं दीयते, अम्हं परिग्गहो; तव दीयते, तव परिग्गहो; मम दीयते, मम परिग्गहो।

सस्सेति किमत्थं ? तुम्हेसु, अम्हेसु।

---

१. सी०२ में नहीं। २. सी०१, सी०२ में नहीं।

१६३. तुम्ह तथा अम्ह शब्दों के पश्चात् आनेवाली स विभक्ति का विकल्प से अं आदेश होता है। जैसे—तुम्हं, अम्हं; विकल्प से तव, मम।

स विभक्ति के कहने का क्या तात्पर्य ? तुम्हेसु, अम्हेसु के लिए।

१६४. सब्बनामकारते पठमो ।२.३.४।

सब्बेसं सब्बनामानं अकारतो परो[1] यो[2] पठमो[2] एत्तमापज्जते। सब्बे, ये, ते, के, तुम्हे, अम्हे, इमे।

सब्बनामानमिति किमत्थं ? देवा,[3] असुरा, नागा, गन्धब्बा।

अकारतो ति किमत्थं[3] ? अमू[4] पुरिसा।

यो ति किमत्थं ? सब्बो, यो, सो[5], को, अयं।

पठमग्गहणं उत्तरसुत्तत्थं। कतरो[6] च कतमो च कतरकतमे, कतरकतमा वा[6]।

१६४. सभी सर्वनामों के अकार के पश्चात् आनेवाली प्रथमा की यो विभक्ति का ए हो जाता है। जैसे—सब्बे आदि।

सर्वनामों के कहने का क्या तात्पर्य ? देवा, असुरा आदि में उपर्युक्त कार्य नहीं होता।

[क० व०—"सब्बेसं नामानि सब्बनामानि, सब्बनामानं अकारो सब्बनामकारो, कतो ततो सब्बनामकारतो। सब्बनामकारतो ति वुत्ते पि अकारन्ततो सब्बनामतो ति अत्थो दट्ठब्बो च। सब्बनाम ति परसमञ्ञा; सब्बस्सेव सब्बनामस्स अकारन्तत्ता स अकारन्ततो ति; वुत्तं च—

'सब्बं कतर-कतम-उभय-इतरा पि च।
अञ्ञतर-अञ्ञतम-पुब्ब-अपर-दक्खिणा॥
उत्तर-पर अञ्ञा च य-त-एत-अमु-इमा।
किं-तुम्ह-अम्ह-एका व द्वि-ति-चतु च पञ्च छ।
सत्त अट्ठ नव दस वीसादि याव सङ्ख्या' ति॥

तेसु च अकारन्ततो ति वुत्तत्ता द्विलिङ्गे येव इमिना विदधाति न इत्थिलिङ्गे।"]

अकार के बाद कहने का क्या तात्पर्य ? अमू के लिए (यहाँ प्रथमा की यो विभक्ति अकार के बाद न होने से उपर्युक्त कार्य नहीं हुआ है)।

---

१. से० में नहीं। २–२. पठमो यो—सी०१। ३–३. सी०२ में नहीं। ४. अमु—सी०२। ५. से० में नहीं। ६–६. सी०१, सी०२ में नहीं।

यो कहने का क्या तात्पर्य ? सब्बो आदि के लिए ।

(सूत्र में) प्रथमा का ग्रहण इसके बाद आनेवाले सूत्र की व्याख्या के लिए है (क्योंकि द्वन्द्वसमास में कतरकतमे तथा कतरकतमा दोनों रूप होते हैं) ।

[क० व०—"इध सुत्ते पठमग्गहणे विज्जमाने पि 'सब्बयोनीनमाए' तिमिना उपयोगबहुवचनस्स एकारादेसस्स वुत्तत्ता 'वा व्यप्पठमो' ति सुत्ततो अनुवत्तमानस्स कारीभूतस्स यो ति पदस्स पठमभावो विञ्ञायति, अथ कस्मा पठमग्गहणं इध वुत्तं ति चोदनं मनसि निधायाह—पठमग्गहणमुत्तरसुत्तत्थं" ति ।]

१६५. द्वन्दट्ठा वा ।२.३.५।

तस्मा सब्बनामानं[1] अकारतो[1] द्वन्दट्ठा यो पठमो एत्तमापज्जते वा । कतरकतमे[2], कतरकतमा वा[3] ।

सब्बनामानमिति किमत्थं ? देवासुरनागगन्धब्बमनुस्सा[4] ।

द्वन्दट्ठा ति किमत्थं ? ते, सब्बे ।

१६५. सर्वनामों के अकार के पश्चात् आनेवाली प्रथमा की यो विभक्ति का द्वन्द्वसमास में विकल्प से ए आदेश हो जाता है । जैसे—कतरकतमे, विकल्प से कतरकतमा ।

सर्वनामों के कहने का क्या तात्पर्य ? देवासुर-नाग-गन्धब्ब-मनुस्सा के लिए (यहाँ द्वन्द्वसमास रहने पर भी सर्वनाम न होने से उपर्युक्त कार्य नहीं हुआ है) ।

द्वन्द्वसमास में स्थित कहने का क्या तात्पर्य ? ते आदि के लिए ।

१६६. नाञ्ञं[5] सब्बनामिकं ।२.३.६।

सब्बनामिकविधानं द्वन्दट्ठे[6] नाञ्ञं[5] कारियं होति । पुब्बा[7] च अपरा च[7] पुब्बापरानं, पुब्बा[8] च उत्तरा च[8] पुब्बुत्तरानं[9], अधरो च उत्तरो च अधरुत्तरानं[10] ।

१–१. सब्बनाम-अकारतो—सी०१, सी०२ । २. कतरो च कतमो च कतरकतमे—सी०१ । ३. से० मे नही । ४. देवा, असुरा, नागा, गन्धब्बा, मनुस्सा—सी०१, सी०२ । ५ नञ्ञं—से० । ६. द्वन्दट्ठा—सी०१, सी०२ । ७–७. पुब्बो च अपरो च—से० । ८–८. पुब्बो च उत्तरो च—से० । ९. पुब्बोत्तरानं—से० । १०. अधरोत्तरानं—से० ।

१६६. द्वन्द्वसमास में सर्वनामविहित अन्य कार्य नहीं होता (अर्थात् जहाँ सर्वनामों का द्वन्द्वसमास हुआ है, वहाँ उपर्युक्त एकारत्व को छोड़कर सर्वनाम-विहित अन्य कार्य नहीं होता)। जैसे—पुब्बापरानं आदि।

['सब्बनामानं नम्हि च' सूत्र (१०२) से नं विभक्ति की परता में सर्वनाम के अन्तिम स्वर का एकार हो जाता है तथा 'सब्बतो नं संसानं' सूत्र (१६८) से सर्वनाम के बाद आनेवाली नं विभक्ति के सं तथा सानं आदेश होते हैं। इनके अनुसार पुब्बापर पद के नं विभक्ति के साथ पुब्बापरेसं तथा पुब्बापरेसानं रूप प्राप्त होने चाहिए थे; पर यह सूत्र द्वन्द्वसमास में इन सार्वनामिक विधानों का निषेध करता है (विशेष विवरण के लिए द्रष्टव्य क० व०)।]

१६७. बहुब्बीहिम्हि च ।२.३.७।

बहुब्बीहिम्हि च समासे[1] सब्बनामिकविधानं नाञ्ञं कारियं होति। पियो पुब्बो यस्सा सा[2] पियपुब्बाय, पियपुब्बानं, पियपुब्बे, पिय-पुब्बस्स।

चेति किमत्थं? सब्बनामिकविधानं च होति। दक्खिणपुब्बस्सं, दक्खिणपुब्बस्सा; उत्तरपुब्बस्सं, उत्तरपुब्बस्सा।

१६७. बहुव्रीहिसमास में सर्वनामविहित अन्य कार्य नहीं होता। जैसे—पियपुब्बाय आदि।

[इस सूत्र के द्वारा भी सार्वनामिक-विधान से होनेवाले अन्य कार्यों का निषेध किया गया है। क० व० में पियपुब्बाय का विग्रह दिया गया है—पिया पुब्बा यस्सा सा। इसी अर्थ में बहुव्रीहिसमास करके विभक्तिलोप के पश्चात् पियपुब्बा पद बनता है। इसके बाद पुनः विभक्ति-युक्त करने पर सार्वनामिक-विधान के अनुसार सूत्र (१६४, १७८ तथा १७९) से कार्य प्राप्त होने लगते हैं। यह सूत्र उन्हीं का निषेध कर देता है। तब ऐसी अवस्था में 'घतो नादीनं' सूत्र (१११) से स विभक्ति का आयादेश होकर पियपुब्बाय रूप बनता है। इसी प्रकार से और उदाहरण भी हैं।]

(सूत्र में) च-ग्रहण करने का क्या तात्पर्य ? (इससे कहीं कहीं) सार्व-नामिक-विधान भी होता है। जैसे—दक्खिणपुब्बस्सं आदि।

---

१. यस्स—से०। २. से० में नहीं।

[क० व०—"दक्खिणपुब्बस्सं स्यादीनि चग्गहणफलानि। तत्थ च दक्खिणा च पुब्बा चा ति द्वन्दवाक्यं कत्वा समासादिम्हि कते, ततो स्मिवचनं कत्वा, चग्गहणेन सुदविधानस्स पटिसेधं कत्वा, 'घो रस्सं' ति घस्स रस्सत्तं कत्वा, 'संसास्वेकवचनेसु चे' ति सागमं कत्वा न्यासे द्वन्द्वसमासवसेन वुत्तं। रूपसिद्धियं पन दक्खिणस्सा च यं अन्तरालं ति दिसन्तरालत्थबहुब्बीहिं कत्वा दक्खिण-पुब्बस्सं ति रूपं वुत्तं।"]

१६८. सब्बतो नं संसानं ।२.३.८।

सब्बतो सब्बनामतो नं-वचनस्स सं-सानं इच्चेते आदेसा होन्ति। सब्बेसं, सब्बेसानं; सब्बासं, सब्बासानं; येसं, येसानं; यासं, यासानं; तेसं, तेसानं, तासं, तासानं; केसं, केसानं; कासं, कासानं; इमेसं, इमेसानं; इमासं, इमासानं; अमूसं, अमूसानं।

नं ति किमत्थं? सब्बस्स, यस्स,[1] तस्स—एवं सब्बत्थ।

१६८. सभी सर्वनामों के पश्चात् आनेवाली नं विभक्ति के सं तथा सानं आदेश होते हैं। जैसे—सब्बेसं, सब्बेसानं आदि।

(सूत्र में) नं-ग्रहण करने का क्या तात्पर्य? सब्बस्स आदि के लिए।

१६९. राजस्स राजु सुनंहिसु च ।२.३.९।

सब्बस्स राजसद्दस्स राजु-आदेसो होति सु-नं-हि इच्चेतेसु। राजूसु, राजूनं, राजूहि, राजूभि।

सुनंहिसू ति किमत्थं? राजा।

चसद्दग्गहणमवधारणत्थं—राजेसु, राजानं, राजेभि, राजेहि।

१६९. सु, नं तथा हि विभक्तियों की परता में सम्पूर्ण राज शब्द का राजु आदेश हो जाता है। जैसे—राजूसु इत्यादि।

सु, नं तथा हि की परता में कहने का क्या तात्पर्य? राजा के लिए।

सूत्र में च शब्द का ग्रहण अवधारणार्थ है (अर्थात् यह सूत्र कहीं लगता है तथा कहीं नहीं लगता)। जैसे—राजेसु आदि।

[न्यास—"अनेकत्थता निपातानं, चग्गहणस्स च निपातत्ता तप्फलं दस्सेन्तो चग्गहणमवधारणत्थं ति आदिमाह; तत्थ च अवधारणं नाम हेट्ठा वुत्तनयेन क्वचि निवत्तनं।"]

---

१. यस्स कस्स—सी०१, सी०२।

१७०. सब्बस्सिमस्से वा ।२.३.१०।

सब्बस्स इमसद्दस्स एकारो होति वा सु-नं-हि इच्चेतेसु। एसु, इमेसु; एसं, इमेसं; एहि, इमेहि।

इमस्सेति किमत्थं? एतेसु, एतेसं, एतेहि।

१७०. सु, नं तथा हि विभक्तियों की परता में सम्पूर्ण इम शब्द का विकल्प से ए हो जाता है। जैसे—एसु; विकल्प से इमेसु।

इम शब्द के कहने का क्या तात्पर्य? एतेसु आदि के लिए।

१७१. अनिमि नाम्हि च ।२.३.११।

इमसद्दस्स सब्बस्सेव अन-इमि-आदेसा होन्ति नाम्हि विभत्तिम्हि। अनेन धम्मदानेन सुखिता होतु[1] सा पजा, इमिना बुद्धपूजेन पत्वान अमतं पदं।

नाम्ही ति किमत्थं? इमेसु, इमेसं, इमेहि।

चसद्दग्गहणं[2] वाग्गहणनिवत्तनत्थं।

१७१. ना विभक्ति की परता में सम्पूर्ण इम शब्द के अन तथा इमि आदेश होते हैं। जैसे—अनेन, इमिना।

ना विभक्ति की परता में कहने का क्या तात्पर्य? इमेसु आदि के लिए।

(सूत्र में) च शब्द का ग्रहण इसके पहले आनेवाले सूत्र से प्राप्त विकल्प की अनुवृत्ति के निषेध के लिए है।

१७२. अनपुंसकस्सायं सिम्हि ।२.३.१२।

इमसद्दस्स सब्बस्सेव अनपुंसकस्स अयं-आदेसो होति सिम्हि विभत्तिम्हि। अयं पुरिसो, अयं इत्थी[3]।

अनपुंसकस्सेति किमत्थं? इदं चित्तं तिट्ठति[4]।

सिम्ही ति किमत्थं? इमं पुरिसं पस्ससि त्वं[5]।

१७२. सि विभक्ति की परता में अनपुंसक (नपुंसकलिङ्ग को छोड़कर) सम्पूर्ण इम शब्द का अयं आदेश हो जाता है। जैसे—अयं पुरिसो आदि।

अनपुंसक (नपुंसकलिङ्ग को छोड़कर) के कहने का क्या तात्पर्य? इदं चित्तं के लिए।

सि की परता में कहने का क्या तात्पर्य? इमं पुरिसं के लिए।

---

१. होन्ति—मे०। २. चग्गहणं—से०। ३. इत्थि—सी०२। ४. से० में नहीं। ५. से०, सी०१ में नहीं।

१७३. अमुस्स मो सं ।२.३.१३।

अमुसद्दस्स अनपुंसकस्स मकारो सकारमापज्जते वा सिम्हि विभत्तिम्हि । असु राजा, अमुको राजा, असु इत्थी, अमुका इत्थी।

अनपुंसकस्सेति किमत्थं ? अदुं पुप्फं विरोचति ।

अमुस्सेति किमत्थं ? अयं पुरिसो तिट्ठति ।

सिम्ही ति किमत्थं ? अमुं पुरिसं पस्ससि ।

१७३. सि विभक्ति की परता में अनपुंसक (नपुंसकलिङ्ग को छोड़कर) अमु शब्द के मकार का विकल्प से सकार हो जाता है । जैसे—असु राजा आदि ।

अनपुंसक के कहने का क्या तात्पर्य ? अदुं पुप्फं के लिए ।

अमु शब्द के कहने का क्या तात्पर्य ? अयं पुरिसो के लिए ।

सि विभक्ति की परता में कहने का क्या तात्पर्य ? अमुं पुरिसं के लिए ।

१७४. एततेसं तो ।२.३.१४।

एत-त इच्चेतेसं अनपुंसकानं तकारो सकारमापज्जते सिम्हि विभत्तिम्हि । एसो पुरिसो, एसा इत्थी, सो पुरिसो, सा इत्थी ।

एततेसमिति[1] किमत्थं ? इतरो पुरिसो, इतरा इत्थी ।

अनपुंसकानमिति[2] किमत्थं ? एतं चित्तं, तं चित्तं; एतं रूपं, तं रूपं ।

१७४ अनपुंसक एत तथा त शब्दों का तकार सि विभक्ति की परता में सकार में परिवर्तित हो जाता है । जैसे—एसो, एसा; सो, सा ।

एत तथा त के कहने का क्या तात्पर्य ? इतरो, इतरा के लिए ।

अनपुंसकों के कहने का क्या तात्पर्य ? एतं चित्तं आदि के लिए ।

१७५. तस्स वा नत्तं सब्बत्थ ।२.३.१५।

तस्स सब्बनामस्स तकारस्स नत्तं होति वा सब्बत्थ [3]लिङ्गेसु[3]। नाय, ताय; नं, तं; ने, ते; नेसु, तेसु; नम्हि, तम्हि; नाभि, ताभि; नाहि, ताहि ।

१७५. सभी लिङ्गों में त सर्वनाम के तकार का विकल्प से नकार हो जाता है । जैसे—नाय आदि; विकल्प से ताय आदि ।

---

१. एतेस्विति—मे० । २. अनपुंसकस्सेति—से०; अनपुंसकेति—सी०२ । ३-३. से० में नहीं ।

[क० व०—"एसो सो एसा स्यादिसु सिम्हि द्वीसु लिङ्गेसु एत-त इच्चेतेसं सकारादेसो वुत्तो। एवं सति सेसेसु विभत्तिसु सब्बत्थ लिङ्गेसु ने, ते, नं, तं ति रूपानि कथं भवेय्युं ति पुच्छाय सति, सब्बत्थ लिङ्गेसु सेसेसु विभत्तिसु तकारस्स नकारं कत्वा तानि रूपानि होन्ती ति दस्सेन्तेन 'तस्स वा नत्तं सब्बत्था' ति वुत्तं।"]

१७६. सस्मास्मिंसंसास्वत्तं ।२.३.१६।

तस्स सब्बनामस्स तकारस्स सब्बस्सेव अत्तं होति वा स-स्मा-स्मिं-सं-सा इच्चेतेसु सब्बत्थ लिङ्गेसु। अस्स, तस्स; अस्मा, तस्मा; अस्मिं, तस्मिं; अस्सं, तस्सं; अस्सा, तस्सा।

तकारस्सेति किमत्थं? अमुस्सं, अमुस्सा।

एतेस्विति किमत्थं? नेसु, तेसु।

१७६. स, स्मा, स्मिं, सं तथा सा (सं तथा सा, घ तथा प-संज्ञक सर्वनामों की परता में स्मि तथा स विभक्तियों के 'घपतो स्मिंसानं संसा' सूत्र (१७१) से किए गए विभक्त्यादेश हैं) की परता में सभी लिङ्गों में त सर्वनाम के सम्पूर्ण तकार का विकल्प से अकार हो जाता है। जैसे—अस्स आदि; विकल्प से तस्स आदि।

तकार के कहने का क्या तात्पर्य? अमुस्सं, अमुस्सा के लिए (यद्यपि यहाँ पर सं तथा सा की परता है तथापि तकार के अभाव से उपर्युक्त कार्य नहीं होता)।

इन विभक्तियों की परता में कहने का क्या तात्पर्य? तेसु, नेसु आदि के लिए (यद्यपि यहाँ पर तकार है तथापि उपर्युक्त विभक्तियों की परता न होने से उक्त कार्य नहीं होता)।

१७७. इमसद्दस्स च ।२.३.१७।

इमसद्दस्स सब्बस्सेव अत्तं होति वा स-स्मा-स्मिं-सं-सा इच्चेतेसु सब्बत्थ लिङ्गेसु। अस्स, इमस्स; अस्मा, इमस्मा; अस्मिं, इमस्मिं; अस्सं, इमिस्सं; अस्सा, इमिस्सा।

इमसद्दस्सेति किमत्थं? एतिस्सं, एतिस्सा।

चसद्दग्गहणं अत्तमनुकड्ढनत्थं।

१७७. स, स्मा, स्मिं, सं तथा सा की परता में सभी लिङ्गों में सम्पूर्ण इम शब्द का विकल्प से अकार हो जाता है। जैसे—अस्स आदि; विकल्प से इमस्स आदि।

इस शब्द के कहने का क्या तात्पर्य ? एतिस्सं आदि के लिए।

(सूत्र में) च शब्द का ग्रहण इसके पहले आनेवाले सूत्र से अत्व की अनुवृत्ति ग्रहण करने के लिए है।

१७८. सब्बतो को ।२.३ १८।

सब्बतो सब्बनामतो ककारागमो होति वा सिम्हि[1] विभत्तिम्हि[1]। सब्बको, यको, सको, अमुको, असुको।

वा ति किमत्थं ? सब्बो, यो, सो, को।

सब्बनामतो ति किमत्थं ? पुरिसो।

पुन सब्बतोग्गहणेन अञ्ञस्मा पि ककारागमो होति। हीनको, पोतको।

१७८. सि विभक्ति की परता में सभी सर्वनामों के पश्चात् विकल्प से 'क' का आगम होता है। जैसे सब्बको आदि।

विकल्प से कहने का क्या तात्पर्य ? सब्बो, यो आदि के लिए।

सर्वनाम के पश्चात् कहने का क्या तात्पर्य ? पुरिसो आदि के लिए।

(इस सूत्र में) पुन 'सब्बतो' के ग्रहण से (इसकी तो अनुवृत्ति ऊपर से आ ही रही थी, फिर पुनः सूत्र में इसको देने की क्या आवश्यकता थी, इसका उत्तर देते हैं) अन्य शब्दों से भी सि विभक्ति की परता में 'क' का आगम हो जाता है। जैसे—हीनको आदि।

१७९. घपतो स्मिंसानं संसा ।२.३.१९।

सब्बतो सब्बनामतो घ-प-सञ्ञातो स्मि-स इच्चेतेसं सं-सा-आदेसा होन्ति वा यथासङ्ख्यं।

सब्बस्सं, सब्बस्सा; सब्बायं, सब्बाय; इमिस्सं, इमिस्सा; इमायं,[2] इमाय; अमुस्सं, अमुस्सा; अमुयं, अमुया।

सब्बनामतो ति किमत्थं ? इत्थियं, इत्थिया।

स्मिंसानमिति किमत्थं ? अमुयो।

१७९. घ तथा प-संज्ञक (आकारान्त, इकारान्त तथा उकारान्त स्त्रीवाचक) सभी सर्वनामों के पश्चात् आनेवाली स्मि तथा स विभक्तियों के सं तथा सा

१-१. से०, सी०१ में नहीं। २. इमासं—सी०२।

आदेश क्रमशः विकल्प से होते हैं। जैसे—सब्बस्सं, सब्बस्सा आदि; विकल्प से सब्बायं, सब्बाय आदि।

सर्वनाम से कहने का क्या तात्पर्य ? इत्थियं, इत्थिया के लिए।
स्मिं तथा स के कहने का क्या तात्पर्य ? अमुयो के लिए।

१८०. नेताहि स्मिमायया ।२.३.२०।

एताहि सब्बनामाहि घ-प-सञ्ञातो स्मिं-वचनस्स नेव आय-या-आदेसा होन्ति। एतिस्सं, एतायं, इमिस्सं, इमायं; अमुस्सं, अमुयं[1]।

स्मिमिति[2] किमत्थं ? ताय इत्थिया मुखं।

एताही ति किमत्थं ? कञ्ञाय, गङ्गाय, वीणाय, सद्धाय।

१८०. घ तथा प-संज्ञक सर्वनामों के पश्चात् आनेवाली स्मिं विभक्ति के आय तथा या आदेश नहीं होते। जैसे—एतिस्सं, एतायं इत्यादि।

[इस सूत्र का यह तात्पर्य है कि घ-प-संज्ञक सर्वनामों के पश्चात् आनेवाली स्मिं विभक्ति के 'घतो नादीनं' (१११) तथा 'पतो या' (११२) इन सूत्रों से प्राप्त आय तथा या आदेश न हो जावें। यह सूत्र इसी प्रतिषेध का ज्ञापक है। कच्चायनवण्णना में उपर्युक्त तात्पर्य को इस प्रकार से व्यक्त किया गया है—"किमत्थमिदं ? एताहि सब्बनामाहि घ-पसञ्ञाहि स्मिं-वचनस्स 'घतो नादीनं' 'पतो या' ति सुत्तेहि सम्पत्ता आय-यादेसा नेव होन्ती ति ञापनत्थं। चतुप्पदमिदं—ना ति पटिसेधनं, एताही ति अवधि; स्मिं ति कारी; आय-या ति कारियं। पटिसेधविधिसुत्तं।"]

स्मिं के कहने का क्या तात्पर्य ? ताय के लिए।
(सूत्र में) 'एताहि' कहने का क्या तात्पर्य ? कञ्ञाय आदि के लिए।

[यहाँ पर प्रश्न यह उठता है कि इसके ऊपर आनेवाले सूत्र में ही घ तथा प संज्ञा का व्याख्यान है और उसकी स्पष्ट अनुवृत्ति जब इस सूत्र में हमें अतिसन्निकटतया प्राप्त है तो पुनः एताहि शब्द से उनकी ओर इङ्गित कराने का क्या तात्पर्य हो सकता है ? इसका उत्तर यह है कि प्राप्त होनेवाले और सूत्रों का इस ग्रहण से प्रतिषेध हो जावे। कच्चायनवण्णना में कहा गया है—"सब्बनाम-घ-प-सञ्ञानं अनुवत्तमाने पि पुन एताही ति अनुकड्ढितवचनं उपरि नानुवत्तनत्थं।"]

---

१. अमुया—सी०२। २. स्मिन्ति—से०, सी०१।

१८१. मनोगणादितो स्मिनानमिआ ।२.३.२१।

तस्मा मनोगणादितो स्मिं-नानं[1] इच्चेतेसं इकार-आकारादेसा होन्ति वा यथासङ्ख्यं । मनसि, मनस्मिं; सिरसि, सिरस्मिं; मनसा, मनेन; वचसा, वचेन; सिरसा, सिरेन; सरसा, सरेन[2]; तपसा, तपेन; वयसा, वयेन; यससा, यसेन; तेजसा, तेजेन; उरसा, उरेन; तमसा, तमेन ।

स्मिनानमिति किमत्थं ? मनो, सिरो, तपो, तमो, तेजो ।

आदिग्गहणेन अञ्ञस्मा पि[3] स्मि-नानं इकार-आकारादेसा होन्ति । बिलसि, बिलसा; पदसि, पदसा ।

१८१. मनोगणादि के पश्चात् आनेवाली स्मिं तथा ना विभक्तियों के क्रमशः इकार तथा आकारादेश विकल्प से हो जाते हैं। जैसे—मनसि, मनसा आदि; विकल्प से मनस्मि तथा मनेन रूप होते हैं।

स्मिं तथा ना विभक्तियों के कहने का क्या तात्पर्य? मनो आदि के लिए।

(सूत्र में) आदि शब्द के ग्रहण से अन्य शब्दों के भी पश्चात् आनेवाली स्मि तथा ना विभक्तियों के इकार तथा आकारादेश होते हैं। जैसे—बिलसि, बिलसा आदि।

१८२. सस्स चो ।२.३.२२।

तस्मा मनोगणादितो सस्स च[4] ओकारो होति। मनसो, तपसो, थामसो[5]।

चसद्दग्गहणेन* अब्यग्गमनसो नरो ति आदिसु मनसद्दतो सिस्सो[6] होति[7]—एवं यम्हि यम्हि कते यं यं सिज्झति तं तं इध चसद्देन कातब्बं। अब्यग्गं मनं यस्स सो अब्यग्गमनसो[8]*।

१८२. मनोगणादि के पश्चात् आनेवाली स विभक्ति का ओकार हो जाता है। जैसे—मनसो आदि।

---

१. स्मिं ना-से०, सी०१ । २-२. से० में नहीं । ३. अञ्ञेहीपि—से० । ४. सी०१ में नहीं। ५. से०, सी०१ में नहीं। *—*. से० में नहीं । ६. सिस्सो-कारादेसो–सी०१ । ७. होति मनसा पकतं मनोमयं सेसाकारादेसो होति—सी०२ । ८. ० तमसो--सी०२ ।

(सूत्र में) च शब्द के ग्रहण से अव्यग्गमनसो आदि उदाहरणों में मन शब्द के पश्चात् आनेवाली सि विभक्ति (प्रथमा एकवचन) ओकार में परिणत हो जाती है।

[अर्थात् अव्यग्गमन इस पद में सि विभक्ति आने पर और उसका इस सूत्र से ओकार कर देने पर तथा 'सागमो से' (६१) से सकार का आगम करने से अव्यग्गमनसो प्रयोग सिद्ध होता है। कच्चायनवण्णना में अं विभक्ति का भी ओकारादेश सूत्र में प्रयुक्त च शब्द के सामर्थ्य से ही बतलाया गया है। इसका उदाहरण वचो प्रयोग है। वच शब्द में अं विभक्ति जोड़कर सूत्र में च शब्द के ग्रहणसामर्थ्य से अं का ओकार करके वचो प्रयोग सिद्ध होता है (विशेष विवरण के लिए द्रष्टव्य क० व०, सू० १८१)।]

इस प्रकार से जिस जिस कार्य से जो जो प्रयोग सिद्ध होते हैं वे सभी यहाँ च शब्द के ग्रहण से करने चाहिए। (अव्यग्गमनसो पद का विग्रह बताते हैं—) अव्यग्र है मन जिसका, वह है अव्यग्गमनसो।

१८३. एतेसमो लोपे ।२.३.२३।

एतेसं मनोगणादीनमन्तो ओत्तमापज्जते विभत्तिलोपे कते। मनोमयं, अयोमयं, तेजोसमेन, तपोगुणेन, सिरोरुहो[1]।

आदिग्गहणेन अञ्ञेसमन्तो ओत्तमापज्जते। आपोसमेन, वायोसमेन।

लोपे ति किमत्थं? पदसा, मनसा, तपसा, यससा, वचसा; एवमञ्ञे पि योजेतब्बा।

१८३. विभक्तिलोप होने पर मनोगणादि के अन्तिम (स्वर) का ओकार हो जाता है। जैसे मनोमयं आदि।

[मनोमयं आदि उदाहरण 'मनसा पकतं' इस अर्थ में 'तप्पकतिवचने मयो' (३७१) से मय प्रत्यय करने पर तद्धित होने के कारण 'तेसं विभत्तियो लोपा च' (३१९) से विभक्ति तथा 'पकत' शब्द का लोप हो जाने से, इस सूत्र से मन शब्द के अन्तिम (स्वर) का ओकारादेश करने पर, तद्धित होने के कारण नाम की ही भाँति सि विभक्ति लगाकर तथा उसका ओकारादेश करने पर सिद्ध होते हैं। तेजोसमेन आदि समास के उदाहरण हैं।]

---

१. सिरोरुहो केसो—सी०१, सिरोरुहेन—सी०२।

(सूत्र में) आदि शब्द के ग्रहण से (मनोगण के अतिरिक्त) अन्य शब्दों के अन्तिम का भी ओकार हो जाता है। जैसे—आपोसमन आदि।

विभक्तिलोप के कहने का क्या तात्पर्य ? पदसा, तपसा आदि के लिए। इसी प्रकार से अन्य प्रयोगों में भी योजना कर लेनी चाहिए।

१८४. स सरे वागमो ।२.३.२४।

एतेहि[1] मनोगणादीहि विभत्तादेसे सरे परे सकारागमो होति वा। मनसा, मनसि; वचसा, वचसि।

वा ति किमत्थं ? मनेन[2], तेजेन, यसेन।

सरे ति किमत्थं ? मनो, तेजो, यसो।

पुनादिग्गहणेन अञ्ञस्मि पि सरे पच्चये परे सकारागमो होति। मनसा[3] पकतं कम्मं[3] मानसिकं, वचसा[3] पकतं कम्मं[3] वाचसिकं।

१८४. विभक्त्यादेश वाले स्वर की परता रहने पर मनोगणादि के पश्चात् स का आगम विकल्प से होता है। जैसे—मनसा, मनसि आदि।

विकल्प से कहने का क्या तात्पर्य ? मनेन आदि के लिए।

स्वर की परता रहने पर कहने का क्या तात्पर्य ? मनो आदि के लिए।

(वृत्ति में) पुनः आदि शब्द के ग्रहणसामर्थ्य से दूसरे स्वर प्रत्ययों की परता रहने पर भी स का आगम होता है। जैसे—मानसिकं, वाचसिकं आदि।

[क० व० में मानसिकं की सिद्धि इस प्रकार से प्रस्तुत की गई है—"मानसिकं ति मनसा पकतं इच्चस्मिं अत्थे 'मन या ''णिको' ति अधिकिच्च 'तमधीते' ''जीविकत्थेसु चा' ति णिकप्पच्चयं कत्वा, तेसं गहणेन विभत्तिपकतसद्दानं लोपं कत्वा, णलोपवुद्धिम्हि कते, इच्चादिग्गहणेन पच्चये-देसरस्मि सागमे कते, नाममिव कत्वा, स्युप्पत्तादिम्हि कते रूपं।"]

१८५. सन्तसद्दस्स सो भे बो चन्ते[4] ।२.३.२५।

सब्बस्सेव सन्तसद्दस्स सकारादेसो होति भकारे परे, अन्ते च बकारागमो होति।

सब्भिरेव समासेथ सब्भि कुब्बेथ सन्थवं[5]।
सतं[6] सद्धम्ममञ्ञाय सेय्यो होति न पापियो[6]॥

---

१. एतेहेव—से०। २. मदेन—से०। ३-३. से० में नहीं। ४. बोच्चन्ते—सी०२। ५. नासब्भि—से०। ६-६. से० में नहीं।

जीरन्ति[1] वे राजरथा सुचित्ता,
अथो सरीरम्पि जरं उपेति।
सतं च धम्मो न जरं उपेति,
सन्तो हवे[1] सब्भि पवेदयन्ति॥

सतं[1] भूतो[2] सब्भूतो[3]; सतं[2] भावो[2] सब्भावो।

भे ति किमत्थं? सन्तेहि पूजितो भगवा।

चसद्दग्गहणं क्वचि सकारस्सेव पसिद्धत्थं—सतं कारो सक्कारो, सतं[2] कतो[2] सक्कतो।

१८५. भ की परता में सम्पूर्ण सन्त शब्द का स आदेश हो जाता है तथा इसके अन्त में ब का आगम होता है। जैसे—सब्भि, सब्भूतो, सब्भावो आदि।

भ की परता में कहने का क्या तात्पर्य? सन्तेहि के लिए।

(सूत्र में) च शब्द का ग्रहण कहीं कहीं सकार की ही प्रसिद्धि के लिए है (अर्थात् च शब्द के ग्रहणसामर्थ्य से भकार की परता न रहने पर भी समास में कहीं कहीं स आदेश हो जाता है। 'रूपसिद्धि' में इसे स्पष्ट करते हुए कहा गया है—"चसद्दग्गहणेन अभकारे पि क्वचि सादेसो", सू० ११२)। जैसे—सक्कारो आदि।

[सक्कारो प्रयोग 'सन्तो कारो' इस अर्थ में समास करके, उपर्युक्त सूत्र में च शब्द के ग्रहणसामर्थ्य से सन्त का स आदेश करके, 'परद्वेभावो ठाने' सूत्र (२८) से क का द्वित्व करके सिद्ध होता है। इसी प्रकार सक्कतो आदि प्रयोग भी सिद्ध होते हैं।]

१८६. सिम्हि गच्छन्तादीनं न्तसद्दो[4] अं।२.३.२६।

सिम्हि गच्छन्तादीनं न्तसद्दो[4] अमापज्जते वा। गच्छं, गच्छन्तो; महं, महन्तो; चरं, चरन्तो; तिट्ठं, तिट्ठन्तो; खादं, खादन्तो।

गच्छन्तादीनमिति किमत्थं? अन्तो, दन्तो, वन्तो, सन्तो।

१८६. सि विभक्ति की परता में गच्छन्त आदि में स्थित न्त शब्द का विकल्प से अं हो जाता है। जैसे—गच्छं, महं, चरं आदि; विकल्प से गच्छन्तो, महन्तो, चरन्तो आदि।

१–१. से० में नहीं। २–२. रो० में नहीं। ३. सब्भिभूतो—सी०१; सब्भतो—रो०। ४. अन्तसद्दो—से०।

गच्छन्तादि के कहने का क्या तात्पर्य ? अन्तो, दन्तो आदि के लिए।
[रूपसिद्धि में आदि शब्द की यह व्याख्या की गई है—

"एवं महं चरं तिट्ठं ददं भुञ्जं सुणं पचं।
जयं जीरं चवं मीयं सरं कुब्बं जपं वजं॥"

इच्चादयो (रूप०, सू० १०८)।

कच्चायनवण्णना में भी इसका उल्लेख है (देखिए, सू० १८६)।]

१८७. सेसेसु न्तुव ।२.३.२७।

गच्छन्तादीनं[1] न्तसद्दो न्तुप्पच्चयो व दट्ठब्बो सेसेसु विभत्तिप्पच्चयेसु। गच्छतो, महतो; गच्छति, महति; गच्छता, महता।

सेसेस्विति किमत्थं ? गच्छं, महं, चरं[2], खादं।

१८७. (सि विभक्ति के अतिरिक्त) शेष विभक्तिप्रत्ययों की परता में गच्छन्तादि में स्थित न्त शब्द को न्तु प्रत्यय की भाँति समझना चाहिए (अर्थात् न्तुप्रत्ययान्त में जो जो कार्य होते हैं वे यहाँ भी होते हैं)। जैसे— गच्छतो आदि।

[गच्छतो प्रयोग को गच्छन्त शब्द में सि विभक्ति लगाकर इस सूत्र से इसे न्तु प्रत्ययान्त मानकर 'तोतिता सस्मिंनासु' (१२७) से विभक्ति के सहित न्तु का तो आदेश करके बनाते हैं।

कच्चायनवण्णना में इस सूत्र की बड़ी सुन्दर व्याख्या प्रस्तुत की गई है—

"तिपदं—सेसेसू ति निमित्तसत्तमी, न्तू ति कारी, इवे ति उपमा; इमाहि सेसेसु वचनेसु न्तुव दट्ठब्बा। कारियातिदेसोयं। छब्बिधो हि अतिदेसो, वुत्तं च—

'ब्यपदेसो निमित्तञ्च तं रूपं तं सभावतो।
सुत्तञ्चेव तथा कारियातिदेसो ति छब्बिधो॥
व्यपदेसे तु नामं व निमित्तं यथाकत्तरि।
तं रूपन्तु समानाव तं सभावो पुमा इव।
सुत्तमनुपवट्ठानं सेसेसु न्तुव कारियं' ति॥']

शेष में कहने का क्या तात्पर्य ? गच्छं, महं आदि के लिए।

---

१. एतेसं०-सी०१, सी०२। २. से० में नहीं।

१८८. ब्रह्मत्तसखराजादितो अमानं[1] ।२.३.२८।

ब्रह्मत्तसखराजादितो[2] अं-वचनस्स आनं-आदेसो[3] होति वा । ब्रह्मानं, ब्रह्मं; अत्तानं, अत्तं; सखानं, सखं, राजानं, राजं ।

अमिति किमत्थं ? राजा ।

१८८. ब्रह्म, अत्त, सख तथा राज शब्दों के पश्चात् आनेवाली अं विभक्ति का विकल्प से आनं आदेश होता है। जैसे—ब्रह्मानं, अत्तानं आदि; विकल्प से ब्रह्मं, अत्तं आदि ।

अं के कहने का क्या तात्पर्य ? राजा के लिए ।

१८९. स्या च ।२.३.२९।

ब्रह्मत्तसखराज इच्चेवमादितो[4] सि वचनस्स आ होति । ब्रह्मा, अत्ता, सखा, राजा, आतुमा ।

१८९. ब्रह्म, अत्त, सख तथा राज आदि शब्दों के पश्चात् आनेवाली सि विभक्ति का आ आदेश होता है। जैसे—ब्रह्मा, अत्ता आदि ।

१९०. योनमानो ।२.३.३०।

ब्रह्मत्तसखराज इच्चेवमादीहि योनं आनो-आदेसो होति । ब्रह्मानो, अत्तानो, सखानो, राजानो, आतुमानो ।

१९०. ब्रह्म, अत्त, सख तथा राज आदि शब्दों के पश्चात् आनेवाली यो विभक्ति का आनो आदेश होता है। जैसे—ब्रह्मानो आदि ।

१९१. सखातो चायो नो ।२.३.३१।

तस्मा सखातो च योनं आयो-नो-आदेसा होन्ति । सखायो, सखिनो ।

योनमिति किमत्थं ? सखा ।

चसद्दग्गहणं[5] योग्गहणमनुकड्ढनत्थं[5] ।

१९१. सख शब्द के पश्चात् आनेवाली यो विभक्ति के आयो तथा नो आदेश होते हैं। जैसे—सखायो, सखिनो ।

यो विभक्ति के कहने का क्या तात्पर्य ? सखा के लिए ।

(सूत्र में) च शब्द का ग्रहण यो ग्रहण को द्योतित करने के लिए है (अर्थात् इसके पहले आनेवाले सूत्र से यो विभक्ति की अनुवृत्ति लेने के लिए है)।

---

१. अं आनं—से० । २. ० राजा इच्चेवमादितो—से० । ३. आनं—सी०१, सी०२ । ४. ० मादीहि—से० । ५-५ से० में नहीं ।

१९२. स्मिमे ।२.३.३२।

तस्मा सखातो स्मिं-वचनस्स एकारो होति । सखे ।

१९२. सख शब्द के पश्चात् आनेवाली स्मिं विभक्ति का ए आदेश होता है। जैसे—सखे।

१९३. ब्रह्मातो गस्सं च ।२.३.३३।

तस्मा ब्रह्मातो गस्स च एकारो होति । हे ब्रह्मे ।

चसद्दग्गहणं[1] एकारमनुकड्ढनत्थं[1] ।

१९३. ब्रह्म शब्द के पश्चात् सम्बोधन में प्रयुक्त होनेवाली सि विभक्ति का ए आदेश होता है। जैसे—हे ब्रह्मे।

(सूत्र में प्रयुक्त) च शब्द का ग्रहण ए आदेश की अनुवृत्ति के लिए है।

१९४. सखान्तस्सि[2] नोनानंसेसु ।२.३.३४।

तस्स सखान्तस्स[3] इकारादेसो होति नो-ना-नं-स इच्चेतेसु । सखिनो, सखिना, सखीनं, सखिस्स ।

एतेस्विति किमत्थं ? सखारेहि, सखेहि[4] ।

१९४. नो, ना, नं तथा स (विभक्तियों और विभक्त्यादेशों) की परता में सख शब्द का अन्तिम (अकार) इ में परिणत हो जाता है। जैसे—सखिनो, सखिना आदि।

इनकी परता में कहने का क्या तात्पर्य ? सखारेहि, सखेहि आदि के लिए।

१९५. आरो हिम्हि वा ।२.३.३५।

तस्स सखान्तस्स आरो होति वा हिम्हि विभत्तिम्हि । सखारेहि, सखेहि ।

१९५. हि विभक्ति की परता में सख शब्द के अन्तिम का विकल्प से आर आदेश होता है। जैसे—सखारेहि, विकल्प से सखेहि।

१९६. सुनमंसु वा ।२.३.३६।

तस्स सखान्तस्स आरो होति वा सु-नं-अं इच्चेतेसु । सखारेसु, सखेसु; सखारानं, सखीनं; सखारं, सखं ।

१–१. से० में नहीं । २. सखन्तस्सि—सी०१ । ३. सखन्तस्स—सी०१ । ४. सी०१, सी०२ में नहीं ।

१९६. सु, नं तथा अं विभक्तियों की परता में सख शब्द के अन्तिम का विकल्प से आर आदेश होता है। जैसे—सखारेसु, सखारानं, सखारं आदि; विकल्प से सखेसु, सखीनं, सखं आदि।

१९७. ब्रह्मातो[1] तु स्मिंनि ।२.३.३७।

तस्मा ब्रह्मातो[1] तु[2] स्मि-वचनस्स नि-आदेसो होति। ब्रह्मनि।

तुसद्दग्गहणेन अब्रह्मातो[3] पि स्मिं-वचनस्स नि होति। कम्मनि, चम्मनि, मुद्धनि।

१९७. ब्रह्म शब्द के पश्चात् आनेवाली स्मिं विभक्ति का नि आदेश होता है। जैसे—ब्रह्मनि।

(सूत्र में) तु शब्द के ग्रहणसामर्थ्य से ब्रह्म शब्द के अतिरिक्त दूसरे शब्दों के भी पश्चात् आनेवाली स्मिं विभक्ति का नि आदेश होता है। जैसे—कम्मनि आदि।

१९८. उत्तं सनासु ।२.३.३८।

तस्स ब्रह्मसद्दस्स अन्तो उत्तमापज्जते स-ना इच्चेतेसु। ब्रह्मुनो, ब्रह्मुना।

सनास्विति किमत्थं ? ब्रह्मा।

उत्तमिति भावनिद्देसो[4] कत्थचि अभावं दस्सेति। ब्रह्मस्स।

१९८. स तथा ना विभक्तियों की परता में ब्रह्म शब्द के अन्तिम का उ हो जाता है। जैसे—ब्रह्मुनो आदि।

स तथा ना की परता में कहने का क्या तात्पर्य ? ब्रह्मा के लिए।

(सूत्र में) उत्त्व (उकारत्व) रूपी जो भाववाचक निर्देश है, वह अपना कहीं कहीं अभाव प्रदर्शित करता है। जैसे—ब्रह्मस्स।

[इसका भावार्थ यह है कि स तथा ना विभक्तियों की परता में ब्रह्म शब्द के अन्तिम का 'उ' होता है, यह न कहकर भावनिर्देश करते हुए सूत्र में कहा गया है कि उसका उत्त्व होता है। वृत्ति में इसी को इङ्गित करके कहते हैं कि इसका उद्देश्य कहीं कहीं इस कार्य के अभाव को प्रदर्शित करने के लिए है।]

---

१. ब्रह्मतो—सी०१। २. से० में नहीं। ३. अब्रह्मतो—सी०१, सी०२।
४. भावनिद्देसेन—से०।

१९९. सत्थुपितादीनमा सिस्मिं सिलोपो च ।२.३.३९।

सत्थुपितादीनमन्तो[1] आत्तमापज्जते सिस्मि, सिलोपो च। सत्था, पिता, माता, भाता, कत्ता।

सिस्मिं ति किमत्थं? सत्थुस्स, पितुस्स[2], मातुस्स[3], भातुस्स, कत्तुस्स[4]।

१९९. सि (प्रथमा एकवचन) विभक्ति की परता में सत्थु, पितु आदि (सत्थु, पितु, मातु, भातु आदि) शब्दों के अन्तिम का 'आ' हो जाता है तथा सि विभक्ति का लोप भी हो जाता है। जैसे—सत्था, पिता आदि।

सि विभक्ति की परता में कहने का क्या तात्पर्य? सत्थुस्स आदि के लिए (इन उदाहरणों में यद्यपि सत्थु शब्द विद्यमान है, तथापि सि विभक्ति की परता न होने से उपर्युक्त कार्य नहीं हुआ है)।

२००. अञ्ञेस्वारत्तं ।२.३.४०।

सत्थुपितुआदीनमन्तो सिवचनतो[5] अञ्ञेसु वचनेसु आरत्तमापज्जते। सत्थारं, पितरं, मातरं, भातरं; सत्थारेहि, पितरेहि, मातरेहि, भातरेहि।

अञ्ञेस्विति किमत्थं? सत्था, पिता, माता, भाता।

आरत्तग्गहणेन क्वचि अनियमं[6] दस्सेति। सत्थुस्स, पितुस्स, मातुस्स, भातुस्स।

२००. सि विभक्ति के अतिरिक्त और विभक्तियों की परता में सत्थु तथा पितु आदि शब्दों के अन्तिम का 'आर' हो जाता है। जैसे—सत्थारं आदि।

(सि विभक्ति के अतिरिक्त) अन्य विभक्तियों की परता में कहने का क्या तात्पर्य? सत्था, पिता आदि के लिए।

(सूत्र में) आरत्व के ग्रहण से कहीं कहीं अनियम का दिग्दर्शन कराते हैं (प्रश्न यह उठता है कि यहाँ पर आर न कह कर आरत्व क्यों कहा? इसका उत्तर यह है कि कहीं कहीं ऐसा नहीं होता, इसी के प्रदर्शन के लिए यह किया गया है)। जैसे—सत्थुस्स आदि।

['आर न कहकर अनियम द्योतित करने के लिए आरत्व क्यों कहा' यह खींचातानी यही व्यक्त करती है कि भाषा के विश्लेषण के समय सत्थुस्स प्रयोग

१. सत्थुपितु इच्चेवमादीनं अन्तो—से०। २. सी०१ में नहीं। ३. से० में नहीं। ४. कत्तस्स। चसद्दग्गहणं दुतियत्थसम्पिण्डनत्थं—सी०१, सी०२। ५. सी०१, सी०२ में नहीं। ६. नियमं—से०।

की ओर ध्यान नहीं दिया गया था और सूत्र में अनुपस्थित इस भाव को प्रकट करने के लिए ही ऐसा करना पड़ा। यदि आर के स्थान पर आरत्त कहने मात्र से विकल्प विधान का समावेश होता तो इसके बाद आनेवाले सूत्र में मुक्तकण्ठ से विकल्प कहने की क्या आवश्यकता थी? यद्यपि रूपसिद्धि में कहा गया है—"आरत्तमितिभाव निद्देसेन वत्थचि अनियमं दस्सेति" (रूप०, सू० १६०)।]

२०१. वा नम्हि।२.३.४१।

सत्थुपितुआदीनमन्तो आरत्तमापज्जते वा[1] नम्हि विभत्तिम्हि। सत्थारानं, पितरानं, मातरानं, भातरानं।

वा ति किमत्थं? सत्थूनं, पितूनं, मातूनं, भातूनं।

२०१. नं विभक्ति की परता में सत्थु, पितु आदि शब्दों के अन्तिम का विकल्प से आरत्त (आर) हो जाता है। जैसे—सत्थारानं आदि।

विकल्प से कहने का क्या तात्पर्य? सत्थूनं आदि के लिए।

२०२. सत्थुनात्तञ्च।२.३.४२।

तस्स सत्थुसद्दस्स[2] अन्तो[3] सरो[3] आत्तं[4] होति[4] वा नम्हि विभत्तिम्हि। सत्थानं, पितानं, मातानं, भातानं, धीतानं, कत्तानं।

वा ति किमत्थं? सत्थारानं, पितरानं[5], मातरानं[6], भातरानं[7], धीतरानं[8]।

चसद्दग्गहणं[9] अञ्ञेसम्पि संगहणत्थं—सत्थुसद्दतो अञ्ञेसं पितादिसद्दानं संगहणत्थं चसद्दग्गहणं कतं[9]।

२०२. नं विभक्ति की परता में सत्थु शब्द के अन्तिम स्वर का (यद्यपि यहाँ पर सत्थु आदि कहकर मातु, पितु, भातु आदि शब्दों का निर्देश नहीं है, तथापि सूत्र में 'च' शब्द का ग्रहण करने से इनका भी ग्रहण हो जाता है) विकल्प से 'आ' हो जाता है। जैसे—सत्थानं आदि।

विकल्प से कहने का क्या तात्पर्य? सत्थारानं आदि के लिए।

(सूत्र में) च शब्द का ग्रहण इस प्रकार के और शब्दों में इस नियम के प्रयोग के लिए है, अर्थात् सत्थु शब्द के अतिरिक्त अन्य पितु आदि शब्दों के संग्रहणार्थ सूत्र में च शब्द का ग्रहण किया गया है।

---

१. से० में नहीं। २. सत्थुस्स—सी०१, सी०२। ३–३. से० में नहीं। ४–४. आत्तमापज्जते—सी०१। ५. पितूनं—से०। ६. मातूनं—से०। ७. से० में नहीं। ८. धीतूनं—से०। ९–९. से० में नहीं।

२०३. उ सस्मिं सलोपो च ।२.३.४३।

सत्थु-पितु इच्चेवमादीनं अन्तस्स उत्तं होति वा सस्मिं, सलोपो च होति[1]। सत्थु, सत्थुस्स, सत्थुनो दीयते परिग्गहो वा; पितु, पितुस्स, पितुनो दीयते परिग्गहो वा; भातु, भातुस्स, भातुनो दीयते परिग्गहो वा।

चसद्दग्गहणं[2] दुतियत्थसम्पिण्डनत्थं[2]।

२०३. स विभक्ति की परता में सत्थु, पितु आदि के अन्त का विकल्प से उत्व हो जाता है तथा स विभक्ति का लोप भी होता है।

(सूत्र में) च शब्द का ग्रहण द्वितीय अर्थ (अर्थात् स विभक्ति का लोप) पर जोर देने के लिए है। जैसे—सत्थु आदि।

[यह सूत्र आरादेश का अपवाद प्रस्तुत करता है। जहाँ विकल्प से ऐसा नहीं होता, वहाँ सत्थुनो, सत्थुस्स आदि रूप होते हैं; देखिए, रूपसिद्धि—"आरादेसापवादोयं सत्थु; अञ्ञत्थ भावनिद्देसेनारामावो—सत्थुनो, सत्थुस्स"।]

२०४. सक्कमन्धातादीनञ्च[3] ।२.३.४४।

सक्कमन्धातु[3] इच्चेवमादीनमन्तो[4] उत्तमापज्जते[5] सस्मिं, सलोपो च होति[1]। सक्कमन्धातु इव अस्स राजिनो विभवो; एवं कत्तु, गन्तु, दातु[6] इच्चेवमादि।

पुनरारम्भग्गहणं[7] किमत्थं? निच्चदीपनत्थं। सक्कमन्धातु।

चसद्दग्गहणं दुतियत्थलोपसम्पिण्डनत्थं[7]।

२०४. सक्कमन्धातु आदि शब्दों का अन्तिम स विभक्ति की परता में उत्व को प्राप्त होता है, तथा स विभक्ति का लोप भी हो जाता है। जैसे—सक्कमन्धातु आदि।

२०५. ततो योनमो तु ।२.३.४५।

ततो आरादेसतो सब्बेसं योनं ओकारादेसो होति। सत्थारो, पितरो, मातरो, भातरो, कत्तारो, वत्तारो।

---

१. से० में नहीं। २-२. से० में नहीं। ३. सक०-से० सी०१, सी०२। ४. इच्चेवमादीनं-से०। ५. उत्तं होति-से०। ६. धातु-से०। ७-७. से० में नहीं।

तुसद्दग्गहणेन अञ्ञस्मा पि योनं ओकारादेसो[1] होति। चतुरो जना[2], उभो पुरिसा, नञ्जो[3], गावो[3]।

२०५. आरादेश होने पर सम्पूर्ण यो विभक्ति का ओ आदेश भी हो जाता है। जैसे—सत्थारो आदि।

[सत्थु शब्द में यो विभक्ति (प्र० एक०) जुड़ने पर "अञ्ञेस्वारत्तं" (२००) सूत्र से अन्तिम अक्षर उ का 'आर' आदेश होने पर, इस आदेश के पश्चात् सम्पूर्ण 'यो' का उपर्युक्त सूत्र से 'ओ' होने पर सत्थारो रूप सिद्ध होता है। इसी प्रकार से और उदाहरण भी सिद्ध होते हैं। उनकी केवल विशेषता यह है कि आगे आनेवाले सूत्र "पितादीनमसिम्हि" (२०९) से 'आर' आदेश का ह्रस्व हो जाता है और तब पितरो, मातरो आदि बनते हैं।]

(सूत्र में) तु शब्द के ग्रहण से अन्य स्थानों में भी यो विभक्ति का ओ आदेश होता है। जैसे—चतुरो आदि।

[चतुरो चतु शब्द में यो विभक्ति जोड़ने पर चतु शब्द के अन्तिम का 'ओ सरे च" (७८) सूत्र से 'उर' आदेश करके अथवा "यवमदनतरळा" चागमा (३९) सूत्र से 'र' का आगम करके, इस सूत्र में 'तु' के ग्रहणसामर्थ्य से यो का ओ कर देने से सिद्ध होता है। उभो द्वि शब्द में यो विभक्ति लगने पर "योसु द्विन्नं द्वे च" (१३२) सूत्र से द्वि शब्द का उभ आदेश होने पर उपर्युक्त सूत्र में तु के ग्रहणसामर्थ्य से यो का ओ होने पर बनता है। गावो प्रयोग गो में स्थित ओ का "योसु च" (७४) सूत्र से 'अव' आदेश होने पर तथा उपर्युक्त सूत्र से यो का ओ होने पर बनता है। रूपसिद्धि में पोक्खरञ्ञो प्रयोग की सिद्धि में भी इस सूत्र से सहायता ली गई है—"पोक्खरिनी इतोध 'तेसु वुद्धी' ' ' ' ति आदिना इकारनकारानं अकारणकारादेसा— पोक्खरणी। 'ततो योनमो तु' इति सुत्ते तुग्गहणेन योनमोकारो च, ईकारस्स यकारो; यवतमिच्चादिसुत्ते कारग्गहणेन ण्यस्स ञकारो, द्वित्तं, पोक्खरञ्ञो पोक्खरणियो वा इच्चादि" (रूप०, सू० १९४)।]

२०६. ततो स्मिमि ।२.३.४६।

ततो आरादेसतो स्मि-वचनस्स इकारो[4] होति। सत्थरि, पितरि, मातरि, भातरि, कत्तरि, धीतरि[5], वत्तरि, भत्तरि[6]।

---

१. ओकारो—सी०१, सी०२। २. जनितारो—से०। ३-३. से० में नहीं। ४. इकारादेसो—से०। ५. धितरि—से० (सर्वत्र ह्रस्व)। ६. से०, सी०१ में नहीं।

पुन ततोग्गहणेन अञ्ञस्मा पि स्मिं-वचनस्स इकारादेसो होति। भुवि।

२०६. आरादेश होने पर स्मिं विभक्ति का इकार हो जाता है। जैसे—सत्थरि आदि।

(सूत्र में) पुनः ततो शब्द के ग्रहणसामर्थ्य से अन्य शब्दों के बाद भी स्मिं विभक्ति का इ हो जाता है। जैसे—भुवि।

[सत्थु शब्द में स्मिं जोड़ने पर "अञ्ञेस्वारत्तं" (२००) सूत्र से उ का आर आदेश होने पर उपर्युक्त सूत्र से स्मिं का इ हो जाता है तथा "आरो रस्समिकारे" (२०८) सूत्र से आर का ह्रस्व होकर सत्थरि सिद्ध होता है। सूत्र में पुनः 'ततो' शब्द के ग्रहणसामर्थ्य से भू शब्द में लगी हुई स्मिं विभक्ति का इ करने पर "फलानमियुत्रा सरे" (७०) सूत्र से भू के अन्तिम का उव आदेश करने पर भुवि रूप प्राप्त होता है।]

२०७. ना आ ।२.३.४७।

ततो आरादेसतो ना-वचनस्स आ-आदेसो[1] होति। सत्थारा, पितरा, मातरा, भातरा, धीतरा, कत्तरा, वत्तरा।

२०७. आरादेश होने पर ना विभक्ति का आ आदेश हो जाता है। जैसे—सत्थारा आदि।

२०८. आरो रस्समिकारे ।२.३.४८।

आरादेसो रस्समापज्जते इकारे परे। सत्थरि, पितरि, मातरि, भातरि, धीतरि, वत्तरि[2], कत्तरि[2]।

२०८. इकार की परता रहने पर आर आदेश ह्रस्व को प्राप्त हो जाता है। जैसे—सत्थरि, पितरि आदि।

२०९. पितादीनमसिम्हि ।२.३.४९।

पितादीनमारादेसो रस्समापज्जते असिम्हि विभत्तिम्हि[3]। पितरा, मातरा, भातरा, धीतरा; पितरो, मातरो, भातरो, धीतरो।

असिम्हिग्गहणं तोम्हि इकारादेसस्स[4] ब्यापनत्थं[4]। मातितो, पितितो, भातितो, दुहितितो।

---

१ आकारादेसो—से०, सी०१। २-२. से० में नहीं। ३. च—से०। ४-४. इकारादेसस्सब्यापनत्थं—से०।

२०९. सि विभक्ति के अतिरिक्त और विभक्तियों की परता होने पर भी पितु आदि शब्दों का आर आदेश ह्रस्व हो जाता है। जैसे—पितरा, मातरा आदि।

(सूत्र में) 'सि विभक्ति के अतिरिक्त में' कहने का यह तात्पर्य है कि इससे 'तो' प्रत्यय की परता में (अन्तिम उ का) इकारादेश ज्ञापित होता है। जैसे—मातितो आदि।

[मातु शब्द में 'तो' प्रत्यय जोड़ने पर सूत्र में 'असिम्हि' के ग्रहण-सामर्थ्य से उ का इ होकर मातितो बनता है। रूपसिद्धि में इसकी व्याख्या करते हुए कहा गया है—"सिस्मिं आरादेसाभावे पि असिम्ही ति अधिकवचनमत्थन्तरविञ्ञापनत्थं, तेन तोआदिम्हि पितादीनमिकारो च" (रूप०, सू० १६८)।]

२१०. तयातयीनं तकारो त्वत्तं वा ।२.३.५०।

तया-तयि इच्चेतेसं तकारो त्वत्तमापज्जते वा। त्वया, तया; त्वयि, तयि।

एतेस्विति किमत्थं? तुवं, तव[1]।

इति नामकप्पे ततियो कण्डो।

२१०. तया तथा तयि का तकार विकल्प से त्व हो जाता है। जैसे—त्वया, त्वयि; विकल्प से तया, तयि।

इन्हीं के (तकार का त्व हो) ऐसा कहने का क्या तात्पर्य? तुवं, तवं के लिए।

नामकप्प में तृतीय काण्ड समाप्त।

---

(४) चतुत्थो कण्डो

२११. अत्तान्तो[2] हिस्मिमनत्तं ।२.४.१।

तस्स अत्तनो अन्तो अनत्तमापज्जते हिस्मिं[3] विभत्तिम्हि। अत्तनेभि, अत्तनेहि।

अत्तान्तो ति किमत्थं? राजेभि[4], राजेहि[4]।

---

१. त्वं—से०। २. अत्तन्तो—से०, सी०१। ३. हिम्हि-सी०१, सी०२ ४-४. राजेहि, राजेभि—से०।

हिस्मिं ति किमत्थं ? अत्तना।

अनत्तमिति भावनिद्देसेन अत्तसद्दस्स सकादेसो[1] होति सब्बासु विभत्तीसु[2]। सको, सका, सकं[3], सके।

२११. हि विभक्ति की परता में अत्त शब्द के अन्तिम का अन हो जाता है। जैसे—अत्तनेहि, अत्तनेभि।

अत्त शब्द के अन्तिम के कहने का क्या तात्पर्य ? राजेभि, राजेहि के लिए।

हि विभक्ति की परता में कहने का क्या तात्पर्य ? अत्तना के लिए (यहाँ अत्तन्त है, फिर भी 'हि' विभक्ति की परता न होने से उपर्युक्त कार्य नहीं हुआ है)।

(सूत्र में) अनत्त ऐसा भाववाचक निर्देश करने से सभी विभक्तियों में अत्त शब्द का सक आदेश हो जाता है। जैसे—सको, सका आदि।

२१२. ततो स्मिन्नि ।२.४.२।

ततो अत्ततो स्मि-वचनस्स नि होति। अत्तनि।

ततोग्गहणमवधारणत्थं। सके पेत्तिविसये[4]।

२१२ अत्त शब्द के पश्चात् आनेवाली स्मि विभक्ति का नि हो जाता है। जैसे—अत्तनि।

(सूत्र में) ततो शब्द का प्रयोग इस नियम को कुछ उदाहरणों में सीमित करने के लिए है। जैसे—सके पेत्तिविसये।

२१३. सस्स नो ।२.४.३।

ततो अत्ततो सस्स विभत्तिस्स नो होति। अत्तनो।

२१३. अत्त शब्द के बाद आनेवाली स विभक्ति का नो हो जाता है। जैसे—अत्तनो।

२१४. स्मा ना ।२.४.४।

ततो अत्तसद्दतो[5] स्मा-वचनस्स ना होति। अत्तना।

पुन[6] ततोग्गहणेन[6] तस्स अत्तनो तकारस्स रकारो होति सब्बेसु वचनेसु। अत्रनि[7] जातो पुत्तो[7] अत्रजो, अत्रजं।

१. सकादेसो—से०। २. विभत्तिसु—सी०१, सी०२। ३. से० में नहीं।
४. पेतविसये—से०; पेत्तिके विसये—सी०१। ५. अत्तत्तो—सी०१, सी०२।
६-६. पुनग्गहणेन—सी०१। ७-७. से० में नहीं; अत्तना०—सी०१।

२१४. अत्त शब्द के बाद आनेवाली स्मा विभक्ति का ना हो जाता है। जैसे—अत्तना।

(वृत्ति में) पुनः ततो शब्द के ग्रहणसामर्थ्य से अत्त शब्द के (एक) त का सभी विभक्तियों में र हो जाता है। जैसे—अत्रजो, अत्रजं आदि।

२१५. झलतो च ।२.४.५।

झ-ल इच्चेतेहि स्मा-वचनस्स ना होति। अग्गिना, पाणिना, दण्डिना, भिक्खुना, सयम्भुना।

स्मा ति किमत्थं ? अग्गयो, मुनयो, इसयो[1]।

चसद्दग्गहणं[1] स्मानाग्गहणानुकड्ढनत्थं[1]।

२१५. झ (इकारान्त, ईकारान्त) तथा ल (उकारान्त तथा ऊकारान्त) संज्ञक शब्दों के पश्चात् आनेवाली स्मा विभक्ति का ना हो जाता है। जैसे—अग्गिना आदि।

स्मा के कहने का क्या तात्पर्य ? अग्गयो, मुनयो आदि के लिए।

(सूत्र में) च शब्द का ग्रहण इसके पहले आनेवाले सूत्र 'स्मा ना' से स्मा तथा ना की अनुवृत्ति के लिए है।

२१६. घपतो स्मिं यं वा ।२.४.६।

तस्मा घपतो स्मिं-वचनस्स यं होति वा। कञ्ञायं, कञ्ञाय; गङ्गायं, गङ्गाय; रत्तियं, रत्तिया; इत्थियं, इत्थिया; वधुयं, वधुया; यागुयं, यागुया।

२१६. घ (आकारान्त स्त्रीलिङ्ग शब्द) तथा प-संज्ञक (इकारान्त, ईकारान्त, उकारान्त तथा ऊकारान्त स्त्रीलिङ्ग शब्द) शब्दों के पश्चात् आनेवाली स्मिं विभक्ति का विकल्प से यं हो जाता है। जैसे—कञ्ञायं आदि, विकल्प से कञ्ञाय आदि।

२१७. योनन्नि नपुंसकेहि ।२.४.७।

सब्बेसं योनं नि होति वा नपुंसकेहि लिङ्गेहि। अट्ठीनि, अट्ठी; आयूनि, आयू; एवं दुतियायं।

नपुंसकेही ति किमत्थं ? इत्थियो।

1-1, से० में नहीं; ०ना०—सी०२।

२१७. नपुंसक शब्दों के पश्चात् आनेवाली सम्पूर्ण यो विभक्ति का विकल्प से नि हो जाता है। जैसे—अट्ठीनि आदि; विकल्प से अट्ठी आदि।

नपुंसकलिङ्ग के शब्दों के बाद कहने का क्या तात्पर्य ? इत्थियो के लिये।

२१८. अतो निच्चं ।२.४.८।

अकारन्तेहि नपुंसकलिङ्गेहि योनं निच्चं नि होति। सब्बानि[1], यानि[2], तानि, कानि, भयानि, रूपानि[2]।

२१८. अकारान्त नपुंसक शब्दों के पश्चात् आनेवाली यो विभक्ति का नित्य रूप से नि होता है। जैसे—सब्बानि आदि।

२१९. सिं ।२.४.९।

अकारन्तेहि नपुंसकलिङ्गेहि सि-वचनस्स अं होति निच्चं। सब्बं, यं, तं, कं[3], रूपं।

२१९. अकारान्त नपुंसक शब्दों के पश्चात् आनेवाली सि विभक्ति का नित्य रूप से अं होता है। जैसे—सब्बं आदि।

[यहाँ पर सूत्र केवल 'सिं' है। इसका विग्रह है 'सि अं', अर्थात् सिस्स अं होति; और उपर्युक्त सूत्र से 'अकारन्तेहि नपुंसकलिङ्गेहि' की अनुवृत्ति आ जाती है। तब प्रश्न यह उठता कि 'सि अं' के स्थान पर व्याकरण के किन नियमों से केवल 'सिं' ऐसा रह गया ? इसका उत्तर यह है 'सि अं' ऐसी स्थिति में इकार से मकार को वियोजित करके "वा परो असरूपा" (१३) सूत्र से बिन्दु के आश्रयभूत अकार का लोप कर देते हैं और तब केवल 'सिं' यही शेष रह जाता है।

कच्चायन न्यास में कहा गया है कि निश्रयभूत अकार के लुप्त हो जाने पर वृक्षशकुनन्याय से 'निग्गहीत' पूर्व इकार के पास जाकर स्थित हो जाता है—"निस्सयभूते अकारे लुत्ते रुक्खसकुणनयेन निग्गहीतं पुब्बं इकारं गन्त्वा तिट्ठती ति। वुत्तञ्च :—

> यथा हि सकुणो रुक्खं यं निस्साय निलीयति।
> विनट्ठे च सरे तस्मि अञ्ञं गन्त्वान तिट्ठती ति॥"

विशेष विवरण के लिए द्रष्टव्य, उपर्युक्त सूत्र पर कच्चायनवण्णना।]

---

१. से० में नहीं। २–२. से० में सभी शब्द दो-दो बार आये हैं। ३. कं चित्तं–से०।

२२०. सेसतो लोपं गसिपि ।२.४.१०।

ततो निद्दिट्ठेहि लिङ्गेहि[1] सेसतो ग-सि इच्चेते लोपमापज्जन्ते। भोति इत्थि, सा इत्थी; भो दण्डि, सो दण्डी; भो सत्थ, सो सत्था; भो राजा, सो राजा।

सेसतो ति किमत्थं ? पुरिसो गच्छति।

गसी[2] ति किमत्थं ? इत्थिया, सत्थुस्स।

२२०. और निर्दिष्ट सूत्रों (नियमों) के अतिरिक्त शेष स्थानों में आनेवाली आलपन (सम्बोधन) तथा प्रथमा एकवचन की सि विभक्ति का लोप हो जाता है। जैसे—भोति इत्थि (आलपन का उदाहरण), सा इत्थी (प्रथमा एकवचन का उदाहरण)

[और निर्दिष्ट नियम ये हैं—'सो' (१०४), 'सिं' (२१९), 'स्या च' (१८९), 'आ सिम्हि' (१२४), 'अं नपुंसके' (१२९), 'अवण्णा च गे' (१२६), 'पुमन्तस्सासिम्हि' (१५२), 'सखातो गस्से वा' (११३), 'घते च' (११४), 'ब्रह्मातो गस्स च' (१९३) आदि। इन नियमों के अतिरिक्त शेष स्थानों में ग (आलपनवाचक सि विभक्ति) तथा सि विभक्ति का लोप हो जाता है। क० व० में रूपसिद्धि से भी अधिक स्पष्ट इन नियमों का उल्लेख है :— "सेसतो ति 'सो' 'सिं' 'स्या च' 'आसिम्हि' 'अं नपुंसके' 'अवण्णा च गे' 'पुमन्तस्सासिम्हि' 'सखातो गस्से वा' 'घते च' 'ब्रह्मातो गस्स च' इति एवमादीहि निद्दिट्ठेहि कारियेहि अवसेसेहि कारियेहि गसि इच्चेते लोपा होन्ति।"

रूपसिद्धि में अपि ग्रहण का यह फल बताया गया है कि इससे ग तथा सि का शेष स्थानों में लोप हो जाता है। इस पर बल दिया गया है। यहाँ पर सि का ग्रहण होते हुए ग का ग्रहण यह व्यक्त करता है कि यह इस बात का ज्ञापक है कि और स्थानों में जहाँ सि का ग्रहण किया गया है वहाँ इससे ग का ग्रहण नहीं होता। कुछ लोग आलपन की अभिव्यक्ति में भवन्त तथा हे शब्दों का भी प्रयोग करते हैं; साथ ही बहुवचन में कोई विशेष बात नहीं है, इसका भी वहाँ पर निर्देश है :—"अपिग्गहणं दुतियत्थसम्पिण्डनत्थं। एत्थ च सति पि सिग्गहणे ग इति वचनमेव ञापकमञ्ञत्था पि सिग्गहणे आलपनागहणस्स। केचि आलपनाभिब्यत्तिया भवन्तसद्दं हेसद्दं वा पयुञ्जन्ते। बहुवचने न विसेसो—भवन्तो पुरिसा तिट्ठथ" (उपर्युक्त सूत्र पर रूपसिद्धि)।

१. से० में नहीं। २. गसिपि—से०।

भोति प्रयोग को 'होता है' इस अर्थ में भवन्त शब्द से 'ई' प्रत्यय करके, "भवतो भोतो" (२४१) सूत्र से भोतो आदेश करके, तो में स्थित स्वर का लोप तथा प्रकृति भाव करके, अन्त में स्त्री प्रत्यय होने के कारण नाम की भाँति 'आलपने च' (२८७) सूत्र से सि विभक्ति लगाकर, उसकी ग-संज्ञा करके, पुनः वियोजित करके 'ते इत्थिख्या पो' (५९) सूत्र से प-संज्ञा करके, 'अघोरस्स ...च' (८४) सूत्र से 'ती' को ह्रस्व करके उपर्युक्त सूत्र 'सेसतो लोपं गसिपि' से ग-संज्ञक सि विभक्ति का लोप करके बनाते हैं।

इत्थि प्रयोग को इत्थी शब्द से आलपन एकवचन की सि विभक्ति जोड़कर, इत्थी में स्थित ईकार की प-संज्ञा करके, 'झलपा रस्सं' (२४७) सूत्र से उसे ह्रस्व करके तथा उपर्युक्त सूत्र से विभक्ति का लोप करके बनाते हैं।

'सा इत्थी' प्रयोग में सा सि लोप का उदाहरण है। 'सा' प्रयोग को 'त' शब्द में आ प्रत्यय करके, उसमें सि विभक्ति जोड़कर, 'एततेसं तो' (१७४) सूत्र त का स करके, उपर्युक्त सूत्र से प्रथमा एकवचन की सि विभक्ति का लोप करके बनाते हैं। इसी प्रकार से और उदाहरण हैं।

'सो सत्था', 'सो राजा' आदि उदाहरणों के विषय में क० व० में कहा गया है—"सो सत्था सो राजा ति उदाहरणं न्यासरूपसिद्धीसु नत्थि, सद्दनीतिं निस्साय कत्थचि दिस्सति, तं विचारेतब्बं।"]

शेष से कहने का क्या तात्पर्य ? पुरिसो के लिए।

ग तथा सि के कहने का क्या तात्पर्य ? इत्थिया तथा सत्थुस्स आदि के लिए।

२२१. सब्बासमावुसोपसग्गनिपातादीहि च ।२.४.११।

सब्बासं विभत्तीनं एकवचनबहुवचनानं पठमा-दुतिया-ततिया-चतुत्थी-पञ्चमी-छट्ठी-सत्तमीनं लोपो होति आवुसोपसग्गनिपात इच्चेवमादीहि च। त्वं पनावुसो, तुम्हे पनावुसो पदसो धम्मं वाचेय्य, विहारं स्वेव[1] उपगच्छिस्सति।

चसद्दग्गहणमवधारणत्थं[2]।

प, परा, नि, नी, उ, दु, सं, वि, अव, अनु, परि, अधि, अभि, पति, सु, आ, अति, अपि, अप, उप, इति[3] वीसति उपसग्गा[3]।

१. स्वे—से०। २. से० में नहीं। ३–३. से०, सी०१ में नहीं।

पहारो, पराभवो, निहारो, नीहारो, उहारो, दुहारो, संहारो, विहारो, अवहारो, अनुहारो, परिहारो, अधिहारो, अभिहारो, पतिहारो, सुहारो, आहारो, अतिहारो, अपिहारो, अपहारो, उपहारो, एवं वीसति उपसग्गेहि च—यथा, तथा, एवं[1], खलु, खो, यत्र, तत्र, अथो, अथ, हि, तु, च, वा, वो[2], हं[3], अहं[3], अलं[4], एव[5], भो[6], अहो, हे[7], रे, अरे, हरे[8], इच्चेवमादीहि निपातेहि च योजेतब्बा[9]।

२२१. आवुसो शब्द, उपसर्ग तथा निपातों के पश्चात् एकवचनात्मक तथा बहुवचनात्मक सभी प्रथमा, द्वितीया, तृतीया, चतुर्थी, पञ्चमी, षष्ठी तथा सप्तमी विभक्तियों का लोप हो जाता है। जैसे—आवुसो, पद्सो, स्ते आदि।

(सूत्र में) च शब्द का प्रयोग इस सूत्र को सीमित करने के लिए है (अर्थात् इन्हीं के बाद आनेवाली सभी विभक्तियों का लोप हो जाता है, यह सीमा निर्धारित करता है)।

हनु धातु के प्रयोग में—हनुते मय्हमेव आदि।

ठा धातु के प्रयोग में—उपतिट्ठेय्य सक्यपुत्तानं वड्ढकी आदि।

सप धातु के प्रयोग में—मय्हं सपते आदि।

धार धातु के प्रयोग में—सुवण्णं ते धारयते आदि।

पिह धातु के प्रयोग में—बुद्धस्स अञ्ञतित्थिया पिहयन्ति आदि।

कुध, दुह, इस्स, तथा ईर्ष्यार्थक धातुओं के प्रयोग में—कोधयति देवदत्तस्स, दुहयति दिसानं मेघो, तित्थिया इस्सयन्ति समणानं गुणगिद्धेन, तित्थिया समणानं उसुय्यन्ति आदि।

राध तथा इक्ख इन धातुओं के प्रयोग में जिस अकथित कर्म के विख्यापन के लिए पुनः प्रश्न हो वह कारक सम्प्रदान-संज्ञक होता है और द्वितीया विभक्ति भी होती है। जैसे—आराधो मे रञ्ञो, आराधो मे राजानं आदि; आयस्मतो उपालित्थेरस्स उपसम्पदापेक्खो उपतिस्सो; आयस्मन्तं उपालित्थेरं उपसम्पदापेक्खो उपतिस्सो आदि।

---

१. से० में नहीं। २. पभू—से०।

पति अथवा आ उपसर्ग के साथ सुण धातु के प्रयोग में पूर्व कर्ता में—

पति अथवा आ उपसर्गपूर्वक सुण धातु के प्रयोग में पूर्व कर्म का जो कर्ता था, वह सम्प्रदान-संज्ञक होता है। जैसे—'भगवा भिक्खू एतदवोच' इस प्रयोग में भिक्खू अकथित कर्म है 'एतं' कथितकर्म है। यहाँ पर पूर्व कर्म का कर्ता 'यो करोति स कत्ता' (२८३) इस सूत्र से 'भगवा' है। इस प्रकार से पूर्व कर्म का जो कर्ता था, उसकी सम्प्रदान संज्ञा हुई है। जैसे—ते भिक्खू भगवतो पच्चस्सोसुं आदि।

अनु अथवा प्रति उपसर्ग के साथ गिण धातु के प्रयोग में पूर्व कर्म का जो कर्ता था, वह सम्प्रदान-संज्ञक होता है। जैसे—भिक्खु (कर्ता) जनं धम्मं सावेति; तस्स भिक्खुनो (सम्प्रदान) जनो अनुगिणाति आदि।

(कहा गया है) जो कहता है उसे कर्ता कहा जाता है। जो उसके द्वारा कहा जाता है उसे कर्म कहते हैं। जो (कर्ता साधुकारादि दान का) कथन का प्रतिग्राहक होता है उसकी सम्प्रदान संज्ञा होती है। (ऐसा जानना चाहिए)।

[क०व० में इस गाथा की व्याख्या इस प्रकार से की गई है—"कत्तुकम्मसम्पदानविसेसं दस्सेतुं 'यो वदेति'··'वुच्चती" ति वुत्त। तत्थ यो भगवादिको कारको वदेति च सावेति च सो कत्ता ति वुच्चति। वुत्तं वचनक्रियं कम्मं ति इति वुच्चति। यो भगवादिको कारको साधुकारादिदानस्स पटिग्गाहको तस्स भगवादिकारकस्स सम्पदानसञ्ञं विजानेय्या ति अत्थो"।]

आरोचन के अर्थ में—आरोचयामि वो भिक्खवे आदि।

तादर्थ्य में —ऊनस्स पारिपूरिया आदि।

'तुम' प्रत्यय के अर्थ में—लोकानुकम्पाय आदि।

अलं के अर्थ में—अलं का प्रयोग योग्य तथा वारण दोनों अर्थों में होता है। जैसे—योग्य अर्थ में—अलं मे बुद्धो आदि; वारण के अर्थ में—अलं ते रूपं आदि।

अनादर व्यक्त हो तो मञ्ञ धातु के प्रयोग में प्राणिभिन्न में—कट्ठस्स तुवं मञ्ञे आदि।

अनादर के कहने का क्या तात्पर्य? 'सुवण्णं त्वं मञ्ञे' इस प्रयोग में यद्यपि सुवर्ण अप्राणी है तथा यहाँ मञ्ञ धातु का प्रयोग भी है, फिर भी अनादर का भाव न विद्यमान रहने से सुवण्णं में चतुर्थी न होकर द्वितीया हुई है।

प्राणिभिन्न में कहने का क्या तात्पर्य ? गद्रभं त्वं मञ्ञे के लिए। यद्यपि यहाँ पर अनादर का भाव तथा माव धातु का प्रयोग दोनों विद्यमान है फिर भी गद्रभ शब्द के अप्राणी न होने से इसमें चतुर्थी न होकर द्वितीया हुई है।

गत्यर्थ-कर्म में—गामस्स पादेन गतो आदि।

यहाँ द्वितीया भी होती है। जैसे - गामं पादेन गतो आदि।

आशंसन अर्थ में—आयस्मतो दीघायु होतु आदि।

सम्मुति शब्द के प्रयोग में—अञ्ञत्र सङ्घसम्मुतिया भिक्खुस्स आदि।

भिय्य शब्द के प्रयोग में—भिय्यो सोमत्ताय आदि।

सप्तमी के अर्थ में—तुय्हं चस्स आविकरोमि आदि।

अर्थ शब्द के ग्रहण से बहुत से अक्षर-प्रयोगों में भी सम्प्रदानकारक होता है। जैसे—उपमं ते करिस्सामि आदि।

उत्तम अर्थ में—देसेतु भन्ते भगवा धम्मं भिक्खुनो आदि।

(उपर्युक्त प्रयोगों के अतिरिक्त) बहुत से और प्रयोगों की प्रयोग-विशेषज्ञों द्वारा योजना कर लेनी चाहिए।

(सूत्र में) च शब्द का ग्रहण विकल्प के लिए तथा इसके ऊपरवाले सूत्र से विकल्प की अनुवृत्ति प्राप्त करने के लिए है। सूत्रकार ने विकल्प का विधान इस आशय से किया है कि जो कुछ और सम्प्रदान के प्रयोग उनके द्वारा उपदिष्ट नहीं है, उनका ग्रहण भी इससे हो जाए। जैसे—भिक्खुसङ्घस्स पभु अयं भगवा आदि (इस उदाहरण में च शब्द के ग्रहणफल से सङ्घ की सम्प्रदान संज्ञा हो गई है)।

कहीं कहीं द्वितीया, तृतीया, षष्ठी तथा सप्तमी के अर्थ में भी सम्प्रदान-कारक होता है।

२८०. योधारो तमोकासं ।२.६.८।

यो आधारो तं ओकाससञ्ञं होति। स्वाधारो चतुब्बिधो—ब्यापिको, ओपसिलेसिको, वेसयिको, सामीपिको ति।

तत्थ ब्यापिको ताव—जलेसु खीरं, तिलेसु तेलं, उच्छुसु[1] रसो। ओपसिलेसिको—परियङ्के राजा सेति, आसने उपविट्ठो सङ्घो। वेसयिको—भूमीसु मनुस्सा चरन्ति, अन्तलिक्खे[2] वायू वायन्ति, आकासे

---

१. उच्छूसु—से०। २. अन्तरिक्खे—से०।

सकुणा पक्खन्दन्ति। सामीपिको—वने हत्थिनो चरन्ति[1], गङ्गायं[2] घोसो तिट्ठति[1], वजे गावो[3] दुहन्ति[4], सावत्थियं विहरति जेतवने।

ओकास इच्चनेन क्वत्थो? "ओकासे सत्तमी" (३०४)।

२८०. आधार की 'ओकास' (अवकाश) संज्ञा होती है। आधार चार प्रकार का होता है—(१) व्यापक (२) औपश्लेषिक (३) वैषयिक (४) सामीपिक।

व्यापक, जैसे—जलेसु खीरं। औपश्लेषिक, जैसे—परियङ्के राजा सेति। वैषयिक, जैसे—भूमीसु मनुस्सा चरन्ति। सामीपिक, जैसे—गङ्गायं घोसो तिट्ठति आदि।

ओकास-संज्ञा कहने का क्या तात्पर्य? 'ओकासे सत्तमी' (३०४) के लिए।

२८१. येन वा कयिरते तं करणं ।२.६.९।

येन वा कयिरति[5], येन वा पस्सति, येन वा सुणाति तं कारकं करणसञ्ञं होति। दात्तेन[6] वीहि लुनाति, वासिया रुक्खं तच्छति, फरसुना रुक्खं छिन्दति, कुद्दालेन आवाटं[7] खणति, हत्थेन कम्मं करोति, चक्खुना रूपं पस्सति, सोतेन सद्दं सुणाति।

करण इच्चनेन क्वत्थो? "करणे ततिया" (२८८)।

२८१. जिसके द्वारा किया देखा या सुना जाय, उस कारक की करण-संज्ञा होती है। जैसे—दत्तेन वीहि लुनाति, चक्खुना रूपं पस्सति, सोतेन सद्दं सुणाति आदि।

करण के कहने का क्या तात्पर्य? सूत्र 'करणे ततिया' (२८८) के लिए।

२८२. यं करोति तं कम्मं ।२.६.१०।

यं वा करोति, यं वा पस्सति, यं वा सुणाति तं कारकं कम्मसञ्ञं होति।

कटं[8] करोति, छत्तं करोति, रथं[9] करोति[9], धजं करोति, रूपं पस्सति, सद्दं सुणाति, कण्टकं मद्दति, विसं गिलति।

कम्ममिच्चनेन क्वत्थो? "कम्मत्थे दुतिया" (२९९)।

---

१. से० में नहीं। २. गङ्गाय—सी०२। ३. गावि—से०। ४. दुहयन्ति—सी०२। ५. कयिरत—से०। ६. दत्तेन—से०। ७. रुक्खं—से०। ८. रथं—से०। ९–९. से० में नहीं।

२८२. जिसको किया, देखा अथवा सुना जाय, उस कारक की कर्म-संज्ञा होती है। जैसे—कटं करोति आदि।

कर्म के कहने का क्या तात्पर्य ? सूत्र 'कम्मत्थे दुतिया' (२९९) के लिए।

२८३. यो करोति स[1] कत्ता[1] ।२.६.११।

यो करोति सो कत्तुसञ्ञो होति। अहिना दट्ठो नरो, गरुळेन हतो नागो, बुद्धेन जितो मारो, उपगुत्तेन बद्धो[2] मारो।

कत्तु[3] इच्चनेन[3] कत्थो ? "कत्तरि च" (२९०)।

२८३. जो करता है, उसकी कर्तृ-संज्ञा होती है। जैसे—अहिना दट्ठो नरो आदि।

कर्तृ के कहने का क्या तात्पर्य ? 'कत्तरि च' (२९०) के लिए।

[रूपसिद्धि में इस सूत्र की वृत्ति इस प्रकार से दी हुई है :—"यो अत्तप्पधानो किरियं करोति सो कत्तुसञ्ञो होति।"

कच्चायनवण्णनाकार 'कत्ता' की व्याख्या करते हुए कहते हैं—"अत्तप्पधानो हुत्वा कत्तुट्ठकम्मट्ठं क्रियं करोती ति कत्ता। इमिना सुत्तेन पुरिसो गच्छती त्यादिसु उत्तकत्तुसु पि अञ्ञकारकसञ्ञानिवत्तनत्थं कत्तुसञ्ञा कातब्बा। कस्मा विञ्ञायती ति ? यो करोति स कत्ता ति सामञ्ञवसेन।"

इस सूत्र द्वारा शुद्ध कर्तृकारक का दिग्दर्शन कराकर अब सूत्राकार हेतुकर्तृ-कारक के सम्बन्ध में इस सूत्र का आख्यान कर रहे हैं।]

२८४. यो कारेति स[4] हेतु[4] ।२.६.१२।

यो कत्तारं कारेति सो हेतुसञ्ञो होति कत्ता[5] च। सो पुरिसो तं पुरिसं कम्मं कारेति, सो पुरिसो तेन पुरिसेन तस्स[6] पुरिसस्स[6] कम्मं कारेति[7]—एवं हारेति[8], पाठेति, पाचेति, धारेति[9]।

हेतु इच्चनेन कत्थो ? "धातूहि णे[10]-णय[10]-णापे-णापया कारितानि हेत्वत्थे" (४४०)।

१-१. सकत्ता—सी०२। २. बन्धो—से०। ३-३. ०मिच्च०—सी०२। ४-४. सहेतु—सी०२। ५. कत्तुसञ्ञो—से०। ६-६. से०, सी०१ में नहीं। ७. ०सो पुरिसो तस्स पुरिसस्स कम्मं कारेति—से०, सी०१। ८. विहारेति पाळेति—से०। ९. ०नायेति—से०। १०-१०. ने-नय—से०।

२८४. जो कर्ता से किसी काम को करवाता है उसकी हेतुसंज्ञा तथा कर्तृ-संज्ञा दोनों होती है। जैसे—सो पुरिसो तं पुरिसं कम्मं कारेति आदि।

[क० व० में इस सूत्र के सम्बन्ध में न्यासकार तथा रूपसिद्धिकार के भिन्न भिन्न विचारों को उपस्थित करते हुए एक सुन्दर विवेचन विद्यमान है। हेतु की व्याख्या करते हुए कहा गया है—"अञ्ञब्यापारं पटिच्च गमनादिकं क्रियं हिनोति पवत्तती ति हेतु"'। तत्थ कारितकत्ता, कारितकम्मं, धातुकत्ता, धातुकम्मं ति चतुब्बिधं। तत्थ सो पुरिसो ति कारितकत्ता; तं पुरिसं ति कारित-कम्मं; सुद्धकत्तुकारितकम्मस्स अभिन्नत्ता पुरिसन्ति कारितकम्ममेव; पुरिसेना ति धातुया कत्ता भवति; कम्मन्ति धातुया कम्मपदं भवति। एवं सेसेसु कारि-तप्पयोगेसु।

सो पुरिसो तेन पुरिसेन तस्स पुरिसस्सा ति एत्थ पन तेन पुरिसेन तस्स पुरिसस्सा ति न्यासमते 'गतबुद्धि'..'कारिते वा' ति एत्थ वासद्दो कम्मसद्दापवादो न विभत्तिविकप्पनत्थो ति कत्वा तेना ति एत्थ 'यो करोति स कत्ता' ति सुत्तेन कत्तुसञ्ञं कत्वा 'कत्तरि चे' ति सुत्तेन कत्वत्थे ततिया, पुरिसस्सा ति एत्थ 'छट्ठी च' इति सुत्तेन कत्वत्थे छट्ठी ति वुत्तं। पुरिसो पुरिसेना ति एत्थ पुरिसो ति हेतुकत्ता, पुरिसेना ति सुद्धकत्ता, पुरिसो पुरिसेन कत्तुभूतेना ति अत्थो। पुरिसो पुरिसस्सा ति एत्थ पुरिसो ति हेतुकत्ता, पुरिसस्सा ति सुद्धकत्ता, पुरिसो पुरिसस्स कत्तुभूतेन पुरिसेना ति अत्थो। रूपसिद्धिमते 'गतिबुद्धि'..'वा' ति एत्थ वासद्दो विभत्तिविकप्पनत्थो, तेन तीसु पि विकप्पेसु कम्मत्थेयेव दुतियादयो होन्ति; तस्मा पुरिसेना ति एत्थ कम्मसञ्ञे कते 'कत्तरि च' इति एत्थ चग्गहणेन कम्मत्थे ततिया विभत्ति च; 'दुतिया पञ्चमीनञ्च' इति सुत्तेन कम्मत्थे छट्ठी च वुत्तं"।]।

हेतु के कहने का क्या तात्पर्य? सूत्र 'धातूहि'..'कारितानि हेत्वत्थे' (४४०) के लिए।

२८५. यस्स वा परिग्गहो तं सामि ।२.६.१३।

यस्स वा परिग्गहो तं सामिसञ्ञं होति। अत्तनो मुखं, तस्स भिक्खुनो पटिविंसो[1], तस्स भिक्खुनो पत्तं, तस्स भिक्खुनो चीवरं।

सामि इच्चनेन कत्थो? "सामिस्मिं छट्ठी" (३०३)।

२८५. जिसके पास कुछ परिग्रह (सम्पत्ति) हो उसकी स्वामी-संज्ञा होती है। जैसे—अत्तनो मुखं आदि।

---

१. पटिविंसं—से०।

स्वामी-संज्ञा कहने का क्या तात्पर्य ? 'सामिस्मिं छट्ठी' (३०३) सूत्र के लिए।

[यह संज्ञासूत्र है। सामी शब्द का विग्रह क० व० में दिया गया है— 'सं एतेसं अत्थी ति सामी'।]

२८६. लिङ्गत्थे पठमा ।२ ६.१४।

लिङ्गत्थाभिधानमत्ते पठमा विभत्ति होति। पुरिसो[1], एको, द्वे, चे[2] वा, आह[3], हे, रे[3], हरे, अरे।

२८६. लिङ्गार्थ (प्रातिपदिकार्थ) के अभिधान मात्र में प्रथमा विभक्ति होती है। जैसे—पुरिसो आदि।

[रूपसिद्धि में प्रातिपदिक को ही लिङ्ग कहा गया है। जिनवचनयुक्त प्रातिपदिकों से ही विभक्तियाँ होती हैं। उन विभक्तियों में से प्रथमा विभक्ति किस अर्थ में प्रयुक्त होती है, इस प्रश्न का समाधान इस सूत्र से होता है कि प्रातिपदिक के अर्थ के कथन मात्र में प्रथमा विभक्ति का प्रयोग होता है।

लिङ्ग शब्द का विग्रह क० व० में इस प्रकार से दिया गया है—"लीनं अङ्गं ति लिङ्गं, लीनं ति अपाकटं अवयवो"। आगे चलकर और व्याख्या है— "एत्थ च पुरिसो ति आदीनं निप्फन्नपदानं पुरिस इति विभत्तिरहितं अवयवभूतं पकतिरूपं अनिप्फन्नत्ता अपाकटं; तस्स निप्फन्नपदस्स अवयवत्ता च अङ्गं। इमिना निप्फन्नपदस्स अवयवभूतं पुरिस इति विभत्तिरहितं पकतिरूपमेव लिङ्गं ति वुत्तं। लीनं अत्थं गमयति बोधेती ति वा लिङ्गं। इमिना पि तं पकतिरूपमेव लिङ्गं ति वुत्तं।"

अत्थ शब्द के विषय में क० व० कार कहते हैं—"एत्थ च अत्थो नाम सजीवसन्तानेसु कम्मसमुट्ठानादिकलापसन्ततिप्पबन्धविसेसाकारेन अजीवसन्तानेसु उतुजकलापसन्ततिप्पबन्धनविसेसाकारेन पवत्तमाने वत्थुधम्मे उपादाय पञ्ञापियमानो पुरिसघटपटादिवोहारत्थो च इमस्स पन अत्थस्स दीपकं पुरिसत्यादिकं अनिप्फन्नपदं लिङ्गं नाम।"

यह लिङ्गार्थ भी दो प्रकार का होता है—संसृष्ट और शुद्धार्थ। 'जिनो' प्रयोगादि 'शुद्धार्थ' के उदाहरण हैं तथा 'जितिन्द्रिय' आदि संसृष्ट के। पुरिसो, पुरिसा आदि शुद्ध लिङ्गार्थवाचक के उदाहरण हैं।

---

१. ०पुरिसा—से०। २. च—से०, सी०१। ३-३. ह अङ्ग—सी०१; हि अहं—से०।

प्रथमा विभक्ति किन किन अर्थों में होती है, इस सम्बन्ध में क० व० में कहा गया है—"अयं च पठमा विभत्ति लिङ्गत्थे कत्तत्थे कम्मत्थे करणत्थे सम्पदानत्थे अपादानत्थे साम्यत्थे भुम्मत्थे दिसायोगे आलपनत्थे ति इमेसु अत्थेसु पवत्तति। तेसु लिङ्गत्थे पवत्ति वुत्तानुसारेन जानितब्बा। कत्तत्थे—यो बोधिरुक्खं रोपेती त्यादि, कम्मत्थे—धम्मो च विनयो च देसितो त्यादि; करणत्थे—थेय्यचित्तो आविकत्ता हिस्स फासु होति अज्झासयं त्यादि, एत्थ च थेय्यचित्तेन आविकताय अज्झासयेना त्यत्थो, सम्पदानत्थे—न देति नरकं च ते न च पस्सामि इस्सरे त्यादि, एत्थ च ते ति पठमाबहुवचनन्तपदं तेसं न देती ति सम्पदानत्थवसेन सम्बन्धितब्बं; अपादानत्थे—मिच्छादयो इमे धम्मा बुद्धो दूरतरो भवे त्यादि, मिच्छादयो इमे धम्मा ति पठमाबहुवचनन्तपदं मिच्छापकारेहि इमेहि धम्मेही ति अपादानत्थवसेन सम्बन्धितब्बं, साम्यत्थे—सब्बे बुद्धा बलप्पत्ता त्यादि, बलप्पत्तानं सब्बेसं बुद्धानन्ति छट्ठ्यत्थवसेन सम्बन्धितब्बं; भुम्मत्थे—भगवा चित्तमिस्सरो त्यादि, चित्तन्ति पठमेकवचनं चित्ते इस्सरो ति सत्तम्यन्तवसेन सम्बन्धितब्बं; दिसायोगे—येन भगवा तेनुपसङ्कमित्यादि, आलपनत्थे—अभिक्कन्तं भो गोतम त्यादि। इमेसु अत्थेसु पठमा विभत्ति अप्पकवसेन पवत्तति।"

आगे चलकर वहीं पर कहा गया है कि केवल उपर्युक्त अर्थों में ही प्रथमा विभक्ति नहीं होती, प्रत्युत इनके अतिरिक्त अर्थों में भी यह होती है—"न केवलं इमेस्वत्थेस्वेवं च पवत्तति, अथ खो यतोनिदानं ततोधिकरणं अयं वेरं पसवती त्यादिसु हेत्वत्थे, एत्थ सा तण्हा उप्पज्जमाना उप्पज्जति निविसमाना निविसति निरुज्झमाना निरुज्झती त्यादिसु लक्खणत्थे पवत्तति; तेसु चत्थेसु करणत्यादिसु पञ्चम्यत्थेसु च हेत्वत्थे लक्खणेसु च इध सुत्ते अत्थग्गहणेन पठमा विभत्ति होति"। इस प्रकार अर्थ शब्द का सूत्र में ग्रहण होने से उपर्युक्त सभी अर्थों में प्रथमा विभक्ति का विधान हो जाता है।]

२८७. आलपने च ।२.६.१५।

आलपनत्थाधिके लिङ्गत्थाभिधानमत्ते च पठमा विभत्ति होति। भो पुरिस, भवन्तो पुरिसा; भो राज, भवन्तो राजानो, हे सखे[1], हे सखिनो।

चसद्दग्गहणं पठमग्गहणानुकड्ढनत्थं।

१. सख—से०।

२८७. आलपनार्थ (सम्बोधन) के आधिक्य में तथा लिङ्ग (प्रातिपदिक) के अर्थ के अभिधान मात्र में प्रथमा विभक्ति होती है। जैसे—भो पुरिस आदि।

[रूपसिद्धि तथा क० व० में आलपन का अर्थ 'अभिमुखं कत्वा लपनं आलपनं' दिया हुआ है; अर्थात् सामने किसी को सम्बोधित करके जो कथन हो, वही आलपन कहा जाता है। भो पुरिस उदाहरण में इस सूत्र से आलपन के अर्थ में प्रथमा विभक्ति करके सि वचन का आगम करके उसकी ग-संज्ञा करते हैं। सूत्र 'भवतो भोतो' (२४२) के विद्यमान रहते हुए सूत्र 'भो गे तु' (२४३) से भवन्त शब्द का भो आदेश हो जाता है तथा 'सेसतो लोपं गसिपि' (२२०) से सि का लोप होकर उपर्युक्त उदाहरण बनता है। इसी प्रकार से और उदाहरणों की भी साधना है; केवल अपने अपने अनुसार थोड़ी सी भिन्नता विद्यमान है।]

(सूत्र में) च शब्द का ग्रहण इसके ऊपर आनेवाले सूत्र 'लिङ्गत्थे पठमा' से पठमा विभक्ति की अनुवृत्ति ग्रहण करने के लिए है।

२८८. करणे ततिया ।२.६.१६।

करणकारके ततिया विभत्ति होति। अग्गिना कुटिं झापेति, मनसा चे पदुट्ठेन, मनसा चे पसन्नेन, कायेन कम्मं करोति।

२८८. करणकारक में तृतीया विभक्ति होती है। जैसे अग्गिना आदि।

२८९. सहादियोगे च ।२.६.१७।

सहादियोगत्थे च[1] ततिया विभत्ति होति। सहा पि गग्गेन सङ्घो उपोसथं करेय्य, विना[2] गग्गेन[2], महता भिक्खुसङ्घेन सद्धिं, सहस्सेन समं मिता।

२८९. सह आदि शब्दों (सह सद्धिं, समं, नाना, विना, अलं आदि) तथा उनके अर्थ में (यदि सह आदि का अर्थ प्रकट किया जा रहा हो) भी तृतीया विभक्ति होती है। जैसे गग्गेन आदि।

[सहार्थ का उदाहरण—देवदत्तो राजगहं पाविसि कोकालिकेन पञ्चासमणेन आदि; इस प्रकार अकारक में भी जहाँ उपर्युक्त निपातों का प्रयोग होता है, तृतीया विभक्ति होती है। क० व० में कहा गया है—"एवं करणत्थे ततिया विभत्तुप्पत्तिं दस्सेत्वा निपातपयोगे अकारके पि ततियाविभत्तुप्पत्तिं दस्सेतुं 'सहादियोगे च' इति वुत्तं।"

१. से०, सी०१ में नहीं। २—२. से० में नहीं; विना पि०—सी०१।

सूत्र में च शब्द के प्रयोग के सम्बन्ध में भी वहीं कहा गया है—"चसद्देन तेसं (सहादियोगानं) अत्थसम्भवे सति पि ततिया विभत्ति होती" ति।

२९०. कत्तरि च ।२.६.१८।

कत्तरि च[1] ततिया विभत्ति होति। रञ्ञा हतो पोसो, सक्केन[2] दिन्नो वरो, अहिना दट्ठो नरो।

२९०. कर्ता में भी तृतीया विभक्ति होती है। जैसे—रञ्ञा आदि।

[क० व० में सूत्र में च शब्द के ग्रहण के विषय में कहा गया है कि इससे इत्थंभूतलक्षण तथा क्रिया के अपवर्ग में, पुब्ब, सदिस, सम, कलह, निपुण, मिस्सक, सखिल आदि शब्दों के योग में, काल में, अध्वन् में, प्रत्यार्थ मे, कर्म के अर्थ में एवं पञ्चमी तथा सप्तमी के अर्थ में तृतीया विभक्ति होती है।

इत्थंभूतलक्षण का उदाहरण—यो पन भिक्खु ऊनपञ्चबन्धनेन पत्तेन अञ्ञं नवं पत्तं चेतापेय्य; सा काळी भिन्नेन सीसेन पग्घरन्तेन लोहितेन पटिविस्सकानं उज्झापेसी ति आदि।

क्रियापवर्ग का उदाहरण—एकाहेनेव बाराणसिं पायासि।

पुब्बादि योग के उदाहरण—मासेन पुब्बो, पितरा सदिसो, मातरा समो, असिना कलहो, वाचाय निपुणो, गुळेन मिस्सको, वाचाय सखिलो आदि। काल का उदाहरण—कालेन धम्मसाकच्छा। अध्वन्—योजनेन धावति। प्रत्यार्थ—मणिना मे अत्थो आदि। कर्म के अर्थ में—तिलेहि वपति खेत्ते, संविभजेथ नो रज्जेन आदि। पञ्चमी के अर्थ में—सुमुत्ता मयं तेन महासमणेन। सप्तमी के अर्थ में—दक्खिणेन विरूळहको।]

२९१. हेत्वत्थे च ।२.६.१९।

हेत्वत्थे च ततिया विभत्ति होति। अन्नेन वसति, धम्मेन वसति, विज्जाय वसति, सक्कारेन वसति।

२९१. हेतु के अर्थ में भी तृतीया विभक्ति होती है। जैसे—अन्नेन वसति आदि।

२९२. सत्तम्यत्थे च ।२.६.२०।

सत्तम्यत्थे च ततिया विभत्ति होति। तेन कालेन, तेन समयेन, तेन खो पन समयेन।

---

१. च कारके—से०। २. यक्खेन—से०।

२९२. सप्तमी के अर्थ में भी तृतीया विभक्ति होती है। जैसे—तेन कालेन आदि।

२९३. येनङ्गविकारो ।२.६.२१।

येन ब्याधिमता अङ्गेन अङ्गिनो विकारो लक्खीयते[1] तत्थ ततिया विभत्ति होति। अक्खिना काणो, हत्थेन कुणी[2], काणं पस्सति[3] नेत्तेन, पादेन खञ्जो, पिट्ठिया खुज्जो।

२९३. ब्याधियुक्त जिस शरीरावयव से अङ्गी के शरीर का विकृतिभाव लक्षित होता है, वहां तृतीया विभक्ति होती है। जैसे—अक्खिना काणो आदि।

२९४. विसेसने च ।२.६.२२।

विसेसनत्थे च ततिया विभत्ति होति। गोत्तेन गोतमो नाथो, सुवण्णेन अभिरूपो, तपसा उत्तमो[4]।

२९४ विशेषण के अर्थ में भी तृतीया विभक्ति होती है। जैसे—गोत्तेन गोतमो आदि।

[क० व०—"चग्गहणस्स च समुच्चयत्थत्ता दब्ब-गोत्त-नाम-जाति-सिप्प-वय-गुणभावेन विसेसनं वा पकति येभुय्येन दोणादिकं वा सब्बं सङ्गण्हाति"।]

२९५. सम्पदाने चतुत्थी ।२.६.२३।

सम्पदानकारके चतुत्थी विभत्ति होति। बुद्धस्स वा धम्मस्स वा सङ्घस्स वा दानं देति, दाता होति समणस्स वा ब्राह्मणस्स वा।

२९५. सम्प्रदान कारक में चतुर्थी विभक्ति होती है। जैसे—बुद्धस्स आदि में।

[सूत्र में आये हुए चतुर्थी शब्द के विषय में क० व० में कहा गया है—"चतुत्थी ति योगविभागेन कत्वत्थे, कम्मत्थे, करणत्थे, निस्सक्कत्थे, छट्ठ्यत्थे, सत्तम्यत्थे, अच्चन्तसंयोगे चतुत्थी विभत्ति होति"। ऊपर सूत्र सं० २९१ 'हेत्वत्थे च' में जो 'च' शब्द का प्रयोग है वहां भी चतुर्थी विभक्ति होती है। जैसे—असक्कता धनञ्जयाय। यहां हेतु के अर्थ में तृतीया विभक्ति हुई है। कम्मत्थे—नरकाय नेति आदि। करणत्थे—अक्खराय मरणवण्णं संवण्णेति। निस्सक्कत्थे—

---

१. लक्खते—से०। २. कुणि—से०। ३. परसतु—गे०। ४ उत्तमो। चसद्दग्गहणं ततियग्गहणानुकड्ढनत्थं—सी०१, सी०२।

विरमथ आयस्मन्तो मम वचनाय। छट्ठयत्थे-महतो गणाय भत्ता। सत्तम्यत्थे—भगवतो सितपातुकम्माय। अच्चन्तसंयोगे—चिररत्ताय।]

२९६. नमोयोगादिस्वपि च ।२.६.२४।

नमोयोगादिस्वपि च चतुत्थी विभत्ति होति। नमो ते बुद्धवीरत्थु, सोत्थि पजानं, नमो करोहि नागस्स, स्वागतं ते महाराज।

चसद्दग्गहणं चतुत्थीग्गहणानुकड्ढनत्थं।

२९६. नमो आदि के योग में भी चतुर्थी विभक्ति होती है। जैसे—नमो ते आदि।

(सूत्र में) च शब्द का ग्रहण इसके ऊपर आनेवाले सूत्र से चतुर्थी की अनुवृत्ति के ग्रहण के लिए है।

[क० व० में अपि शब्द के सम्बन्ध में कहा गया है—"अपिग्गहणेन नमोयोगादिसु पि कत्थचि पटिसेधेति, नागस्सा ति खीणासवस्स।"]

२९७. अपादाने पञ्चमी ।२.६.२५।

अपादानकारके पञ्चमी विभत्ति होति। पापा चित्तं निवारये, अब्भा मुत्तो व चन्दिमा, भया मुच्चति सो नरो।

२९७. अपादान कारक में पञ्चमी विभक्ति होती है। जैसे—पापा चित्तं आदि।

['दूरन्ति ··सु च' (२७७) सूत्र में आये हुए च शब्द के बल से कर्म तथा करण के अर्थ में भी पञ्चमी विभक्ति होती है। कर्म के अर्थ में—अपसालाय। करण के अर्थ में—थोकाय मुच्चति मतस्मा बद्धो नरो। (उपर्युक्त सूत्र पर क० व०)]

२९८. कारणत्थे च ।२.६.२६।

कारणत्थे च पञ्चमी विभत्ति होति। अननुबोधा अप्पटिवेधा चतुन्नं अरियसच्चानं यथाभूतं अदस्सना।

चसद्दग्गहणं पञ्चमीग्गहणानुकड्ढनत्थं।

२९८. कारण के अर्थ में भी पञ्चमी विभक्ति होती है। जैसे—अननुबोधा आदि।

(सूत्र में) च शब्द का ग्रहण इसके ऊपर वाले सूत्र से पञ्चमी की अनुवृत्ति के ग्रहण के लिए है।

२९९. कम्मत्थे दुतिया ।२.६.२७।

कम्मत्थे दुतिया विभत्ति होति। रथं करोति, कटं करोति, छत्तं करोति, धम्मं सुणाति, बुद्धं पूजयति[1], वाचं भासति, तण्डुलं पचति, चोरं घातेति, गवं हन्ति[2], वीहयो लुनाति।

२९९. कर्म के अर्थ में द्वितीया विभक्ति होती है। जैसे—कटं करोति आदि।

३००. कालद्धानमच्चन्तसंयोगे ।२.६.२८।

कालद्धानमच्चन्तसंयोगे दुतिया विभत्ति होति। मासमधीते, योजनं कलहं करोन्तो गच्छति।

अच्चन्तसंयोगे ति किमत्थं? संवच्छरे भुञ्जति।

३००. काल तथा अध्वन् के अत्यन्त संयोग में द्वितीया विभक्ति होती है। जैसे—मासमधीते (काल का अत्यन्त संयोग), योजनं कलहं करोन्तो (अध्वन् का अत्यन्त संयोग)।

अत्यन्त संयोग में कहने का क्या तात्पर्य? संवच्छरे भुञ्जति के लिए।

३०१. कम्मप्पवचनीययुत्ते[3] ।२.६.२९।

कम्मप्पवचनीययुत्ते दुतिया विभत्ति होति। तं खो पन भवन्तं[4] गोतमं एवं कल्याणो कित्तिसद्दो अब्भुग्गतो, पब्बजितमनुपब्बजिसु।

३०१. कर्मप्रवचनीय के योग में द्वितीया विभक्ति होती है। जैसे—तं भवन्तं गोतमं एवं कल्याणो कित्तिसद्दो अब्भुग्गतो आदि।

[क० व०—"कम्मं पवुच्चति इमेही ति कम्मप्पवचनीया। के ते? अभि-अनु इच्चादयो। तेहि युत्तं ति कम्मप्पवचनीययुत्तं, तस्मिं। तं खो पन भवन्तं गोतमं एवं कल्याणो कित्तिसद्दो अब्भुग्गतो ति एत्थ तं खो पन भवन्तं गोतमं ति साम्यत्थे दुतियावचनं; तस्स पन भोतो गोतमस्स एवं कल्याणो कित्तिसद्दो अब्भुग्गतो त्यत्थो। एत्थ च तं खो पन भवन्तं गोतमं एवं कल्याणो कित्तिसद्दो अब्भुग्गतोति पदसमुदायो इत्थम्भूतक्खानं; इत्थम्भूतेन कित्तिसद्देन सह चरितत्ता भगवा पि इत्थम्भूतत्थो, अभिसद्दो कम्मप्पवचनीयो; तेन युत्तत्ता इत्थम्भूतक्खाने भवन्तं गोतमं ति पदे साम्यत्थे दुतिया, तस्स पन भोतो गोतमस्सा ति

---

१. पूजेति—से०। २. हनति—से०। ३. ०च—सी०२। ४. भगवन्तं—से०, सी०२।

अत्थो। पब्बजितमनुपब्बजिंसू ति एत्थ बोधिसत्ते पब्बजिते तं अनुलक्खणं कत्वा पब्बजिंसु इच्चत्थो, लक्खणवाचकेन कम्मप्पवचनीयभूतेन अनुसद्देन युत्तत्ता सत्तम्यत्थे दुतिया।"]

३०२. गतिबुद्धिभुजपठहरकरसयादीनं कारिते वा ।२.६.३०।

गति-बुद्धि-भुज-पठ-हर-कर सयादीनं धातूनं[1] पयोगे[1] कारिते सति दुतिया विभत्ति होति वा। पुरिसो पुरिसं गामं[2] गमयति, पुरिसो पुरिसेन वा, पुरिसो[3] पुरिसस्स वा[3]; एवं बोधयति, भोजयति, पाठयति, हारयति, कारयति, सयापयति[4]—एवं सब्बत्थ कारिते।

३०२. गति, बुद्धि, भुज, पठ, हर, कर, सय आदि धातुओं के प्रयोग में कारित अर्थ (प्रेरणार्थ) होने पर विकल्प से द्वितीया विभक्ति होती है। जैसे—पुरिसो पुरिसं गामं गमयति; विकल्प से पुरिसो पुरिसेन (तृतीया), पुरिसो पुरिसस्स (षष्ठी)। इस प्रकार से बोधयति भोजयति आदि प्रेरणार्थकों सभी जगह विकल्प से द्वितीया होती है।

[क० व०—"पुब्बसुत्तेनेव सिज्झनतो इमस्सुच्चारणं विकप्पनत्थं, तेन पुरिसो पुरिसं कम्मं कारेती ति एत्थ दुतिया विभत्ति, पुरिसेना ति एत्थ 'कत्तरि चे' ति सुत्ते चसद्देन कम्मत्थे ततिया विभत्ति च, पुरिसस्सा ति एत्थ 'दुतिया पञ्चमीनञ्च' ति सुत्तेन कम्मत्थे छट्ठी विभत्ति होती ति—अयं रूपसिद्धिकारकस्स बुद्धप्पियाचरियस्स मति।

अथवा इमिना सुत्तेन पुरिमसुत्तं विकप्पेति। इध वासद्दो अधिको ति वासद्देन कम्मसञ्ञं बाधेत्वा तेन पुरिसेन तस्स पुरिसस्सा ति एतेसु कत्तुसञ्ञं कत्वा कत्तरि ततिया विभत्ति 'निद्धारणे च' इति सुत्ते च सद्देन कत्तत्थे छट्ठी च होति। विधिसुत्ते वासद्देन कम्मसञ्ञं बाधेत्वा सञ्ञासुत्ते वासद्देन पि विभत्तिविधानं विदधाती ति अयं न्यासाचरियस्स मति; वुत्तञ्च—फलक्रियाय कत्ता पि अञ्ञथानुपपत्तितो ति। वाविधानतो ति 'गतिबुद्धि… वा' ति सुत्ते वासद्दस्स विधानतो फलक्रियाय कत्ता ति पि कारेती ति एत्थ फलभूतकरणक्रियाय कत्ता ति होति अञ्ञथानुपपत्तितो पि फलभूतकरणक्रियाय अपेक्खभावे सति कम्मभावेन अनुप्पत्तितो फलक्रियाय कत्ता पि होती ति अत्थो।]

---

१. सी०१, सी०२ में नहीं। २. सी०२ में नहीं। ३–३. सी०१, सी०२ में नहीं। ४. सायति—से०।

३०३. सामिस्मिं छट्ठी ।२.६.३१।

सामिस्मिं छट्ठी विभत्ति होति । तस्स भिक्खुनो पटिविंसो[१], तस्स भिक्खुनो मुखं, तस्स भिक्खुनो पत्तचीवरं ।

३०३ स्वामी में षष्ठी विभक्ति होती है । जैसे—तस्स भिक्खुनो पटिविंसो आदि ।

३०४. ओकासे सत्तमी ।२.६.३२।

ओकासकारके सत्तमी विभत्ति होति । गम्भीरे ओदकण्णवे[२], पापस्मि रमति[३] मनो, भगवति ब्रह्मचरियं वुस्सति[४] कुलपुत्तो ।

३०४. अवकाश (स्थान) द्योतक हो तो कारक में सप्तमी विभक्ति होती है । जैसे—गम्भीरे ओदकण्णवे आदि ।

३०५. सामिस्सराधिपतिदायादसक्खिपतिभू-[५] पसूतकुसलेहि च ।२.६.३३।

सामि-इस्सर-अधिपति दायाद-सक्खि पतिभू-पसूत-कुसल इच्चेतेहि पयोगेहि[६] छट्ठी विभत्ति होति सत्तमी च । गोणानं सामी, गोणेसु[७] सामी; गोणानं इस्सरो[७], गोणेसु इस्सरो; गोणानं अधिपति, गोणेसु अधिपति; गोणानं दायादो, गोणेसु दायादो, गोणानं सक्खि, गोणेसु सक्खि; गोणानं पतिभू ; गोणेसु पतिभू ; गोणानं पसूतो, गोणेसु पसूतो, गोणानं कुसलो, गोणेसु कुसलो ।

३०५. सामी, इस्सर, अधिपति, दायाद, सक्खि, पतिभ, पसूत, कुसल इन शब्दों के योग में षष्ठी तथा सप्तमी विभक्तियाँ होती हैं । जैसे—गोणानं सामी (षष्ठी का उदाहरण), गोणेसु सामी (सप्तमी का उदाहरण) ।

३०६. निद्धारणे च ।२.६.३४।

निद्धारणत्थे[८] च[९] छट्ठी विभत्ति होति सत्तमी च । कण्हा गावीनं सम्पन्नखीरतमा, कण्हा गावीसु सम्पन्नखीरतमा, सामा नारीनं दस्सनीयतमा, सामा नारीसु दस्सनीयतमा; मनुस्सानं खत्तियो सूरतमो, मनुस्सेसु

---

१. पटिविसं—से० । २. ओदवन्तिके—सी०१, सी०२ । ३. रमती—सी०२ । ४. वसति—से०, सी०१ । ५ ०पभूत—से० । ६. पयोगे— सी०१; योगे सति—से० । ७-७ से० में नहीं । ८. निद्धारणे—से०, सी०१ । ९. सी०१ में नहीं ।

खत्तियो सूरतमो; पथिकानं धावन्तो[1] सीघतमो, पथिकेसु धावन्तो सीघतमो।

३०६. निर्द्धारण के अर्थ में षष्ठी तथा सप्तमी विभक्तियाँ होती हैं। जैसे—कण्हा गावीनं (षष्ठी का उदाहरण); गावीसु (सप्तमी का उदाहरण) सम्पन्नखीरतमा आदि।

३०७. अनादरे च ।२.६.३५।

अनादरे च[2] छट्ठी विभत्ति होति सत्तमी च। रुदतो दारकस्स पब्बजि, रुदन्तस्मि दारके पब्बजि।

चसद्दग्गहणं छट्ठीसत्तमीग्गहणानुकड्ढनत्थं।

३०७ अनादर के प्रदर्शन में भी षष्ठी तथा सप्तमी विभक्तियाँ होती हैं। जैसे—रुदतो दारकस्स (षष्ठी का उदाहरण), रुदन्तस्मि दारके (सप्तमी का उदाहरण)।

(सूत्र में) 'च' शब्द का ग्रहण षष्ठी तथा सप्तमी के ग्रहण की अनुवृत्ति के लिए है।

३०८. क्वचि दुतिया छट्ठीनमत्थे ।२.६.३६।

छट्ठीनमत्थे क्वचि दुतिया विभत्ति होति। अपिस्सु मं अग्गिवेस्सन तिस्सो उपमायो पटिभंसु।

३०८. षष्ठी के अर्थ में कहीं कहीं द्वितीया विभक्ति होती है। जैसे—अपिस्सु मं आदि। (यहाँ पर मय्हं के स्थान पर मं का प्रयोग हुआ है।)

३०९. ततियासत्तमीनञ्च ।२.६.३७।

ततियासत्तमीनं अत्थे क्वचि दुतिया विभत्ति होति। सचे मं समणो गोतमो नालपिस्सति, त्वञ्च मं नाभिभासिस; एवं ततियत्थे।

पुब्बण्हसमयं निवासेत्वा, एकं समयं भगवा; एवं सत्तम्यत्थे।

३०९. तृतीया तथा सप्तमी के अर्थ में कहीं कहीं द्वितीया विभक्ति होती है। जैसे—सचे मं··· (तृतीया के अर्थ में); पुब्बण्हसमयं निवासेत्वा (सप्तमी के अर्थ में)।

---

१. धवन्तो—से०। २. से०, सी०१ मे नहीं।

३१०. छट्ठी च ।२.६.३८।

ततियासत्तमीनं च[1] अत्थे क्वचि छट्ठी विभत्ति होति। कतो[2] मे कल्याणो[3], कतं मे पापं—एवं ततियत्थे, कुसला नच्चगीतस्स सिक्खिता चतुरित्थियो, कुसलो त्वं रथस्स अङ्गपच्चङ्गानं—एवं सत्तम्यत्थे।

कची ति किमत्थं ? देसितो आनन्द मया धम्मो च[4] विनयो च पञ्ञत्तो[4], आनन्दो अत्थेसु विचक्खणो।

३१०. तृतीया तथा सप्तमी के अर्थ में कहीं कहीं षष्ठी विभक्ति होती है। जैसे—कतो मे कल्याणो आदि (तृतीया के अर्थ में षष्ठी के उदाहरण); कुसला-नच्चगीतस्स आदि (सप्तमी के अर्थ में षष्ठी के उदाहरण)।

कहीं कहीं कहने का क्या तात्पर्य ? देसितो आनन्द मया धम्मो आदि के लिए।

३११. दुतियापञ्चमीनञ्च ।२.६.३९।

दुतियापञ्चमीनं च[1] अत्थे कचि छट्ठी विभत्ति होति। तस्स भवन्ति वत्तारो, सहसा[5] तस्स[6] कम्मस्स कत्तारो—एवं दुतियत्थे।

अस्सवनता धम्मस्स परिहायन्ति, किन्नु खो अहं तस्स सुखस्स[7] *भायामि, सब्बे तसन्ति दण्डस्स; सब्बे भायन्ति मच्चुनो,* भीतो चतुन्नं आसिविसानं[8] नागानं[9], भायामि घोरविसस्स नागस्स—एवं पञ्चम्यत्थे।

३११. द्वितीया तथा पञ्चमी के अर्थ में कहीं कहीं षष्ठी विभक्ति होती है। जैसे—तस्स भवन्ति वत्तारो आदि (द्वितीया के अर्थ में षष्ठी के उदाहरण); अस्सवनता धम्मस्स परिहायन्ति आदि (पञ्चमी के अर्थ में षष्ठी के उदाहरण)।

३१२. कम्मकरणनिमित्तत्थेसु सत्तमी ।२.६.४०।

कम्मकरणनिमित्तत्थेसु सत्तमी विभत्ति होति। सुन्दरावुसो इमे आजीवका[10] भिक्खूसु अभिवादेन्ति—एवं कम्मत्थे।

---

१. से०, सी०१ में नहीं। २. कतं –से०। ३. कल्याणं—से०। ४–४. सी०१, से० में नहीं। ५. से० में नहीं। ६. सी०१ में नहीं। ७. से० में नहीं। ८. आसीविसानं—से०। ९. घोरविसानं—सी०१। १०. आजीविका—से०, सी०१।

हत्थेसु पिण्डाय चरन्ति, पत्तेसु पिण्डाय चरन्ति, पथेसु गच्छन्ति[1]—एवं करणत्थे।

दीपी चम्मेसु[2] हञ्ञते, कुञ्जरो दन्तेसु हञ्ञते—एवं निमित्तत्थे।

३१२. कर्म, करण तथा निमित्त के अर्थ में सप्तमी विभक्ति होती है। जैसे—सुन्दरावुसो इमे आजीवका भिक्खुमु अभिवादेन्ति (कर्म के अर्थ में सप्तमी का उदाहरण), हत्थेसु पिण्डाय चरति आदि (करण के अर्थ में सप्तमी के उदाहरण), दीपी चम्मेसु हञ्ञते आदि (निमित्त के अर्थ में सप्तमी के उदाहरण)।

३१३. सम्पदाने च ।२.६.४१।

सम्पदाने च सत्तमी विभत्ति होति। सङ्घे दिन्नं महप्फलं, सङ्घे गोतमि देहि, सङ्घे दिन्ने अहञ्चेव पूजितो भविस्सामि।

३१३. सम्प्रदान के अर्थ में भी सप्तमी विभक्ति होती है। जैसे - सङ्घे दिन्नं महप्फलं आदि।

३१४. पञ्चम्यत्थे च ।२.६.४२।

पञ्चम्यत्थे च सत्तमी विभत्ति होति। कदलीसु गजे रक्खन्ति।

३१४. पञ्चमी के अर्थ में भी सप्तमी विभक्ति होती है। जैसे—कदलीसु गजे रक्खन्ति।

३१५. कालभावेसु च ।२.६.४३।

कालभावेसु च कत्तरि पयुज्जमाने सत्तमी विभत्ति होति। पुब्बण्हसमये गतो, सायण्हसमये आगतो, भिक्खुसङ्घेसु भोजियमानेसु गतो, भुत्तेसु आगतो, गोसु दुय्हमानासु गतो दुद्धासु आगतो।

३१५. काल अर्थ में तथा क्रिया के द्वारा क्रियान्तर के उपलक्षण में कर्ता के प्रयुज्यमान होने पर सप्तमी विभक्ति होती है। जैसे—पुब्बण्हसमये गतो, भिक्खुसङ्घेसु भोजियमानेसु गतो आदि।

[रूप०—"कालो नाम निमेस-खण-लव-मुहुत्त-पुब्बण्हादिको; भावो नाम किरिया, सा चेत्थ किरियन्तरूपलक्खणा व अधिप्पेता। तस्मिं कालत्थे च भावलक्खणे भावत्थे च लिङ्गम्हा सत्तमी विभत्ति होति। काले—पुब्बण्हसमये गतो"। भावेन भावलक्खणे—भिक्खुसङ्घेसु भोजियमानेसु गतो"'"।

क०व०—"कालत्थेव भावेन भावलक्खणेव सत्तमी विभत्ति होती त्यत्थो। काले—पुब्बण्हसमये गतो '। भावेन भावलक्खणे—भिक्खुसङ्घेसु भोजियमानेसु

---

१. चरन्ति—सें०। २. चम्मे—सी०१।

गतो ... । तत्थ च भावेन भावलक्खणे लक्खणं लक्खणवन्तो लक्खयं लक्खय-वन्तो ति चत्तारि अङ्गानि होन्ति। तेसु भोजियमानेसु ति लक्खणं, भिक्खुसङ्घेसु ति लक्खणवन्तो, गतो ति लक्खयं, जनो ति लक्खयवन्तो। एवं सेसेसु पि। एत्थ च लक्खणं किरियाय भावप्पधानतो इमिना सुत्तेन सत्तमी भवति, भोजियमानेसु इति इदं; तस्मिं सिद्धे तेन सहचरितत्ता तेनेव सुत्तेन लक्खणवन्तो पि सिज्झति तथा भिक्खुसङ्घेसु ति। एवं सेसेसु पि"।]

३१६. उपाध्यधिकिस्सरवचने ।२.६.४४।

उप-अधि इच्चेतेसं पयोगे अधिकिस्सरवचनेसु[1] सत्तमी विभत्ति होति। उप खारिया[2] दोणो, उप निक्खे कहापणं, अधि ब्रह्मदत्ते[3] पञ्चाला, अधि नच्चेसु[4] गोतमो, अधि देवेसु बुद्धो।

३१६. उप तथा अधि के प्रयोग में अधिक और ईश्वर (अधिपति) का कथन अभिप्रेत हो तो सप्तमी विभक्ति होती है। जैसे— उप खारियं दोणो, अधि ब्रह्मदत्ते पञ्चाला आदि।

३१७. मण्डितुस्सुक्केसु[5] ततिया च ।२.६.४५।

मण्डित-उस्सुक्क इच्चेतेस्वत्थेसु च[6] ततिया विभत्ति होति सत्तमी च। ञाणेन पसीदितो, ञाणस्मि वा[7] पसीदितो; ञाणेन उस्सुक्को, ञाणस्मि वा[7] उस्सुक्को, तथागतो वा तथागतगोत्तो वा तथागतसावको[7] वा[7]।

इति[8] नामकप्पे कारकप्पो छट्ठो कण्डो[8]।

३१७. मण्डित तथा उत्सुक अर्थों में तृतीया अथवा सप्तमी (दोनों) विभक्तियाँ होती हैं। जैसे—ञाणेन पसीदितो (मण्डित अर्थ में तृतीया का उदाहरण), ञाणस्मि पसीदितो (मण्डित अर्थ में सप्तमी का उदाहरण); ञाणेन, ञाणस्मि वा उस्सुको (उत्सुक अर्थ में तृतीया तथा सप्तमी के उदाहरण)।

["मण्डितसद्दो पनेत्थ पसन्नत्थवाचको, उस्सुक्कसद्दो सईहत्थो" (रूप०, सू० ३१४)।]

नामकल्प में कारककल्प नामक षष्ठ काण्ड समाप्त।

---

१. ०वचने—से०। २. खारियं—से०। ३. ब्रह्मदत्तेसु—सी०२। ४. नच्चे-से०। ५. ०स्सुक्केसु-से०। ६. सी०१ में नहीं। ७. से०, सी०१ में नहीं। ८-८. से० में नहीं। ९-९. इति कारककप्पे छट्ठो कण्डो—से०, सी०१।

(७) सत्तमो कण्डो

(समासकप्पो)

३१८. नामानं समासो युत्तत्थो ।२.७.१।

तेसं नामानं पयुज्जमानपदत्थानं यो युत्तत्थो सो समाससञ्ञो होति । कठिनस्स दुस्सं कठिनदुस्सं, आगन्तुकस्स भत्तं आगन्तुकभत्तं, जीवितं च तं इन्द्रियं चा ति जीवितिन्द्रियं, समणो[1] च ब्राह्मणो[2] च समणब्राह्मणा, सारिपुत्तो च मोग्गल्लानो च सारिपुत्तमोग्गल्लाना, ब्राह्मणो च गहपतिको[3] च ब्राह्मणगहपतिका ।

नामानमिति किमत्थं ? देवदत्तो पचति ।

युत्तत्थो ति किमत्थं ? भटो रञ्ञो पुत्तो देवदत्तस्स ।

समास इच्चनेन कत्थो ? "क्वचि समासन्तगतानमकारन्तो" (३३९) ।

३१८. उन नामों का (अर्थात्) प्रयुज्यमान पदार्थों का युक्तार्थ समाससंज्ञक होता है । जैसे—कठिनदुस्सं आदि ।

नामों के कहने का क्या तात्पर्य ? देवदत्तो पचति उदाहरण के लिए ।

[क० व०—"देवदत्तो पचती त्यादिसु सति पि युत्तत्थभावे सब्बेसं नामपदानञ्चेव अभावा इमिना सुत्तेन युत्तत्थसमासो न होती ति आपनत्थं नामानमिति वुत्तं ।"]

युक्तार्थ कहने का क्या तात्पर्य ? भटो रञ्ञो आदि के लिए ।

[क० व०—"भटो रञ्ञो पुत्तो देवदत्तस्सा त्यादिसु सन्तेसु पि नामेसु भटो ति च रञ्ञो ति च पुत्तो ति च पदानं असम्बन्धत्ता युत्तत्थाभावतो इमिना युत्तत्थसमासो न होती ति आपनत्थं युत्तत्थो ति पदं वुत्तं ।"]

समास (के कहने) से क्या तात्पर्य ? सूत्र (३३९) के लिए ।

[क० व०—"समासो इति अनेन सञ्ञाकरणेन क्व कतरस्मिं सुत्तपदेसे कत्थो पयोजनं भवति ? 'क्वचि समासन्तगतानमकारन्तो' त्यादिसु सुत्तपदेसेसु समास इति वोहारपयोजनं भवति, सब्बसाधारणविधिदस्सनत्थं ।"]

[रूपसिद्धि में उपर्युक्त सूत्र का यह व्याख्यान प्रस्तुत किया गया है :—"तेसं नामानं पयुज्जमानपदत्थानं यो युत्तत्थो सो समाससञ्ञो होति; तदञ्ञं वाक्य-

---

१. समणा—सी०१, सी०२ । २. ब्राह्मणा—सी०१, सी०२ । ३. गहपतिका—सी०१, सी०२ ।

मिति रुळ्हं। नामानि स्यादिविभत्यन्तानि। समस्सते ति समासो, सङ्खिपीयती ति अत्थो। वुत्तं हि—

'समासो पदसङ्खेपो पदप्पच्चयसंहितं।
तद्धितं नाम होतेवं विञ्ञेय्यं तेसमन्तरं' ॥ति॥

दुविधञ्चस्स समसनं—सद्दसमसनमत्थसमसनञ्च। तदुभयम्पि लुत्तसमासे परिपुण्णमेव लब्भति। अलुत्तसमासे पन अत्थसमसनमेव विभत्तिलोपाभावतो। तत्थ पि वा एकपदत्तूपगमनतो दुविधम्पि लब्भतेव। द्वे हि समासस्स पयोजनानि—एकपदत्तमेकविभत्तित्तञ्च। युत्तो सङ्गतो सम्बन्धो वा अत्थो यस्स सोयं युत्तत्थो। एतेन सङ्गतत्थेन युत्तत्थवचनेन भिन्नत्थानं एकत्थभावो समासलक्खणं ति वुत्तं होति। एत्थ च नामानं ति वचनेन देवदत्तो पचती ति आदिसु आख्यातेन समासो न होती ति दस्सेति। सम्बन्धत्थेन युत्तत्थग्गहणेन पन भटो रञ्ञो पुत्तो देवदत्तस्सा ति आदिसु अञ्ञमञ्ञानपेक्खेसु, देवदत्तस्स कण्हा दन्ता ति आदिसु च अञ्ञमञ्ञसापेक्खेसु अयुत्तत्थताय समासो न होती ति दीपेति।"]

क० व० में भी इस सूत्र की विस्तृत रूप से व्याख्या की गई है। उसके कुछ आवश्यक अंश यहाँ पर दिए जा रहे हैं :—

नाम के विषय में वहाँ उल्लेख है—

"अत्थेसु नमन्ती ति नामानि, अथ वा अत्थे नामेन्ती ति नामानि; यदा हि दुस्सादिकं अत्थं पठमं जानित्वा पच्छा दुस्सं ति वोहरन्ति तदा अत्थेसु नमन्ति नाम; यदा पठमं दुस्सं ति सद्दं सुत्वा पच्छा तेन सद्देन अत्थं जानन्ति तदा अत्थे नामेन्ति नाम।"

यहाँ पर नाम शब्द का जो बहुवचन में व्यवहार हुआ है, उसके सम्बन्ध में कहते हैं :—

पञ्चविधा नामानि। वुत्तञ्च :—

'नामनामं सब्बनामं समासं तद्धितं तथा।
कितनामञ्च नामञ्ञु नामं पञ्चविधं वदे' ॥ति॥

तत्थ नामनामं नाम उपसग्गनिपाता; सब्बनामं नाम सब्ब कतर कतम उभय इतर अञ्ञ अञ्ञतर अञ्ञतम पुब्ब अपर दक्खिण उत्तर अञ्ञ य त एत इम अमु किं तुम्ह अम्ह एकादिका याव असङ्ख्येय्यसङ्ख्या सद्दा च।···

सब्बं हि समासपदं समासनामं, सब्बं तद्धितपदं तद्धितनामं, सब्बं कितक-पदं कितकनामं; तेसं पञ्चन्नं नामानं समासीयती ति समासो, सङ्खिपीयती ति अत्थो।"

यहाँ पर भी समास के दो प्रकारों का उल्लेख है—"सद्दसमासअत्थसमास-वसेन दुविधो समासो।"

युत्तत्थो के सम्बन्ध में कहा गया है—"युत्तो अत्थो युत्तत्थो, युत्तो अत्थो यस्स सोयं युत्तत्थो" "कस्मा 'नामानं युत्तत्थो समासो'ति अवत्वा 'नामानं समासो युत्तत्थो' ति वुत्तं? योगविभागत्थं। तेन किं सिज्झति? अपुनगेय्या गाथा अचन्दमुल्लोकिकानि मुखानि असद्धभोजी अलवणभोजी इच्चादीनं अयुत्तत्थसमा-सता सिज्झति। अपुनगेय्या ति एत्थ हि अकारो पुनसद्दत्थं न पटिसेधेति, गेय्यसद्दत्थमेव पटिसेधेति; तस्मा अकारस्स अत्थेन पुनसद्दत्थो न समिज्झति, गेय्यसद्दत्थेनेव समिज्झति, तेन अयुत्तत्थो भवति। एवं सेसेसु पि अयुत्तत्थसमास-उदाहरणेसु।"

मोग्गल्लान ने समास के विषय में 'स्यादि स्यादिनेकत्थं' (३.१) सूत्र दिया है। इसकी वृत्ति है—'स्याद्यन्तं स्याद्यन्तेन सहेकत्थं होती ति। इदमधिकतं वेदितब्बं; सो च भिन्नत्थानमेकत्थीभावो समासो ति वुच्चते' (अर्थात् स्याद्यन्त शब्द स्याद्यन्त शब्द के साथ एकार्थ होते हैं। यह अधिकार सूत्र है। यह, भिन्न अर्थों का एकार्थ हो जाना समास कहा जाता है)। इसकी व्याख्या करते हुए मोग्ग-ल्लानपञ्जिका में कहा गया है—"राजपुरिसादो बुद्धिया पविभज्ज, यानि पदानि पुथगत्था ति पकप्पितानि 'राज स' 'पुरिस सि' इच्चादीनि, तेसम्पुथगत्थानं भिन्न-त्थानमेकत्थीभावो साधारणत्थता विसेसनस्स सकत्थपरिच्चागेन विसेस्से वुत्तियं सम्पज्जते, ततो चेकत्थीभवनं समसनमिति कत्वा अनुगतत्थताय समासो ति वुच्चते"। इसके पश्चात् यहाँ भी समास वृत्ति आदि के सम्बन्ध में महाभाष्य (पातञ्जल) का ही शास्त्रार्थ दिया हुआ है, जिसे यथास्थान उपस्थित किया जावेगा।

कच्चायनभेद में समास के सम्बन्ध में कहा गया है—

"समासीयन्ति नामानि नामानं समसनं तथा।
समासो नाम विञ्ञेय्यो समसनवसेकधा॥"

पाणिनीय व्याकरण परम्परा में समास की परिभाषा दी गई है—"समसनं समासः। भावे घञ्। अनेकस्य पदस्य एकपदीभवनमित्यर्थ इत्येके" (तत्त्वबोधिनी टीका, सि० कौ० पर, पृ० १६०)। पर इसके साथ ही समास की सीमा 'समर्थः

पदविधि:' (अ० २।१।१) सूत्र से निर्धारित होती है। 'विधि.' की व्युत्पत्ति है—"विधीयते विधिरिति। किं पुनर्विधीयते ? समासो, विभक्तिविधानं, पराङ्गवद्भावश्च" (२।१।१ पर महाभाष्य)। सामर्थ्य के सम्बन्ध में कहा गया है—"तत्रैकार्थीभावः सामर्थ्यं परिभाषा चेत्येवं सूत्रमभिन्नतरकं भवति ··· किं समर्थं नाम ? पृथगर्थानामेकार्थीभावः समर्थवचनम्। पृथगर्थानां पदानामेकार्थीभावः समर्थमित्युच्यते" (उपर्युक्त सूत्र पर महा०)। 'समर्थः पदविधिः' का यह तात्पर्य है कि पदविधि समर्थाश्रित ही है, अर्थात् जहाँ सामर्थ्य नहीं रहेगा, वहाँ यह नहीं होगी।

महाभाष्य में समास की चर्चा वृत्ति के अन्तर्गत की गई है। वृत्ति का व्याख्यान उपर्युक्त सूत्र 'समर्थः पदविधिः' के प्रसङ्ग में हुआ है। महाभाष्यकार ने वृत्ति की यह परिभाषा दी है—'परार्थाभिधानं वृत्तिः'। भिन्न-भिन्न अर्थवाले पदों का जहाँ पर एकार्थीभाव होता है, वहीं वृत्ति होती है। कैयट ने महाभाष्य पर लिखी गई अपनी प्रदीप नामक टीका में इसे और स्पष्ट करते हुए लिखा है—"परस्य शब्दस्य योऽर्थस्तस्याभिधानं शब्दान्तरेण यत्र सा वृत्तिरित्यर्थः। अर्थात् जिसमें दूसरे शब्द के अर्थ का दूसरे शब्द के द्वारा कथन हो, वही वृत्ति है। उदाहरणस्वरूप 'राजपुरुषः' में पुरुष शब्द का अर्थ राजन् शब्द द्वारा कथित है।

आगे चलकर महाभाष्यकार ने स्वयं यह प्रश्न उठाया है कि यदि हम वृत्ति की उपर्युक्त परिभाषा को स्वीकार कर लें तो यह समस्या सामने आती है कि इस स्थिति में वृत्ति जहत्स्वार्था होगी या अजहत्स्वार्था ? अर्थात् जो शब्द दूसरे शब्द के अर्थ का कथन करता है, वह क्या अपने अर्थ का बिल्कुल छोड़ देता है, अथवा नहीं छोड़ता है। यदि हम जहत्स्वार्था के पक्ष को माने, अर्थात् यह स्वीकार कर लें कि वह अपने अर्थ को बिल्कुल छोड़ देता है, तब तो 'राजपुरुषः' उदाहरण में 'राजन्' शब्द ने अपने अर्थ को बिल्कुल ही छोड़कर 'पुरुष' शब्द के अर्थ को प्रकट किया है, यह मानना पड़ेगा। ऐसी अवस्था में 'राजपुरुष' को लाओ तथा 'पुरुष' को लाओ, इन दोनों वाक्यों के अर्थ में कोई भी अन्तर नहीं विद्यमान रहेगा। इस शङ्का का समाधान महाभाष्यकार ने तीन प्रकार से किया है :—

(क) वह अपने उतने ही अर्थ को छोड़ता है जो परार्थविरोधी है, सम्पूर्ण को नहीं। उस अवस्था में वह दूसरे शब्द के अर्थ का विशेषण बन जाता है

और इसी से यह कहा जाता है कि वह अपने अर्थ को छोड़कर दूसरे के अर्थ को प्रकाशित करता है। इसकी पुष्टि में एक दृष्टान्त भी दिया गया है और वह बढ़ई का है। यदि बढ़ई राजा के किसी अन्य कार्य में लगा दिया जाय तो उतने समय के लिए वह अपना बढ़ई का काम छोड़ देगा; परन्तु हिचकी लेना, श्वास लेना तथा देह खुजलाने इत्यादि कार्यों को वह नहीं छोड़ेगा, क्योंकि ये सब कार्य राजा के कार्य के विरोधी नहीं हैं। इसी तरह 'राजपुरुष:' में राजन् शब्द भी अपने परार्थविरोधी अर्थ को छोड़कर पुरुष के विशेषण के रूप में रहता है तथा इस प्रकार से रहते हुए वह पुरुष के अर्थ का कथन करता है।

(ख) शब्द अपने अर्थ को बिल्कुल छोड़ देता है, पर उसके अस्तित्वमात्र से उसके अर्थ की वहाँ पर आनुमानिक प्रतीति होती है। जिस प्रकार से बेला के पुष्पों के दोने में से यदि हम बेला के पुष्पों को निकाल लें, तब भी उनकी सुगन्धमात्र से उन भूतपूर्व पुष्पों के अस्तित्व का अनुमान करके, वह उन्हीं पुष्पों का दोना (अर्थात् बेला का दोना) ही कहलाता है; उसी प्रकार 'राजपुरुषः' में यद्यपि 'राजन्' शब्द ने अपने अर्थ को बिल्कुल छोड़ दिया है तथापि उस शब्द के अस्तित्वमात्र से उसके अर्थ की वहाँ पर आनुमानिक प्रतीति हो जाती है।

(ग) 'समर्थ: पदविधि:' इस नियम के अनुसार वृत्ति का अवलम्ब सामर्थ्य पर ही है और सामर्थ्य भेद तथा संसर्ग का मेल ही है। अत: शब्द अपने अर्थ को दूसरे शब्द में अन्तर्हित करके ही छोड़ता है। 'राजपुरुषः' में राजन् तथा पुरुष ये दोनों शब्द एक दूसरे को व्यवच्छिन्न करते हैं, अर्थात् वह पुरुष जो राजा का ही हो तथा राजा की कोई अन्य वस्तु न हो, प्रत्युत पुरुष ही हो। व्यवच्छिन्न करने के बाद यदि राजन् शब्द अपने अर्थ को छोड़ देता है तो भले ही छोड़ दे, पर उसके कारण जो अर्थ पहले प्राप्त हो जाता है, वह इधर उधर नहीं होता है। इससे यही निष्कर्ष निकला कि समास में भी राजन् शब्द अपने भूतपूर्व अर्थ के द्योतक-मात्र के रूप में विद्यमान रहता है।

यहाँ तक जहत्स्वार्था-पक्ष का व्याख्यान है।

अजहत्स्वार्थावृत्ति-पक्ष के अनुसार कोई शब्द समास में भी अपने अर्थ को नहीं छोड़ता है। इसमें दृष्टान्त यह है कि जिस प्रकार एक बार भिक्षा प्राप्त किए भिक्षु को यदि दूसरी भिक्षा मिले, तो वह पहली भिक्षा को नहीं छोड़ देता है, यही बात 'राजपुरुष:' में राजन् शब्द के सम्बन्ध में भी है। इस प्रकार वृत्ति की चर्चा महाभाष्य में विस्तृत रूप से प्रस्तुत है। यह कच्चायनन्यास तथा मोग्गल्लानपञ्जिका में भी महाभाष्य के ही आधार पर वर्णित है।

कठिनदुस्सं—'कठिनस्स दुस्सं' इस विग्रह में 'कठिनस्स अत्थाय आभतं दुस्सं' इस अर्थ में 'नामानं समासो युत्तत्थो' (३१८) सूत्र से अधिकृत 'उभे तप्पुरिसा' (३२८) सूत्र के वर्तमान रहते हुए, 'अमादयो परपदेहि' (३२६) सूत्र से अमादितत्पुरुषसमास-संज्ञा तथा तत्पुरुषसमास का विधान कर लेते हैं। इसके पश्चात् 'नामानं समासो युत्तत्थो' (३१८) सूत्र से समास संज्ञा करके, 'तेसं विभत्तियो लोपा च' (३१९) सूत्र से विभक्तियों का लोप कर देते हैं। विभक्ति-लोप के पश्चात् 'वुत्तट्ठानमप्पयोगे' इस परिभाषा से जो सकार (अतिरिक्त सकार) का आगम हुआ है उसका भी लोप कर देते हैं। तब 'पकति चस्स सरन्तस्स' (३२०) सूत्र से 'कठिनदुस्स' ऐसा प्रकृतिभाव करके नाम की भाँति ही 'जिनवचनयुत्तम्हि' (५२), 'लिङ्गञ्च निपच्चते' (५३) आदि सूत्रों से अधिकृत 'ततो च विभत्तियो' (५४) सूत्र से विभक्ति की उत्पत्ति करके, 'लिङ्गत्थे पठमा' (२८६) सूत्र से प्रथमा विभक्ति करके, 'सि' (२१९) सूत्र से सि विभक्ति का अं आदेश कर लेते हैं। इसके पश्चात् स्वर का लोप तथा प्रकृतिभाव इत्यादि होकर 'कठिनदुस्सं' रूप बनता है। इसी प्रकार से 'जीवितिन्द्रियं' आदि प्रयोग भी बनते हैं।]

३१९. तेसं विभत्तियो लोपा च ।२.७.२।

तेसं युत्तत्थानं समासानं विभत्तियो लोपा च होन्ति। कठिनदुस्सं, आगन्तुकभत्तं।

तेसं-गहणेन समास-तद्धित-आख्यात-कितकप्पानं विभत्ति[1]-पच्चय-पदक्खरागमानञ्च लोपो[2] होति[2]। वसिट्ठस्स अपच्चं पुत्तो वासिट्ठो, विनताय[3] अपच्चं पुत्तो वेनतेय्यो[4]।

चसद्दग्गहणमवधारणत्थं। पभं करोती ति पभङ्करो, अमतं ददाती ति अमतन्ददो, मेधं करोती ति मेधङ्करो, दीपं[5] करोती ति दीपङ्करो[5]।

३१९. उन युक्तार्थ समासों के विभक्तियों का लोप होता है। जैसे—कठिनदुस्सं आदि।

[अब प्रश्न यह उठता है कि इसके पहले आनेवाले सूत्र से 'युत्तत्थसमासानं' की सीधी अनुवृत्ति रहने पर भी 'तेसं' शब्द का ग्रहण करके उनकी ओर

---

१. से० में नहीं। २-२. लोपा होन्ति—सी०१, सी०२। ३. विणताय—सी०२। ४. वेणतेय्यो—सी०२। ५-५. से०, सी०१ में नहीं।

इङ्गित क्यों किया गया है; यदि यह न रहता तब भी उसकी अनुवृत्ति तो आ ही जाती ("'नामानं समासो युत्तत्थो' ति सुत्ततो सति पि युत्तत्थसमासग्गहानं अनुवत्तमानभावे पुन तेसं गहणं कथं) ?" इस प्रश्न का उत्तर देते हैं :—]

(सूत्र में) तेसं के ग्रहण से समास, तद्धित, आख्यात तथा कृत में होनेवाले विभक्ति, प्रत्यय, पद, अक्षर तथा आगमों का भी लोप हो जाता है। जैसे— वासिट्ठो आदि।

[तेसं के ग्रहण का यही अधिक फल है। जैसे—(समास में) महन्तो च सो पुरिसो चा' ति इस विग्रह में इस सूत्र के द्वारा विभक्ति का लोप हो जाता है तथा सूत्र में 'तेसं' के ग्रहण से और शब्दों का भी लोप हो जाता है। (तद्धित में)- 'वसिट्ठस्स अपच्चं' इस विग्रह में इस सूत्र से विभक्ति का लोप हो जाता है तथा सूत्र में 'तेसं' के ग्रहण से सकारागम तथा 'अपच्च' शब्दों का भी लोप हो जाता है। (आख्यात में)—'चिच्चिटायति' प्रयोग में इस सूत्र द्वारा विभक्ति का लोप होता है तथा सूत्र में 'तेसं' के ग्रहण से इति आदि पदों का लोप हो जाता है। (कृत में)—'कुम्भकारो' प्रयोग में इस सूत्र से विभक्ति का लोप होता है तथा सूत्र में 'तेसं' के ग्रहण से ओ प्रत्यय और विभक्ति का लोप हो जाता है (विशेष विवरण के लिए द्रष्टव्य क० व०)।]

(सूत्र में) च शब्द का ग्रहण अवधारणार्थ है। जैसे—पभङ्करो आदि।

[क० व०—"'तेसं विभत्तियो लोपा'ति वुत्ते येव विभत्तिलोपे सिद्धे पि चग्गहणस्स अधिकत्ता तप्फलं दस्सेतुं चग्गहणमवधारणत्थं ति वुत्तं। तत्थ च अवधारणं नाम दुविधं—सन्निट्ठानत्थनिवत्तनत्थवसेन। तत्थ सन्निट्ठानत्थो नाम सुत्तविधिनो सन्निट्ठानकरणं, निवत्तनत्थो नाम सुत्तविधिनो निवत्तापनं, तेन विभत्तिलोपं निवत्तेति"।

पभङ्करो—"पभङ्करो ति एत्थ पभासद्दपपद-कर-करणे तिमस्स करोती ति धातुरूपं निप्फादेत्वा, पभासद्दतो दुतियेकवचनं कत्वा, सरलोपपकतिभावं च कत्वा, पभङ्करोती ति अत्थे 'सब्बतो ण्वुत्वावी वा' ति सुत्तेन अप्पच्चयं कत्वा, तेसं-गहणेन विभत्तिप्पच्चयलोपं कत्वा, नेतब्बं नेत्वा, कितकत्ता नाममिव कत्वा, स्युप्पत्ति कत्वा, पुन पभङ्करोती ति अत्थे 'अमादयो परपदेहि' ति तप्पुरिससमास-सञ्ञं च तप्पुरिससमासं च कत्वा, 'नामानं समासो युत्तत्थो' ति युत्तत्थसमास-सञ्ञं च युत्तत्थसमासविधिं च कत्वा, इमिना सुत्तेन विभत्तिलोपे सम्पत्ते, चग्गहणेन विभत्तिलोपं निसेधेत्वा, युत्तत्थत्ता 'पकति चस्स सरन्तस्स' ति सुत्तेनेव पभङ्कर इति पकतिभावं कत्वा, समासत्ता नाममिव कत्वा,

सि-वचनस्स ओ-आदेसं कत्वा, निग्गहीतस्स वग्गन्ते कते रूपं। एवं सेसेसु पि।"]

३२०. पकति चस्स सरन्तस्स ।२.७.३।

लुत्तासु विभत्तिसु अस्स[1] सरन्तस्स लिङ्गस्स पकतिरूपानि होन्ति। चक्खुं च सोतं च चक्खुसोतं, मुखं च नासिकं[2] च मुखनासिकं, रञ्ञो पुत्तो राजपुत्तो, रञ्ञो पुरिसो राजपुरिसो।

३२०. विभक्तियों के लोप होने पर इसके (युक्तार्थ के) स्वरान्त लिङ्ग का प्रकृतिरूप होता है। जैसे—चक्खुसोतं आदि।

[क० व०—"सब्बस्सेव सरन्तभूतस्स अस्स युत्तत्थस्स तिविधस्सा पि लिङ्गस्स पकतिभावो होती ति अत्थो। रूपनिप्फादनतो पि पठमं करीयती ति पकति, सरो अन्तो अस्सा ति सरन्तो, तस्स सरन्तस्स। कस्मापनिदं सुत्तं वुत्तं, नत्थिमस्मि असति पि समसादीनं पकतिभावो सिद्धो ति? सच्चं, तथा पि आपनत्थमिदमुच्चते। लोके हि द्वे नया—महीरुहनयो च चन्दकन्तिमणिनयो ति। तेसु हि महीरुहनये निमित्तविगमेन नेमित्तकस्स विनासो होति, आतपं ठितस्स निमित्तभूतस्स रुक्खस्स विगमेन नेमित्तकभूता छाया पि विनट्ठा। चन्दकन्तिमणिनये पन निमित्तविगमे पि नेमित्तकस्स विनासो न होति, चन्दालोके ठितस्मा चन्दकन्तिमणिना निक्खन्तमुदकं चन्दकन्तिमणिनो विगमेन पि न नट्ठं...एवं द्वीसु नयेसु कठिनदुस्सं स्यादिपयोगा महिरुहनयसन्निस्सिता, भुजगो सत्था गच्छं तिट्ठं चरं ग्यादन्तादिपयोगा चन्दकन्तमणिनयसन्निस्सिता ति आपनत्थमिदमुच्चते...चसद्दो समुच्चयत्थो। तेन किं समुच्चयो? इदप्पच्चयता ति ब्यञ्जनन्तं समुच्चेति। को समुच्चयो यस्सा ति किंसमुच्चयो; इमेसं पच्चया ति इदंपच्चया, इदं पच्चया एव इदप्पच्चयता"।

रूप०—"लुत्तासु विभत्तीसु सरन्तस्स अस्स युत्तत्थभूतस्स तिविधस्सा पि लिङ्गस्स पकतिभावो होति। चसद्देन किं-समुदय-इदप्पच्चयतादिसु निग्गहीतन्तस्सा पि।"]

३२१. उपसग्गनिपातपुब्बको अब्ययीभावो ।२.७.४।

उपसग्गनिपातपुब्बको समासो अब्ययीभाव-सञ्ञो होति। नगरस्स समीपे वत्तती[3] ति उपनगरं, दरथानं[4] अभावो निद्दरथं, मकसानं[5]

---

१. सी०१ में नहीं। २. नासिका—सी०१, सी०२। ३. कथा वत्तते—से०; कथा०—सी०१। ४. दरथस्स—से०। ५. मकसस्स—से०।

अभावो निम्मक्खं, वुड्ढानं[1] पटिपाटि[2] यथावुड्ढं, ये ये ब्राह्मणा वुड्ढा ते ते[3] निसीदन्ति यथावुड्ढं, जीवस्स यत्तको परिच्छेदो यावजीवं, चित्तमधिकिच्च धम्मा वत्तन्ती ति अधिचित्तं, पब्बतस्स तिरो तिरोपब्बतं, सोतस्स पटिवत्तती ति[4] पटिसोतं, पासादस्स अन्तो अन्तोपासादं।

अव्ययीभाव इच्चनेन क्वत्थो? "अं विभत्तीनमकारन्तव्ययीभावा" (३४३)।

३२१. उपसर्ग तथा निपातपूर्वक समास की अव्ययीभाव-संज्ञा होती है। जैसे—उपनगरं आदि।

["तत्थ अव्ययमिति उपसग्गनिपातानं सञ्ञा लिङ्गवचनभेदे पि ब्ययरहितत्ता। अव्ययानं अत्थं विभावयती ति अव्ययीभावो, अव्ययत्थपुब्बङ्गमत्ता; अनब्ययं अब्ययं भवती ति वा अव्ययीभावो। पुब्बपदत्थप्पधानो हि अव्ययीभावो। एत्थ च उपसग्गनिपातपुब्बको ति वुत्तत्ता उपसग्गनिपातानमेव पुब्बनिपातो" (रूप०, सू० ३१०)।

यह सूत्र अव्ययीभाव संज्ञा तथा समास दोनों का विधान करता है—

"इध अव्ययीभावादिसञ्ञाविधायकसुत्तानेव वा सञ्ञाविधानमुखेन समासविधायकानी ति दट्ठब्बा" (रूप०, सू० ३१५)।

सुत्तनिद्देस में भी इस सूत्र के सम्बन्ध में कहा गया है—"इदं हि सुत्तं समासविधायकं सञ्ञाविधायकं चा" ति।

उपनगरं—नगरस्स समीपं कथा पवत्तति तत्थ अव्ययीभावसमासं च··· कत्वा विभत्तिलोपपकतिभावे कते, 'सो नपुंसकलिङ्गो' ति नपुंसकलिङ्गत्तं कत्वा, नाममिव कत्वा, सिम्हि कते, 'अं विभत्तिनमकारन्तव्ययीभावा' ति सिवचनस्स अं-आदेसे कते रूपं" (क० व०)।]

अव्ययीभाव कहने से क्या तात्पर्य? सूत्र 'अं विभत्तिनमकारन्तव्ययीभावा' (३४३) के लिए।

३२२. सो नपुंसकलिङ्गो ।२.७.५।

सो अव्ययीभावसमासो नपुंसकलिङ्गो व दट्ठब्बो। कुमारि[5] अधिकिच्च कथा वत्तती ति अधिकुमारि, वधुया समीपे वत्तती ति उपवधु,

१. बुड्ढानं—सी०१, सी०२। (सर्वत्र व के स्थान पर ब)। २. पटिपाटिया—से०। ३. ते ब्राह्मणा—सी०१, सी०२। ४. ति नावा—सी०१, सी०२। ५. कुमारीसु—सी०२।

गङ्गाय समीपे वत्तती[1] ति उपगङ्गं, मणिकाय समीपे वत्तती ति उपमणिकं।

३२२. वह अव्ययीभावसमास नपुंसकलिङ्ग ही होता है। जैसे—अधिकुमारि। आदि।

[यहाँ पर नपुंसकलिङ्ग से तात्पर्य है नपुंसकलिङ्गस्थ कार्य। क० व० में कहा गया है—"यथा मञ्चट्ठा मञ्चा ति वुच्चन्ति तथा नपुंसकलिङ्गट्ठं कारियं नपुंसकलिङ्गं ति वुच्चति"।

नपुंसकलिङ्गस्थ कार्य होने से 'सरो रस्सो नपुंसके' (३४४) सूत्र से कुमारी के ईकार का ह्रस्व हो जाता है तथा 'अञ्ञस्मा लोपो च' (३४५) सूत्र से 'सि' का लोप होकर अधिकुमारि बनता है।]

३२३. दिगुस्सेकत्तं ।२.७.६।

दिगुस्स समासस्स एकत्तं होति नपुंसकलिङ्गत्तञ्च। तयो लोका[2] तिलोकं, तयो दण्डा तिदण्डं, तीणि नयनानि तिनयनं, तयो सिङ्गा तिसिङ्गं, चतस्सो दिसा चतुद्दिसं, दस दिसा दसदिसं, पञ्च इन्द्रियानि पञ्चिन्द्रियं।

३२३. द्विगुसमास का एकत्व (एकवचनत्व) तथा नपुंसकलिङ्गत्व दोनों होता है। जैसे—तिलोकं आदि।

["समाहारदिगुस्सेवेदं गहणं। तत्थ सब्बत्थेकवचनमेव होति। अञ्ञत्र पन बहुवचनम्पि" (रूप०, सू० ३३४)। तुलना कीजिये—पाणिनि—"द्विगुरेकवचनम्" ।२.४.१। "द्विगर्थः समाहार एकवत्स्यात्"। "स नपुंसकम्" ।२.४.१७। *समाहारे द्विगुर्द्वन्द्वश्च नपुंसकं स्यात्। पञ्चगवम्।"* (*सि० कौ०, सू० ७३२, ८२२*)।

"द्वीहि लक्खणेहि अवगतो जातो ति दिगु" (क० व०)।

"तिलोकं इच्चादीनि उदाहरणानि। तत्थ 'सङ्ख्यापुब्बो दिगु' ति सुत्तेन दिगुसमाससञ्ञं च दिगुसमासं च कत्वा, कम्मधारयसमासं च कत्वा, युत्तत्थसमाससञ्ञं च युत्तत्थसमासं च कत्वा, 'सो नपुंसकलिङ्गो' ति अधिकिच्च, इमिना एकत्तं च नपुंसकलिङ्गत्तं च कत्वा, नाममिव कत्वा, स्युप्पत्तिं कत्वा, 'योनन्नि नपुंसकेहि', 'अतो निच्चं' ति अधिकिच्च, 'सिं' ति अकारन्ततो लिङ्गम्हा सिवचनस्स अमादेसे कते रूपं" (क० व०)।]

---

१. वत्तते—से०। २. लोका समाहटा—सी०२।

३२४. तथा द्वन्दे पाणितुरिययोग्गसेनङ्गखुद्दजन्तुकविविध-विरुद्धविसभागत्थादीनञ्च ।२.७.७।

तथा द्वन्द्वे समासे[1] पाणितुरिययोग्गसेनङ्गखुद्दजन्तुकविविधविरुद्ध-विसभागत्थ इच्चेवमादीनं एकत्तं[2] होति नपुंसकलिङ्गत्तञ्च। तं यथा—

चक्खुञ्च[3] सोतञ्च[3] चक्खुसोतं, मुखञ्च[3] नासिकञ्च[3] मुखनासिकं, छवि च मंसञ्च लोहितञ्च छविमंसलोहितं—एवं पाण्यङ्गत्थे।

सङ्खो च पणवो च सङ्खपणवं, गीतञ्च वादितञ्च गीतवादितं, दद्दरि च देण्डिमं च दद्दरिदेण्डिमं—एवं तुरियङ्गत्थे।

फालञ्च पाचनञ्च फालपाचनं, युगञ्च नङ्गलञ्च युगनङ्गलं—एवं योग्गङ्गत्थे।

असि[4] च[4] चम्मञ्च असिचम्मं, धनु च कलापो[5] च[5] धनुकलापं, हत्थी[6] च अस्सा[7] च रथा[8] च पत्तिका[9] च हत्थिस्सरथपत्तिकं[10]—एवं सेनङ्गत्थे।

डंसा[11] च मकसा[12] च डंसमकसं, कुन्था[13] च किपिल्लिका[14] च कुन्थकिपिल्लिकं[15], कीटा[16] च सिरिसपा च कीटसिरिंसपं[16]—एवं खुद्द-जन्तुकत्थे।

अहि च नकुलो च अहिनकुलं, बिळारो[17] च मूसिको च बिळार-मूसिकं[18], काको च उलूको[19] च काकोलूकं—एवं विविधविरुद्धत्थे।

सीलञ्च[20] पञ्ञा च सीलपञ्ञं[20], समथो[21] च विपस्सना च समथ-विपस्सनं[21], विज्जा[22] च चरणञ्च विज्जाचरणं[22]—एवं विसभागत्थे।[23]

---

१. से० में नही। २. एकत्तञ्च—सी०२। ३-३. से० में नही। ४-४. असिञ्च—से०। ५-५. कलापञ्च—से०। ६. हत्थिनो—सी०१। ७. अस्सो—से०। ८. रथो—से०। ९. पत्तिको—से०। १०. हत्थस्स०—सी०१, सी०२। ११. डंसो—से०। १२. मकसो—से०। १३ कुन्थं—से०। १४. किपिल्लिकं—से०। १५. ०पिल्लि०—से०। १६-१६. कीटञ्च सिरिञ्च सपञ्च कीटसिरिसपं—से०। १७. बिळारो—से०। १८. बि०—से०। १९. उलुको—सी०१, सी०२। २०-२०. सीलञ्च पञ्ञानञ्च सीलपञ्ञानं—सी०१; सीलपञ्ञानं—सी०२। २१-२१. समथो च विपस्सनो च—से०; समथविपस्सनं—सी०२। २२-२२. विज्जाचरणं—सी०२। २३. विविधविसभागत्थे—से०।

आदिग्गहणं किमत्थं ? दासिदासं, इत्थिपुमं, पत्तचीवरं, तिकचतुक्कं, वेणरथकारं, साकुणिकमागविकं[1], दीघमज्झिमं इच्चेवमादि।

३२४. उसी प्रकार द्वन्द्वसमास में भी प्राणि, तूर्य (बाजे) युग (जोता) और सेना के अङ्गों के अर्थ में, क्षुद्र जन्तुओं के अर्थ में, विविध विरोध के अर्थ में तथा विसभागादि के अर्थ में एकवचनत्व तथा नपुंसकलिङ्गत्व होता है। जैसे—

प्राणि के अङ्ग के अर्थ में—चक्खुसोतं आदि; तूर्य के अङ्ग के अर्थ में—गीतवादितं आदि; युग के अङ्ग के अर्थ में—युगनङ्गलं आदि; सेना के अङ्ग के अर्थ में—असिचम्मं आदि, क्षुद्र जन्तुओं के अर्थ में—डंसमकसं आदि; विविध विरोध के अर्थ में—अहिनकुलं आदि; विसभाग के अर्थ में—सीलपञ्ञं आदि।

[विविधविरुद्धा—"विविधेनाकारेन विरुद्धा, निच्चविरोधिनो"। विसभागा—"समानो भागो येसं ते सभागा, विविधा च ते लक्खणतो सभागा च किच्चतो ति विसभागा" (रूप०, सू० ३४४)।

"यथा दिगुसमासे एकत्तञ्च नपुंसकलिङ्गत्तञ्च होति तथा समाहारद्वन्दे पि होती ति अत्थो" (क० व०)।]

(सूत्र में) आदि के ग्रहण से क्या तात्पर्य ? दासिदासं आदि के लिए।

